www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84
वर्ष-37, अंक-02, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in
प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 13.01.2020 से 19.01.2020

आदिम जाति मंत्रणा परिषद्

विधानसभा में पेश किया जायेगा आदिवासी उप योजना बजट एक्ट

साहूकार विनियम 1972 में संशोधन का प्रस्ताव सर्व-सम्मति से स्वीकृत

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ भोपाल में आदिम जाति मंत्रणा परिषद् की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, आदिवासी उप योजना की राशि अनिवार्यतः खर्च करने और जनसंख्या के आधार पर बजट का आवंटन करने संबंधी एक्ट विधानसभा में लाया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने यह जानकारी मंत्रालय में हुई मध्यप्रदेश आदिम जाति मंत्रणा परिषद् की बैठक में दी। बैठक में मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति साहूकार विनियम 1972 में संशोधन पर परिषद् के सदस्यों ने सर्व-सम्मति से स्वीकृति प्रदान की।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने बैठक के दौरान 'वनमित्र' सॉफ्टवेयर और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिये दिये जाने वाले खाद्यान्न की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और अंगूठे की अनिवार्यता समाप्त कर विकल्प खोजने के लिये एक उच्चस्तरीय कमेठी गठित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह कमेटी दस दिन में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। मुख्यमंत्री ने आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत आदिवासी ब्लॉक में प्रतिनियुक्ति पर अधिकारी लेने से विभागीय पदोन्नतियों में आ रही बाधा के समाधान के लिये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनाने के निर्देश दिये। दोनों मुद्दों पर मंत्रणा परिषद् के सदस्यों ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करवाया था।

मुख्यमंत्री ने आदिवासी मंत्रणा परिषद् के सदस्यों की सब-कमेटियां बनाने के निर्देश दिये। ये सब कमेटियां स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य सहित अन्य विषयों पर अलग-अलग बनाई जायेंगी।

आदिम जाति कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में समितियों की हर माह बैठक होगी। इन समितियों के निष्कर्षों के आधार पर मंत्रणा परिषद् निर्णय लेगी। मुख्यमंत्री ने आदिवासी परिवारों को उचित मूल्यों की दुकानों से दाल उपलब्ध करवाये जाने संबंधी सुझाव पर विचार करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने उन 10 मुद्दों पर विचार कर निर्णय लेने को कहा, जो सीधे आदिवासी हितों को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर वे आदिम जाति कल्याण विभाग की बैठक लेंगे, जिसमें क्रियान्वयन का निर्णय लिया जायेगा।

विधायक श्री फुंदेलाल सिंह मार्को ने कन्या विवाह एवं निकाह योजना में अनुदान राशि 28 हजार से बढ़ाकर 51 हजार रुपये करने और मुख्यमंत्री मदद योजना में आदिवासी परिवारों को जन्मोत्सव पर 50 किलो तथा मृत्यु होने पर 1 क्विंटल खाद्यान्न निःशुल्क देने के निर्णय पर धन्यवाद प्रस्ताव रखा जिस पर सर्व-सम्मति व्यक्त की गई।

कृषि क्रांति से किसानों को बनाएंगे समृद्ध - मुख्यमंत्री

सतना, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने सतना में जय किसान फसल ऋण माफी योजना के दूसरे चरण में जिले के 1134 किसानों को ऋण माफी के प्रमाण-पत्र देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि के क्षेत्र में क्रांति लाएंगे, जिससे किसान समृद्ध बनेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने योजना के पहले चरण में 21 लाख किसानों की ऋण माफी का वचन पूरा किया है। अब किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने के लिये काम किया जा रहा है। श्री कमल नाथ ने कहा कि प्रदेश की 70 प्रतिशत आबादी कृषि क्षेत्र से जुड़ी है। इसलिये सरकार कृषि के क्षेत्र को समृद्ध बनाने के लिये कृत-संकल्पित है।

रोज़गार के क्षेत्र में मध्यप्रदेश बनाएगा इतिहास

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिये तेजी से प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आज के नौजवान की सोच अलग है, वह इन्टरनेट से जुड़ा है, काम चाहता है, व्यवसाय चाहता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में निवेश का वातावरण निर्मित हो गया है। प्रदेश में विभिन्न उद्योग लगाये जा रहे हैं, जिनमें नौजवानों को रोज़गार सुनिश्चित होगा। श्री कमल नाथ ने कहा कि युवाओं को रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराकर मध्यप्रदेश इतिहास बनाएगा।

सभी जिलों के विकास को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। जिलों में सर्वहारा वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर योजनाएं और कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 129.51 करोड़ रुपये की लागत के 62 विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। कार्यक्रम में सुश्री दुलारी बाई, श्री राम लखन, श्री सियासरण सुराखी, श्री दुर्गेश यादव, सुश्री कलावती एवं श्री संतोष डोहर आदि को शहरी आवास योजना के पट्टे वितरित किये गये।

कन्फेक्शनेरी क्लस्टर में अक्टूबर से शुरू हो उत्पादन -मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मंत्रालय में उद्योग विभाग के अधिकारियों तथा इन्दौर कन्फेक्शनेरी एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल के साथ कन्फेक्शनेरी क्लस्टर परियोजना की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये हैं कि इन्दौर जिले के रंगवासा में स्थापित हो रहे कन्फेक्शनेरी क्लस्टर में स्थापित होने वाली इकाईयों में अक्टूबर माह से उत्पादन शुरू हो जाए, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस क्लस्टर के कार्यशील होने पर 10 हजार लोगों को रोज़गार मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोज़गार आधारित परियोजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से किया जाना चाहिए। उन्होंने बैठक में कन्फेक्शनेरी क्लस्टर प्रोजेक्ट में हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। श्री कमल नाथ ने कहा कि क्लस्टर में अधोसंरचना संबंधी कार्य समय-सीमा में पूरे हों, जिससे अक्टूबर माह से स्थापित होने वाली इकाईयों में उत्पादन प्रारंभ हो जाए।

इन्दौर जिले के रंगवासा में स्थापित होने वाला कन्फेक्शनेरी क्लस्टर 65 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा। इस परियोजना में 62 भूखंड हैं।

क्लस्टर में सड़क, ग्रीन बेल्ट, 24 घंटे विद्युत सुविधा, पेयजल, एस.टी.पी. और ई.टी.पी. सुविधा, व्यवसायिक स्थान, आवासीय कार्यालय तथा प्रशासनिक भवन आदि सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

भारत भवन के समीप बनाया जाएगा कला ग्राम - मुख्यमंत्री

भोपाल, भारत भवन से लगी भूमि पर कला ग्राम बनाया जाएगा। साथ ही कस्बा आधारित फिल्म निर्माण परियोजना में पातालकोट के जनजीवन पर फिल्म तैयार की जाएगी, जिससे पर्यटन की दृष्टि से यह क्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित हो सके। यह निर्णय मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई भारत भवन प्रबंधन की बैठक में लिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत भवन की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कला गतिविधियों के केंद्र के रूप में प्रतिष्ठा है। इसे और अधिक समृद्ध बनाने के लिए विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत भवन में कलाकारों और साहित्यकारों के साथ ही निरपेक्ष भाव से विभिन्न आयोजनों का संचालन किया जाये। श्री कमल नाथ ने कला ग्राम की परिकल्पना को साकार रूप देने के लिए समयबद्ध योजना बनाने के निर्देश दिये।

श्री कमल नाथ ने कहा कि भारत विभिन्न संस्कृतियों का देश है। सभी संस्कृतियों में आपसी मेल-जोल हो, इसके लिए उत्तर-पूर्व के राज्यों पर केंद्रित महोत्सव भी आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने महोत्सव के लिये रूप-रेखा बनाने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने भारतीय कला, संस्कृति, साहित्य की समृद्ध परंपरा से युवाओं को जोड़ने के लिए भी विशेष कार्यक्रम चलाने को कहा। उन्होंने कहा कि भारत भवन की गतिविधियों में युवाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए।

सांची बौद्ध विश्वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय पहचान बनाएं

भोपाल, सांची बौद्ध विश्वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाए और वहां संभावनाओं वाले पाठ्यक्रम संचालित किये जायें। यह निर्देश मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मंत्रालय में सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुये दिये। उन्होंने कहा कि सांची विश्वविद्यालय के मूल स्वरूप को ध्यान में रखते हुए इसकी पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो, इसकी कार्य-योजना बनाई जानी चाहिए।

गांधी जी के विचारों के साथ उनके सिद्धांतों पर चलें - मुख्यमंत्री

छिन्दवाड़ा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा असहयोग आंदोलन के सिलसिले में 99 वर्ष पूर्व छिन्दवाड़ा में की गई ऐतिहासिक यात्रा के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ की उपस्थिति में 25 हजार स्कूली बच्चों ने उनका प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' गाकर एक नया इतिहास रचा। गांधी प्रवास शताब्दी समारोह में एक साथ इतनी बड़ी संख्या में गांधी जी का यह भजन गायन कर बच्चों ने विश्व रिकॉर्ड बनाया है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के साउथ एशिया हेड श्री आलोक कुमार ने मुख्यमंत्री को इस रिकॉर्ड का प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

बांटने नहीं, जोड़ने की संस्कृति अपनायें बच्चे

मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि भारत की विभिन्नता में एकता की ताकत के साथ अगर हमारे सामाजिक और पारिवारिक मूल्य सुरक्षित नहीं होंगे, तो भारत का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। मुख्यमंत्री ने बच्चों को सावधान करते हुए कहा कि वे बांटने की नहीं जोड़ने की संस्कृति को अपनाएं। सच्चाई का साथ दें और उसे पहचानें। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें गांधी जी के विचारों को अपनाना होगा। गांधी जी के सिद्धांतों पर चलकर अपने देश की एकता और अखण्डता को मजबूत बनाना होगा।

विश्व स्वीकारता है भारत की महानता

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को आजादी के साथ एक ऐसा देश विरासत में मिला है, जिसकी विविध संस्कृति, धर्म, भाषा और पहनावा, रहन-सहन अलग होने के बावजूद भी एक गुलदस्ते के रूप में पूरी दुनिया को खुशबू देता है। उन्होंने कहा कि हमारी इस विशेषता को पूरा विश्व आश्चर्य से देखता है। भारत की महानता को विश्व इसलिए स्वीकार करता है, क्योंकि इतनी विभिन्नताओं के बाद भी हम सभी लोग एक झण्डे के नीचे एकजुटता के साथ खड़े हैं।

श्री कमल नाथ ने बच्चों से कहा कि उनकी शिक्षा सिर्फ स्कूल और कॉलेज तक ही सीमित है, लेकिन ज्ञान उन्हें जीवन भर प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही ज्ञान उन्हें सशक्त और समर्थ बनाएगा और उनका तथा देश का भविष्य सुरक्षित रखेगा।

देश में रेखांकित होगी छिन्दवाड़ा की प्रगति

मुख्यमंत्री ने कहा कि छिन्दवाड़ा की न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश में अलग पहचान है। आज छिन्दवाड़ा में जो विकास दिख रहा है, अगर हम अतीत में जाएंगे, तो इसके बिलकुल विपरीत दृश्य हमें दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि पातालकोट एक ऐसा पिछड़ा क्षेत्र था, जहां के लोग नमक लेने बाहर जाते थे, जिसमें उन्हें तीन घण्टे का समय लगता था। अब वहां का जन-जीवन, रहन-सहन सब कुछ बदल गया है। श्री कमल नाथ ने कहा कि छिन्दवाड़ा का विकास और उन्नति के लिए एक जनप्रतिनिधि होने के नाते मैंने अपनी पूरी जवानी समर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब यहां मेडिकल, कृषि और उद्यानिकी कॉलेज बन जाएगा, तब छिन्दवाड़ा की प्रगति पूरे देश में रेखांकित होगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट

MGICS

निरंतर टॉपर देने वाला संस्थान — For Civil Services

THINK MAINS

संस्थापक एवं मार्गदर्शक
आशीष पटेल सर, Dy.SP

TOPPER MPPSC-2018
MAINS MARKS 867
हर्षल चौधरी, डिप्टी कलेक्टर

HINDI MEDIUM TOPPER MPPSC-2018
MAINS MARKS 839
मयंक तिवारी Dy.SP

HINDI MEDIUM TOPPER-2017
DY.SP 2015
MAINS MARKS 855
प्रिया वर्मा, डिप्टी कलेक्टर

MAINS TOPPER 2016 1ST RANK
MAINS MARKS 917
प्रियंका मिश्रोट, डिप्टी कलेक्टर

THINK MGICS

16TH JAN 9 AM

27TH JAN 3 PM

MAINS-19 | MAINS PLUS | ANSWER WRITING | QIP QUALITY IMPROVEMENT PROGRAMME | TEST SERIES

G-13, Ground Floor, Veda Business, Park, Bhawarkuan, Indore 0731-4955044 7000925055 | Plot No. 132, M.P. Nagar, Bhopal 0755-4296457 9754933332

R-43268/2020

विष्णुगुप्त एकेडमी

A new era begins

जुड़े प्रदेश की सबसे बड़ी एवं अनुभवी शिक्षकों की टीम से

MPPSC Mains
Hindi & English Medium

Batches Starts From 16 Jan

MPPSC Pre+Mains
Hindi & English Medium

अभिभावकों से अपील – किसी भी संस्थान में प्रवेश लेने से पूर्व, पुराने विद्यार्थियों से अवश्य संपर्क करें क्योंकि ये आपके बच्चों के भविष्य का सवाल है

2 DAYS FREE DEMO CLASSES

वेदा बिजनेस पार्क, फर्स्ट फ्लोर, भंवरकुआ मेन रोड, इन्दौर +91 88899 00158 +91 88899 00159

R-43267/2020

आजाद पी 3 एकेडमी

सपनों की उड़ान आप भरें, उन्हें साकार हम करें।

UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3

प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित

MPPSC

Hindi & English Medium

PRE + MAINS 16 JAN'20

MAINS SPECIAL CLASS 18 JAN'20

शिक्षक पात्रता परीक्षा वर्ग 3 16 JAN'20

MPSI 16 JAN'20 | आरक्षक 15 JAN'20

हेड ऑफिस : वेदा बिल्डिंग, 216 द्वितीय मंजिल, एम्पल हॉस्पिटल के पास, भंवरकुआं, इंदौर

6-A इंद्रपुरी कॉलोनी, भंवरकुआं इंदौर

0731-4966653 / 54, 97559-16644, 70244-86260, 91092-57973

R-43264/2020

महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट

MGICS For Civil Services

निरंतर टॉपर देने वाला संस्थान

"पहले ही प्रयास में अपनी सफलता करें सुनिश्चित मध्य भारत की सर्वाधिक समर्पित, विश्वसनीय व प्रामाणिक टीम MGICS के मार्गदर्शन में"

NEW BATCH START FOR MPSI SUB INSPECTOR

16 JANUARY 9 AM & 30 JANUARY 3 PM

G-13, Ground Floor, Veda Business Park, Bhawarkuan, Indore | 0731-4955044, 7000925055
Plot No. 132, M.P. Nagar, Bhopal | Ph. 0755-4296457

R-43269/2020

प्रयासKSG

An institute for MPPSC Examination

UPSC में 2000 से अधिक सलेक्शन देने के बाद MPPSCको समर्पित KSG का प्रतिबद्ध संस्थान- प्रयासKSG

Build Your Own Success Story

Our Proud Achievers MPPSC

2nd Rank
Rachna Sharma

8th Rank
Gagan Bisen

15th Rank
Tanmay

तैयारी जीत की

MPPSC 2020

PRE+MAINS WITH STUDY MATERIAL

New Batch Starting from 1st MARCH 2020

Both English and Hindi Medium

दिल्ली एवं म.प्र. के अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन

Plot No. 43, S-1 & S-3, 2nd Floor, R.R. Arcade, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal

7223901339, 0755-4940022

R-43270/2020

नये सिलेबस के अनुसार

MAINS / PRELIMS

टारगेट - 2019 | लोक प्रशासन एवं समाजशास्त्र विषय में विशेषज्ञता | टारगेट - 2020

CivilJOBS ही क्यों ?

- अनुभवी तथा चयनित फैकल्टी द्वारा मार्गदर्शन
- मुख्य परीक्षा के सभी 6 पेपरों में विशेषज्ञता
- वास्तविक परिणाम देने वाला संस्थान
- लोक प्रशासन एवं समाजशास्त्र विषय में विशेषज्ञता
- लोकसेवा आयोग परीक्षा के सभी विषयों में विशेषज्ञता
- नियमित 5 से 6 घंटे की कक्षाएँ
- उच्च क्वालिटी अपडेटेड नोट्स

नई कक्षाएँ 21, 28 जनवरी

3 DAYS FREE DEMO

सबसे सटीक टेस्ट सीरीज

MAINS - 31 Test
PRELIMS - 51 Test

Separate English Medium Batch

17 वर्षों के अनुभव के साथ
अखिलेश द्विवेदी सर
Bsc., M.A. (Sociology)
M.A.(Pub. Ad.) NET (Pub. Ad.)

https://www.facebook.com/civiljobsindia/

संस्थान के गौरव

MPPSC 2018
प्रथम प्रयास में चयनित

CivilJOBS
Academy for Public Services
2nd Floor Sundaram Complex, above Canara Bank, Bhanwarkua Road, Indore
95228 23999, 95228 24999, 93022 55300

R-43271/2020

मुख्यमंत्री ने किया गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने छिन्दवाड़ा में महात्मा गांधी चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। सांसद श्री नकुल नाथ, जिले के प्रभारी एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री सुखदेव पांसे और पूर्व मंत्री श्री दीपक सक्सेना ने भी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। मुख्यमंत्री ने छिन्दवाड़ा में शिकारपुर स्थित अपने निवास पर आमजनों से भेंट की और उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये और समस्याओं के निराकरण के लिये आश्वस्त किया।

प्राथमिक शिक्षक परीक्षा की नि:शुल्क तैयारी करें

मध्यप्रदेश प्राथमिक शिक्षक परीक्षा 2020 हेतु सम्पूर्ण मार्गदर्शन के लिए आज ही अपने मोबाइल फोन पर यूट्यूब पर जाकर शिक्षाविद् डॉ. जयंतीलाल भंडारी के career disha चैनल को सब्सक्राइब करें, घर बैठे संभावित परीक्षोपयोगी प्रश्नों को देखें, याद करें और सफलता की डगर पर आगे बढ़ें।

प्राथमिक शिक्षक परीक्षा की सफल तैयारी हेतु डॉ.भंडारी के मार्गदर्शन में तैयार बाजार में उपलब्ध मासिक पत्रिका प्रतियोगिता निर्देशिका खरीदें। इस परीक्षा में सफलता हेतु प्र.नि. के नोट्स भी खरीदें–

संपर्क :– 0731–2482060, 2480090

R-43265/2020

नये बैच में प्रवेश प्रारंभ

शिक्षक पात्रता (संविदा) भर्ती परीक्षा वर्ग – 3

सभी अनिवार्य विषय उपलब्ध

पत्राचार पाठ्यक्रम उपलब्ध

कौटिल्य एकेडमी

भँवरकुंआ चौराहा, इन्दौर

9827368224
0731-4226615

इन्दौर शाखा – राजवाड़ा चौराहा, प्रेस कॉम्प्लेक्स, पूरी कोठी, कातानी नगर, गीता भवन, एम.आई.जी., विजय नगर

R-43263/2020

सम्पादकीय

पयर्टन स्थलों को मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान

मध्यप्रदेश ने पर्यटन के क्षेत्र में पिछले एक साल में राष्ट्रीय स्तर पर 16 पुरस्कार हासिल कर देशभर में अपनी पहचान कायम की है। राज्य सरकार ने इस दौरान पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये नवाचारों को प्राथमिकता दी है। वन्य क्षेत्रों में पर्यटन सुविधाओं को सरल और सहज तरीके से उपलब्ध कराने की पहल की गई। पर्यटन स्थलों के संरक्षण और संवर्धन को प्राथमिकता दी गई। अधोसंरचना विकास के कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रदेश के नगरों-महानगरों के साथ देश और विदेशों में रोड शो कर निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिये प्रोत्साहित किया गया। इससे पर्यटन के क्षेत्र में रोज़गार के नये अवसर निर्मित हुये और राजस्व में भी बढ़ोत्तरी का सिलसिला शुरू हुआ। पिछले एक साल में निवेशकों के लिये व्यापक, सरल एवं पारदर्शी पर्यटन नीतियां बनायी गयीं। भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर और जबलपुर महानगर में प्रदेश के पर्यटन स्थलों के लिये हेलिकॉप्टर सुविधा शुरू करने का निर्णय लिया गया। राज्य सरकार की नवाचारी पर्यटन नीति-2019 में हॉट-एयर बैलून, वाइल्ड लाइफ रिसॉर्ट, मेगा एवं अल्ट्रा परियोजनाओं के लिये आकर्षक अनुदान और रियायतें दी गईं। अनुसूचित जाति एवं जनजातीय उद्यमियों को और दूरस्थ तथा दुर्गम क्षेत्रों में स्थापित की जाने वाली पर्यटन परियोजनाओं के लिये 5 प्रतिशत अतिरिक्त लागत पूंजी अनुदान दिये जाने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में 3 नये फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट की स्थापना करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को ग्रामीण अनुभव प्रदान करने के लिये पर्यटन स्थलों के समीप चयनित ग्रामों में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने का फैसला हुआ। देश के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल माण्डू में 28 दिसंबर से 1 जनवरी तक भव्य उत्सव मनाया गया। हनुवंतिया में जल-महोत्सव और मिण्टो हॉल, भोपाल में रॉयल कुजिन फूड फेस्टिवल मनाया गया। फूड फेस्टिवल में विभिन्न अंचलों की रॉयल फेमिली के व्यंजनों को उनके कुक्स द्वारा बनाया गया। युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में जोड़ने के लिये प्रतिष्ठित समूहों के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण दिलाने का निर्णय लिया गया। ब्रांडेड होटल प्रोत्साहन नीति, फॉर्म स्टे, ग्राम स्टे योजना 2019 बनायी गयी। फिल्म पर्यटन नीति भी जल्दी ही बनायी जा रही है। वर्तमान में प्रदेश के पर्यटन स्थलों में लगभग 6-7 फिल्म वेब सीरीज की शूटिंग पूरी हो चुकी है और कई की शूटिंग चल रही है। इस वर्ष पर्यटन विभाग द्वारा एमपी इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी में ट्रेवल्स एंड टूरिज़्म स्टडी विषय का बीबीए कोर्स प्रारंभ किया गया। जल पर्यटन के लिये अधिसूचित जल क्षेत्रों में जल-क्रीड़ा गतिविधियों के संचालन के लिये 15 अभिस्वीकृति पत्र एवं लायसेंस जारी किये गये। इस वर्ष पर्यटन क्विज में प्रदेश के सर्वाधिक 8 हजार स्कूलों के 24 हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रदेश के प्रमुख जिलों एवं पर्यटन स्थलों में समृद्ध विरासत, प्राकृतिक सुन्दरता, इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहरों से परिचय के लिये वॉक फेस्टिवल 2019 आयोजित किये गये। प्रदेश में पर्यटन को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिये निर्णय लिया गया कि 100 करोड़ से अधिक निवेश की पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना के लिये कलेक्टर गाइडलाइन रेट पर शासकीय भूमि 90 वर्ष की लीज पर प्रथम आओ-प्रथम पाओ के आधार पर आवंटित की जायेगी। हॉट एयर बैलूयिंग पर 50 लाख रुपये से अधिक पूंजीगत व्यय पर 50 प्रतिशत की दर से लागत पूंजीगत अनुदान किस्तों में 5 वर्षों तक दिया जायेगा। मध्यप्रदेश सरकार के पर्यटन के क्षेत्र में पिछले 1 वर्ष से किये जा रहे प्रयास के बेहतर परिणाम दिखने लगे हैं। आने वाले दिनों में इससे प्रदेश को और अधिक प्रगति-पथ पर जाने में मदद मिलेगी।

ब्रह्मांड को जानें

प्लूटो में छुपे राज

गतांक से आगे- माना जा रहा है कि प्लूटो के पर्वत पानी से जमी बर्फ बेडराक से बने हैं। हालांकि मीथेन और नाइट्रोजन बर्फ प्लूटो की अधिकतर सतह को घेरे हुये हैं फिर भी वह पहाड़ बनाने के लिये पर्याप्त मजबूत नहीं है। इसलिये अधिक संभावना यही है कि यह चोटियां पानी से बनी जमी बर्फ जैसे कठोर तत्व से बनी हों। पर्वतों के आसपास छोटे-छोटे टीले भी देखे गये हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह टीले सतह के अंदर की गर्मी की वजह से बने होंगे। लेकिन अभी इसे तस्वीरों से समझ पाना मुश्किल है। नासा के मिशन से जुड़े एलेन स्टन के अनुसार, प्लूटो हर घंटे 500 टन वायुमंडल खो रहा है। सूर्य से निकलने वाले कुछ कणों के कारण ऐसा हो रहा है। प्लूटो का आकार बहुत छोटा है। इसलिये उसके पास इतना गुरुत्वाकर्षण बल नहीं है कि वहां वायुमंडल टिक सके। न्यू होराइजन्स की अभी तक एकत्र की गई जानकारी का सिर्फ दो-तीन प्रतिशत हिस्सा ही नासा तक पहुंचा है।



- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

भारतीय सेना दिवस 15 जनवरी

देश की स्वतंत्रता और संप्रुभता के लिये महत्वपूर्ण हैं सशस्त्र सेनाएं

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

किसी भी राष्ट्र की स्वतंत्रता और संप्रुभता तभी अक्षुण्ण रह सकती है जब देश को विदेशी आक्रमण और घरेलु सशस्त्र संघर्षों से निपटने के लिये उस राष्ट्र में मुकम्मल सशस्त्र सेना हो। भारत को भी जब वर्ष 1947 में उपनिवेशी शासन से स्वतंत्रता मिली थी उस समय देश में विभाजन के कारण कई स्थानों पर दंगे भड़क गये थे। बड़ी संख्या में शरणार्थियों के भारत आने से उथल-पुथल और अस्त-व्यस्तता का माहौल था और कानून एवं व्यवस्था की स्थिति इतनी बेकाबू हो गई थी कि सेना की सहायता के बिना इस विकट स्थिति से निपटना सम्भव ही नहीं था। घरेलू अशांति और हिंसा से निपटने में आज़ादी के बाद सेना के उपयोग का यह संभवतः पहला अवसर था। उसी समय कश्मीर में भी बाह्य आक्रमण के कारण सेना को मोर्चे पर जाना पड़ा था। देश में घरेलू सशस्त्र हिंसा और बाह्य सैन्य आक्रमण से उत्पन्न स्थितियों से निपटने के लिए एक विशेष सेना कमाण्ड का गठन किया गया था। देश में विभाजन के कारण उत्पन्न इन्हीं विषम परिस्थितियों में तत्कालीन सेना ने देशवासियों की सुरक्षा और बाह्य आक्रमण करने वाले घुसपैठियों को मार गिराने में अपनी अहम् भूमिका निभाई। तब तक इस भारतीय सेना के प्रमुख ब्रिटिश मूल के कमाण्डर जनरल रॉय फ्रांसिस बुचर थे। तब भी भारतीय सैनिकों और सैन्य अधिकारियों की सहायता से भारतीय सेना ने शौर्य और पराक्रम का विलक्षण प्रदर्शन किया।



फील्ड मार्शल करिअप्पा की पदभार तिथि को मनाया जाता है भारतीय सेना दिवस

भारतीय सेना दिवस, भारत में हर वर्ष 15 जनवरी को फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा के भारतीय थल सेना के शीर्ष कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उस समय करिअप्पा सेना के कमाण्डर जनरल थे। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश राज के समय के भारतीय सेना के अंतिम अंग्रेज शीर्ष कमांडर जनरल रॉय फ्रांसिस बुचर से यह पदभार ग्रहण किया था। यह दिन सैन्य परेडों, सैन्य प्रदर्शनियों व अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों के साथ नई दिल्ली व सभी सेना मुख्यालयों में मनाया जाता है। इस दिन उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी भी दी जाती है जिन्होंने कभी ना कभी अपने देश और लोगों की सलामती के लिये अपना सर्वोच्च न्यौछावर कर दिया। भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष देश की राजधानी दिल्ली में दिल्ली छावनी के करिअप्पा परेड ग्राउंड से परेड निकाली जाती है जिसकी सलामी थल सेनाध्यक्ष लेते हैं। गत वर्ष 2019 में भी सेना दिवस मनाया गया, जिसमें परेड की सलामी जनरल बिपिन रावत ने ली थी। फील्ड मार्शल देश का सर्वोच्च पाँच सितारा सैन्य सम्मान है और जनरल करिअप्पा यह सम्मान पाने वाले दूसरे सेनाध्यक्ष थे। वर्ष 1973 में जनरल मानेक शॉ को और वर्ष 1986 में जनरल करिअप्पा को यह सम्मान प्रदान किया गया था।

भारतीय सेना की सैन्य अभियानों में उल्लेखनीय भूमिका रही है

भारतीय थल सेना की शुरुआत ईस्ट इंडिया कंपनी की सैन्य टुकड़ी के रूप में हुई थी। बाद में यह ब्रिटिश भारतीय सेना बनी और फिर मौजूदा भारतीय थल सेना। इसने दुनियाभर में कई लड़ाई और अभियानों में हिस्सा लिया और विभिन्न सैन्य अभियानों में भारतीय सेना की उल्लेखनीय भूमिका रही है। भारत अब तक पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ चार और चीन के साथ एक युद्ध लड़ चुका है। संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर सैन्य मिशन में भी भारतीय सेना हमेशा शामिल होती रही है। भारतीय सेना की एक टुकड़ी हमेशा संयुक्त राष्ट्र की सहायता के लिए समर्पित रहती है। इसके तहत भारतीय सेना अंगोला, कम्बोडिया, साइप्रस, कांगो, अलसाल्वाडोर, नामीबिया, लेबनान, लाइबेरिया, मोजाम्बिक, रवाण्डा, सोमालिया, श्रीलंका और वियतनाम जा चुकी है। भारतीय सेना ने कोरिया में हुई लड़ाई के दौरान घायलों और बीमारों को सुरक्षित लाने के लिए भी अपनी अर्द्ध-सैनिकों की इकाई प्रदान की थी। भौगोलिक तौर पर भारतीय सेना सात कमानों में विभाजित है, जिनके मुख्यालय देश के अलग-अलग हिस्सों में हैं। यह दुनिया की दूसरी बड़ी स्थायी सेना है, साथ ही दुनिया की सबसे आधुनिक सेनाओं में एक भी। भारतीय सेना के सात कमांड हैं। सेना के छह सक्रिय कमांड और एक ट्रेनिंग कमांड है। प्रत्येक कमांड का नेतृत्व जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ करता है, जो लेफ्टिनेंट जनरल रैंक का अधिकारी होता है। प्रत्येक कमांड, नई दिल्ली में स्थित सेना मुख्यालय से सीधे जुड़ा हुआ है। केंद्रीय कमांड का मुख्यालय लखनऊ में, पूर्वी कमांड का मुख्यालय कोलकाता में, उत्तरी कमांड का मुख्यालय उधमपुर में, दक्षिणी कमांड का मुख्यालय जयपुर, पश्चिमी कमांड का मुख्यालय चण्डी मन्दिर और प्रशिक्षण कमांड का मुख्यालय शिमला में है।

जनरल बिपिन रावत बने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

वर्ष 2020 की शुरुआत में ही भारतीय सेना में एक बड़ा बदलाव हुआ है। पहली बार किसी सैन्य अधिकारी को भारतीय सेना का 'चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ' बनाया गया गया है। जनरल बिपिन रावत देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त किये गये हैं। जनरल बिपिन रावत ने देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनाये जाने के बाद बताया कि यद्यपि सीडीएस को सिंगल प्वॉइंट आदेश देने का अधिकार मिला है तथापि सीडीएस चार अलग-अलग स्तरों पर काम करेंगे। सीडीएस तीनों सेनाओं के मामलों पर सलाह देंगे। भारतीय सेना में जनरल बिपिन रावत के उत्तराधिकारी बने जनरल मनोज नरवणे सेना के 28वें सेना प्रमुख हैं। जनरल नरवणे अब तक उप सेना प्रमुख की जिम्मेदारी निभा रहे थे। वे विभिन्न कमानों में जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर में सेवाएं दे चुके हैं। जनरल नरवणे श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षक बल का हिस्सा रह चुके हैं।

कर्मठ और सर्वप्रिय सैन्य अधिकारी थे फील्ड मार्शल करिअप्पा

पहले भारतीय सेनाध्यक्ष कोडंडेरा मडप्पा करिअप्पा का जन्म 29 दिसम्बर 1898 को कर्नाटक के एक कस्बे शनिवारासंठे में हुआ था। घर में उन्हें सभी लोग प्यार से 'चिम्मा' कहकर पुकारते थे। करिअप्पा की प्रारम्भिक शिक्षा माडिकेरी के सेंट्रल हाईस्कूल में हुई, शुरू से ही वह पढ़ाई में बहुत अच्छे थे। मैथ्स और चित्रकला विषय उन्हें बेहद पसंद थे। वर्ष 1917 में स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने मद्रास के प्रेसीडेंसी कालेज में एडमिशन लिया था। कोडंडेरा मडप्पा करिअप्पा, ऑर्डर ऑफ़ ब्रिटिश एम्पायर, मेन्शंड इन डिस्पैचेस, लीजियन ऑफ मेरिट की उपाधि से सम्मानित हो चुके थे, वे भारत के पहले सेनाध्यक्ष थे। उन्होंने वर्ष 1947 के भारत-पाक युद्ध में पश्चिमी सीमा पर भारतीय सेना का नेतृत्व किया था। अमेरिका के राष्ट्रपति हैरी एस. ट्रूमैन ने उन्हें 'ऑर्डर ऑफ दी चीफ कमाण्डर ऑफ लेजिअन ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया था। पूरी ईमानदारी से देश को दी गई उनकी सेवाओं के लिए भारत सरकार ने वर्ष 1986 में उन्हें 'फील्ड मार्शल' का पद प्रदान किया। भारतीय सेना से वर्ष 1953 में रिटायर होने के बाद करिअप्पा ने वर्ष 1954 से 1956 तक न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में बतौर हाई कमिश्नर काम किया। करिअप्पा यूनाइटेड किंगडम स्थित Camberly के इंपीरियल डिफेंस कॉलेज में ट्रेनिंग लेने वाले पहले भारतीय थे।

भारतीय सेना की पहचान कई खूबियों से बनी

भारतीय सेना की संरचना, वर्दी और परंपराओं का बड़ा हिस्सा ब्रिटेन से ही लिया गया है, जो वर्ष 1947 से पहले ब्रिटिश भारतीय सेना में जारी था, मगर इस सबके बावजूद भारतीय सेना में कई ऐसी खूबियाँ हैं जिससे भारतीय सेना की अलग पहचान बनी है।

भारतीय सेना दुनिया में सबसे ऊंचे युद्ध के मैदान को नियंत्रित करती है। भारतीय सेना दुनिया की सबसे ऊंची पहाड़ियों को कंट्रोल करने में माहिर है। इसका उदाहरण है सियाचिन ग्लेशियर, जो समुद्र की सतह से 5000 मीटर ऊपर है। इसी प्रकार दुनिया में भारत के पास सबसे बड़ी 'स्वैच्छिक' सेना है। सभी सेवारत और रिजर्वकर्मियों ने वास्तव में सैन्य सेवा को स्वेच्छा से चुना, यह हम सब के लिये गर्व की बात है। भारतीय संविधान में सेना में अनिवार्य भर्ती का प्रावधान भी है, लेकिन आज तक इसका प्रयोग नहीं किया गया है।

भारतीय सेना पहाड़ी लड़ाइयों में भी माहिर है और भारतीय सेना का 'हाई ऑल्टीट्यूड वॉरफेयर स्कूल' दुनिया के सबसे अच्छे ट्रेनिंग संस्थान में गिना जाता है। अफगानिस्तान भेजे जाने से पहले अमेरिका के स्पेशल फोर्स की ट्रेनिंग भी इसी इंस्टीट्यूट में हुई थी। साथ ही ब्रिटेन और रूस से भी जवान यहाँ ट्रेनिंग के लिए आते हैं। यह इंस्टीट्यूट पहाड़ी इलाकों और ऊँचाई पर लड़ाई करने की ट्रेनिंग देता है। केरल में एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी अकादमी है। भारतीय सेना में घोड़ों की कैवलरी रेजीमेंट भी है। दुनिया में ये आखिरी तीन ऐसे रेजीमेंटों में से एक है।

(फोटो गूगल से साभार)

भारतीय रिज़र्व बैंक

सहायक के पद के लिए भर्ती -2019

भारतीय रिज़र्व बैंक अपने विभिन्न कार्यालयों में "सहायक" के 926 पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। इस पद के लिए चयन देशव्यापी प्रतियोगी परीक्षा के दो चरणों अर्थात प्रारम्भिक और मुख्य परीक्षा तथा उसके बाद भाषा प्रवीणता परीक्षा (एलपीटी) के माध्यम से होगा। कृपया नोट करें कि उक्त विज्ञापन संबंधी शुद्धिपत्र, यदि हो, केवल बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर प्रकाशित किया जाएगा।

इसके लिए पूरा विज्ञापन बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध है और इसे रोजगार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में भी प्रकाशित किया जा रहा है।

आवेदन बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in के माध्यम से केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्रस्तुत करने का कोई अन्य माध्यम उपलब्ध नहीं है।

महत्वपूर्ण तारीखें

वेबसाइट लिंक खुले रहने की अवधि	23.12.2019 से 16.01.2020
परीक्षा शुल्क का भुगतान (ऑनलाइन)	23.12.2019 से 16.01.2020
ऑनलाइन प्रारम्भिक परीक्षा की तारीखें (अनंतिम)	14 और 15 फरवरी 2020। तथापि आरबीआई परीक्षा की तारीखों में परिवर्तन का अधिकार सुरक्षित रखता है।
ऑनलाइन मुख्य परीक्षा की तारीखें (अनंतिम)	मार्च 2020 तथापि आरबीआई परीक्षा की तारीखों में परिवर्तन का अधिकार सुरक्षित रखता है।

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) में सहायक – 2019 के पद के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित हैं।

ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के लिए उम्मीदवार नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करें।

"Recruitment for the post of Assistant" - 2019

1. आवेदन फॉर्म

आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को यह निश्चित कर लेना चाहिए कि वे पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर ऑनलाइन आवेदन करें।

हेल्पलाइन : फॉर्म भरने में, फीस के भुगतान या कॉल लैटर प्राप्त करने में कोई समस्या हो, प्रश्न हो तो उम्मीदवार शिकायत निवारण कक्ष http://cgrs.ibps.in/ पर सम्पर्क करें।

ईमेल के सब्जेक्ट बॉक्स में 'RBI Assistant Examination- 2019' लिखना न भूलें।

कार्यालय	रिक्तियां*						पीडब्ल्यूडी #				भू.पू.सै.	
	अजा	अजजा	अपिव$	सामा.	आकव	कुल	बी आई	एच आई	ओ एच	चतु -र्थ	एक्स -1	एक्स -2
अहमदाबाद	1	2	4	11	1	19	0	1	0	1	1	2
बंगलुरू	0	1	6	12	2	21	1	0	0	0	1	2
भोपाल	4	8	4	22	4	42	1	1	0	1	1	4
भुवनेश्वर	5(2)	4	2	15	2	28	0	1	1	0	1	2
चंडीगढ़	6	0	7	19	3	35	1	1	0	0	1	3
चेन्नै	11	0	15	35	6	67	0	1	1	1	2	6
गुवाहाटी	4(2)	12(1)	7	27	5	55	1	1	1	0	2	5
हैदराबाद	3	1	5	14	2	25	0	1	0	0	1	2
जयपुर	5	3	6	20	3	37	0	0	1	1	1	3
जम्मू	0	1	3	8	1	13	1	0	0	0	1	1
कानपुर और लखनऊ	11	0	14	32	6	63	1	1	1	0	2	6
कोलकाता	2	0	0	8	1	11	0	0	1	1	0	1
मुम्बई	34(1)	46(17)	101(2)	199	39	419	4	6	4	4	16	39
नागपुर	1	2	0	9	1	13	1	0	1	0	1	1
नई दिल्ली	6(1)	0	7	18	3	34	0	1	0	1	1	3
पटना	3	0	6	13	2	24	0	1	0	1	1	2
तिरुवनंतपुरम	2	0	5	11	2	20	0	1	1	0	1	2
कुल	98	80	192	473	83	926	11	17	12	11	34	84

"*बैंक को आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या बढ़ाने/घटाने या रिक्तियों को न भरने का अधिकार है।"

संक्षेपाक्षर इस प्रकार हैं: अजा- अनुसूचित जाति, अजजा- अनुसूचित जनजाति, अपिव- अन्य पिछड़ा वर्ग, आकव- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और सामा- सामान्य. पीडब्ल्यूडी – नि:शक्त व्यक्ति, बीआई–दृष्टि बाधित, एचआई – श्रवण बाधित, ओएच–अस्थि विकलांगता, आरपीडब्ल्यूडीअधिनियम, 2016 के अनुसार घोषित चौथी कैटेगरी। कोष्ठक () में दी गई रिक्तियाँ बैकलॉग दर्शाती हैं।

(भोपाल में रायपुर के लिए 1 रिक्ति शामिल है, चंडीगढ़ में शिमला के लिए 1 रिक्ति शामिल है, गुवाहाटी में अगरतला के लिए 1, आइजोल के लिए 1, शिलांग के लिए 1, और इम्फाल के लिए 1 रिक्ति शामिल है, कानपुर और लखनऊ में लखनऊ के लिए 38 और देहरादून के लिए ४ रिक्तियां शामिल हैं, कोलकाता में 1 रिक्ति गंगटोक के लिए शामिल है, मुंबई में पुणे के लिए 3 और पणजी के लिए 1 और बेलापुर के लिए 23 रिक्तियां शामिल हैं, पटना में रांची के लिए 1 रिक्ति शामिल है।)

2. परिभाषा:

केवल निम्नलिखित पीडब्ल्यूडी कैटेगरी में आने वाले उम्मीदवार इस पद हेतु आवेदन करने के लिए योग्य हैं:

ओएच- लोकोमोटर दिव्यांगता वाले उम्मीदवार: ओए- एक भुजा प्रभावित (दाहिनी या बांयी); बीएल – दोनों टांगें प्रभावित लेकिन भुजाएं प्रभावित नहीं; ओएल – एक टाँग प्रभावित (दाहिनी या बांयी), एचआई उम्मीदवार: पीडी - आंशिक बधिरता; डी- बधिर, वीएच उम्मीदवार: बी – दृष्टिहीन; एलवी – कम दृष्टि, चौथी कैटेगरी जो दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम 2016 (आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016) के अंतर्गत परिभाषित है। # दिव्यांगजनों / भूतपूर्व सैनिकों के लिए क्षैतिज आरक्षण है इसलिए दिव्यांगजनों के कोटा के तहत चयनित उम्मीदवारों को उचित श्रेणी अर्थात एससी/एसटी/ओबीसी/सामान्य में रखा जाएगा जो एससी/एसटी/ओबीसी के आरक्षण हेतु बनाए गए रोस्टर में उम्मीदवारों की संबन्धित श्रेणी पर आधारित होगा।

भूतपूर्व सैनिक:

केवल उन्हीं उम्मीदवारों को भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा जो भारत सरकार, गृह मंत्रालय, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा 27 अक्तूबर 1986 को जारी अधिसूचना संख्या, 36034/5/85/Estt(SCT), समय-समय पर यथासंशोधित, में निर्धारित संशोधित परिभाषा की शर्तों को पूरा करते हैं।

दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक: ऐसे सैनिक जो संघ के सशस्त्र बलों में सेवा के दौरान शत्रु अथवा उपद्रवग्रस्त क्षेत्रों में सैन्य कार्रवाई के दौरान दिव्यांग हुए हों – उन्हें दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा।

नोट:

1) ऐसे उम्मीदवार जो सैन्य बलों से सेवानिवृत्त/कार्यमुक्त हुए हैं या जिनकी सेवा की निर्दिष्ट अवधि (एसपीई) 01.12.2020 को या उससे पहले पूरी होनी संभावित है, केवल वे ही इस भर्ती के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। उनसे यह भी अपेक्षित होगा कि रिज़र्व बैंक में कार्य-ग्रहण करते समय कार्यमुक्ति का पत्र और स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत करें कि वह भारत सरकार के नियमों के अनुसार भूतपूर्व सैनिक को प्राप्य लाभों के लिए पात्र हैं। ऐसे उम्मीदवार जो अपने नियोजन की आरंभिक अवधि पहले ही पूरी कर चुके हों और विस्तारित नियोजन के तहत सेवा में हों उन्हें उस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। ऊपर बताए गए उम्मीदवारों का यदि चयन हो जाता है तो उन्हें 01.01.2021 को या उससे पहले कार्यमुक्त होकर रिज़र्व बैंक में कार्यभार ग्रहण करना होगा। ऐसे सभी उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्रों के प्रारूप अनुलग्नक-II में दिए गए हैं और ये प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे।
2) दिनांक 15-11-1986 से प्रादेशिक सेना कार्मिकों को भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा।
3) यदि कोई भूतपूर्व सैनिक पुन: रोजगार प्राप्त करने के लिए मिलने वाले लाभों को प्राप्त करने के बाद सिविल साइड में सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुका है, तो सरकारी सेवा में पुन: रोजगार के प्रयोजन से उसका भूतपूर्व सैनिक दर्जा समाप्त हो जाता है।
4) केंद्र सरकार के अधीन पुनः रोजगार प्राप्त भूतपूर्व सैनिकों के लिए लागू निम्नलिखित नियम ऑनलाइन परीक्षा में शामिल होने वाले भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए लागू होंगे:
   (I) जिन भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों ने केंद्र सरकार के अधीन समूह 'ग' और 'घ' में पहले ही रोजगार प्राप्त कर लिया है उन्हें केंद्र सरकार के अधीन उच्चतर ग्रेड या कैडर या समूह 'ग'/'घ' में रोजगार प्राप्त करने के लिए भूतपूर्व सैनिकों के लिए निर्धारित आयु संबंधी छूट का लाभ दिया जाएगा। तथापि ऐसे उम्मीदवार केंद्र सरकार की सेवा में भूतपूर्व सैनिकों के लिए दूसरी बार आरक्षण के लाभ के लिए पात्र नहीं होंगे।

3. पात्रता मानदंड:

(क) आयु (01.12.2019 को)

आयु 20 और 28 वर्ष के बीच हो। केवल वही उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र होंगे जिनका

जन्म 02/12/1991 से पहले और 01/12/1999 (दोनों दिन शामिल हैं) के बाद नहीं हुआ हो।

उच्चतर आयु सीमा में रियायत:

क्र.	वर्ग	उच्चतर आयु सीमा में छूट
(I)	अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति (अजा /अजजा)	5 वर्ष अर्थात 33 वर्ष तक
(ii)	अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव)	3 वर्ष अर्थात 31वर्ष तक
(iii)	दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी)	10 वर्ष (सामान्य/ईडब्ल्यूएस), 13 वर्ष (अपिव) और 15 वर्ष (अजा / अजजा)
(iv)	भूतपूर्व सैनिक	सशस्त्र सेनाओं में की गई कुल सेवा की अवधि में ३ वर्ष जोड़ते हुए, लेकिन अधिकतम आयु ५० वर्ष से अधिक नहीं।
(v)	उम्मीदवार जो 1 जनवरी 1980 से 31 दिसम्बर 1989 के बीच जम्मू व कश्मीर राज्य के निवासी रहे हों	5 वर्ष
(vi)	उम्मीदवार जो भारतीय रिज़र्व बैंक का कार्य अनुभव रखते हों	ऐसे अनुभव के कुल वर्षों की संख्या तक किंतु अधिकतम तीन वर्ष तक
(vii)	विधवाएं/तलाकशुदा महिलाएं/कानूनी तौर पर अलग रह रही महिलाएं जिन्होंने फिर से विवाह नहीं किया है	10 वर्ष

(ख) शैक्षणिक योग्यता (01.12.2019 को):

I) किसी भी विषय में न्यूनतम सकल 50% अंकों (अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों के मामले में उत्तीर्णांक) सहित स्नातक डिग्री और पीसी पर वर्ड प्रोसेसिंग का ज्ञान।

ii) भूतपूर्व सैनिकों के वर्ग (भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों को छोडकर) से संबंधित उम्मीदवारों को या तो किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना चाहिए या फिर सशस्त्र सैन्य बलों के मैट्रिकुलेशन या इसके समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए और रक्षा सेवाओं में वे न्यूनतम 15 वर्ष की सेवा कर चुके हों।

iii) भर्ती करने वाले किसी कार्यालय विशेष में पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को भर्ती करने वाले कार्यालय के राज्य/उस कार्यालय के तहत आने वाले राज्यों की भाषा में दक्षता (अर्थात भाषा को पढ़ने, लिखने, बोलने और समझने का ज्ञान) होनी चाहिए।

(ग) चयन की योजना:

I. प्रारम्भिक परीक्षा (बहुविकल्पी):

क्र.	परीक्षा का नाम (वस्तुनिष्ठ)	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	कुल समय
1	अंग्रेजी भाषा	30	30	20 मिनट
2	संख्यात्मक योग्यता	35	35	20 मिनट
3	तर्क शक्ति योग्यता	35	35	20 मिनट
कुल		100	100	60 मिनट

II. मुख्य परीक्षा (बहुविकल्पी):

क्र.	परीक्षा का नाम (वस्तुनिष्ठ)	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	कुल समय
1	तर्क शक्ति परीक्षण	40	40	30 मिनट
2	अंग्रेजी भाषा-परीक्षण	40	40	30 मिनट
3	कम्प्यूटर ज्ञान का परीक्षण	40	40	20 मिनट
4	सामान्य ज्ञान परीक्षण	40	40	25 मिनट
5	अंकीय योग्यता का परीक्षण	40	40	30 मिनट
कुल		200	200	135 मिनट

III भाषा दक्षता परीक्षण (एलपीटी) - भाषा दक्षता परीक्षण (एलपीटी) – मुख्य ऑन-लाइन परीक्षा में अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को भाषा दक्षता परीक्षण (एलपीटी) देना होगा। भाषा दक्षता परीक्षण संबंधित राज्य की कार्यालयीन/ स्थानीय भाषा में किया जाएगा। कार्यालयीन/ स्थानीय भाषा में दक्ष नहीं होने वाले उम्मीदवार को अयोग्य घोषित किया जाएगा।

घ) बायोमैट्रिक डाटा – कैप्चर करना तथा सत्यापन करना

ऑन-लाइन मुख्य परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को बायोमैट्रिक डेटा देना होगा। बायोमैट्रिक डेटा परीक्षा हॉल में प्रवेश करने के समय कैप्चर किया जाएगा और एक पंजीकृत डेटा के रूप में रिपॉजिटरी में संग्रहीत किया जाएगा। इसके बाद, परीक्षा हॉल से बाहर निकलने के समय कैप्चर किया जाएगा और इसे प्रवेश करने के समय कैप्चर किए गए पंजीकृत बायोमैट्रिक डेटा के साथ सत्यापित किया जाएगा। इसके अलावा, दस्तावेज़ सत्यापन के समय भी बायोमैट्रिक सत्यापन किया जाएगा और यदि बैंक उचित समझे तो किसी भी स्तर पर बायोमेट्रिक सत्यापन किया जा सकता है। बायोमैट्रिक डेटा के सत्यापन का मिलन न होने की स्थिति में, उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उस पर चयन प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किया जाएगा। बायोमैट्रिक डेटा को बाएं हाथ के अंगूठे से कैप्चर किया जाएगा, यदि यह क्षतिग्रस्त / घायल है तो उम्मीदवार बायोमैट्रिक प्रक्रिया के पंजीकरण से ठीक पहले, परीक्षा आयोजित करने वाली निकाय को लिखित रूप में सूचित करेगा और बायोमैट्रिक कैप्चरिंग और सत्यापन के निम्नलिखित वैकल्पिक माध्यम में से किसी एक का चयन करेगा:

क) पैर की उंगलियों का बायोमैट्रिक या

ख) अन्य उंगलियों का बायोमैट्रिक

यदि उम्मीदवार बायोमैट्रिक डेटा के पंजीकरण के समय अंगूठे के क्षतिग्रस्त / घायल होने के बारे में लिखित रूप में सूचित नहीं करता है तो बाद में उक्त किसी भी विकृति के कारण मिलन न होने के लिए वह पूरी तरह से जिम्मेदार होगा/होगी और अपनी उम्मीदवारी रद्द करने के लिए उत्तरदायी होगा/होगी और इस संबंध में बैंक द्वारा कोई संचार / पत्राचार विचार में नहीं लिया जाएगा।

सत्यापन की स्थिति (मेल होना या मेल न होना) के संबंध में बायोमैट्रिक डेटा सत्यापन प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

4. आवेदन कैसे करें

विस्तृत दिशानिर्देश/ प्रक्रिया बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध हैं।

क. आवेदन रजिस्ट्रेशन

उम्मीदवार 23.12.2019 से 16.01.2020 तक बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर केवल ऑनलाइन ही आवेदन कर सकेंगे तथा आवेदन का कोई अन्य माध्यम स्वीकार्य नहीं होगा।

रजिस्ट्रेशन से पहले ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बिंदु

ऑनलाइन आवेदन से पहले, उम्मीदवार -

i. अपने फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर को यह सुनिश्चित करते हुए स्कैन कर लें कि वे दोनों विस्तृत विज्ञापन के अनुलग्नक। के अनुसार फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन और अपलोड के लिए दिशानिर्देश के अंतर्गत दिए गए अपेक्षित विनिर्देशों के अनुसार हैं।

ii. उनके पास एक वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नम्बर होना चाहिए, जिसे इस भर्ती प्रक्रिया के परिणामों की घोषणा तक सक्रिय रखा जाना चाहिए। भारतीय रिज़र्व बैंक परीक्षा के लिए कॉल लेटर आदि पंजीकृत ई-मेल के माध्यम से भेज सकता है। किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवार अपनी ई-मेल आईडी किसी दूसरे के साथ साझा नहीं करें/ किसी दूसरे व्यक्ति को ई-मेल आई डी का उल्लेख नहीं करें। यदि किसी उम्मीदवार के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी नहीं हो, तो उसे चाहिए कि ऑन-लाइन आवेदन करने से पहले अपना नया ई-मेल आईडी बनाए तथा उस ई-मेल एकाउन्ट और मोबाइल नम्बर को बरकरार रखें।

ख. परीक्षा शुल्क और सूचना प्रभार का भुगतान (यह प्रभार लौटाया नहीं जाएगा) 23.12.2019 से 16.01.2020 तक भुगतान (ऑन लाइन भुगतान) किया जा सकेगा अजा/अजजा/दिव्यांगजनों/भूतपूर्व सैनिकों के लिए ₹ 50/- सूचना प्रभार) अपिव/ सामान्य/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए ₹ 450/- (परीक्षा शुल्क + सूचना प्रभार) 23.12.2019 से 16.01.2020 तक भुगतान (ऑन लाइन भुगतान) किया जा सकेगा - स्टाफ उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क और सूचना प्रभारों के भुगतान से छूट प्राप्त है। परीक्षा शुल्क और सूचना प्रभारों के ऑनलाइन भुगतान के लिए बैंक द्वारा लिए जाने वाले लेनदेन प्रभारों का वहन उम्मीदवार को ही करना होगा।

5. सेवा की शर्तें / कॅरियर संभावनाएं:

(I) वेतनमान:

सहायकों को 13150-750 (3)-15400- 900(4) -19000-1200(6)-26200-1300 (2)-28800- 1480(3) – 33240 – 1750 (1)- 34990 (20 वर्ष) के वेतनमान में आरंभ में ₹ 14650/- प्रति माह (अर्थात ₹ 13150/- में स्नातकों को देय दो वेतन वृद्धियां) और समय-समय पर स्वीकार्य अन्य भत्ते अर्थात मंहगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता, शहर प्रतिपूर्ति भत्ता, परिवहन भत्ता आदि दिया जाएगा। वर्तमान में सहायकों के लिए आरंभिक मासिक सकल परिलब्धियां लगभग ₹ 36091/- हैं।

** यदि बैंक का आवास प्रदान किया जाता है तो कर्मचारी को आवास किराए भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा और कर्मचारी से श्रेणी III के वेतन मान के प्रारंभिक चरण से @0.3% की दर से लाइसेंस शुल्क वसूला जाएगा।

(ii) अनुलाभ:

उपलब्धता के आधार पर बैंक का आवास, पात्रता के अनुसार कार्यालयीन प्रयोजनों से वाहन के रखरखाव के व्यय की प्रतिपूर्ति, अख़बार, ब्रीफकेस, पुस्तक अनुदान, आवास सज्जा के लिए भत्ते आदि। पात्रता के अनुसार ओपीडी इलाज/अस्पताल में रहकर इलाज कराने के लिए मेडिकल व्यय की प्रतिपूर्ति के अलावा डिस्पेंसरी सुविधा, ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (स्वयं के लिए, पति या पत्नी और पात्र आश्रितों के लिए दो वर्ष में एक बार)। नियमित कर्मचारियों, जिन्होंने कम से कम दो वर्ष की सेवा की है, को आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुओं, पर्सनल कम्प्यूटर, आदि के लिए ब्याज की रियायती दरों पर ऋण और अग्रिम दिया जाएगा। भर्ती सहायकों को ग्रेच्युटी लाभ के अलावा, परिभाषित योगदान नई पेंशन योजना द्वारा शासित किया जाएगा।

(iii) उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

कृपया बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर विस्तृत विज्ञापन देखें।

भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

विज्ञापन सं. 2 ए / 2019-20

(यह विज्ञापन तथा ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए लिंक भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है।)

भारतीय रिज़र्व बैंक - भर्ती - पैनल वर्ष 2018/2019 के लिए विभिन्न पद (i) विधि अधिकारी ग्रेड 'बी' पैनल वर्ष 2018 (ii) प्रबंधक (तकनीकी-सिविल) पैनल वर्ष 2018 (iii) सहायक प्रबंधक (राजभाषा) पैनल वर्ष 2018 (iv) सहायक प्रबंधक (शिष्टाचार एवं सुरक्षा) पैनल वर्ष 2018 (v) लाइब्रेरी प्रोफेशनल्स (सहायक लाइब्रेरियन) ग्रेड 'ए'- पैनल वर्ष 2019

महत्वपूर्ण अनुदेश:

1. उम्मीदवार पदों के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें:

(i) आवेदन करने से पहले उम्मीदवार सुनिश्चित करें कि वे विज्ञापित पदों के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड इसके बाद इसे 'बोर्ड' कहा जाएगा, अपेक्षित शुल्क/सूचना प्रभारों (जहां कहीं भी लागू हो) के साथ पद के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर परीक्षा में प्रवेश देगा तथा उनकी पात्रता का निर्धारण केवल अंतिम स्तर अर्थात् साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के समय ही करेगा। यदि उस स्तर पर यह पाया गया कि ऑनलाइन आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या बोर्ड के अनुसार उम्मीदवार पद के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है तो उसका/उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी तथा उन्हें साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा यदि वे पहले से बैंक में सेवारत हैं तो उसे बिना नोटिस दिए सेवा से हटाया जा सकता है।
सहायक लाइब्रेरियन, ग्रेड 'ए' के पद के लिए उम्मीदवारों को बोर्ड द्वारा, रिक्तियों की संख्या के आधार पर, साक्षात्कार के लिए चुना जाएगा।

(ii) उम्मीदवार को निम्नानुसार होना चाहिए:
- (क) भारत का नागरिक होना चाहिए, अथवा
- (ख) नेपाल की प्रजा, अथवा
- (ग) भूटान की प्रजा, अथवा
- (घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से 1 जनवरी 1962 से पहले भारत आया हो, अथवा
- (ङ) कोई भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देश यथा केन्या, युगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया, जाम्बिया, मालावी, जायरे, इथियोपिया तथा विएतनाम से प्रव्रजन करके आया हो।

परंतु यदि उम्मीदवार उक्त तथा (ख) (ग) (घ) और (ङ) में से किसी वर्ग से हो तो उनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाणपत्र होना चाहिए ।
ऐसे उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है जिनके मामले में पात्रता प्रमाणपत्र आवश्यक हो किंतु भारत सरकार द्वारा उसके संबंध में पात्रता प्रमाणपत्र जारी किए जाने के बाद ही उसको नियुक्ति प्रस्ताव भेजा जा सकता है।

2. आवेदन का तरीका:
उम्मीदवारों से अपेक्षित है कि वे बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन प्रस्तुत करने का कोई और तरीका उपलब्ध नहीं है।
"ऑनलाइन आवेदन फार्म बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध" भरने के लिए संक्षिप्त अनुदेश परिशिष्ट-I में दिए गए हैं।

3. महत्वपूर्ण तिथियां:

गतिविधियां	महत्वपूर्ण तिथियां
वेबसाइट लिंक खुला रहेगा- आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए तथा शुल्क/सूचना प्रभारों के भुगतान के लिए	30 दिसंबर 2019 से 20 जनवरी 2020
परीक्षा की तिथि (सहायक लाइब्रेरियन, ग्रेड 'ए' को छोड़कर)	15 फरवरी 2020

4. सहायता सुविधा: फार्म भरने, शुल्क/सूचना प्रभार का भुगतान करने अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में आने वाली किसी भी समस्या और शंका के समाधान के लिए http://cgrs.ibps.in लिंक के माध्यम से प्रश्नों को भेज सकते हैं।
ईमेल के विषय में सही भर्ती/आवेदित पद का उल्लेख करना न भूलें।

5. मोबाइल फोन तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग पर प्रतिबंध:
(i) परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन (स्विच ऑफ मोड में भी) या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा प्रोग्रैमेबल उपकरण अथवा स्टोरेज के साधन जैसे पेन ड्राइव, स्मार्ट वॉच आदि, अथवा कैमरा, ध्वनि सहायक अथवा ब्लूटूथ उपकरण अथवा कोई अन्य उपकरण अथवा संबंधित उपकरण जिसका प्रयोग संचार उपकरण के रूप में हो सकता है, चालू अथवा स्विच ऑफ मोड में, प्रयोग करने की अनुमति नहीं होगी। इन अनुदेशों का उल्लंघन करने पर अनुशासनिक कार्रवाई किए जाने के साथ-साथ भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए भी प्रतिबंधित किया जाएगा।
(ii) उम्मीदवारों को उनके हित के लिए सूचित किया जाता है कि वे मोबाइल फोन, और अन्य कोई मूल्यवान/ महंगी वस्तु परीक्षा केंद्र पर न लाएं क्योंकि उनके सुरक्षा इंतजाम का आश्वासन नहीं दिया जा सकता है। इस संबंध में किसी भी नुकसान के लिए बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा।

6. शुद्धिपत्र: कृपया नोट करें कि यदि उपर्युक्त विज्ञापन के लिए कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर प्रदर्शित किया जाएगा।

विस्तृत नोटिस

1. भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड (बोर्ड) भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं/बैंक) में निम्नलिखित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है:

क्रम सं.	पद और पैनल वर्ष	रिक्तियों की संख्या				
		अनारक्षित अर्थात सामान्य (सामा/अना)	अनुसूचित जाति (अजा)	अनुसूचित जनजाति (अजजा)	अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव) **	कुल
(i)	विधि अधिकारी ग्रेड 'बी'- पैनल वर्ष 2018	1	0	0	0	1
(ii)	प्रबंधक (तकनीकी-सिविल) पैनल वर्ष 2018	1	0	0	1	2
(iii)	सहायक प्रबंधक (राजभाषा) पैनल वर्ष 2018	6	1	1	0	8
(iv)	सहायक प्रबंधक (शिष्टाचार एवं सुरक्षा) पैनल वर्ष 2018	4	0	1	0	5
(v)	लाइब्रेरी प्रोफेशनल्स (सहायक लाईब्रेरियन) ग्रेड 'ए' – पैनल वर्ष 2019	1	0	0	0	1
	कुल	13	1	2	1	17

** अपिव वर्ग से संबंधित जो उम्मीदवार 'क्रीमी लेयर' में आते हैं वे अपिव आरक्षण के लिए हकदार नहीं हैं। उन्हें अपने वर्ग का उल्लेख 'सामान्य (सामा)' के रूप में करना चाहिए।

टिप्पणी (I) – अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवारों के लिए:
अजा/अजजा/अपिव के उम्मीदवारों के लिए कोई रिक्ति आरक्षित न होने पर भी ये उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। तथापि ये किसी भी छूट/रियायत आदि के लिए पात्र नहीं होंगे। अजा/अजजा उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है परंतु ऐसे मामलों में उन्हें विनिर्दिष्ट सूचना प्रभारों का भुगतान करना होगा।

टिप्पणी (II) – बैंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के लिए:
उपर्युक्त पदों में बैंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के लिए कोई आरक्षण नहीं है। तथापि, निम्नलिखित सारिणी में दर्शाए गए श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवार उपर्युक्त उल्लिखित पद सं. (i), (ii), (iii) और (v) के लिए सामान्य उम्मीदवार के रूप में आवेदन कर सकते हैं, उन्हें आयु में छूट के अलावा कोई और रियायत नहीं होगी।

(1) बैंक ने शारीरिक अपेक्षाओं तथा कार्यात्मक वर्गीकरण के साथ बैंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए निम्नलिखित पदों की पहचान उपयुक्त पद के रूप में की है:

क्रम सं.	पद का नाम	पहचान किए गए श्रेणियां	कार्यात्मक वर्गीकरण*	शारीरिक अपेक्षाएं**
1	विधि अधिकारी ग्रेड 'बी'	दृष्टिबाधित तथा निम्न दृष्टि	बी	बीएन, सी, एच, केसी, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू (ब्रेल / सॉफ्टवेयर में), एस, एसटी, डब्ल्यू
			एलवी	बीएन, सी, एच, केसी, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसटी, डब्ल्यू
		ऊंचा सुनना	एचएच	बीएन, सी, केसी, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू
		लोकोमोटर नि:शक्तता जिसमें प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पालसी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित	(i) ओए, ओएल, प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पालसी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित	(i) बीएन, सी, केसी, एल, एच, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू
			(ii) बीएल किंतु बांह नहीं	(ii) सी, एच, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई
			(iii) मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी)	(iii) सी, एच, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, एस
		विभिन्न दिव्यांगताएं	ओए, ओएल, प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पालसी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित i)दृष्टिबाधित / निम्न दृष्टि अथवा (ii) ऊंचा सुनना	बीएन, सी, केसी, एल, एमएफ, पीपी, एस, एसटी, डब्ल्यू और (i) आरडब्ल्यू (ब्रेल/सॉफ्टवेयर में) तथा एच अथवा (ii) आरडब्ल्यू तथा एसई (जैसा लागू हो)
2	प्रबंधक (तकनीकी-सिविल)	ऊंचा सुनना	एचएच	बीएन, सी, केसी, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू
		लोकोमोटर नि:शक्तता जिसमें ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक के पीड़ित शामिल हैं	(i) ओए, ओएल, ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित (ऑफिस जॉब के लिए) (ii) बीएल (ऑफिस जॉब के लिए) (iii) ओए (फील्ड जॉब के लिए)	(i) तथा (iii) के लिए बीएन, सी, केसी, एल, एच, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू (ii) के लिए सी, एच, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई
3	i) लाइब्रेरी प्रोफेशनल्स (सहायक लाइब्रेरियन) ग्रेड 'ए'	दृष्टिबाधित तथा निम्न दृष्टि	बी	बीएन, सी, एच, केसी, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू (ब्रेल/सॉफ्टवेयर में), एस, एसटी, डब्ल्यू
			एलवी	बीएन, सी, एच, केसी, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसटी, डब्ल्यू
		बधिर तथा ऊंचा सुनना	डी, एचएच	बीएन, सी, केसी, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू
	ii) सहायक प्रबंधक (राजभाषा)	लोकोमोटर नि:शक्तता जिसमें प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पालसी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक के पीड़ित तथा मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी) शामिल हैं	ओए, ओएल, प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पालसी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित	बीएन, सी, केसी, एल, एच, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई, एसटी, डब्ल्यू
			बीएल किंतु बांह नहीं	सी, एच, एल, एमएफ, पीपी, आरडब्ल्यू, एस, एसई
			मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी)	सी, एच, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, एस
		विभिन्न दिव्यांगताएं	ओए, ओएल, प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पालसी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित तथा (i) दृष्टिबाधित/निम्न दृष्टि अथवा (ii)बधिर/ ऊंचा सुनना	बीएन, सी, केसी, एल, एमएफ, पीपी, एस, एसटी, डब्ल्यू और (i) आरडब्ल्यू (ब्रेल/सॉफ्टवेयर में) तथा एच अथवा (ii) आरडब्ल्यू तथा एसई (जैसा लागू हो)
4	सहायक प्रबंधक (शिष्टाचार एवं सुरक्षा)	यह पद बैंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के लिए चिन्हित नहीं किया गया है।		

* कार्यात्मक वर्गीकरण: ओए- एक बांह, ओएल- एक पैर, बीएल- दोनों पैर, बी- दृष्टिबाधित, एलवी- निम्न दृष्टि, डी-बधिर तथा एचएच- ऊंचा सुनना

** शारीरिक अपेक्षाएं: बीएन-झुकना, सी- वार्तालाप, एच-सुनना/बोलना, केसी-घुटने के बल बैठना तथा झुकना (क्राउचिंग), एल-उठाना, एमएफ- अंगुलियों द्वारा निष्पादन, पीपी- खींचना और धक्का देना, आरडब्ल्यू-पढ़ना तथा लिखना, एस-बैठना, एसई-देखना, एसटी-खड़े होना तथा डब्ल्यू-चलना

(2) बैंचमार्क दिव्यंगता वाले उम्मीदवार किसी भी वर्ग (अर्थात सामान्य/अजा/अजजा/अपिव) के हो सकते हैं।

(3) बैंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के पास, जैसा कि दिव्यांग अधिकार अधिनियम, 2016 (आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016) में निर्धारित किया गया है, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम दिव्यांगता प्रमाणपत्र होना चाहिए। ऐसे प्रमाणपत्र का सत्यापन / पुन: सत्यापन बोर्ड / सक्षम प्राधिकारी के निर्णयानुसार किया जाएगा।

(4) अधिसूचित की गई कुल रिक्तियों में से दिव्यांगता के किसी भी वर्ग से संबंधित बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवारों को उनकी उपयुक्तता, जैसा कि टिप्पणी (II) (1) में उल्लेखित है, के अधीन चुनाव किया जाएगा।

(5) स्क्राइब (लेखन सहायक) तथा क्षतिपूर्ति समय का उपयोग: ऑनलाइन / लिखित परीक्षा के समय केवल उन्हीं बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवारों (जिन्हें 40% अथवा अधिक दिव्यांगता है) जिन्हें टाइपिंग / लिखने, जिसमें तेजी से टाइपिंग / लिखना शामिल है, में शारीरिक रूप से कठिनाई हो, को स्क्राइब (लेखन सहायक) की सेवाओं का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे सभी मामलों जिनमें स्क्राइब (लेखन सहायक) की सेवाओं का उपयोग किया जाएगा उन पर निम्नलिखित नियम लागू होंगे:

(i) उम्मीदवार को उनके स्क्राइब (लेखन सहायक) की व्यवस्था स्वयं अपने खर्चे पर करनी होगी।

(ii) परीक्षा के समय उम्मीदवार तथा स्क्राइब (लेखन सहायक) दोनों को निर्धारित फार्मेट में उपयुक्त परिवचन तथा स्क्राइब (लेखन सहायक) का पासपोर्ट आकार का फोटो देना होगा।

(iii) बैंचमार्क दिव्यांग वर्ग के सभी उम्मीदवारों जिन्हें टाइपिंग/लिखने, जिसमें तेजी से टाइपिंग/लिखना शामिल है, में शारीरिक रूप से कठिनाई हो, को परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट के क्षतिपूरक समय की अनुमति होगी चाहे वे स्क्राइब (लेखन सहायक) की सुविधा का उपयोग करें अथवा नहीं।

(iv) स्क्राइब (लेखन सहायक) का उपयोग करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे स्क्राइब (लेखन सहायक) का उपयोग करने के लिए पात्र हैं। यदि कोई उम्मीदवार उपर्युक्त दिशानिर्देशों का उल्लंघन करके स्क्राइब (लेखन सहायक) का उपयोग करता है तो उन्हें अयोग्य करार दे दिया जाएगा और यदि वे बैंक में कार्यरत हों तो उन्हें बिना नोटिस दिए सेवा से हटा दिया जाएगा।

(6) बैंचमार्क दिव्यांगताओं वाले उम्मीदवारों के लिए स्क्राइब (लेखन सहायक) की सेवाएं प्राप्त करने तथा अतिरिक्त/ क्षतिपूरक समय के आबंटन के संबंध में विस्तृत अनुदेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र अपलोड किए जाने के समय बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर उपलब्ध होंगे।

2. विधि अधिकारी ग्रेड 'बी'

(क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं: (i) बैंक के विभिन्न विभागों और इससे संबद्ध संस्थाओं से प्राप्त विधिक विषयों के संदर्भों के साथ व्यवहार जो मुख्यत: विभिन्न कानूनों की व्याख्या जैसे भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम 1999, कंपनी अधिनियम 2013, आदि से संबंधित हैं। (ii) बैंक द्वारा लागू किए गए/लागू किए जाने वाले कानून का प्रारंभिक ड्राफ्ट तैयार करना। (iii) ऐसी मुकदमेबाजी जिसमें बैंक और इससे संबद्ध संस्थाएं शामिल हों, के संबंध में परामर्श देने के लिए दलीलों तथा व्यापक अनुदेशों/पक्ष कथन का ड्राफ्ट तैयार करना। (iv) बैंक की ओर से समाधान अधिकारी, श्रम न्यायालय, अभिकरण, आदि के समक्ष उपस्थित होना।

(ख) पात्रता मानदंड:

(I) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01 दिसंबर, 2019 को):

अनिवार्य: यूजीसी और बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / संस्थान से सभी सत्रों / वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 50% अंक या समकक्ष के साथ विधि में स्नातक की डिग्री।

वांछनीय: (क) सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से 60% अंक या समकक्ष सहित विधि में स्नातक की डिग्री अथवा विधि में स्नातकोत्तर की डिग्री। (ख) कंप्यूटर एप्लीकेशनों में प्रवीणता।

कृपया शैक्षणिक योग्यता के संबंध में निम्नलिखित पैरा 7 को देखें।

(II) अनुभव (दिनांक 01 दिसंबर, 2019 को):

अनिवार्य: कम से कम दो वर्ष का निम्न में से कोई अनुभव:-

(i) बार काउंसिल में सूचीबद्ध होने के बाद किसी विधि फर्म या सॉलिसिटर के कार्यालय या किसी अधिवक्ता के पास अधिवक्ता / विधि परामर्शदाता / विधि सहायक / एसोसिएट; अथवा (ii) किसी बड़े बैंक / वित्तीय संस्थान / संवैधानिक निगम / कंपनी / राज्य / केंद्र सरकार के विधि विभाग में विधि अधिकारी; अथवा (iii) किसी विधि महाविद्यालय / विश्वविद्यालय में पूर्ण कालिक रूप में कानून का अध्यापन।

टिप्पणी: उपर्युक्त (i) मामले में (क) बार काउंसिल पंजीयन प्रमाण-पत्र/ एनरोलमेंट प्रमाण-पत्र और (ख) बार एसोसिएशन का प्रमाण-पत्र जिसका उम्मीदवार सदस्य हो, या उस न्यायालय के पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र जिसमें उम्मीदवार ने अपेक्षित अवधि के लिए वकालत की हो, को साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा।

वांछनीय: बैंकिंग विधि, कंपनी विधि, श्रम विधि एवं संवैधानिक विधि का विशेष ज्ञान और बहस / दलील एवं दस्तावेज़ का मसौदा तैयार करने का अनुभव।

(III) आयु सीमा (दिनांक 01 दिसंबर, 2019 को):

दिनांक 01 दिसंबर 2019 को उम्मीदवार की आयु पूरे 21 वर्ष की हो जानी चाहिए किंतु 32 वर्ष की नहीं होनी चाहिए अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02-12-1987 से पहले का नहीं होना चाहिए और 01-12-1998 के बाद का नहीं होना चाहिए।

एलएल.एम. डिग्रीधारी उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्ष की तथा विधि में पीएच.डी उम्मीदवार के लिए 5 वर्ष की छूट है। विनिर्दिष्ट श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित पैरा सं.10 देखें।

(संचयी लाभ की अनुमति नहीं होगी)

(ग) चयन योजना:

चयन ऑनलाइन तथा ऑफलाइन परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा। परीक्षा में निम्नलिखित ब्यौरे के अनुसार वस्तुनिष्ठ तथा वर्णनात्मक प्रकार के प्रश्न होंगे:

ब्यौरा	अधिकतम अंक	अवधि
प्रश्न-पत्र I - विधि का सामान्य ज्ञान		
वस्तुनिष्ठ प्रकार का	30	तीन घंटे
वर्णनात्मक प्रकार का	120	
कुल	150	
प्रश्न-पत्र II - अंग्रेजी		
वर्णनात्मक प्रकार का	100	तीन घंटे
कुल जोड़	250	

प्रश्न-पत्र I (विधि का सामान्य ज्ञान) हिन्दी और अंग्रेजी में होगा। उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं। उम्मीदवारों को साक्षात्कार में हिन्दी या अंग्रेजी में उत्तर देने का विकल्प होगा। साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या का निर्णय परीक्षा में अर्जित किये गये अंकों के आधार पर बोर्ड द्वारा लिया जाएगा। अंतिम चयन परीक्षा (प्रश्न-पत्र I एवं प्रश्न-पत्र II) और साक्षात्कार के सम्मिलित रूप से निष्पादन के आधार पर किया जाएगा।

(घ) पाठ्यक्रम के लिए (पेपर I और पेपर II की परीक्षा), कृपया परिशिष्ट II क देखें, जो बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध है।

3. प्रबंधक (तकनीकी-सिविल)

(क) कार्य संबंधी आवश्यकताएँ: उम्मीदवार पर निर्माण कार्य परियोजना जैसे कार्यालय भवन का निर्माण, आवासीय भवन का निर्माण, मौजूदा भवन का नवीनीकरण, मौजूदा संपत्ति की मरम्मत और रखरखाव तथा मौजूदा पुरानी इमारतों की रेट्रोफिटिंग की डिजाइनिंग (बनावट), निर्माण कार्य, पर्यवेक्षण और प्रबंधन का दायित्व होगा।

(ख) पात्रता मानदंड:

(I) शैक्षिक अर्हताएं: (दिनांक 01 दिसंबर, 2019 को):

अनिवार्य: सभी सत्रों/वर्षों में समग्र रूप से न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड के साथ सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री अथवा समकक्ष अर्हता। समग्र ग्रेड प्वाइंट अथवा अंकों के प्रतिशत, जहां दिए गए हों, का अभिप्राय पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के होंगे।

कृपया शैक्षिक अर्हताओं के लिए नीचे पैरा सं.7 की टिप्पणी भी देखें।

वांछनीय: ढांचागत (स्ट्रक्चरल) इंजीनियरिंग, पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग, भू-तकनीकी इंजीनियरिंग, निर्माण प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन में विशेषज्ञता।

(II) अनुभव: (दिनांक 01 दिसंबर, 2019 को):

अनिवार्य: स्नातक के बाद (सहायक इंजीनियर के समकक्ष स्वतंत्र उत्तरदायित्व की स्थिति में) अस्पताल / बैंक / वित्तीय संस्थान सहित पब्लिक / प्राइवेट लिमिटेड संगठन में बड़ी कार्यालयी इमारतों / बहुमंजिला इमारतों / हाउसिंग कंपनियों /आवासीय कैंपस आधारित शिक्षा संस्थानों की प्लानिंग / डिजाइनिंग/ निर्माण के साथ-साथ निविदा दस्तावेज तैयार करने तथा उनके मूल्यांकन में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।

वांछनीय: (i) निर्माण परियोजनाओं का उनके सभी पहलुओं सहित निष्पादन का अनुभव तथा पर्ट/सीपीएम तकनीकों का ज्ञान। (ii) स्ट्रक्चरल डिजाइन तथा कैम / कैड में कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान/ विशेष संदर्भों सहित निविदाओं का विश्लेषण तथा मूल्यांकन।(iii) इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सर्विसेज़ तथा इलेक्ट्रिकल अनुरक्षण का कार्यसाधक ज्ञान। (iv) स्ट्रक्चरल पुनर्वास (रिहेबिलिटेशन) कार्य का कार्यसाधक ज्ञान। (v) निर्माण तथा परियोजना प्रबंधन में अनुभव। (vi) कार्यालयी तथा आवसीय भवनों के अनुरक्षण में अनुभव (vii) प्रारूप बनाने की अच्छी क्षमता।

(III) आयु (दिनांक 01 दिसंबर, 2019 को):

दिनांक 01 दिसंबर 2019 को उम्मीदवार की आयु पूरे 21 वर्ष की हो जानी चाहिए किंतु 35 वर्ष की नहीं होनी चाहिए अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02-12-1984 से पहले का नहीं होना चाहिए और 01-12-1998 के बाद का नहीं होना चाहिए।

विनिर्दिष्ट वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित पैरा सं. 10 देखें।

(ग) चयन योजना:

चयन निम्नानुसार ऑनलाइन और ऑफलाइन परीक्षा (प्रश्न-पत्र I तथा प्रश्न-पत्र II की परीक्षाएं एक ही दिन आयोजित की जाएंगी) और साक्षात्कार के माध्यम से होगा।

प्रश्नपत्र का प्रकार	अवधि	अंक
ऑनलाइन परीक्षा प्रश्नपत्र - I - वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा व्यावसायिक ज्ञान/कार्य ज्ञान की परीक्षा	1 घंटा	100
ऑफलाइन परीक्षा प्रश्नपत्र - II - वर्णनात्मक प्रकार की परीक्षा प्रश्नपत्र का स्तर बी.ई. डिग्री का होगा	3 घंटे	100
कुल		200

प्रश्नपत्र-I में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन होगा। केवल उन्हीं उम्मीदवारों के प्रश्नपत्र I का मूल्यांकन किया जाएगा जो दोनों प्रश्नपत्रों की परीक्षाओं के लिए उपस्थित हुए हों। केवल उन्हीं उम्मीदवारों के प्रश्न-पत्र II का मूल्यांकन किया जाएगा, जिन्होंने बोर्ड के निर्णयानुसार प्रश्नपत्र I में पर्याप्त रूप से उच्च अंक अर्जित किए हों। परीक्षा का प्रश्नपत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किया जाएगा। उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं। उम्मीदवार अपने विकल्प पर साक्षात्कार के दौरान हिंदी अथवा अंग्रेजी में उत्तर दे सकते हैं। साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या का निर्णय बोर्ड द्वारा किया जाएगा। अंतिम तौर पर चयन परीक्षा तथा साक्षात्कार में सम्मिलित रूप से निष्पादन के आधार पर होगा।

4. सहायक प्रबंधक (राजभाषा)

(क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं : (i) बैंक के विभिन्न संदर्भों, दस्तावेज़ों, मैनुअलों और अन्य प्रकाशनों का अंग्रेजी से हिन्दी में और इसके विपरीत अनुवाद तथा इनके मुद्रण की व्यवस्था करना। (ii) हिन्दी के प्रयोग के संबंध में सरकार के अनुदेशों का कार्यान्वयन तथा (iii) बैंक के स्टाफ के लिए हिन्दी शिक्षण योजना की व्यवस्था।

(ख) पात्रता मानदंड:

(I) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01 दिसंबर, 2019 को):

अनिवार्य: (i) स्नातक स्तर पर कोर / इलेक्टिव / मेजर विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी / हिन्दी अनुवाद में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री; अथवा (ii) स्नातक स्तर पर कोर / इलेक्टिव / मेजर विषय के रूप में हिन्दी के साथ अंग्रेजी में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री; अथवा (iii) स्नातक स्तर पर कोर / इलेक्टिव / मेजर विषय के रूप में हिन्दी और अंग्रेजी के साथ संस्कृत / अर्थशास्त्र / वाणिज्य में द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री। (स्नातक स्तर पर हिन्दी विषय के बदले स्नातक स्तर के समकक्ष मान्यताप्राप्त हिन्दी अर्हता भी हो सकती है); अथवा (iv) अंग्रेजी और हिन्दी/हिन्दी अनुवाद दोनों में स्नातकोत्तर डिग्री जिसमें से एक द्वितीय श्रेणी की होनी चाहिए।

कृपया नीचे पैरा 7 शैक्षिक अर्हताओं पर टिप्पणी भी देखें।

वांछनीय: द्विभाषी शब्द संसाधन का ज्ञान।

(II) आयु (दिनांक 01 दिसंबर, 2019 को):

दिनांक **01 दिसंबर 2019** को उम्मीदवार की आयु पूरे 21 वर्ष की हो जानी चाहिए किंतु 30 वर्ष की नहीं होनी चाहिए अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02-12-1989 से पहले का नहीं होना चाहिए और 01-12-1998 के बाद का नहीं होना चाहिए।

पीएचडी योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा 32 वर्ष होगी। पीएचडी योग्यता होने के बावजूद भी अजा/अजजा तथा अपिव वर्ग के उम्मीदवारों के लिए लागू अधिकतम छूट क्रमश: 5 वर्ष तथा 3 वर्ष होगी यदि पद इन वर्गों के लिए आरक्षित हैं।

विनिर्दिष्ट वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित पैरा 10 देखें।

(ग) चयन योजना: चयन परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा। परीक्षा की तिथि, समय तथा स्थान संबंधी सूचना उचित समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर प्रदर्शित की जाएगी। परीक्षा में निम्नानुसार दो प्रश्नपत्र होंगे

[प्रश्नपत्र-I (वस्तुनिष्ठ स्वरूप) ऑनलाइन तथा प्रश्नपत्र-II (कंप्यूटर/पेपर आधारित) लिखित परीक्षा]:

(I) प्रश्नपत्र-I ऑनलाइन (वस्तुनिष्ठ स्वरूप): परीक्षा का स्वरूप निम्नानुसार होगा:

क्रम सं.	परीक्षा	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	अवधि
ऑनलाइन परीक्षा प्रश्नपत्र-I				
1	तार्किक परीक्षा	35	35	30 मिनट
2	अंग्रेजी भाषा	35	35	30 मिनट
3	बैंकिंग, अर्थशास्त्र, वाणिज्य तथा संबद्ध विषय के विशेष संदर्भ सहित सामान्य ज्ञान	35	35	20 मिनट
4	व्यावसायिक ज्ञान की परीक्षा (राजभाषा सहित)	45	45	40 मिनट
	उपजोड़	150	150	
	ऑफलाइन परीक्षा प्रश्नपत्र-II वर्णनात्मक प्रश्नपत्र (राजभाषा)		50	60 मिनट
	कुल जोड़		200	

प्रश्नपत्र-I में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन होगा। प्रश्नपत्र-II 50 अंकों के लिए 1 घंटे का होगा जिसमें उम्मीदवारों की हिंदी से अंग्रेजी तथा इसके विपरीत अनुवाद कौशल तथा भारत सरकार की राजभाषा नीति के आधारभूत ज्ञान का मूल्यांकन किया जाएगा।

प्रश्नपत्र-I तथा प्रश्नपत्र -II दोनों के लिए परीक्षा एक ही दिन एक ही सत्र में बिना अंतराल के आयोजित की जाएगी। प्रश्नपत्र-I (अंग्रेजी परीक्षा को छोड़कर) तथा प्रश्नपत्र -II हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किया जाएगा। उम्मीदवार परीक्षा के उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में (जैसा लागू हो) अपने विकल्प पर लिख सकते हैं। उम्मीदवार अपने विकल्प पर साक्षात्कार के दौरान हिंदी अथवा अंग्रेजी में उत्तर दे सकते हैं। केवल उन्हीं उम्मीदवारों के प्रश्नपत्र -II का मूल्यांकन किया जाएगा जिन्होंने पर्याप्त रूप से उच्च समग्र अंक तथा बोर्ड के निर्णयानुसार प्रश्नपत्र -I के सभी खंडों में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त किए हों। प्रश्नपत्र -I तथा प्रश्नपत्र -II में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए चुना जाएगा। अंतिम रूप से चयन परीक्षा तथा साक्षात्कार में सम्मिलित रूप से निष्पादन के आधार पर होगा।

5. सहायक प्रबंधक (शिष्टाचार एवं सुरक्षा)

(क) कार्य संबंधी अपेक्षाएं: वे अग्रलिखित कार्यों के लिए उत्तरदायी होंगे (i) बैंक के कार्यालय भवनों में ट्रेजर वाल्टों, गलियारों, प्रवेश और बर्हिगमन द्वारों आदि के लिए आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के बारे में पहरेदारी और चौकीदारी की व्यवस्था, सीसीटीवी के द्वारा निगरानी, मॉनिटरिंग, रिकार्डिंग आदि (ii) प्रोटोकॉल संबंधी कार्य (iii) बैंक की संपत्ति की सुरक्षा/अनुरक्षण तथा (iv) इस प्रयोजन के लिए लगाए गए स्टाफ पर नियंत्रण।

(ख) पात्रता मानदंड:

(I) अनुभव (दिनांक 01 दिसंबर, 2019 को):

(i) उम्मीदवार थल सेना/जल सेना/ वायु सेना में न्यूनतम पांच वर्ष की कमीशन-प्राप्त सेवा कर चुका कोई अधिकारी होना चाहिए; अथवा

(ii) उम्मीदवार सहायक कमांडेंट के रैंक के समकक्ष होना चाहिए तथा अर्धसैनिक बल जैसे सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, आसाम राइफल्स, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, रक्षा सुरक्षा कोर, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, रेलवे सुरक्षा बल, राष्ट्रीय राइफल्स, विशेष सुरक्षा बल, कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन, स्पेशल फ्रन्टियर फोर्स तथा होम गार्ड्स में सहायक कमांडेंट के रूप में न्यूनतम पांच वर्ष की सेवा कर चुका हो।

टिप्पणी: आपातकालीन कमीशन-प्राप्त अधिकारियों / अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों ने सेना में लगातार कम से कम पांच वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किये गये हों (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु इनमें वे शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिए गए हों। ऐसे आपातकालीन कमीशन - प्राप्त अधिकारी/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी, जो पांच वर्ष की मिलिटरी सेवा में प्रारंभिक काल पूरा कर चुके हों लेकिन जिनका कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए बढ़ा दिया गया हो तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय इस आशय का प्रमाणपत्र जारी करे कि चयन होने पर नियुक्ति का प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर ही उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा, वे पद के लिए ऑनलाइन आवेदन के प्रिंटआउट के साथ इस प्रमाणपत्र की प्रति भी प्रस्तुत करें (साक्षात्कार के लिए चुने जाने की स्थिति में)

(II) आयु (दिनांक 01 दिसंबर, 2019 को):

दिनांक 01 दिसंबर 2019 (किसी भी वर्ग के लिए आयु में कोई छूट नहीं है) को उम्मीदवार की आयु पूरे 25 वर्ष की हो जानी चाहिए किंतु 40 वर्ष की नहीं होनी चाहिए अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02-12-1979 से पहले का नहीं होना चाहिए और 01-12-1994 के बाद का नहीं होना चाहिए।

(ग) चयन योजना: चयन ऑनलाइन परीक्षा तथा साक्षात्कार के माध्यम से होगा।

ऑनलाइन परीक्षा में रिक्तियों की संख्या के आधार पर बोर्ड के निर्णयानुसार मैरिट क्रम में अर्हताप्राप्त करने वाले उम्मीदवारों का साक्षात्कार द्वारा अंतिम चयन किया जाएगा। ऑनलाइन परीक्षा का ढांचा निम्नानुसार है:

क्रम सं.	परीक्षा का नाम	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	अवधि
1.	तार्किक परीक्षा	50	50	35 मिनट
2.	अंग्रेजी भाषा	50	25	35 मिनट
3.	बैंकिंग उद्योग के विशेष संदर्भ सहित सामान्य ज्ञान	50	50	20 मिनट
4.	व्यावसायिक ज्ञान की परीक्षा	50	75	30 मिनट
	कुल	200	200	2 घंटे

प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन होगा। अंग्रेजी परीक्षा को छोड़कर प्रश्नपत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किया जाएगा। उम्मीदवार परीक्षा के उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में (जैसा लागू हो) अपने विकल्प पर लिख सकते हैं। उम्मीदवार अपने विकल्प पर साक्षात्कार के दौरान हिंदी अथवा अंग्रेजी में उत्तर दे सकते हैं।

(घ) ऑनलाइन परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम हेतु कृपया परिशिष्ट–II ख देखें जो बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध है।

6. लाईब्रेरी प्रोफेशनल्स(सहायक लाइब्रेरियन) ग्रेड 'ए'

कार्य संबंधी अपेक्षाएं: (i) पुस्तकालय में हाउसकीपिंग गतिविधियों जैसे पुस्तक सूची बनाने, अर्जन तथा परिचालन, सीरियल नियंत्रण, विषय संबंधी अनुक्रमणिका बनाने आदि के लिए मानक पुस्तकालय सॉफ्टवेयर का कार्यसाधक ज्ञान (ii) ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों डाटाबेस सहित विभिन्न सर्च इंजनों / प्रक्रियाओं के माध्यम से अभीष्ट जानकारी प्राप्त करने का अनुभव (iii) डिजिटाइजेशन (डिजिटल पुस्तकालय तथा मेटाडाटा विकसित करना) तथा विषय वस्तु प्रबंधन (iv) पुस्तकालय सामग्री का परिरक्षण तथा संरक्षण।

(ख) पात्रता मानदंड:

(I) शैक्षिक अर्हताएं (दिनांक 01 दिसंबर, 2019 को):

अनिवार्य: (i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कला/वाणिज्य/विज्ञान में स्नातक डिग्री तथा (ii) 'पुस्तकालय विज्ञान' अथवा 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान' में स्नातकोत्तर डिग्री।

वांछनीय: (i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से 'कंप्यूटर एप्लीकेशन्स' में डिप्लोमा (ii) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अथवा इसके द्वारा अनुमोदित किसी अन्य एजेंसी द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा (एनईटी/एसएलईटी/एसईटी) में अर्हता प्राप्त होना।(iii) विषय-वस्तु प्रबंधन अर्थात जूमला (Joomla), ड्रूपैल (Drupal) आदि पर लघु अवधि का पाठ्यक्रम/क्रैश कोर्स।

(II) अनुभव (दिनांक 01 दिसंबर, 2019 को):

अनिवार्य: केंद्र / राज्य सरकार / स्वायत्त अथवा सांविधिक संगठन / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान अथवा शैक्षणिक संस्थान के पुस्तकालय अथवा किसी अन्य मुख्य स्वचालित पुस्तकालय में तीन वर्ष का व्यावसायिक अनुभव।

(III) आयु (दिनांक 01 दिसंबर, 2019 को):

दिनांक 01 दिसंबर 2019 को उम्मीदवार की आयु पूरे 21 वर्ष की हो जानी चाहिए किंतु 30 वर्ष की नहीं होनी चाहिए अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02-12-1989 से पहले का नहीं होना चाहिए और 01-12-1998 के बाद का नहीं होना चाहिए।

विनिर्दिष्ट श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित पैरा सं.10 देखें।

(ग) चयन योजना: चयन साक्षात्कार के माध्यम से होगा। बोर्ड को अधिकार है कि वह रिक्तियों की संख्या के अनुपात में साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने के लिए अपेक्षित न्यूनतम अनुभव को बढ़ा सके। साक्षात्कार के लिए चुने गए उम्मीदवारों को उचित रूप से सूचित किया जाएगा तथा उन्हें उनकी आयु, शैक्षिक अर्हताएं तथा कार्य के अनुभव के संबंध में अपनी पात्रता के समर्थन में दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियां सीलबंद लिफाफे में "महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, तीसरा तल, भारिबैं बिल्डिंग, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने, भायखला, मुंबई – 400 008" को प्रस्तुत करनी होगी।

7. टिप्पणी: शैक्षिक अर्हताओं के लिए (उक्त सभी पदों के लिए): (1) कुछ विश्वविद्यालय/ संस्थान/ बोर्ड श्रेणी अथवा अंकों के प्रतिशत नहीं अपितु समग्र ग्रेड प्वाइंट प्रदान करते हैं (उदाहरण के लिए सीजीपीए / ओजीपीए / सीपीआई आदि)। यदि विश्वविद्यालय/ संस्थान / बोर्ड द्वारा समग्र ग्रेड प्वाइंटों को अंकों के प्रतिशत में बदलने का मानदंड बताया जाता है तो उसे स्वीकार किया जाएगा। तथापि, यदि विश्वविद्यालय / संस्थान / बोर्ड द्वारा डिग्री / उत्तीर्ण होने संबंधी प्रमाणपत्र में समग्र ग्रेड प्वाइंटों को अंकों के प्रतिशत में बदलने का मानदंड नहीं बताया जाता है तो अपारिभाषित मानदंड (मानदंडों) की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

समकक्ष सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई अथवा कोई और शब्दावली जो 10 प्वाइंट स्केल पर दी गई है	अंकों का समग्र प्रतिशत
6.75	60%
6.25	55%
5.75	50%

(2) समग्र ग्रेड प्वाइंट अथवा अंकों के प्रतिशत, जहां दिए गए हों, का अभिप्राय पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के होंगे।

(3) जहां समग्र ग्रेड प्वाइंट (सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई, आदि) 10 के अलावा अन्य किसी संख्या में से दिए गए हों तो इनका 10 में से सामान्यीकरण किया जाएगा तथा उसकी गणना उक्त मद (1) के अनुसार की जाएगी।

8. आवेदन शुल्क तथा सूचना प्रभार (अप्रतिदेय): (उपर्युक्त सभी पदों के लिए)

क्रम सं.	वर्ग	प्रभार	राशि*
1.	अजा/अजजा	केवल सूचना प्रभार	100/- रुपये
2.	सामान्य/अपिव/ बैंचमार्क दिव्यांग	सूचना प्रभार सहित आवेदन शुल्क	600/- रुपये
3.	स्टाफ@	शून्य	शून्य

*बैंक/लेनदेन प्रभार का वहन उम्मीदवार द्वारा किया जाएगा।

@ शुल्क / सूचना प्रभार में छूट भारतीय रिज़र्व बैंक के केवल उन्हीं कर्मचारियों (स्टाफ उम्मीदवारों) को दी जाएगी जो दिनांक 20 दिसंबर 2013 के परिपत्र केंका मासंप्रवि सं. जी-75 / 5599 / 05.01.01/ 2013-14 के अनुसार बैंक द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को अलग से पूरा करते हैं। स्टाफ उम्मीदवार के रूप में उनकी स्थिति की जांच साक्षात्कार के समय की जाएगी। यदि वे स्टाफ उम्मीदवार (उक्त संदर्भित मासंप्रवि परिपत्र के अनुसार) मानेजाने के पात्र नहीं हैं तो उन्हें सूचित किया जाता है कि वे स्वयं को गैर-स्टाफ उम्मीदवार दर्शाएं तथा गैर-स्टाफ उम्मीदवारों के लिए लागू शुल्क / सूचना प्रभार का भुगतान करें।

एक बार शुल्क / सूचना प्रभार का भुगतान किए जाने पर उसे किसी भी कारण से लौटाया नहीं जाएगा। शुल्क का भुगतान केवल हमारी वेबसाइट www.rbi.org.in पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन के परिशिष्ट I के पैरा 'ग' में निर्धारित तरीके से ही किया जाना अपेक्षित है।

9. परीक्षा केंद्र (सहायक लाइब्रेरियन को छोड़कर उपर्युक्त सभी पदों के लिए)

परीक्षा निम्नलिखित केंद्रों पर आयोजित की जा सकती है:

केन्द्र का नाम	कोड सं.	केन्द्र का नाम	कोड सं.
अहमदाबाद – गांधीनगर	(11)	जम्मू	(21)
बेंगलुरु	(12)	कानपुर	(22)
भोपाल	(13)	कोच्ची	(23)
भुवनेश्वर	(14)	लखनऊ	(24)
कोलकाता	(15)	मुंबई – नवी मुंबई	(25)
चंडीगढ़ – मोहाली	(16)	नागपुर	(26)
चेन्नै	(17)	दिल्ली एनसीआर	(27)
गुवाहाटी	(18)	पटना	(29)
हैदराबाद	(19)	पुणे	(30)
जयपुर	(20)	तिरूअनंतपुरम	(31)

उम्मीदवार केवल एक केंद्र का चयन कर सकते हैं तथा चयनित केंद्र के नाम तथा कोड का उल्लेख ऑनलाइन आवेदन में अवश्य करें । परीक्षा के केन्द्र और तारीख (तारीखों) को बोर्ड के विवेकानुसार परिवर्तित किया जा सकता है। किसी भी केन्द्र पर परीक्षा रद्द किए जाने की स्थिति में बोर्ड, अपने विवेक पर, संबंधित उम्मीदवारों को वैकल्पिक केन्द्र आवंटित कर सकता है । परीक्षा में प्रवेश पानेवाले उम्मीदवारों को परीक्षा की तिथि, समय सारिणी और स्थान की सूचना प्रवेश-पत्र के माध्यम से दी जाएगी। परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

टिप्पणी: पुराने वर्णनात्मक प्रश्नपत्र बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर उपलब्ध हैं।

10. ऊपरी आयु सीमा में छूट: उक्त सभी पदों के लिए जहाँ लागू हो

ऊपरी आयु सीमा में छूट इस प्रकार है:

(क) अपिव के उम्मीदवारों के मामले में तीन वर्ष यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं।

(ख) निम्नलिखित के मामले में 5 वर्ष : i) अजा/अजजा उम्मीदवार यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं। ii) बैंकिंग संस्थाओं के वे भूतपूर्व कर्मचारी जिनकी सेवाएं मितव्ययता के कारण या बैंक के परिसमापन के परिणामस्वरूप समाप्त कर दी गई थी तथा वर्तमान में रोजगार कार्यालय में पंजीकृत न्यूनतम एक वर्ष की सेवा के बाद सरकारी कार्यालयों से छंटनी हुए कर्मचारी iii) वे भूतपूर्व सैनिक (आपातकालीन कमीशन-प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) बशर्ते आवेदनकर्ता ने सेना में लगातार कम से कम पांच वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किये गये हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु इनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिए गए हों। iv) आपातकालीन कमीशन - प्राप्त अधिकारियों / अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों, जो पांच वर्ष की मिलिटरी सेवा में प्रारंभिक काल पूरा कर चुके हों लेकिन जिनकी सेवाएं पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए बढ़ा दी गई है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय इस आशय का प्रमाणपत्र जारी करे कि चयन होने पर नियुक्ति का प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर ही उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा । v) वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी 1980 और 31 दिसंबर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यत: केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर तथा केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के अधिवासी रहे थे।

(ग) बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवार (सामान्य) तथा बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवार (अपिव / अजा / अजजा) जहां उनके लिए रिक्ति आरक्षित नहीं है के लिए 10 वर्ष; बैंचमार्क दिव्यांग (अपिव) जहां उनके लिए रिक्ति आरक्षित है के लिए 13 वर्ष तथा बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवार (अजा / अजजा) जहां उनके लिए रिक्ति आरक्षित है के लिए 15 वर्ष।

(घ) पात्र स्टाफ उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा में छूट भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 20 दिसंबर 2013 के परिपत्र सीओ. एचआरएमडी.सं. जी-75/5599/05.01.01/2013-14 के अनुसार होगा।

टिप्पणी: आयु सीमा में संचयी छूट उपर्युक्त मदों या अन्य मदों के संयोजन से नहीं दी जाएगी।

11. सेवा शर्तें/ कैरियर-संभावनाएं:

(i) वेतनमान :

(क) ग्रेड 'ए' अधिकारियों के लिए: ग्रेड 'ए' अधिकारियों के लिए लागू 28,150-1550(4)-34350-1750(7)-46600-द.रो.-1750(4)-53600-2000(1)-55600 रु. के वेतनमान पर चयनित उम्मीदवारों का प्रारंभिक मूल वेतन 28,150/- रु. प्रतिमाह होगा तथा वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, मकान किराया भत्ते, विशेष भत्ते तथा ग्रेड भत्ते के लिए भी पात्र होंगे। वर्तमान में कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग 63,172/- रुपये (लगभग) है।

(ख) ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए: ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए लागू 35150-1750(9)-50900-द.रो.-1750(2)-54400-2000(4)-62400 रुपये के वेतनमान पर चयनित उम्मीदवारों का प्रारंभिक मूल वेतन 35,150/-रुपये प्रतिमाह होगा तथा वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, मकान किराया भत्ते, परिवार भत्ते तथा ग्रेड भत्ते के लिए भी पात्र होंगे। वर्तमान में कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग 77,208/- रुपये (लगभग) हैं।

टिप्पणी: जो उम्मीदवार बैंक के लिए सार्थक महत्त्व की उच्च शैक्षिक योग्यता अथवा व्यावसायिक योग्यता/ विशेष अनुभव रखते हों उन उम्मीदवारों को बैंक अपने विवेक पर अधिकतम चार अग्रिम वेतन वृद्धियां देने पर विचार कर सकता है। बोर्ड, साक्षात्कार के समय बैंक के सार्थक महत्त्व के लिए उच्चतर योग्यता/विशेष अनुभव के कारण उच्चतर परिलब्धियों के अनुरोध पर विचार करने का एक मात्र अधिकार रखता है। ऐसी जानकारी 'बायोडाटा फार्म' के उचित कॉलम में दी जाए। अधिकतम वेतनवृद्धियों की संख्या चार होगी। बोर्ड/बैंक साक्षात्कार के बाद प्राप्त हुए अनुरोध पर विचार नहीं करेगा। इसके अतिरिक्त भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार सहायक प्रबंधक शिष्टाचार एवं सुरक्षा) के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों को वेतन सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

(ii) अनुलाभ: पात्रता के अनुसार बैंक आवास यदि उपलब्ध हो तो, कार्यालयीन उद्देश्य से वाहन के अनुरक्षण के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति, समाचार पत्र, टेलीफोन प्रभार, पुस्तक अनुदान, आवास की फर्निशिंग के लिए भत्ते आदि। पात्रता के अनुसार ओपीडी उपचार/ अस्पताल में भर्ती होने के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति सहित नि:शुल्क औषधालय की सुविधा। ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (दो वर्ष में एक बार स्वयं पति/पत्नी तथा पात्र आश्रितों के लिए)। आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुएं, पर्सनल कंप्यूटर आदि के लिए रियायती ब्याज दरों पर ऋण तथा अग्रिम। ग्रेच्युटी के लाभों के अतिरिक्त चयनित उम्मीदवारों पर 'डिफाइन्ड कन्ट्रिब्यूशन न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस)' लागू होगी।

(iii) कुछ केंद्रों में सीमित संख्या में आवासीय क्वार्टर की सुविधा उपलब्ध है । किंतु पट्टे पर आवासीय सुविधा सभी केंद्रों में उपलब्ध है।

(iv) प्रारंभिक नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगी । बैंक के विवेकानुसार परिवीक्षा की अवधि अधिकतम चार वर्षों तक बढ़ाई जा सकती है।

(v) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति की यथोचित संभावनाएं हैं।

(vi) चुने गए उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात और स्थानांतरित किया जा सकता है।

12. आवेदन कैसे करें

(क) उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि वे वेबसाइट **www.rbi.org.in** का प्रयोग करके ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन का कोई अन्य माध्यम / तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए विस्तृत अनुदेश परिशिष्ट-I में दिए गए हैं जो उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदकों को केवल एक आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का परामर्श दिया जाता है। तथापि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश यदि वह एक से अधिक आवेदन पत्र प्रस्तुत करता है तो वह यह सुनिश्चित कर लें कि उच्च आरआईडी (रजिस्ट्रेशन आईडी) वाला आवेदन पत्र हर तरह अर्थात आवेदक का विवरण, परीक्षा केंद्र, फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, हस्तलिखित घोषणा तथा शुल्क आदि से पूर्ण है। एक से अधिक आवेदन पत्र भेजने वाले उम्मीदवार यह नोट कर लें कि केवल सभी रूप से पूर्ण अंतिम उच्च आरआईडी (रजिस्ट्रेशन आईडी) वाले आवेदन पत्र ही बोर्ड द्वारा स्वीकार किए जाएंगे और एक आरआईडी के लिए अदा किए गए शुल्क का समायोजन किसी अन्य आरआईडी के लिए नहीं किया जाएगा।

(ख) सभी उम्मीदवार चाहे वे पहले से सरकारी नौकरी में हों या सरकारी स्वामित्व वाले औद्योगिक उपक्रमों में हों या इसी तरह के अन्य संगठनों में चाहे स्थायी या अस्थायी हैसियत से काम कर रहे हों या वर्क चार्ज कर्मचारी हों, इसमें कैजुअल या दैनिक दर पर कार्य करने वाले कर्मचारी शामिल नहीं है, या सार्वजनिक उद्यमों के अधीन कार्यरत हैं उनको ऑनलाइन आवेदन में यह परिवचन (अंडरटेकिंग) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप में अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है। उम्मीदवारों को यह ध्यान रखना चाहिए कि यदि बोर्ड को उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने/परीक्षा में बैठने से संबद्ध अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन पत्र अस्वीकृत किया जा सकता है/ उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। संस्तुत उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग के समय उनके सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम/सरकारी/अर्ध सरकारी नियोक्ता से उचित सेवा मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

टिप्पणी 1: उम्मीदवार को अपने आवेदन पत्र में परीक्षा के लिए केंद्र भरते समय सावधानीपूर्वक निर्णय लेना चाहिए। यदि कोई उम्मीदवार बोर्ड द्वारा प्रेषित प्रवेश पत्र में दर्शाए गए केंद्र से इतर केंद्र पर परीक्षा में बैठता है तो उस उम्मीदवार की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा तथा उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

टिप्पणी 2: स्क्राइब (लेखन सहायक) का उपयोग: दृष्टिबाधित और लोकोमोटर नि:शक्तता जिसमें प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पालसी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक के पीड़ित तथा मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी) शामिल हैं तथा विभिन्न दिव्यांगताओं वाले वह उम्मीदवार (जैसा कि बैंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उल्लिखित पैरा 1 - टिप्पणी (2) में दिया गया है) जिनकी कार्य निष्पादन क्षमता (लेखन क्षमता) धीमी हो जाती है (न्यूनतम 40% तक अक्षमता) को स्क्राइब (लेखन सहायक) का उपयोग करने के लिए जानकारी हेतु प्रावधान आरंभिक ऑनलाइन आवेदन पत्र के समय ही किए गए हैं।

टिप्पणी 3: क्षतिपूरक समय लेने के संबंध में जानकारी: दृष्टिबाधित और लोकोमोटर नि:शक्तता जिसमें प्रमस्तिष्क पक्षाघात (सेरेब्रल पालसी), ठीक हुआ कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक के पीड़ित तथा मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डिस्ट्रॉफी) शामिल हैं तथा विभिन्न दिव्यांगताओं वाले वह उम्मीदवार (जैसा कि बैंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उल्लिखित पैरा 1 - टिप्पणी (2) में दिया गया है) जिनकी कार्य निष्पादन क्षमता (लेखन क्षमता) धीमी हो जाती है (न्यूनतम 40% तक अक्षमता), चाहे वे स्क्राइब (लेखन सहायक) की सुविधा का प्रयोग करें अथवा नहीं, द्वारा क्षतिपूरक समय लेने के संबंध में जानकारी हेतु उपयुक्त प्रावधान आरंभिक ऑनलाइन आवेदन पत्र के समय ही किए गए हैं।

टिप्पणी 4: उम्मीदवारों को अपने आवेदन पत्र के साथ आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग तथा दिव्यांगता आदि का कोई प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं करना होगा। इनकी जांच केवल साक्षात्कार के समय की जाएगी। अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों के पास 01 दिसंबर 2018 को अथवा इसके बाद जारी किया गया अपिव प्रमाणपत्र होना चाहिए। पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा में प्रवेश दिए जाने के लिए पात्रता शर्तें पूरी करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों, जिनके लिए बोर्ड ने उन्हें प्रवेश दिया है अर्थात प्रश्नपत्र-I, प्रश्नपत्र-II अथवा साक्षात्कार परीक्षण में उनका प्रवेश पूर्णत: अनंतिम होगा तथा उनके लिए निर्धारित पात्रता की शर्तों को पूरा करने पर आधारित होगा। यदि परीक्षाओं तथा साक्षात्कार के पहले या बाद में सत्यापन करने पर यह पता चलता है कि वे पात्रता की किन्हीं शर्तों को पूरा नहीं करते हैं तो बोर्ड द्वारा परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि उनके द्वारा किए गए दावे सही नहीं पाए जाते हैं तो बोर्ड द्वारा उन पर अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है। जो उम्मीदवार बोर्ड द्वारा निम्न के लिए दोषी घोषित किया जाए:

(i) निम्नलिखित तरीकों से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है अर्थात:
  (क) गैर कानूनी रूप से परितोषण की पेशकश करना, या
  (ख) दबाव डालना, या
  (ग) परीक्षा आयोजित करने से संबंधित किसी भी व्यक्ति को ब्लैकमेल करना, अथवा उसे ब्लैकमेल करने की धमकी देना, अथवा

(ii) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(iii) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप से कार्य साधन कराया है, अथवा

(iv) जाली प्रमाणपत्र या ऐसे प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए हैं जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो अथवा

(v) गलत या झूठे वक्तव्य दिए हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(vi) परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में निम्नलिखित साधनों का उपयोग किया है, अर्थात
  (क) गलत तरीके से प्रश्नपत्र की प्राप्ति करना,
  (ख) परीक्षा से संबंधित गोपनीय कार्य से जुड़े व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करना
  (ग) परीक्षकों को प्रभावित करना, या

(vii) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का प्रयोग किया हो, या

(viii) उत्तर पुस्तकाओं पर असंगत बातें लिखना या भद्दे रेखाचित्र बनाना अथवा

(ix) परीक्षा भवन में दुर्व्यवहार करना, जिसमें उत्तर पुस्तकाओं को फाड़ना, परीक्षा देने वालों को परीक्षा का बहिष्कार करने के लिए उकसाना अथवा अव्यवस्था तथा ऐसी ही अन्य स्थिति पैदा करना शामिल है, अथवा

(x) पात्र न होने के बावजूद परीक्षा में स्क्राइब (लेखन सहायक)/ क्षतिपूरक समय की सुविधा लेने, अथवा

(xi) परीक्षा संचालित करने के लिए बोर्ड द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो, या

(xii) परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन या किसी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, या यंत्र अथवा संचार यंत्र यथा ध्वनि-सहायक के रूप में प्रयोग किए जा सकने वाला कोई अन्य उपकरण प्रयोग करते हुए या अपने पास रखे पाया गया हो, या

(xiii) परीक्षा की अनुमति देते हुए उम्मीदवारों को भेजे गए प्रमाणपत्रों के साथ जारी अनुदेशों का उल्लंघन किया है, अथवा

(xiv) उपर्युक्त खंडों में उल्लिखित सभी/किसी भी कार्य के द्वारा बोर्ड को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया हो, तो उन पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रॉसीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे-
  1. बोर्ड द्वारा उस परीक्षा के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है जिसमें वह बैठ रहा/रही है, और/अथवा
  2. उसे स्थायी रूप से या एक विशेष अवधि के लिए (i) बोर्ड द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए (ii) बैंक द्वारा उनके अधीन किसी भी नौकरी से वंचित किया जा सकता है। (iii) यदि वह पहले से ही बैंक में नियोजित है तो बर्खास्तगी; तथा (iv) यदि पहले से ही किसी अन्य सेवा में है तो बोर्ड द्वारा उनके नियोक्ता को अनुशासनिक कार्रवाई के लिए लिखना।

बशर्ते इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक: (i) उम्मीदवार को इस संबंध में लिखित अभ्यावेदन, जो वह देना चाहे, प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो और (ii) उम्मीदवार द्वारा अनुमत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार न कर लिया गया हो।

13. आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख: ऑनलाइन आवेदन 20 जनवरी 2020 सायंकाल 6:00 बजे तक भरे जा सकते हैं।

नोट : कृपया सामान्य अनुदेशों तथा अन्य विवरण के लिए हमारी वेबसाईट **www.rbi.org.in** देखें।

वै.औ.अ.प.– राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ–226 001

विज्ञापन सं. 03/2019
आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि–31.01.2020, शाम 06.00 बजे तक

राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् की एक राष्ट्रीय प्रयोगशाला है, जो पौध विज्ञान के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले शोध में तत्पर प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है। संस्थान में निम्नलिखित विवरणानुसार ग्रुप ।।। (तकनीकी) तथा ग्रुप ।। (सपोर्ट) स्टाफ के पदों को भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:

पद नाम	पदों की संख्या	वेतन स्तर	वेतन मैट्रिक्स	[1]कुल परिलब्धियाँ (लगभग)	[2]आयु सीमा, जो अधिक नहीं हो (आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि को)
वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (2)	01 पद– अनारक्षित	11	67700-208700	₹ 98,465/-	40 वर्ष
तकनीकी सहायक	कुल पद –09 {अनारक्षित 04, अ.पि.व. – 02 , अ. ज. जा. – 01, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित – 01 तथा श्रवण बाधित दिव्यांगजन हेतु आरक्षित – 01 पद	6	35400-112400	₹ 51,000 /-	28 वर्ष
टेक्निशियन (1)	कुल पद –18 {अनारक्षित–07, अ.जा – 03 (बैकलॉग रिक्ति), अ. ज. जा.– 01 (बैकलॉग रिक्ति), अ.पि.व. – 02 (इन दो पदों में से अ.पि. व. की एक बैकलॉग रिक्ति है), आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित – 02, अस्थि दिव्यांगजन के लिए आरक्षित – 01, श्रवण बाधित दिव्यांगजन के लिए आरक्षित – 01 तथा दृष्टि बाधित दिव्यांगजन (लो विजन) के लिए आरक्षित – 01पद}	2	19900-63200	₹ 28,500 /-	28 वर्ष

1 पूर्ण परिलब्धियों से तात्पर्य है 'बाई' वर्ग के शहर में स्वीकार्य आवास किराया भत्ता सहित न्यूनतम स्केल पर लगभग कुल परिलब्धियां।

2 आयु सीमा में छूट हेतु विस्तृत विज्ञापन में छूट सम्बन्धी पैरा देखें।

अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अनुभव: (क) वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (2), पद कोड– टी–01, क्षेत्र: इंस्ट्रूमेंटेशन, 01 पद अनारक्षित : न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ केमिकल टेक्नोलॉजी/बायोटेक्नोलॉजी / इंस्ट्रूमेंटेशन में बी.ई./बी. टेक. की डिग्री तथा तदुपरांत मासस्पेक्ट्रोमीटरी के क्षेत्र में 05 वर्ष का अनुभव अथवा न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ बायोलॉजीकल साइंसेज/केमिकल साइंसेज में एम. एस. सी. तथा तदुपरांत मास स्पेक्ट्रोमीटरी के क्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव

(ख) तकनीकी सहायक

पद कोड–टी–02, क्षेत्र: लाइब्रेरी, 01 पद अ.पि.व. के लिए आरक्षित: बी. लिब साइंस के साथ प्रथम श्रेणी में बीएससी (साइंस)

पद कोड– टी–03, क्षेत्र: मॉलीक्यूलर बायोलॉजी, 02 पद {01– अनारक्षित तथा 01 – अ.ज.जा के लिए आरक्षित}:
बॉटनी/बायोटेक्नोलॉजी/बायोकेमिस्ट्री/बायोलोजिकल साइंसेज/प्लान्ट साइंसेज विषय के साथ प्रथम श्रेणी में बीएससी (साइंस) की डिग्री तथा प्लान्ट मॉलीक्यूलर बायोलॉजी तकनीक में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/संस्था/विश्वविद्यालय से एक साल की पूर्ण अवधि की व्यावसायिक योग्यता अथवा अनुभव

पद कोड– टी–04, क्षेत्र: सिविल इंजीनियरिंग, 01 पद अ.पि.व. के लिए आरक्षित: सिविल इंजीनियरिंग में न्यूनतम 03 वर्ष की पूर्ण अवधि का डिप्लोमा अथवा डिप्लोमा कोर्सेज में लैटरल एडमिशन की स्थिति में 02 वर्ष की पूर्ण अवधि का डिप्लोमा अथवा इसके समकक्ष के साथ प्रासंगिक क्षेत्र में दो वर्ष का अनुभव ।

पद कोड–टी–05, क्षेत्र: इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, 01 पद अनारक्षित: इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में न्यूनतम 03 वर्ष की पूर्ण अवधि का डिप्लोमा अथवा डिप्लोमा कोर्सेज में लैटरल एडमिशन की स्थिति में 02 वर्ष की पूर्ण अवधि का डिप्लोमा अथवा इसके समकक्ष के साथ प्रासंगिक क्षेत्र में दो वर्ष का अनुभव ।

पद कोड– टी–06, क्षेत्र: फार्मेकोलॉजी तथा फॉर्मेकोग्नोसी,02 पद {01–अनारक्षित तथा 01–आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित}: बॉटनी/केमिस्ट्री/बायोकेमिस्ट्री/जूलोजी विषय के साथ प्रथम श्रेणी में बीएससी (साइंस) की डिग्री तथा संबंधित क्षेत्र में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/संस्था/विश्वविद्यालय से एक साल की पूर्ण अवधि की व्यावसायिक योग्यता अथवा अनुभव

पद कोड– टी–07, क्षेत्र: हरबेरियम,01 पद दिव्यांगजन–श्रवण बाधित के लिए आरक्षित : बॉटनी/प्लान्ट साइंस विषय के साथ प्रथम श्रेणी में बीएससी (साइंस) की डिग्री अथवा प्रथम श्रेणी में बीएससी (एग्री.) अथवा प्रथम श्रेणी में बीएससी (हॉर्टीकल्चर) तथा प्लान्ट सिस्टमेटिक्स/ हरबेरियम तकनीकी क्षेत्र में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/संस्था/विश्वविद्यालय से एक साल की पूर्ण अवधि की व्यावसायिक योग्यता अथवा अनुभव

पद कोड– टी–08, क्षेत्र: बोटेनिक गार्डेन,01 पद–अनारक्षित: बॉटनी/प्लान्ट साइंस विषय के साथ प्रथम श्रेणी में बीएससी (साइंस) अथवा प्रथम श्रेणी में बीएससी (एग्री.) अथवा प्रथम श्रेणी में बीएससी (हॉर्टीकल्चर) की डिग्री तथा बोटेनिक गार्डेन/हॉर्टीकल्चर/लैंडस्केपिंग/फ्लोरीकल्चर क्षेत्र में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/संस्था/विश्वविद्यालय से एक साल की पूर्ण अवधि की व्यावसायिक योग्यता अथवा अनुभव

(ग) टेक्नीशियन (1)

पद कोड– टी–09, ट्रेड: केमिकल लेबोरेटरी असिस्टेंट/ क्वालिटी एश्योरेंस असिस्टेंट/ फ्रूट एंड वेजीटेबल प्रोसेसर, 03 पद {01–अनारक्षित, 01–आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित तथा 01 पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित (बैकलॉग रिक्ति)}: 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में एसएससी/10वीं तथा कैमिकल लैब असिस्टेंट/ क्वालिटी एश्योरेंस असिस्टेंट/ फ्रूट एंड वेजीटेबल प्रोसेसर ट्रेड में आईटीआई प्रमाण पत्र या राष्ट्रीय/राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से उपरोक्त ट्रेडों में प्रशिक्षु प्रशिक्षण का 02 वर्ष का पूर्ण अवधि का अनुभव।

पद कोड– टी–10, ट्रेड: कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), 06 पद {03–अनारक्षित, 01–आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित, 01 –दिव्यांगजन–अस्थि विकलांग के लिए आरक्षित तथा 01 पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित (बैकलॉग रिक्ति)}: 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में एसएससी/10वीं तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) ट्रेड में आईटीआई प्रमाण पत्र या राष्ट्रीय/राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से उपरोक्त ट्रेड में प्रशिक्षु प्रशिक्षण का 02 वर्ष का पूर्ण अवधि का अनुभव।

पद कोड–टी–11, ट्रेड: लाइब्रेरी असिस्टेंट, 01 पद – अनारक्षित: न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में एसएससी/ 10वीं तथा लाइब्रेरी असिस्टेंट ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र या राष्ट्रीय/राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से उपरोक्त ट्रेड में प्रशिक्षु प्रशिक्षण का 02 वर्ष का पूर्ण अवधि का अनुभव।

पद कोड– टी–12, ट्रेड: इलेक्ट्रिशियन, 01 पद – अनारक्षित: 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में एसएससी/10वीं तथा इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में आईटीआई प्रमाण पत्र या राष्ट्रीय/राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से उपरोक्त ट्रेड में प्रशिक्षु प्रशिक्षण का 02 वर्ष का पूर्ण अवधि का अनुभव।

पद कोड– टी–13, ट्रेड: ड्राफ्ट्समैन (सिविल),01 पद अ.पि.व. के लिए आरक्षित (बैकलॉग रिक्ति): 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में एसएससी/10वीं तथा ड्राफ्ट्समैन (सिविल) ट्रेड में आईटीआई प्रमाण पत्र या राष्ट्रीय/राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से उपरोक्त ट्रेड में प्रशिक्षु प्रशिक्षण का 02 वर्ष का पूर्ण अवधि का अनुभव।

पद कोड– टी–14, ट्रेड: गार्डनर/हॉर्टीकल्चर असिस्टेंट/फ्लोरीस्ट एंड लैंडस्केपर, 03 पद {01 अ. पि. व. के लिए आरक्षित), 01 अ. ज. जा. के लिए आरक्षित(बैकलॉग रिक्ति) तथा 01 पद दिव्यांगजन–दृष्टि बाधित (लो विजन) के लिए आरक्षित}: 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में एसएससी/10वीं तथा गार्डनर/ हॉर्टीकल्चर असिस्टेंट/फ्लोरीस्ट एंड लैंडस्केपर ट्रेड में आईटीआई प्रमाण पत्र या राष्ट्रीय/राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से उपरोक्त ट्रेडों में प्रशिक्षु प्रशिक्षण का 02 वर्ष का पूर्ण अवधि का अनुभव।

पद कोड– टी–15, ट्रेड: इंस्ट्रूमेन्ट मैकेनिक/मैकेनिक (एग्रीकल्चर मशीनरी), 01 पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित (बैकलॉग रिक्ति): 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में एसएससी/10वीं तथा इंस्ट्रूमेन्ट मैकेनिक/मैकेनिक (एग्रीकल्चर मशीनरी) ट्रेड में आईटीआई प्रमाण पत्र या राष्ट्रीय/राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से उपरोक्त ट्रेडों में प्रशिक्षु प्रशिक्षण का 02 वर्ष का पूर्ण अवधि का अनुभव।

पद कोड– टी–16, ट्रेड: कारपेन्टर, 01 पद अनारक्षित: 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में एसएससी/10वीं तथा कारपेन्टर ट्रेड में आईटीआई प्रमाण पत्र या राष्ट्रीय/राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से उपरोक्त ट्रेड में प्रशिक्षु प्रशिक्षण का 02 वर्ष का पूर्ण अवधि का अनुभव।

पद कोड– टी–17, ट्रेड: प्लम्बर, 01 पद दिव्यांगजन–श्रवण बाधित के लिए आरक्षित: 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में एसएससी/10वीं तथा प्लम्बर ट्रेड में आईटीआई प्रमाण पत्र या राष्ट्रीय/राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से उपरोक्त ट्रेड में प्रशिक्षु प्रशिक्षण का 02 वर्ष का पूर्ण अवधि का अनुभव।

डाक द्वारा प्रेषित आवेदन पत्रों के साथ निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक रूप से संलग्न होने चाहिए:
(1) आवेदन शुल्क के रूप में रु.100/– का डिमान्ड ड्राफ्ट। (जहां कहीं भी लागू हो), (2) आवेदन पत्र पर अभ्यर्थी का चिपकाया गया पूर्ण रूप से स्वहस्ताक्षरित सामने से लिया हुआ रंगीन फोटोग्राफ, (3) जन्मतिथि प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित छायाप्रति, (4) शैक्षणिक योग्यता/प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित छाया प्रतियां, (5) जाति/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/दिव्यांगजन (यदि लागू हो) के प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित छायाप्रतियां, (6) अनुभव प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित छाया प्रतियां (यदि कोई हो) तथा (7) सिनॉपशीश शीट की एक प्रति मूल आवेदन प्रपत्र के भी ऊपर (सबसे ऊपर) स्टेपल तथा दूसरी प्रति मूल आवेदन प्रपत्र के अंत में ।

अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट: https://www.nbri.res.in देखें । आवेदन प्रारूप, नियम एवं शर्तों तथा अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश के साथ विस्तृत विज्ञापन हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है । आवेदन फॉर्म वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है और उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करने हेतु इस्तेमाल किया जा सकता है ।

प्रशासनिक अधिकारी

''सरकार का प्रयास ऐसा कार्यबल के लिये है जिसमें स्त्री-पुरुष समानता प्रदर्शित होती है और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है''

DRDO
बलस्य मूलं विज्ञानम

कार्मिक प्रतिभा प्रबंध केंद्र (सेप्टैम)
मानव क्षमता का आकलन, यथार्थता और पहचान

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ)
रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमडीएस) संवर्ग के लिये 1817 रिक्तियों की भर्ती

विज्ञापन सं.: डीआरडीओ एंट्री टैस्ट : 2019-20/एमटीएस

CEPTAM - DRDO
scrutinize actualize recognize human potential
ISO 9001:2015
CEPTAM

मुख्य तिथियां	
पात्रता की निर्णायक तिथि	23 जनवरी 2020
ऑनलाइन आवेदन खुलने की तिथि	23 दिसंबर 2019 (समय: 1000 बजे)
आवेदन प्रस्तुत करने की बंद होने की तिथि	23 जनवरी 2020 (समय: 1700 बजे)
टियर-1 परीक्षा (सीबीटी) की संभावित तिथि	डीआरडीओ वेबसाइट पर घोषित की जायेगी

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्यरत और राष्ट्र की सेनाओं अर्थात सेना, नौसेना और वायु सेना द्वारा अपेक्षित अत्याधुनिक युद्ध क्षेत्र प्रणालियों के अनुसंधान और विकास के लिये जिम्मेदार है. देश भर में फैली इसकी 60 से अधिक प्रयोगशालाएं हैं जो कि विज्ञान के विभिन्न स्पैक्ट्रम में विविध अनुसंधान क्षेत्रों में कार्यरत हैं.

डीआरडीओ मल्टी टॉस्किंग स्टाफ (एमटीएस), सामान्य केंद्रीय सेवा समूह 'ग', अराजपत्रित, अनुसचिवीय पद की रिक्तियों को भरने के लिये इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले संपूर्ण विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लें और बारंबार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूज) डीआरडीओ वेबसाइट: **www.drdo.gov.in** के सेप्टैम नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध हैं. अनुवाद की अस्पष्टता, यदि कोई है, का समाधान रोज़गार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन के अंग्रेजी रूपांतर को संदर्भित करते हुए किया जायेगा. कोई भी अस्पष्टता के मामले में, डीआरडीओ का निर्णय अंतिम होगा.

खण्ड-1

1.1 अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता: मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं श्रेणी उत्तीर्ण अथवा समकक्ष अथवा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) उत्तीर्ण. उम्मीदवार ने पदों के लिये, जिनके लिये वे आवेदन कर रहे हैं, पात्रता की निर्णायक तिथि को अनिवार्य अर्हता अपेक्षा अवश्य अर्जित कर लेनी चाहिये. जो कोई निर्धारित अर्हता के लिये पात्रता की निर्णायक तिथि को अंतिम परीक्षा के परिणामों का इंतज़ार कर रहे हैं, वे पात्र नहीं हैं और इस प्रकार उन्हें आवेदन नहीं करना चाहिये.

1.2 रिक्ति का विवरण:

पद कोड	पद नाम	रिक्तियां											
		अजा	अजजा	अपिव	ईडब्ल्यूएस	अना	कुल	भूपूसै	एमएसपी	पीडब्ल्यूडी			
										श्रेणी क	श्रेणी ख	श्रेणी ग	श्रेणी घ
1301	मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	163	114	503	188	849	1817	135	50	18	18	18	19

टिप्पणी: आवश्यकता अनुसार रिक्तियों की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है. यदि कोई भी उम्मीदवार सुयोग्य नहीं पाया गया तो रिक्ति को खाली रखा जा सकता है. भारत सरकार के लागू नियमानुसार अजा/अजजा/अपिव-एनसीएल/ईडब्ल्यूएस की रिक्तियों के लिये आरक्षण सीधे लागू किया जाता है और इसे पीडब्ल्यूडी/ईएसएम/एमएसपी के लिये क्षैतिज रूप में लागू किया जाता है. रिक्तियों की कुल संख्या में पीडब्ल्यूडी/ईएसएम/एमएसपी की रिक्तियों की संख्या सम्मिलित है.

1.3 वेतनमान: 7वें कें.वे.आ. वेतन मैट्रिक्स के अनुसार वेतन मैट्रिक्स लेवल-1 (रु. 18000-56900) तथा भारत सरकार के लागू नियमानुसार अन्य लाभ/भत्ते.

1.4 पात्रता की निर्णायक तिथि को आयु सीमा: उम्मीदवार 18 और 25 वर्ष की आयु के बीच के होने चाहिये (लागू भारत सरकार के नियमानुसार अजा/अजजा/अपिव-एनसीएल/भूपूसै/पीडब्ल्यूडी/विधवाओं/तलाकशुदा महिलाओं/अपने पतियों से न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाओं, जिन्होंने पुनः विवाह नहीं किया है, केंद्रीय सरकार के सिविलियन कर्मचारियों, निःशक्त रक्षा सेवा कार्मिकों, 01.01.1980 से 31.12.1989 तक की अवधि के दौरान ज. एवं क राज्य में अधिवासी रहे व्यक्तियों के लिये शिथिलनीय).

1.5 निःशक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) उम्मीदवार:- कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 36035/02/2017-स्था.(आर.) दिनांक 15.01.2018 (पैरा 2.2) के तहत पहचान की गई विभिन्न निःशक्तताओं से ग्रस्त उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में निम्नलिखित पीडब्ल्यूडी श्रेणियों का चयन कर सकते हैं: **श्रेणी क:** (क) दृष्टिहीनता और अल्प दृष्टि, **श्रेणी ख:** (ख) बहरा और सुनने की समस्या, **श्रेणी ग:** (ग) गतिविषयक निःशक्तता, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, इलाज हो चुका कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड हमले के पीड़ित मांसपेशियों की कमजोरी, **श्रेणी घ:** (घ) ऑटिज्म, बौद्धिक निःशक्तता, विनिर्दिष्ट शिक्षण निःशक्तता और मानसिक बीमारी (ङ) उपबंध (क) से (घ) तक बहरा-दृष्टिहीन सहित व्यक्तियों में से बहु निःशक्तता.

1.6 तैनाती केंद्रों के शहर:- आगरा, अहमदनगर, अंबरनाथ, बालासोर, बंगलुरू, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नै, देहरादून, दिल्ली, ग्वालियर, हलद्वानी, हैदराबाद, जगदलपुर, जोधपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लेह, मुंबई, मसूरी, मैसूर, नासिक, पानागढ़, पुणे, तेजपुर, विशाखापत्तनम, अन्य (संगठन की आवश्यकता के अनुसार).

खण्ड-2

2.1 पारिश्रमिक और सेवा शर्त: भर्ती किये गये उम्मीदवार भारत सरकार के अनुरूप 7वें कें वे आ वेतन मैट्रिक्स के अनुसार लेवल-1 (रु. 18000-56900) में वेतन और अन्य लाभ जिनमें भारत सरकार के लागू नियमों के अनुसार मंहगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता, बाल शिक्षण भत्ता, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा सुविधाएं, सीएसडी सुविधा शामिल हैं, तथा अन्य लाभ/अग्रिम प्राप्त करेंगे. भर्ती किये गये उम्मीदवार भारत सरकार के लागू नियमों के अनुसार, अन्यथा कि कोई अन्य प्रावधान किया गया हो, सरकार की राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत आयेंगे. डीआरडीओ के पास ज्यादातर प्रयोगशालाओं/स्थापनाओं में आवासीय क्वार्टर्स के साथ-साथ सुंदर सुस्थापित परिसर, सामान्य सुविधाएं और खेल सुविधाएं मौजूद हैं. चयनित उम्मीदवारों को परिवीक्षा पर नियुक्त किया जायेगा और उन्हें फील्ड जगहों/दूरदराज के क्षेत्रों सहित, जब भी अपेक्षित होता है, भारत सरकार के नियमों के अनुसार भारतीय संघ की सीमाओं के भीतर कहीं भी सेवा करनी पड़ सकती है.

2.2 तैनाती की शर्तें: उम्मीदवारों को अपने आवेदन में पद कोड से संबंधित विभिन्न स्टेशनों में तैनाती के लिये अपनी प्राथमिकता का उल्लेख अवश्य करना चाहिये. उम्मीदवार द्वारा स्टेशनों पर तैनाती की प्राथमिकता एक बार दे दिये जाने पर इसे अंतिम और अपरिवर्तनीय माना जायेगा. प्राथमिकता में बदलाव के लिये बाद में किये गये अनुरोध पर किसी भी स्थिति/कारणों के साथ विचार नहीं किया जायेगा. अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में तैनाती की प्राथमिकता का ध्यानपूर्वक उल्लेख करें. डीआरडीओ के पास उम्मीदवार को सांगठनिक आवश्यकताओं के अनुरूप भारत में कहीं भी नामांकित करने का अधिकार सुरक्षित है. उम्मीदवारों को प्रथम तैनाती स्थान पर न्यूनतम पांच वर्षों के लिये सेवा करना अपेक्षित है तथा स्थानांतरण के लिये किसी भी अनुरोध पर इस अवधि के दौरान विचार नहीं किया जायेगा. यद्यपि उन्हें डीआरडीओ द्वारा सार्वजनिक हित में अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया जा सकता है.

2.3 पात्रता मानदंड: सभी पात्रता शर्तों का निर्धारण इस विज्ञापन में यथा वर्णित पात्रता की निर्णायक तिथि के संदर्भ में किया जायेगा. **क) राष्ट्रीयता:** उम्मीदवार भारत का नागरिक होना चाहिये **ख) आयु सीमा:** आयु सीमा के लिये कृपया इस विज्ञापन के 1.4 का संदर्भ लें. **ग) अनिवार्य अर्हता अपेक्षा (ईक्यूआर): उम्मीदवारों ने पात्रता की निर्णायक तिथि को ईक्यूआर अवश्य पूरी कर ली होनी चाहिये. घ) चिकित्सा फिटनेस:** उम्मीदवारों का अच्छा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य होना चाहिये तथा वे किसी तरह की शारीरिक विकृति से मुक्त होने चाहिये जो कि उनके कार्यों के कुशलतापूर्वक निर्वहन में बाधक हो सकती है. अनंतिम तौर पर लघुसूचीबद्ध उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी किये जाने से पहले सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथापेक्षित चिकित्सा जांच से गुजरना होगा. यदि उम्मीदवार अयोग्य पाया जाता है तो उसे नियुक्ति पत्र जारी नहीं किया जायेगा. पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिये चिकित्सा फिटनेस मानदंड भारत सरकार के नियमों के अनुरूप हैं. **ङ) अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी):** सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, स्वायत्त संगठनों, सशस्त्र बलों में सेवारत और विभागीय उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिये. उम्मीदवारों को उपयुक्त समय पर वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त कर लेना चाहिये. बिना अनापत्ति प्रमाणपत्र के प्रस्तुत किये गये आवेदनों को अनंतिम माना जायेगा. अनापत्ति प्रमाणपत्र अन्य दस्तावेजों के साथ दस्तावेज सत्यापन के समय, यदि लघुसूचीबद्ध किया जाता है, अवश्य प्रस्तुत किया जाना चाहिये.

टिप्पणी: i) उम्मीदवारों को पद के लिये आवेदन करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि वे सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं. चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में उनका प्रवेश पूरी तरह अनंतिम, निर्धारित पात्रता मानदंड पूरा करने के विषयाधीन होगा. यदि चयन से पहले अथवा बाद में किसी भी समय सत्यापन करने पर यह पाया जाता है कि वे पात्रता मानदंड पूरा नहीं करते हैं तो उनकी उम्मीदवारी/नियुक्ति बगैर सूचना के निरस्त कर दी जायेगी. **ii)** प्रक्रिया के किसी भी चरण में अनंतिम अल्पसूचीकरण/चयन अथवा परीक्षा में सफल होने से नियुक्ति का अधिकार नहीं हो जायेगा अन्यथा कि डीआरडीओ ऐसी जांच के बाद, जिसे वह आवश्यक समझता है, संतुष्ट नहीं हो जाता कि उम्मीदवार सेवा/पद पर नियुक्ति के लिये सभी पहलुओं के अनुरूप उपयुक्त है. **iii)** पात्रता, आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार करने, चयन की पद्धति, परीक्षा के आयोजन, परीक्षा केंद्रों के आबंटन और अनंतिम अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों का विनिर्दिष्ट प्रयोगशाला/शहर में आबंटन से संबंधित सभी मामलों में डीआरडीओ का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिये बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.

2.4 आरक्षण/छूट लाभ: क) भारत सरकार के लागू नियमों के अनुसार अनुदेशों/आदेशों/परिपत्रों के तहत अजा/अजजा/अपिव-एनसीएल/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी/ईएसएम/एमएसपी आदि उम्मीदवारों के संबंध में आरक्षण/आयु, न्यूनतम अर्हता मानदंड आदि के संबंध में छूट इनके लिये चिन्हित रिक्तियों के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिये लागू है. कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 36039/1/2019-स्था (आर.) दिनांक 31 जनवरी, 2019 के अनुसार ईडब्ल्यूएस के अधीन आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी से जारी एक वैध आय और परिसंपत्ति प्रमाणपत्र (इस विज्ञा. की पात्रता की निर्णायक तिथि को और इससे पूर्व) प्रस्तुत करने पर लिया जा सकता है. जो उम्मीदवार अजा/अजजा/अपिव-एनसीएल के लिये आरक्षण की योजना के अधीन

नहीं आते हैं और जिनकी कुल पारिवारिक वार्षिक आय 8 लाख रु. (आठ लाख रुपये) है उनकी पहचान ईडब्ल्यूएस के लिये आरक्षण के लाभ के लिये ईडब्ल्यूएस के तौर पर की जानी है. अनारक्षित (अना) रिक्तियों के तहत आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को सामान्य उम्मीदवार माना जायेगा. **ख)** आरक्षण/छूट का लाभ चाहने वाले उम्मीदवारों को अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज सत्यापन के समय अथवा जब कभी डीआरडीओ की ओर से अपेक्षा होती है सरकारी/अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी से जारी संगत प्रमाणपत्र की विधिवत स्वयं सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करनी चाहिये अन्यथा किसी छूट/रियायत आदि के लिये उनके दावे पर विचार नहीं किया जायेगा और उनके आवेदन पत्र को अनारक्षित (अना) श्रेणी के अधीन समझा जायेगा. **ग) अपिव के आरक्षण/छूट का लाभ चाहने वाले उम्मीदवार को सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि उसके पास केंद्रीय सरकार के प्रपत्र में वास्तविक जाति/समुदाय प्रमाणपत्र है और वह पात्रता की निर्णायक तिथि को संपन्न वर्ग के अंतर्गत नहीं आता है. घ)** केवल 40 प्रतिशत और अधिक की बेंचमार्क शारीरिक निःशक्तता वाले उम्मीदवारों पर ही निःशक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) के तौर पर विचार किया जायेगा और वह पीडब्ल्यूडी के लिये आरक्षण का हकदार होगा. **ङ) जो भूतपूर्व सैनिक उन्हें अपने पुनः रोज़गार के लिये भूतपूर्व सैनिक को दिये गये आरक्षण का लाभ लेकर पहले ही नियमित आधार पर समूह 'ग' और 'घ' में केंद्रीय सरकार के अधीन सिविल साइड में रोज़गार प्राप्त कर लिया वे भूतपूर्व सैनिक श्रेणी में आरक्षण और फीस में छूट के लिये पात्र नहीं हैं. यद्यपि ऐसे उम्मीदवार कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी का.ज्ञा. एफ सं. 36034/1/2014-स्था. (आर) दिनांक 14 अगस्त 2014 में किये गये उल्लेख के अनुसार बाद के रोज़गार के लिये भूतपूर्व सैनिक के तौर पर आरक्षण का लाभ ले सकते हैं, यदि सिविल रोज़गार में ज्वाइनिंग के तत्काल बाद उसने विभिन्न रिक्तियों के लिये, जिसके लिये उसने आरंभिक सिविल रोज़गार में ज्वाइनिंग से पूर्व आवेदन किया था, आवेदनों की तिथिवार विवरण के बारे में संबंधित नियोक्ता को स्व-घोषणा/अंडरटेकिंग दे रखी है.** यह नोट कर लिया जाना चाहिये कि उम्मीदवारी नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन/पुनः सत्यापन होने तक अनंतिम रहेगी.

2.5 आयु में छूटः क) उम्मीदवार पात्रता की निर्णायक तिथि को निर्धारित आयु सीमा के भीतर अवश्य होना चाहिये. यद्यपि ऊपरी आयु सीमा अजा/अजजा/अपिव-एनसीएल/भूपूसै/पीडब्ल्यूडी/विधवाओं/तलाकशुदा महिलाओं/ अपने पतियों से न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाओं, जिन्होंने पुनः विवाह नहीं किया है, केंद्रीय सरकार के सिविलियन कर्मचारियों, निःशक्त रक्षा सेवा कार्मिकों, 01.01.1980 से 31.12.1989 तक की अवधि के दौरान ज. एवं क राज्य में अधिवासी रहे व्यक्तियों के लिये भारत सरकार के लागू नियमों के अनुसार शिथिलनीय है. अनारक्षित (अना) रिक्तियों के तहत आवेदन करने वाले अजा/अजजा/अपिव-एनसीएल उम्मीदवारों को आयु में कोई छूट नहीं है. पीडब्ल्यूडी, ईएसएम, केंद्रीय सरकार के सिविलियन कर्मचारियों, निःशक्त रक्षा सेवा कार्मिकों, 01.01.1980 से 31.12.1989 तक की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य में अधिवासी रहे व्यक्तियों की श्रेणियों को, जो कि अना रिक्तियों के तहत आवेदन कर रहे हैं, उन्हें ऊपर किये गये उल्लेख के अनुसार उनकी संबंधित श्रेणी के लिये केवल आयु में छूट का लाभ प्रदान किया जायेगा और अजा/अजजा/अपिव-एनसी श्रेणी से संबंधित होने के लिये कोई अतिरिक्त छूट नहीं दी जायेगी (अधिक विवरण के लिये एफएक्यू का संदर्भ लें). **ख)** छूट, प्रमाणपत्रों के लिये प्रपत्र डीआरडीओ वेबसाइट **www.drdo.gov.in** पर सेप्टैम नोटिस बोर्ड से डाउनलोड (यदि अपेक्षित है) किया जा सकता है.

खण्ड-3

3.1 आवेदन कैसे करें: उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले स्वयं को पद के लिये अपनी पात्रता के बारे में अवश्य संतुष्ट कर लेना चाहिये. अतः उम्मीदवारों से आग्रह है कि वे विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लें और आवेदन पत्र को पूरा करें तथा बाद में अस्वीकृति से बचने के लिये अनुदेशों के अनुरूप इसे प्रस्तुत करें. **क)** सभी उम्मीदवारों को डीआरडीओ वेबसाइट **(https://www.drdo.gov.in)** पर उपलब्ध लिंक **DRDO Recruitment [CEPTAM Notice Board]** के जरिए ऑनलाइन आवेदन करना चाहिये. किसी अन्य तरीके/पद्धति से प्रेषित आवेदनों को सीधे नामंजूर कर दिया जायेगा. **ख) उम्मीदवारों को उनके अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन बंद होने की तिथि से काफी पहले प्रस्तुत कर दें और आखिरी दिनों के दौरान वेबसाइट पर भारी भीड़/लोड के कारण वेबसाइट में लॉगिन करने में विफलता या डिस्कनेक्शन/नेटवर्क जाम की संभावना से बचने के लिये अंतिम तिथि तक का इंतज़ार न करें. ग)** यदि उक्त कारणों से उम्मीदवार अंतिम तिथि के भीतर अपने आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो इसके लिये सेप्टैम जिम्मेदार नहीं होगा. **घ)** सर्वप्रथम उम्मीदवारों को बुनियादी विवरण भरते हुए ऑनलाइन रजिस्टर करना चाहिये. पंजीकरण सफल होने पर उम्मीदवार को यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त होगा (इसे नोट कर लें और सुरक्षित रख लें), जिसे आवेदन भरने के लिये लॉगिन हेतु प्रयोग में लाया जायेगा. **ङ)** उम्मीदवार को मैट्रिकुलेशन/. सेकेंडरी/आईटीआई परीक्षा प्रमाणपत्र में दिये अनुसार ही अपना नाम, जन्म तिथि, पिता का नाम और माता का नाम भरना चाहिये अन्यथा उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी. **च)** उम्मीदवार को अपना स्वयं का मोबाइल नंबर और वैध तथा सक्रिय व्यक्तिगत ई-मेल आईडी होना चाहिये. सेप्टैम बाद के चरण में मोबाइल नंबर और ई-मेल पते में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं करेगा. **छ)** आवेदन-पत्र भरने से पहले निम्नलिखित दस्तावेज और उनकी स्कैन की गई प्रतियां तैयार रखी जानी चाहियेः **(i)** आयु के सबूत और ईक्यूआर के लिये 10वीं श्रेणी या आईटीआई प्रमाणपत्र **(ii)** फोटोग्राफ (केवल हाल का 30 दिनों के भीतर लिया गया रंगीन फोटोग्राफ प्रयोग में लाएं. समान फोटोग्राफ की भविष्य में इस्तेमाल के लिये पर्याप्त प्रतियां रख लें) **(iii)** सफेद कागज पर हस्ताक्षर. **(iv)** पहचान का सबूत (आईडी) **(उदाहरणार्थ आधार/ई-आधार का प्रिंट आउट, पासपोर्ट, मतदाता पहचानपत्र, पैन, ड्राइविंग लाइसेंस, मूल 10वीं प्रमाणपत्र या आईटीआई प्रमाणपत्र आदि)** परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन के दौरान अवश्य लेकर आना चाहिये. **ज)** संपर्क विवरण जैसे कि ई-मेल, मोबाइल नंबर, पत्राचार और स्थाई पता आदि सही और भर्ती चक्र के दौरान सक्रिय रखा जायेगा क्योंकि सभी पत्राचार इनके जरिए किया जायेगा. **झ)** उम्मीदवारों के लिये ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के दौरान पात्रता की निर्णायक तिथि को सभी अपेक्षित अर्हता के सबूत प्रस्तुत करना अपेक्षित है.

3.2 आवेदन की प्रस्तुतिः क) उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले विस्तृत अनुदेशों को (हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध) ध्यानपूर्वक बढ़ लेना चाहिये. **ख)** उम्मीदवारों को अंतिम प्रस्तुति से पहले अपने आवेदन को सेवा और रिव्यू कर लेना चाहिये. **ग)** उम्मीदवारों के लिये आवेदन शुल्क (जहां कहीं लागू है) का ऑनलाइन भुगतान करना अपेक्षित है. **घ)** उम्मीदवार की पात्रता पर ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में प्रेषित सूचना के आधार पर विचार किया जायेगा. अंतिम प्रस्तुति के बाद आवेदन पत्र में दिये गये विवरण में परिवर्तन/सुधार के लिये अनुरोध पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जायेगा. सेप्टैम आवेदन पत्र में उम्मीदवारों द्वारा दिये गये किसी भी विवरण में कोई सुधार/कांट छांट की अस्वीकृति के कारण उत्पन्न किसी भी दुष्प्रभाव के लिये जिम्मेदार नहीं होगा. अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन ध्यानपूर्वक भरें. **ङ)** जब आवेदन पत्र सफलतापूर्वक प्रस्तुत हो जाये, इसे अनंतिम तौर पर स्वीकार/विचार में लिया जायेगा. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र का प्रिंट आउट ले लें और सुरक्षित रख लें. **आवेदन पत्र के प्रिंटआउट की कोई प्रति सेप्टैम को भेजने की आवश्यकता नहीं है.** यद्यपि उम्मीदवार को दस्तावेज सत्यापन के समय, यदि अनंतिम अल्पसूचीबद्ध किया जाता है, आवेदन की विधिवत हस्ताक्षरित प्रिंटिड प्रति प्रस्तुत करनी होगी.

3.3 आवेदन शुल्क, भुगतान की पद्धति और शुल्क के भुगतान से छूट, क) आवेदन शुल्कः उम्मीदवार के लिये रु. 100/- (एक सौ रुपये मात्र) अप्रतिदेय आवेदन शुल्क का भुगतान करना अपेक्षित है. **ख) भुगतान की विधिः** शुल्क का भुगतान ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग के जरिए किया जाना है. सभी लागू सेवा प्रभार अर्थात बैंक प्रभार केवल उम्मीदवार को वहन करने होंगे. उम्मीदवारों द्वारा भुगतान किये गये आवेदन शुल्क, जिन्होंने अपने आवेदन पूरे नहीं किये हैं अथवा जिनके आवेदन नामंजूर हुए हैं, वापस नहीं किये जायेंगे. आवेदन शुल्क का एक बार भुगतान हो जाने पर किसी भी स्थिति में इसे वापस नहीं किया जायेगा और न ही इसे अन्य परीक्षा के तहत समायोजित किया जायेगा. **ग) शुल्क के भुगतान से छूटः** लागू भारत सरकार के नियमों के अनुसार सभी महिला और अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी/भूपूसै उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट है. **घ)** भूतपूर्व सैनिक, जो पहले ही उन्हें पुनः रोज़गार के लिये भूतपूर्व सैनिक को दिये गये आरक्षण का लाभ लेकर नियमित आधार पर केंद्रीय सरकार के अधीन सिविल साइड में रोज़गार प्राप्त कर चुके हैं वे शुल्क मे छूट के लिये पात्र नहीं हैं.

3.4 क) टियर-I (सीबीटी) के लिये परीक्षा शहरः- उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे टियर-I परीक्षा के लिये प्राथमिकता क्रम में नीचे दी गई सूची में से कोई तीन अलग-अलग शहर चुन लें. उम्मीदवार द्वारा एक बार दिये गये विकल्प/प्राथमिकता को अंतिम और अपरिवर्तनीय समझा जायेगा. परीक्षा शहर/केंद्र/पारी में परिवर्तन के लिये अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा. अतः उम्मीदवारों को शहर का चयन ध्यानपूर्वक करना चाहिये और इसका अपने आवेदन पत्र में उल्लेख करना चाहिये. सेप्टैम के पास किसी भी परीक्षा शहर को जोड़ने/हटाने और उम्मीदवारों को प्रचालन आवश्यकताओं के अनुरूप उम्मीदवार द्वारा चुने गये से भिन्न कोई अन्य परीक्षा शहर को आबंटित करने का अधिकार सुरक्षित है.

01	आगरा	15	हैदराबाद	29	नागपुर
02	अहमदाबाद	16	इम्फाल	30	नासिक
03	औरंगाबाद	17	इंदौर	31	पणजी
04	बंगलुरू	18	ईटानगर	32	पटना
05	भोपाल	19	जबलपुर	33	पोर्टब्लेयर
06	भुवनेश्वर	20	जयपुर	34	प्रयागराज
07	चंडीगढ़	21	जम्मू	35	पुणे
08	चैन्नै	22	जोधपुर	36	रायपुर
09	कोयम्बत्तूर	23	कानपुर	37	रांची
10	देहरादून	24	कोच्चि	38	सिलीगुड़ी
11	दिल्ली रा.रा.क्षे.	25	कोलकाता	39	तिरूअनंतपुरम
12	गोरखपुर	26	लखनऊ	40	वाराणसी
13	गुवाहाटी	27	मुंबई	41	विजयवाड़ा
14	ग्वालियर	28	मैसूर	42	विशाखापत्तनम

3.4 ख) टियर-II (सीबीटी) के लिये परीक्षा शहरः- टियर-II के लिये उम्मीदवारों के लिये शहर के लिये कोई विकल्प देना अपेक्षित नहीं है. टियर-II के लिये शहरों का निर्णय सेप्टैम द्वारा प्रचालन अपेक्षाओं के आधार पर किया जायेगा.

3.5 अस्वीकृति मानदंडः आवेदनों की अस्वीकृति निम्नलिखित के आधार पर होगीः **क)** अपेक्षित अनिवार्य अर्हता नहीं रखना. **ख)** अपूर्ण या आंशिक भरा हुआ आवेदन. **ग)** निर्धारित शुल्क (जहां कहीं लागू है) के बगैर आवेदन. **घ)** ऑनलाइन पद्धति से आवेदन प्राप्त नहीं होना. **ङ)** पात्रता की निर्णायक तिथि को कम या अधिक आयु होना. **च)** उम्मीदवार को केवल एक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना है. यदि उम्मीदवार पद के लिये एक से अधिक आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत करता है, तो आवेदन शुल्क (जहां कहीं लागू है) के साथ प्रस्तुत नवीनतम आवेदन पर ही विचार किया जायेगा और अन्य आवेदनों को नामंजूर कर दिया जायेगा.

3.6 परीक्षा की तिथि और प्रवेश-पत्र (टियर-I और टियर-II) (सीबीटी): परीक्षा की तिथि वेबसाइट पर बाद में प्रकाशित की जायेगी. परीक्षा की तिथि, समय और स्थान प्रवेश पत्र में दिया जायेगा. ई-प्रवेश पत्र हमारी वेबसाइटः **(https://www.drdo.gov.in)** पर, वरीयतन परीक्षा से 02 सप्ताह पहले, डाउनलोड/प्रिंट करने के लिये उपलब्ध कराया जायेगा. **प्रवेश पत्र डाक से नहीं भेजे जायेंगे.** उम्मीदवारों को परीक्षाओं में उपस्थित होने के लिये प्रवेश पत्र का प्रिंट (वरीयतन रंगीन) अवश्य ले लेना चाहिये और अपने साथ लाना चाहिये. वैध मूल फोटो पहचान पत्र (जैसा कि आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया है) परीक्षा में उपस्थित होने के लिये प्रवेश पत्र के साथ होना अनिवार्य है. सेप्टैम के पास प्रचालन अपेक्षाओं के अनुसार उम्मीदवार को किसी अन्य केंद्र पर स्थानांतरित करने का अधिकार सुरक्षित है. सेप्टैम परीक्षा शहर, केंद्र, तिथि और उम्मीदवार को आबंटित पारी में परिवर्तन के लिये किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगा. उम्मीदवारों को ई-प्रवेश पत्र जारी कर दिये जाने मात्र से यह अर्थ नहीं हो जाता है कि उनकी उम्मीदवारी को सेप्टैम ने अंतिम तौर पर स्वीकार कर लिया है.

खण्ड-4

4.1 चयन प्रक्रियाः- चयन प्रक्रिया में **सारणी-1** में किये गये उल्लेख के अनुसार टियर-I (स्क्रीनिंग) और टियर-II (अंतिम चयन) शामिल होगीः **क)** टियर-I और टियर-II कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) पद्धति में होगा. **ख)** टियर-I (सीबीटी) को अपेक्षानुसार सामान्यीकृत किया जा सकता है. **ग)** टियर-I और टियर-II में केवल वस्तुनिष्ठ बहु विकल्प प्रकार के प्रश्न होंगे. **घ)** गलत उत्तरों के लिये कोई नकारात्मक अंक नहीं होंगे. **ङ)** परीक्षाओं का पाठ्यक्रम पद के लिये अनिवार्य अपेक्षित अर्हता के अनुरूप होगा. **च)** परीक्षा का माध्यम हिंदी और अंग्रेजी होगा **छ)** टियर-I परीक्षा स्क्रीनिंग के लिये और टियर-II परीक्षा अंतिम चयन के लिये है.

सारणी-1

टियर	परीक्षा की पद्धति/प्रकृति	परीक्षा का दायरा	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	परीक्षा की अवधि
I	**सीबीटी (स्क्रीनिंग*)**	सामान्य बुद्धिमत्ता और रीजनिंग योग्यता	35	35	90 मिनट
		सामान्य जागरूकता	30	30	
		मात्रात्मक अभिरुचि और संख्यात्मक योग्यता	35	35	
II	**सीबीटी (अंतिम चयन**)**	सामान्य विज्ञान	40	40	90 मिनट
		सामान्य गणित	40	40	
		सामान्य अंग्रेजी	20	20	

टिप्पणी: i) सांगठनिक आवश्यकता/भारत सरकार की नीति के अनुरूप चयन की पद्धति में परिवर्तन हो सकता है.
ii) अधिक विवरण के लिये हमारी वेबसाइट पर बारंबार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूज) खण्ड को देखें.
***स्क्रीनिंग:** अनंतिम चयन टियर-1 परीक्षा में प्राप्त मैरिट के आधार पर किया जायेगा जो कि पद/उम्मीदवार की श्रेणी/उप श्रेणी पर निर्भर करेगा. टियर-1 के लिये न्यूनतम अर्हक अंक अना/भूपूसै/अपिव उम्मीदवारों के लिये 40 प्रतिशत और अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिये 35 प्रतिशत हैं.
टिप्पणी: क) अजा, अजजा, अपिव-एनसीएल, **भूपूसै**, एमएसपी और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार, जिनका चयन बगैर छूट मानदंडों के उनकी अपनी मैरिट पर होता है, उन्हें भारत सरकार के आदेशों के अनुसार अनारक्षित रिक्तियों के तहत विचार में लिया जायेगा. **ख)** आरक्षित रिक्तियां पात्र अजा, अजजा, अपिव-एनसीएल, भूपूसै, एमएसपी और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों में से अलग से भरी जायेंगी. **ग)** अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों को टियर-II के लिये बुलाया जायेगा.
****अंतिम चयन:** टियर-I परीक्षा के आधार पर टियर-II में उपस्थित होने के लिये उम्मीदवारों को **1:10** के अनुपात में (रिक्तियों की संख्याः अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवार) अल्पसूचीबद्ध किया जायेगा. हालांकि इस अनुपात को संगठन की आवश्यकताओं के अनुरूप बढ़ाया या घटाया जा सकता है. ब्रैकेट में टियर-I में एक समान अंक अर्जित करने वाले आखिरी उम्मीदवार को भी शामिल किया जायेगा. मैरिट और अंतिम चयन टियर-II में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर किया जायेगा.
टिप्पणी:- अनंतिम तौर पर चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित प्रयोगशाला/स्थापना द्वारा ज्वाइनिंग के समय पर किया जायेगा.

4.2 टियर-II के लिये बराबरी के मामलों का समाधान: ऐसे मामलों में जहां एक से अधिक उम्मीदवार टियर-II परीक्षा में समान कुल अंक प्राप्त कर लेते हैं, मामलों का, एक के बाद एक, निम्नलिखित मानदंड लागू करते हुए समाधान किया जायेगा. **क)** टियर-I परीक्षा में प्राप्त अंक. **ख)** जन्म तिथि, उम्र में बड़े उम्मीदवार को मैरिट में ऊपर रखा जायेगा. **ग)** अक्षर क्रम जिसमें उम्मीदवारों के नाम होते हैं.

4.3 पीडब्ल्यूडी श्रेणी के लिये प्रावधान: (i) दृष्टि बाधित, अस्थि विकलांग (प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से प्रभावित), अस्थि विकलांग (दोनों बाजू प्रभावित), अस्थि विकलांग उम्मीदवार जो कि गतिविधयक विकलांगता से ग्रस्त हैं जिससे उम्मीदवार की लिखने की गति इतनी ज्यादा धीमी तौर पर प्रभावित है (ऐसी कमी का उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत, सक्षम प्राधिकारी से जारी, प्रमाणपत्र में उल्लेख किया गया है) उसे परीक्षा में प्रति घण्टा 20 मिनट के प्रतिपूर्ति समय की अनुमति दी जायेगी (भारत सरकार के पत्र दिनांक 29 अगस्त 2018 के अनुसार). जो उम्मीदवार प्रतिपूर्ति समय के लिये पात्र हैं वे लेखक की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं और उम्मीदवारों को अपना स्वयं का लेखक लेकर आना अपेक्षित है (भारत सरकार के पत्र दिनांक 26 फरवरी 2013 के अनुसार). **(ii)** दृष्टि विकलांग उम्मीदवारों के लिये प्रश्न पत्र में मानचित्रों/ग्राफों/डायग्राम/सांख्यिकी डॉटा आदि का कोई अवयव नहीं होगा. प्रश्न पत्र ब्रेल में उपलब्ध नहीं कराये जायेंगे.

4.4 प्रयोगशालाओं/इकाइयों में तैनाती के लिये नामांकन:- सेप्टैम का संकार्य विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं/स्थापनाओं/इकाइयों में रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर संबंधित डीआरडीओ प्रयोगशाला/स्थापना/इकाई में सुयोग्य उम्मीदवारों का चयन और मनोनयन करना होता है. नामांकन उनकी उम्मीदवारी की आगे प्रोसेसिंग के लिये टियर-II में उम्मीदवारों की मैरिट और दस्तावेज सत्यापन तथा उम्मीदवारों द्वारा उनके आवेदनों में दी गई तैनाती के स्थानों की प्राथमिकता **(संदर्भ 2.2)** के आधार पर किया जायेगा. नियुक्ति पत्र संबंधित प्रयोगशाला/स्थापना/इकाई द्वारा चरित्र एवं पूर्ववृत्त सहित सभी पात्रता मानदंड की संतुष्टि के विषयाधीन संबंधित प्रयोगशाला/स्थापना/इकाई द्वारा जारी किया जायेगा. डीआरडीओ के पास सांगठनिक अपेक्षाओं/आवश्यकताओं के अनुरूप भारत में किसी भी स्थान पर उम्मीदवारों के नामांकन का अधिकार सुरक्षित है.

खंड-5

5.1 उम्मीदवारों के लिये महत्वपूर्ण अनुदेश:- क) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पहले विस्तृत विज्ञापन और बारंबार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यूज) को पढ़ लें. **ख)** भविष्य में प्रयोग के लिये आवेदन संख्या को नोट कर लें. **ग)** आवेदन पत्र का एक प्रिंटआउट ले लें और इसे अपने साथ रख लें. **सेप्टैम को आवेदन पत्र के प्रिंट आउट की प्रति भेजना अपेक्षित नहीं है. घ)** ई-प्रवेश पत्र डीआरडीओ वेबसाइट पर वरीयतन परीक्षा से 02 सप्ताह पूर्व उपलब्ध कराया जायेगा जिसे परीक्षा में उपस्थित होने के लिये डाउनलोड और प्रिंट करना अपेक्षित है. **ङ)** अजा/अजजा/अपिव-एनसीएल/ईडब्ल्यूएस/ भूपूसै/एमएसपी/ पीडब्ल्यूडी/केंद्रीय सरकार के सिविलियन कर्मचारी/विधवाएं/तलाकशुदा महिलाएं/न्यायिक रूप से अपने पतियों से अलग हुई महिलाएं जिन्होंने पुनः विवाह नहीं किया है आदि के लिये लागू आरक्षण/छूट का लाभ लेने के इच्छुक उम्मीदवारों को यह अवश्य सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि वे लागू भारत सरकार के नियमों के अनुसार और संगत प्रमाणपत्र रखने पर ऐसे आरक्षण/छूट के हकदार हैं. **च)** परीक्षा के लिये प्रवेश पत्र सेप्टैम द्वारा डाक से नहीं भेजा जायेगा. **छ)** उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र पर पासपोर्ट आकार का एक हाल का रंगीन फोटोग्राफ, प्रवेश पत्र और वरीयतन समान फोटो वाला पहचान पत्र (मूल जैसा कि आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया है) लेकर आना चाहिये. **ज) टियर-I और टियर-II में परीक्षा की पद्धति सीबीटी होगी. झ)** सीबीटी में उम्मीदवारों द्वारा दिये गये उत्तरों के पुनः मूल्यांकन/पुनः जांच का कोई प्रावधान नहीं होगा. **ट)** सीबीटी प्रक्रिया से सुपरिचित होने के लिये उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट पर, वरीयतन परीक्षा से 02 सप्ताह पहले, उपलब्ध अभ्यास परीक्षा से गुजरें. **ठ)** उम्मीदवार परीक्षा केंद्रों पर जांच के लिये बायोमीट्रिक हाज़िरी और मेटल डिटेक्टर से गुजरेंगे. **ड)** परीक्षा हाल में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे कि मोबाइल फोन, ब्लूटूथ उपकरण, पैन ड्राइव, लैपटॉप, कैलकुलेटर्स आदि, कोई अन्य संचार उपकरण, कलाई घड़ी/फिटनेस बैंड, पैन/पैन्सिल, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, ओरनामेंट्स और ज्वैलरी/रिंग/ चेन/लॉकेट आदि तथा कोई अन्य निषेध वस्तुएं लेकर जाना सख्त मना है. **ढ)** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी सूचना और अद्यतनों के लिये केवल डीआरडीओ की आधिकारिक वेबसाइट **(www.drdo.gov.in)** देखें तथा फर्जी वेबसाइटों, समाचारों, संदेशों और रोज़गार के घोटालेबाज़ों से सावधान रहें. **ण)** उम्मीदवारों को उनके अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे मोबाइल फोन आदि सहित कोई भी निषेध वस्तु परीक्षा स्थल पर लेकर न आयें, इनके सुरक्षित रखने की किसी व्यवस्था का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता है. **प) सभी दस्तावेजों में उम्मीदवारों के हस्ताक्षर एक समान होने चाहिये और ये रनिंग हैंडराइटिंग में होने चाहिये तथा ब्लॉक/कैपिटल या अलग-अलग अक्षरों में नहीं होने चाहिये. टियर-I (सीबीटी), टियर-II (सीबीटी) और दस्तावेज सत्यापन आदि में भिन्न-2 स्टाइल या भाषा में हस्ताक्षर किये जाने से उम्मीदवारी निरस्त हो सकती है. फ)** उम्मीदवारों को नोट कर लेना चाहिये कि ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित विवरण को अंतिम माना जायेगा और किसी भी स्थिति में आवेदन प्रस्तुति के बाद परिवर्तन/बदलाव/सुधार की कोई अनुमति नहीं होगी/विचार नहीं किया जायेगा. **ब)** किसी भी प्रतिष्ठित व्यक्ति के नाम/चित्र के दुरूपयोग से जाली/बनावटी आवेदन/पंजीकरण के मामले में उम्मीदवार जिम्मेदार होगा और उस पर साइबर/आईटी अधिनियम के तहत उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है. **भ)** आवेदन-पत्र केवल ऑनलाइन पद्धति से स्वीकार किये जायेंगे. किसी अन्य पद्धति से आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी सीधे नामंजूर कर दी जायेगी. **म)** यदि किसी भी चरण में उम्मीदवार की अपात्रता का पता चलता है, बगैर पूर्व सूचना के उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी. **त)** उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि वे सभी पात्रता मानदंड पूरा करते हैं. यदि सत्यापन करने पर चयन प्रक्रिया के दौरान अथवा बाद में यह पता चलता कि वे पात्रता मानदंड पूरा नहीं करते हैं, उनकी उम्मीदवारी/ नियुक्ति बगैर कोई सूचना के निरस्त कर दी जायेगी और इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जायेगा. **थ)** यदि उम्मीदवार द्वारा उपलब्ध कराई गई कोई सूचना भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अथवा भर्ती/ज्वाइनिंग के बाद झूठी पाई गई अथवा इस विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड के अनुरूप नहीं होगी तो उम्मीदवारी को निरस्त किया जा सकता है. **द)** टियर-I (सीबीटी) और टियर- II (सीबीटी) परीक्षा में उपस्थित होने के लिये किसी भी उम्मीदवार को **कोई यात्रा भत्ता देय नहीं है.**

5.2 उम्मीदवारों को स्कोर्स और रैंकिंग का सार्वजनिक प्रकटन: कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा इसके का.ज्ञा. सं. 39020/1/2016-स्था. (ख) दिनांक 21.06.2016 के तहत जारी निर्देशों के अनुरूप परिणाम की घोषणा के उपरांत डीआरडीओ टियर-II (सीबीटी) परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों के स्कोर्स/रैंकिंग वेबसाइट पर रैंकिंग के घटते क्रम में प्रकाशित करेगा. तदनुसार उम्मीदवार के निम्नलिखित विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध कराये जायेंगे: **(i)** नाम **(ii)** पिता का नाम **(iii)** जन्म तिथि **(iv)** श्रेणी और उप श्रेणी **(v)** लिंग **(vi)** शैक्षणिक अर्हताएं **(vii)** अर्हक परीक्षा में कुल प्राप्तांक **(viii)** मैरिट में रैंक **(ix)** पत्राचार पता **(x)** ई-मेल. हालांकि आवेदन पत्र भरने के समय उम्मीदवार उक्त विवरणों के सार्वजनिक प्रकटन नहीं किये जाने का विकल्प दे सकता है.

5.3 कदाचार का दोषी पाये जाने वाले उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई: चयन प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन के किसी भी चरण में तथ्यों को गलत प्रस्तुति, तथ्यों को छिपाये जाने या झूठी प्रस्तुति के बारे में पता चलने पर बगैर कोई सूचना दिये उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा. उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित में से किसी में भी संलिप्त पाये जाने पर उम्मीदवारों की उम्मीदवारी भर्ती के किसी भी चरण में सीधे निरस्त कर दी जायेगी: **क)** परीक्षा केंद्रों के परिसरों में मोबाइल फोन और असेससरीज, ब्लूटूथ उपकरण और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, प्रयोग में है या स्विच ऑफ मोड में है, रखना. **ख)** परीक्षा हाल में गलत तरीके अपनाया जाना या अनुचित तरीकों का प्रयोग. **ग)** कृत्रिम दस्तावेज अथवा ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करना जिनमें कांटछांट की गई है. **घ)** गलत या झूठे विवरण देना या तथ्यात्मक सूचना छिपाया जाना **ङ)** छदमरूपण **च)** परीक्षा के लिये अपनी उम्मीदवारों के संबंध में कोई अन्य अनियमित या अनुचित तरीकों का सहारा लेना. **छ)** परीक्षा हाल में परीक्षकों, परीक्षा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों या डीआरडीओ प्रतिनिधियों के साथ किसी भी प्रकार से कदाचार/दुर्व्यवहार करना. **ज)** किसी भी प्रकार की सिफारिश या परीक्षा में व्यवधान डालना. **झ)** कोई फायर आर्म/शस्त्र, आपत्तिजनक मदें ले जाना. **ट)** दूरस्थ डेस्कटॉप सॉफ्टवेयर/एप्प/लैन/वैन आदि के जरिए परीक्षा टर्मिनल को साझा करना. **ठ)** परीक्षा सर्वर, डाटा और परीक्षा सिस्टम्स को परीक्षा से पहले, दौरान अथवा बाद में किसी भी समय हैक या मैनिपुलेट करने का प्रयास करना. **ड)** परीक्षा संबंधी अवसंरचना/उपकरणों को क्षति पहुंचाना.
टिप्पणी: दोषी उम्मीदवारों को स्थाई तौर पर अथवा एक विनिर्दिष्ट अवधि के लिये भविष्य की भर्तियों के लिये प्रतिबंधित किया जा सकता है. किसी भी प्रकार से सिफारिश किये जाने से अयोग्य ठहराया जा सकता है. इसके अलावा सेप्टैम के पास ऐसे उम्मीदवारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने का भी अधिकार सुरक्षित है. भर्ती के किसी भी चरण में किसी भी आधार पर जिसे संगठन उम्मीदवारी के निरस्तीकरण के लिये पर्याप्त कारण मानता है, उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है.

5.4 चेतावनी:- क) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे जालसाजी वाले भर्ती विज्ञापनों तथा डीआरडीओ के नाम/ लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले शरारती तत्वों के बहकावे में न आयें. किसी भी सूचना/अद्यतन आदि के लिये डीआरडीओ की आधिकारिक वेबसाइट **www.drdo.gov.in** है. **ख)** कृपया नोट कर लें कि सेप्टैम जहां कहीं लागू है 100/- रु. के आवेदन शुल्क को छोड़कर (आवेदन प्रस्तुति के साथ अपेक्षित) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भुगतान का अनुरोध नहीं करता है. यदि आप से अनुरोध के साथ कोई संपर्क किया जाता है तो ऐसे ई-मेल/फोन काल आदि का उत्तर न दें/उस पर कार्रवाई न करें और तत्काल हमारी ई-मेल अथवा हेल्पलाइन नंबर पर हमें सूचित करें.

5.5 अदालत का कार्याधिकार क्षेत्र: इस भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद केवल दिल्ली में कार्याधिकार रखने वाली अदालतों/अधिकरणों के विषयाधीन होगा.

5.6 संक्षिप्ताक्षर: श्रे.-श्रेणी, सीबीटी-कम्प्यूटर आधारित परीक्षा, सीपीसी-केंद्रीय वेतन आयोग, सीएसडी-कैंटीन स्टोर डिपार्टमेंट, ईक्यूआर-शैक्षणिक अर्हता अपेक्षा, भूपूसै-भूतपूर्व सैनिक, ईडब्ल्यूएस-आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, आईडी-फोटोयुक्त पहचान पत्र, एमएसपी-उत्कृष्ट खिलाड़ी, एनओसी-अनापत्ति प्रमाणपत्र, एनसीएल-गैर संपन्न वर्ग, अपिव-अन्य पिछड़ा वर्ग, पीएसयू-सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, पीडब्ल्यूडी-निःशक्त व्यक्ति, अजा-अनुसूचित जाति, अजजा-अनुसूचित जनजाति, अना-अनारक्षित.

हमसे संपर्क करें

निदेशक
कार्मिक प्रतिभा प्रबंध केंद्र (सेप्टैम)
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), रक्षा मंत्रालय
मेटकॉफ हाउस, सिविल लाइन्स
दिल्ली-110 054

हेल्पलाइन: 011-23882323, 23819217
ई-मेल: mtshelpdesk@detceptam.com
वेबसाइट: www.drdo.gov.in

दिल्ली पुलिस

सूचना

दिल्ली पुलिस में प्रधान सिपाही (सहायक वायरलैस ऑपरेटर/ टेली–प्रिंटर ऑपरेटर) के पद के लिए सीधी भर्ती परीक्षा, 2019

ऑनलाइन पंजीकरण खुलने की तिथि: 28.12.2019

ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि: 27.01.2020

कम्प्यूटर आधारित परीक्षा: बाद में अधिसूचित की जाएगी।

आधिकारिक वेबसाइट: www.delhipolice.nic.in

दिल्ली पुलिस में वेतन मैट्रिक्स लेवल–4 में (₹ 25500–81100) तथा समय–समय पर केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों को देय और लागू भत्तों के साथ अस्थाई प्रधान सिपाही (सहायक वायरलैस ऑपरेटर/ टेली–प्रिंटर ऑपरेटर) (समूह 'ग') पद के लिए निम्नलिखित रिक्तियां भरने हेतु पुरुष और महिला भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। वे दिल्ली पुलिस अधिनियम और बल के अन्य सदस्यों के लिये लागू केंद्रीय सिविल सेवाएं नियम तथा समय–समय पर लागू अन्य अधिनियमों एवं नियमों द्वारा शासित होंगे। नियुक्ति होने पर वे 01.01.2004 से केंद्रीय सरकार की सेवाओं में आने वाले नए व्यक्तियों के लिए लागू "नई पुनर्गठित परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना" के अनुसार पेंशन के हकदार होंगे:–

पद का नाम			रिक्तियों की संख्या*						वेतन मैट्रिक्स लेवल
			सामा./ अना.	ईडब्ल्यूएस	अ.पि.व.	अ.जा.	अ.ज.जा.	कुल	
प्रधान सिपाही (एडब्ल्यूओ/ टीपीओ)	पुरुष	ओपन	134	40	93	76	49	392	वेतन मैट्रिक्स लेवल–4 (₹25500–81100)
		विभागीय	15	04	10	08	06	43	
	महिला	ओपन	67	19	45	38	24	193	
		विभागीय	07	02	05	04	03	21	
		कुल	223	65	153	126	82	649	

*रिक्तियों की संख्या निर्देशात्मक है जिसमें अंतिम परिणाम की घोषणा से पहले किसी भी समय परिवर्तन किया जा सकता है।

टिप्पणी:

I. भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों (भू.पू.सै.) के लिए 10% रिक्तियां आरक्षित हैं। केन्द्रीय अर्द्ध–सैनिक बलों के कार्मिक भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अधीन आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

II. प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर हैं: अना.–अनारक्षित, ईडब्ल्यूएस–आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग, अ.पि.व.–अन्य पिछड़ा वर्ग, अ.जा.–अनुसूचित जाति और अ.ज.जा.–अनुसूचित जनजाति।

2. **पद का वेतन:**

7वें केंद्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स के वेतन मैट्रिक्स लेवल–4 (₹25500–81100)।

3. **आवेदन कैसे करें:** आवेदन–पत्र केवल ऑनलाइन पद्धति में दिल्ली पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट **https://delhipolice.nic.in** पर प्रस्तुत किए जाने चाहिए। दिल्ली पुलिस ने ऑनलाइन आवेदन के लिए एक सरलीकृत प्रारूप तैयार किया है। उम्मीदवारों को वेबसाइट पर उपलब्ध 'आवेदन कैसे करें' अनुदेशों को अवश्य पढ़ना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा (नेटबैंकिंग और क्रेडिट/डेबिट कार्ड एवं यूपीआई के जरिये शुल्क के भुगतान सहित) **28.12.2019** से **27.01.2020** (सायं 5:00 बजे) तक उपलब्ध होगी। हालांकि, जो उम्मीदवार एसबीआई के चालान के जरिए भुगतान करने के इच्छुक हैं, वे **28.01.2020** तक बैंक के कार्य घण्टों के दौरान एसबीआई की नामित शाखाओं में भुगतान कर सकते हैं बशर्ते कि उनके द्वारा चालान **27.01.2020** को सायं 5:00 बजे से पूर्व सृजित कर लिया गया होना चाहिए।

टिप्पणी:

I. उम्मीदवार भर्ती हेतु अपने दावे के समर्थन में सभी दस्तावेजों की स्पष्ट स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करेंगे।

II. उम्मीदवारों को अपने ऑनलाइन आवेदन फार्म या कोई अन्य दस्तावेज की मुद्रित/छाया प्रतियां भेजना अपेक्षित नहीं है। हालांकि वे अपने रिकार्ड के लिए अपने ऑनलाइन आवेदन फार्म की छाया प्रति रख सकते हैं।

4. **आवेदन शुल्क और भुगतान की पद्धति: (i) देय शुल्क:** केवल एक सौ रुपये (₹100) एसबीआई चालान, नेटबैंकिंग के जरिये भुगतान योग्य और कोई भी क्रेडिट/डेबिट कार्ड और यूपीआई से स्वीकार किये जायेंगे। (ii) सभी महिला उम्मीदवारों और अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और आरक्षण के लिए पात्र भूतपूर्व सैनिकों को जाति प्रमाणपत्र/डिस्चार्ज बुक अथवा अनापत्ति प्रमाणपत्र की अपलोडिंग के पश्चात् शुल्क के भुगतान से छूट है। (iii) निर्धारित शुल्क के बगैर प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा और सीधे नामंजूर कर दिया जायेगा। ऐसी अस्वीकृति के विरूद्ध किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

टिप्पणी:

I. शुल्क का एक बार भुगतान कर दिए जाने पर किसी भी स्थिति में इसे लौटाया नहीं जायेगा और न ही किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए समायोजित किया जायेगा।

II. जिन उम्मीदवारों को शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त नहीं है, उन्हें यह अवश्य सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि उनका शुल्क दिल्ली पुलिस के पास जमा हो गया है। शुल्क जमा करने के लिए अंतिम तिथि तक शुल्क की अप्राप्ति के कारण अपूर्ण रह गए आवेदन सीधे नामंजूर कर दिये जाएंगे और ऐसे आवेदनों पर विचार करने और परीक्षा की सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि के बाद शुल्क का भुगतान करने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. सभी परीक्षण/परीक्षाएं दिल्ली में आयोजित की जाएंगी जिसके लिए देश के सभी भागों से निम्नलिखित शर्तें पूरी करने वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं:–

(i) आयु सीमा:

पद के लिए आयु सीमा 01.07.2019 को 18–27 वर्ष (अना./ईडब्ल्यूएस) है (अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 02.07.1992 से पहले और 01.07.2001 के बाद का नहीं होना चाहिए)। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में स्वीकृत/अनुमतेय छूट निम्नानुसार है:–

श्रेणी/वर्ग	आयु सीमा में अनुमतेय छूट
अ.जा/अ.ज.जा.	5 वर्ष
अ.पि.व.	3 वर्ष
खिलाड़ी/महिला खिलाड़ी (अना./ईडब्ल्यूएस/अ.पि.व.)	32 वर्ष की आयु तक
खिलाड़ी/महिला खिलाड़ी (अ.जा./अ.ज.जा.)	37 वर्ष की आयु तक
विधवाएं/तलाकशुदा महिलाएं/न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं तथा जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है (अना./ईडब्ल्यूएस)	35 वर्ष की आयु तक
विधवाएं/तलाकशुदा महिलाएं/न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं तथा जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है (अ.पि.व.)	38 वर्ष की आयु तक
विधवाएं/तलाकशुदा महिलाएं/न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं तथा जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है (अ.जा./अ.ज.जा.)	40 वर्ष की आयु तक
विभागीय उम्मीदवार (अना. एवं ईडब्ल्यूएस), जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को दिल्ली पुलिस में कम से कम तीन वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा की हो	40 वर्ष की आयु तक
विभागीय उम्मीदवार (अ.पि.व.), जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को दिल्ली पुलिस में कम से कम तीन वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा की हो	43 वर्ष की आयु तक
विभागीय उम्मीदवार (अ.जा./अ.ज.जा.), जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को दिल्ली पुलिस में कम से कम तीन वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा की हो	45 वर्ष की आयु तक
भूतपूर्व सैनिक (भू.पू.सै.) (अना./ईडब्ल्यूएस)	ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को वास्तविक आयु से सैन्य सेवा घटाए जाने के बाद 03 वर्ष
भूतपूर्व सैनिक (भू.पू.सै.) (अ.पि.व.)	ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को वास्तविक आयु से सैन्य सेवा घटाए जाने के बाद 06 वर्ष (03 वर्ष+03 वर्ष)
भूतपूर्व सैनिक (भू.पू.सै.) (अ.जा./अ.ज.जा.)	ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को वास्तविक आयु से सैन्य सेवा घटाये जाने के बाद 08 वर्ष (03 वर्ष+05 वर्ष)

(ii) शैक्षणिक योग्यता: मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 (वरिष्ठ माध्यमिक) विज्ञान एवं गणित विषयों के साथ उत्तीर्ण।

अथवा

मैकेनिक–कम–ऑपरेटर इलेक्ट्रॉनिक कम्यूनिकेशन सिस्टम के ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाण–पत्र (एनटीसी)

टिप्पणी:– उम्मीदवार, जिन्होंने आवेदन फार्म भरने के समय शैक्षणिक योग्यता अर्जित नहीं की है, पात्र नहीं होंगे और उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

(iii) व्यावसायिक अपेक्षा:

- अंग्रेज़ी वर्ड प्रोसेसिंग गति–15 मिनटों में 1000 की–डिप्रेशन्स।
- कम्प्यूटर कार्यों का बुनियादी ज्ञान:–पीसी की ओपनिंग/क्लोजिंग, प्रिंटिंग एमएस ऑफिस का प्रयोग, टंकित पाठ में सेविंग और सुधार करना, पैराग्राफ सेटिंग एवं नंबरिंग आदि

(iv) शारीरिक क्षमता परीक्षा (अर्हक):

(क) पुरुष उम्मीदवार:

भूतपूर्व सैनिकों और विभागीय उम्मीदवारों सहित उम्मीदवारों के लिए (आयु–वार) निम्नानुसार होगी:–

आयु	1600 मीटर दौड़	लंबी कूद	ऊंची कूद
30 वर्ष तक	07 मिनट	12½ फुट (12'6")	3½ फुट (3'6")
30 वर्ष से ऊपर 40 वर्ष तक	08 मिनट	11½ फुट (11'6")	3¼ फुट (3'3")
40 वर्ष से ऊपर	09 मिनट	10½ फुट (10'6")	3 फुट

(ख) महिला उम्मीदवार:

विभागीय उम्मीदवारों और विधवा/तलाकशुदा/न्यायिक तौर पर अलग हुई महिला उम्मीदवारों सहित उम्मीदवारों के लिए (आयु–वार) निम्नानुसार होगी:–

आयु	800 मीटर दौड़	लंबी कूद	ऊंची कूद
30 वर्ष तक	05 मिनट	9 फुट	3 फुट
30 वर्ष से ऊपर 40 वर्ष तक	06 मिनट	8 फुट	2½ फुट (2'6")
40 वर्ष से ऊपर	07 मिनट	7 फुट	2¼ फुट (2'3")

(v) शारीरिक मापदंड:

(क) पुरुष उम्मीदवार:

(i) ऊंचाई	170 सें.मी., निम्नलिखित के लिये 5 सें.मी. की छूट:– (i) पर्वतीय क्षेत्रों के निवासी अर्थात् गढ़वाली, कुमाऊंनी, गोरखा, डोगरा, मराठा और सिक्किम, नागालैंड, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, मिज़ोरम, मेघालय, असम, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर के कश्मीर क्षेत्र और लद्दाख राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश के निवासी (इस छूट का दावा करने वाले उम्मीदवारों के लिए शारीरिक मापतौल परीक्षा के समय अपने निवास स्थान के सक्षम प्राधिकारी अर्थात् डीसी/डीएम/एसडीएम या तहसीलदार से इस संबंध में प्रमाणपत्र (पर्वतीय क्षेत्र प्रमाणपत्र) प्रस्तुत करना होगा। (ii) सेवारत, सेवानिवृत्त या दिल्ली पुलिस के मृत कार्मिकों/दिल्ली पुलिस के मल्टी–टास्किंग स्टाफ के पुत्र।
(ii) सीना	81 सें.मी. – 85 सें.मी. (साथ में न्यूनतम 4 सें.मी. विस्तार), निम्नलिखित के लिए 5 सें.मी. की छूट:– (i) पर्वतीय क्षेत्रों के निवासी, जिनके लिए उपरोक्त अनुसार प्रमाणपत्र (पर्वतीय क्षेत्र प्रमाणपत्र) प्रस्तुत करना होगा। (ii) सेवारत, सेवानिवृत्त या दिल्ली पुलिस के मृत कार्मिकों/दिल्ली पुलिस के मल्टी–टास्किंग स्टाफ के पुत्र।
टिप्पणी: सभी उम्मीदवारों के लिए सीने का न्यूनतम विस्तार 4 सें.मी. होगा, अन्यथा वे अयोग्य हो जायेंगे।	

(ख) महिला उम्मीदवार:

ऊंचाई	157 सें.मी., निम्नलिखित के लिए 5 सें.मी. की छूट:– (i) पर्वतीय क्षेत्रों के निवासी अर्थात् गढ़वाली, कुमाऊंनी, गोरखा, डोगरा, मराठा और सिक्किम, नागालैंड, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, मिज़ोरम, मेघालय, असम, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर के कश्मीर क्षेत्र और लद्दाख राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश के निवासी (इस छूट का दावा करने वाले उम्मीदवारों के लिए शारीरिक मापतौल परीक्षा के समय अपने निवास स्थान के सक्षम प्राधिकारी अर्थात् डीसी/डीएम/एसडीएम या तहसीलदार से इस संबंध में प्रमाणपत्र (पर्वतीय क्षेत्र प्रमाणपत्र) प्रस्तुत करना होगा। (ii) सेवारत, सेवानिवृत्त या दिल्ली पुलिस के मृत कार्मिकों/दिल्ली पुलिस के मल्टी–टास्किंग स्टाफ की पुत्रियाँ।

टिप्पणी:

I. दौड़ में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवार लंबी कूद और ऊंची कूद में उपस्थित होने के लिये पात्र होंगे। लंबी कूद और ऊंची कूद को तीन अवसरों में से किसी एक में उत्तीर्ण करना होगा, जो कि प्रत्येक स्पर्द्धा के लिए दिए जायेंगे। दौड़, लंबी कूद और ऊंची कूद में अयोग्यता के विरुद्ध कोई अपील नहीं होगी।

II. महिला उम्मीदवार, जो गर्भवती हैं, उन्हें शारीरिक क्षमता परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उनकी शारीरिक क्षमता परीक्षा "प्रसव की अवधि" के बाद आयोजित की जाएगी और तब तक ऐसे मामलों के परिणाम मुहरबंद लिफाफे में रखे जाएंगे।

III. ऊंचाई/सीना (पुरुष) और ऊंचाई (महिला) में छूट केवल उन दिल्ली पुलिस कार्मिकों/ मल्टी टास्किंग स्टाफ के पुत्रों/पुत्रियों को प्रदान की जायेगी, जिन्हें दंडात्मक कार्रवाई के जरिए बर्खास्तगी/सेवा से हटाए जाने/सेवा समाप्ति या अनिवार्य सेवानिवृत्ति के जरिए दंडित नहीं किया गया है। पर्वतीय क्षेत्र श्रेणी से संबंधित दिल्ली पुलिस के कार्मिकों/मल्टी टास्किंग स्टाफ के बच्चे दोहरी छूट प्राप्त करने के हकदार नहीं होंगे। वे या तो अपनी स्वयं की श्रेणी में अथवा दिल्ली पुलिस कार्मिक/दिल्ली पुलिस के मल्टी टास्किंग स्टाफ के बच्चों के तौर पर छूट प्राप्त कर सकते हैं।

(vi) चिकित्सा मापदंड:

(क) उम्मीदवारों का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए और वे किसी दोष, विकृति या बीमारी से मुक्त होने चाहिये।

(ख) बेहतर आंख 6/6 बगैर चश्में। खराब आंख 6/36 चश्मे से सुधार के साथ 6/9 या 6/12 बगैर चश्मे (दोनों आंखें)। उम्मीदवार रंगांधता से मुक्त होने चाहिए।

6. चेतावनी:

(i) आवेदन पत्र में झूठी सूचना देना अथवा तथ्यात्मक जानकारी छिपाना पद के लिए अयोग्यता मानी जायेगी।

(ii) किसी भी दस्तावेज अर्थात् शैक्षणिक प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, खेल प्रमाणपत्र आदि की जालसाजी/धोखाधड़ी के मामले का किसी भी चरण में पता चलने पर उम्मीदवारी निरस्त किए जाने के अलावा कानून के अनुसार उम्मीदवार के विरूद्ध आपराधिक मामला भी दर्ज किया जाएगा।

7. सामान्य अनुदेश:

(i) पद के लिए यथा निर्धारित कम्प्यूटर आधारित परीक्षा, शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाएं (पीईएंडएमटी), ट्रेड परीक्षा, कम्प्यूटर संचालन में दक्षता की परीक्षा और चिकित्सा जांच आदि सहित समूची भर्ती प्रक्रिया केवल दिल्ली में आयोजित की जायेगी।

(ii) **आवेदन शुल्क:** सामान्य (अना.)/अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित पुरुष उम्मीदवार जो इस पद की भर्ती के लिए आवेदन कर रहे हैं उन्हें **www.delhipolice.nic.in** पर ऑनलाइन भुगतान गेटवे प्रणाली के जरिए आवेदन शुल्क के तौर पर ₹100/– (केवल एक सौ रुपये) का भुगतान करना होगा। महिला उम्मीदवारों और अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों, और भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र/डिस्चार्ज बुक या अनापत्ति प्रमाणपत्र की अपलोडिंग के उपरांत आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट है। शुल्क का एक बार भुगतान कर दिये जाने पर किसी भी स्थिति में इसे लौटाया नहीं जायेगा और उपरोक्त के अलावा किसी अन्य पद्धति से भुगतान किया गया शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा ऐसे उम्मीदवारों के आवेदन–पत्र सीधे नामंजूर कर दिए जायेंगे तथा किए गए भुगतान को जब्त कर लिया जाएगा।

(iii) **जन्म तिथि:** उम्मीदवारों को ज्ञात हो कि केवल मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र में दर्ज जन्म तिथि आयु के निर्धारण के लिए स्वीकार की जायेगी तथा बाद में किसी प्रकार के परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

(iv) **अ.पि.व. श्रेणी:** अ.पि.व. श्रेणी के अधीन लाभों का दावा कर रहे उम्मीदवार केंद्रीय सूची में अधिसूचित जातियों के अनुरूप होंगे। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (रा.रा.क्षे.दि.स.) द्वारा जारी अ.पि.व. प्रमाणपत्र, जो अ.पि.व. की केंद्रीय सूची में शामिल नहीं है, को भी आरक्षण और आयु में छूट के उद्देश्यों के लिए स्वीकार किया जायेगा। प्रमाणपत्र इस उद्देश्य के लिए अधिकृत सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित प्रपत्र में जारी किया गया होना चाहिए। पर्याप्त सबूत के तौर पर कोई अन्य प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। **अ.पि.व. में आरक्षण के आधार पर नियुक्ति चाहने वाले व्यक्ति को यह अवश्य सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह जाति/समुदाय प्रमाणपत्र रखता है और संपन्न वर्ग के अंतर्गत नहीं आता है।**

(v) उम्मीदवार जो कि आरक्षित रिक्तियों के तहत विचार किये जाने/या आयु में छूट लेने के इच्छुक हैं उन्हें **शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाएं (पीईएंडएमटी)/दस्तावेज सत्यापन के समय निर्धारित प्रपत्र** में सक्षम प्राधिकारी से **अपेक्षित प्रमाणपत्र अवश्य प्रस्तुत** करना चाहिये। अन्यथा, अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस/भू.पू.सै./विधवा/तलाकशुदा महिला/न्यायिक रूप से अलग हुई महिला/खिलाड़ी के दर्जे के उनके दावे पर विचार नहीं किया जायेगा और उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी। **प्रमाणपत्रों के प्रपत्र इस सूचना के साथ दिये गये हैं।** किसी अन्य प्रारूप में प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

(vi) उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि यदि उन्होंने धोखाधड़ी से अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, भूतपूर्व सैनिक, खिलाड़ी अथवा विधवा/ तलाकशुदा महिला/न्यायिक रूप से अलग हुई महिला उम्मीदवार होने का दावा किया हो तो उन्हें दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित परीक्षा से स्थाई तौर पर प्रतिबंधित कर दिया जायेगा।

(vii) सरकारी/अर्द्ध–सरकारी विभाग में कार्यरत उम्मीदवार अपने कार्यालय/विभाग के विभागाध्यक्ष को सूचना देने के उपरांत आवेदन कर सकते हैं। दस्तावेजों की जांच के समय उन्हें अपने विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) देना होगा।

(viii) **बायोमीट्रिक:** उम्मीदवारों के बायोमीट्रिक सूचना लिए जाने सहित उन्हें भर्ती तथा नियुक्ति के सभी चरणों में पहचान की सत्यापन प्रक्रिया से होकर गुजरना होगा।

(ix) **पुरुष खिलाड़ियों/महिला खिलाड़ियों के लिए आयु में छूट:** बिंदु सं. 5(i) पर यथा वर्णित आयु में छूट उन पुरुष खिलाड़ियों/महिला खिलाड़ियों को प्रदान की जायेगी, जिन्होंने रिक्तियों के विज्ञापन की तिथि से पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर राज्य अथवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व किया है। खेलों के क्षेत्र जिनमें छूट उपलब्ध है, नीचे उल्लेख किया गया है। खेल प्रमाणपत्रों के प्रारूप सूचना के साथ संलग्न हैं। केवल वही खेल प्रमाणपत्र स्वीकार किए जायेंगे जिन पर राज्य/ राष्ट्रीय खेल परिसंघ के सचिव द्वारा विधिवत सत्यापित उम्मीदवार का फोटोग्राफ लगा होगा।

खेल/स्पर्द्धाओं की सूची, जिनके लिए आयु सीमा में छूट है:

तीरंदाजी	साइकलिंग	कबड्डी (सर्कल/बीच)	टेनिस
एथलैटिक्स	इक्वेस्ट्रियन	कराटे	ट्रायथलॉन
बैडमिंटन	फुटबाल	खो–खो	वॉलीबाल
बास्केटबाल	जिम्नास्टिक्स	तैराकी	कुश्ती
मुक्केबाज़ी	हॉकी	शूटिंग	भारात्तोलन
क्रिकेट	जुडो	टेबल टेनिस	

(x) भूतपूर्व सैनिक (भू.पू.सै.) की परिभाषा:

भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेन्शन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के का.ज्ञा. सं. 36034/5/85–स्था.(एससीटी) दिनांक 14.04.1987 में यथा परिभाषित भूतपूर्व सैनिक (भू.पू.सै.) की परिभाषा निम्नानुसार है:–

"एक भूतपूर्व सैनिक से आशय ऐसे व्यक्ति से है, जिसने भारतीय संघ की नियमित सेना, नौसेना और वायु सेना में युद्धक अथवा गैर युद्धक के तौर पर किसी भी रैंक में सेवा की है और

i) जो ऐसी सेवा से अपनी पेंशन अर्जित करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुआ है, **अथवा**

ii) जिसकी सेवा विमुक्त पुस्तिका (डिस्चार्ज बुक) में भूतपूर्व सैनिक पृष्ठांकित किया गया है, **अथवा**

iii) जिसे सैन्य सेवा में बाधक अथवा उसके नियंत्रण से बाहर की स्थितियों के कारण ऐसी सेवा से चिकित्सा आधार पर कार्यमुक्त किया गया है और चिकित्सा या अन्य निःशक्तता पेन्शन प्रदान की गई है, **अथवा**

iv) जिसे उसके अपने अनुरोध के अलावा स्थापना में कटौती के परिणामस्वरूप ऐसी सेवा से कार्यमुक्त किया गया है, **अथवा**

v) जिसे ऐसी सेवा से नियुक्ति की विनिर्दिष्ट अवधि को पूरा करने के बाद उसके अपने अनुरोध पर अथवा कदाचार या अदक्षता के कारण बर्खास्त या डिस्चार्ज/कार्यमुक्त न किया गया हो, और जिसे सेवा उपदान (ग्रेच्युटी) दिया गया हो, तथा इसमें निम्नलिखित श्रेणियों के प्रादेशिक सेना के कार्मिक शामिल हैं, नामतः :–

क) निरंतर मूर्त सेवा वाले पेंशन धारी

ख) सैन्य सेवा के कारण अशक्त व्यक्ति, और

ग) वीरता पुरस्कार विजेता"

तथापि 15.11.86 से प्रादेशिक सेना कार्मिकों को भूतपूर्व सैनिक के तौर पर माना जायेगा।

भूतपूर्व सैनिक जिन्हें केंद्रीय राजस्व से भुगतान किया जाता है, यदि उनके डिस्चार्ज प्रमाणपत्र में पूर्व की सेवा को अच्छा या उच्चतर वर्गीकरण/ग्रेडिंग के तौर पर दर्शाया जाता है, नियुक्ति प्राधिकारी के विवेक पर प्रधान सिपाही (सहायक वायरलैस ऑपरेटर/ टेली–प्रिंटर ऑपरेटर) के तौर पर पुनः भर्ती किये जाने के पात्र हैं, बशर्ते कि वे खुली प्रतियोगिता से प्रधान सिपाही (सहायक वायरलैस ऑपरेटर/टेली–प्रिंटर ऑपरेटर) के लिए शैक्षणिक मानदंडों की पूर्ति करते हैं और आवश्यक स्थायी आदेश जारी करते हुए समय–समय पर पुलिस आयुक्त द्वारा निर्धारित क्षमता/दक्षता परीक्षणों में अर्हता प्राप्त कर लेते हैं। तथा वे रंगरूटों के लिये निर्धारित मानदंडों के अनुरूप पुलिस सेवा के लिए चिकित्सा की दृष्टि से योग्य हैं।

टिप्पणी:

I. भूतपूर्व सैनिक जो पहले ही अपने पुनः रोज़गार के लिए भूतपूर्व सैनिक को दिए गए आरक्षण के लाभ लेकर नियमित आधार पर समूह 'ग' एवं 'घ' पदों में केंद्रीय सरकार के अधीन (राज्य सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त संस्थाओं/सांविधिक संस्थाओं/राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि सहित) रोज़गार प्राप्त कर चुके हैं, शुल्क में छूट अथवा भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अधीन आरक्षण के लाभ का दावा करने के लिये पात्र नहीं हैं। यद्यपि वे केवल आयु में छूट के लिए पात्र हैं।

II. सशस्त्र बलों में भूतपूर्व सैनिक के तौर पर "कॉल अप सर्विस" की अवधि को भी आयु में छूट के उद्देश्य के लिये सशस्त्र बलों में की गई सेवा माना जायेगा।

III. संघ के तीन सशस्त्र बलों के किसी भी भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षण के लाभ को प्राप्त करने के उद्देश्य से भूतपूर्व सैनिक के तौर पर समझे जाने के लिये, उसने पहले ही पद/सेवा के लिये अपना आवेदन प्रस्तुत करने के संगत समय पर भूतपूर्व सैनिक का दर्जा प्राप्त कर लिया होना चाहिए और/अथवा सक्षम प्राधिकारी से दस्तावेजी सबूत से अपनी अपेक्षित पात्रता स्थापित करने की स्थिति में होना चाहिए कि यह आवेदन पत्र की बंद होने की तिथि से एक वर्ष की निर्धारित अवधि के भीतर सशस्त्र बलों से नियुक्ति की विनिर्दिष्ट अवधि पूरी कर लेगा।

व्याख्या:

संघ के सशस्त्र बलों में सेवारत व्यक्ति, जो कि सेवा से निवृत्ति पर, 'भूतपूर्व सैनिक' की श्रेणी के अंतर्गत आ जायंगे को नियुक्ति की विनिर्दिष्ट अवधि से एक वर्ष पहले पुनः रोज़गार के लिये आवेदन करने और भूतपूर्व सैनिक के तौर पर उपलब्ध सभी रियायतें लेने की अनुमति दी जा सकती है परंतु उन्हें तब तक वर्दी छोड़ने की अनुमति नहीं दी जायेगी जब तक कि वे संघ के सशस्त्र बलों में नियुक्ति की विनिर्दिष्ट अवधि को पूरा नहीं कर लेते।

ऐसे सभी उम्मीदवारों को जो कि सशस्त्र बलों में सेवारत हैं और भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करने के इच्छुक हैं, विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा जिसमें साफ तौर पर उनकी सशस्त्र बलों से डिस्चार्ज होने की तिथि का उल्लेख किया गया हो। डिस्चार्ज होने की तिथि/सशस्त्र बलों में नियुक्ति की विनिर्दिष्ट अवधि पूरी होने की तिथि आवेदन पत्र के बंद होने की तिथि से एक वर्ष के भीतर होनी चाहिये। अनापत्ति प्रमाणपत्र, जिसमें सशस्त्र बलों से डिस्चार्ज की तिथि का कोई उल्लेख नहीं होगा; उस पर विचार नहीं किया जायेगा और उनके आवेदनों को बगैर कोई कारण बताए नामंजूर कर दिया जायेगा।

8. भर्ती की पद्धति:

चयन प्रक्रिया में नीचे क्रमानुसार दी गई अनिवार्य परीक्षाएं शामिल होंगी:–

टेस्ट/परीक्षाएं	अधिकतम अंक/अर्हक
(i) कम्प्यूटर आधारित परीक्षा	100 अंक
(ii) शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाएं (पीईएंडएमटी)	अर्हक (क्वालीफाइंग)
(iii) ट्रेड परीक्षा (पठन और श्रुतलेख)	अर्हक (क्वालीफाइंग)
(iv) कम्प्यूटर संचालन में दक्षता की परीक्षा:– • अंग्रेज़ी वर्ड प्रोसेसिंग गति का टेस्ट–15 मिनटों में 1000 की–डिप्रेशन्स। • कम्प्यूटर कार्यों का बुनियादी ज्ञान:–पीसी की ओपनिंग/क्लोज़िंग, प्रिंटिंग एमएस ऑफिस का प्रयोग, टंकित पाठ में सैविंग और सुधार करना, पैराग्राफ सेटिंग एवं नंबरिंग आदि	अर्हक (क्वालीफाइंग)
अंतिम परिणाम	**100 अंक**

9. कम्प्यूटर आधारित परीक्षा–वस्तुनिष्ठ प्रकार:

सभी उम्मीदवारों को निम्नलिखित विषयों पर कम्प्यूटर आधारित परीक्षा से गुजरना होगा। गलत उत्तर के लिए कोई नकारात्मक अंक 'नहीं' होंगे। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र केवल हिंदी और अंग्रेजी में होंगे।

विषय		प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	समय अवधि (सभी पांचों भागों के लिए
भाग–क	सामान्य जागरूकता	20	20	90 मिनट
भाग–ख	सामान्य विज्ञान	25	25	
भाग–ग	गणित	25	25	
भाग–घ	रिजनिंग	20	20	
भाग–ड़	कम्प्यूटर मौलिक ज्ञान, एमएस एक्सल, एमएस वर्ड, कम्यूनिकेशन, इंटरनेट, www और वेब ब्राउजर्स आदि	10	10	
	कुल	100	100	

कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के लिए निर्देशित पाठ्यक्रमः

(क) सामान्य जागरूकताः प्रश्नों को उम्मीदवार के उसके आसपास के वातावरण के बारे में सामान्य जागरूकता और समाज पर इसके अनुप्रयोग की जांच के लिये तैयार किया जाता है। प्रश्नों को उसके ताज़ा घटनाक्रमों तथा रोज़मर्रा अवलोकित होने वाले मामलों की जानकारी और वैज्ञानिक पहलु में उनके अनुभव की जांच करने के लिए भी तैयार किया जाता है जैसा कि एक शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है। परीक्षा में भारत और इसके पड़ोसी देशों से संबंधित प्रश्न, विशेषकर इतिहास, संस्कृति, भूगोल, भारतीय अर्थव्यवस्था, सामान्य राजनीति, भारतीय संविधान, वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़े प्रश्नों को भी शामिल किया जायेगा। ये प्रश्न कुछ इस तरह के होंगे कि इनके लिए किसी विषयक्षेत्र के विशेष अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं होती।

(ख) सामान्य विज्ञानः

भौतिकीः थर्मोडायनामिक्स, यांत्रिकी, न्यूटन के गति के नियम, गुरुत्वाकर्षण, गति, दबाव, माप की इकाइयां, ध्वनि, ताप और तापमान, इलेक्ट्रॉनिक्स, चुंबकत्व, ओहम के नियम, संख्या प्रणाली, फाइबर ऑप्टिक्स, संचार की विधा आदि जैसे विषयों की मूल अवधारणाओं की समझ

कैमिस्ट्रीः रोज़मर्रा के जीवन की कैमिस्ट्री, आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले रसायन, महत्वपूर्ण उत्प्रेरक, प्रतिक्रियाएं, रसायनों के व्यावसायिक अनुप्रयोग, रासायनिक और भौतिक परिवर्तन, परिभाषा आधारित प्रश्न, अमल (गंधक का अमल, हाइड्रोक्लोराइड), परमाणु संख्या, तत्व और उनके प्रतीक तथा इलेक्ट्रो रसायन आदि

(ग) गणितः संख्या प्रणाली, अनुपात और समानुपात, प्रतिशत, औसत, साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज, लाभ, हानि और छूट, समय, दूरी और कार्य, बीजगणित (समीकरण, सर्वेक्षण, संकेत, रेखांकन), ज्यामिति, मेन्सुरेशन, त्रिकोणमिति, डेटा व्याख्या, अनुक्रम और अनुक्रम शृंखला, क्रम परिवर्तन और संयोजन तथा सरलीकरण

(घ) रिजनिंगः गैर मौखिक रिजनिंग (आंकड़े), सादृश्य, अल्फान्यूमेरिक शृंखला, अंक शृंखला, महत्वपूर्ण सोचविचार, कोडिंग और डी–कोडिंग, लॉजिकल रीजनिंग, इनपुट–आउटपुट, रक्त संबंध, सिलियोलिज़्म, टेबल, डायरेक्शन/रैंकिंग टेस्ट, वेन डायग्राम्स, सीटिंग अरेंजमेंट, कोडेड असमानताएं और डेटा पर्याप्तता

(ङ) कम्प्यूटर की मूलभूत बातें, एमएस एक्सल, एमएस वर्ड, कम्यूनिकेशन, इंटरनेट, www और वेब ब्राउजर्स आदिः

इस पेपर में निम्नलिखित पर प्रश्नों को शामिल किया जायेगाः

1. एलिमेंट्स ऑफ वर्ड प्रोसेसिंग (वर्ड प्रोसेसिंग बेसिक्स, डॉक्यूमेंट्स खोलना और बंद करना, टेक्स्ट क्रिएशन, टेक्स्ट की फॉर्मेटिंग और इसकी प्रस्तुतिकरण विशेषताएं)।
2. एमएस एक्सल (एलिमेंट्स ऑफ स्प्रैड शीट, सैल्स की एडिटिंग, फंक्शन और फार्मूला)
3. कम्यूनिकेशन (ई–मेल की बेसिक्स, ई–मेल भेजना/प्राप्त करना और इसके संबद्ध संकार्य)
4. इंटरनेट, www और वेब ब्राजर्स (इंटरनेट, इंटरनेट पर सेवाएं, यूआरएल, एचटीटीपी, एफटीपी, वेबसाइटें, ब्लॉग्स, वेब ब्राउजिंग सॉफ्टवेयर, सर्च इंजिन्स, चैट, वीडियो कान्फ्रेंसिंग, ई–बैंकिंग) आदि।

10. कम्प्यूटर आधारित परीक्षा की संभावित उत्तर कुंजी डिस्पले/अपलोड करनाः

कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के आयोजन के बाद, परीक्षा के लिए उत्तर कुंजी दिल्ली पुलिस की वेबसाइट **www.delhipolice.nic.in** पर डिस्पले/अपलोड की जायेंगी। जो उम्मीदवार कैण्चरड रिस्पॉन्स से संतुष्ट नहीं हैं, चुनौती दिए गए प्रत्येक प्रश्न/उत्तर के समर्थन में ₹100/– शुल्क के साथ सबूत/दस्तावेजों/समाधान के साथ आवेदन/अभ्यावेदन दायर करते हुए उत्तर कुंजी की अपलोडिंग के 15 दिनों के भीतर चुनौती दे सकते हैं। अभ्यावेदन और शुल्क स्वीकार करने के लिये ऑनलाइन लिंक उपलब्ध कराया जायेगा। हालांकि चुनौतियों पर पुलिस आयुक्त, दिल्ली का निर्णय अंतिम होगा और बाद में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा। निर्धारित अवधि के बाद किसी भी स्थिति में किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

11. शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाओं (पीईएंडएमटी) में उपस्थित होने के लिए कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के परिणाम की घोषणाः

प्रत्येक वर्ग अर्थात् सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस और भूतपूर्व सैनिक (वर्गानुसार) में विज्ञापित रिक्तियों की संख्या के **बीस (20) गुणा** के बराबर उन उम्मीदवारों को जो कम्प्यूटर आधारित परीक्षा की मैरिट रेंज में आते हैं तथा न्यूनतम 40% अंक सामान्य/ईडब्ल्यूएस वर्ग में (35% अंक अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. तथा भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत 30% अंक) प्राप्त करते हैं, शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाओं के लिए बुलाया जाएगा। समान अंकों में बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के होने पर संबंधित श्रेणी के लिये उक्त समान अंकों वाले सभी उम्मीदवारों को शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाओं (पीईएंडएमटी) के लिए बुलाया जायेगा।

12. शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाएं (पीईएंडएमटी):

बिंदु 5(iv)(क) और बिंदु 5(iv)(ख) में यथा निर्धारित शारीरिक क्षमता परीक्षाओं (दौड़, लंबी कूद और ऊंची कूद) में अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों को शारीरिक मापदंड परीक्षा अर्थात् ऊंचाई/सीना (पुरुष उम्मीदवार) और ऊंचाई (महिला उम्मीदवार) में उपस्थित होना होगा। जो उम्मीदवार अपने शारीरिक मापदंड से संतुष्ट नहीं होते हैं उन्हें शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षा (पीईएंडएमटी) वाले दिन ही अयोग्यता के खिलाफ एक अपील करनी होगी। बाद के चरण में किसी भी आवेदन/अपील पर विचार नहीं किया जायेगा।

13. पात्रता मापदंड के लिए मूल दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की जांचः

शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाओं (पीईएंडएमटी) की सभी स्पर्द्धाओं में सफल घोषित किए जाने के उपरांत आयु, शिक्षा, जाति, पर्वतीय क्षेत्रों से संबंधित सभी मूल दस्तावेज/ प्रमाणपत्र, अनापत्ति प्रमाणपत्र/डिस्चार्ज प्रमाणपत्र (भूतपूर्व सैनिक के मामले में), खेल प्रमाणपत्र, विधवा/तलाकशुदा/न्यायिक रूप से अलग हुई महिला के तौर पर आयु में छूट लेने का सबूत, दिल्ली पुलिस में सेवारत विभागीय उम्मीदवारों के मामले में सेवा प्रमाणपत्र जिसमें भर्ती की तिथि का उल्लेख हो और दिल्ली पुलिस कार्मिक के बच्चे संबंधी प्रमाणपत्र और यदि पूर्व से सरकारी/अर्द्ध सरकारी संगठनों में सेवारत हैं तो अनापत्ति प्रमाणपत्र की जांच की जाएगी। दस्तावेजों की अंतिम जांच **"नियुक्ति पत्र जारी"** करने के समय भी पुनः की जायेगी। उम्मीदवारों को सभी दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की स्वयं सत्यापित फोटो प्रतियां प्रस्तुत करना होगा।

14. ट्रेड परीक्षा (पठन और श्रुतलेख)–(अर्हक):

शारीरिक दक्षता और मापतौल परीक्षाओं (पीईएंडएमटी) में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को ट्रेड परीक्षा के लिये बुलाया जायेगा। ट्रेड परीक्षा (पठन और श्रुतलेख) उम्मीदवार की संदेश प्रेषित और प्राप्त करने की क्षमता के मूल्यांकन के लिए है। परीक्षा पठन और श्रुतलेखन के रूप में होगी। उम्मीदवारों को समूहों में हिंदी और अंग्रेज़ी भाषाओं, दोनों में श्रुतलेख दिया जाएगा जिसमें एक समूह में श्रुतलेखन के लिए उपयुक्त संख्या में उम्मीदवार शामिल होंगे। हिंदी अथवा अंग्रेज़ी में 50% या अधिक त्रुटियां रखने वाले उम्मीदवार अयोग्य हो जाएंगे। पठन परीक्षा के लिए प्रत्येक उम्मीदवार के लिए हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों में दिए गए एक अंश को पढ़ना अपेक्षित होगा।

15. कम्प्यूटर संचालन में दक्षता की परीक्षा (अर्हक):

ट्रेड परीक्षा (पठन और श्रुतलेख) में अर्हता प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों के लिए **कम्प्यूटर संचालन में दक्षता की परीक्षा** के लिए उपस्थित होना अपेक्षित होगा जो कि अर्हक प्रकृति की होगी (i) अंग्रेजी शब्द संसाधन की परीक्षा गति–15 मिनट में 1000 की डिप्रेशन्स (ii) बुनियादी कम्प्यूटर कार्यों की परीक्षा (पीसी को खोलना/बंद करना, प्रिंटिंग, एमएस ऑफिस प्रयोग, टंकित पाठ की सेविंग और सुधार करना, पैराग्राफ सेटिंग तथा नंबरिंग आदि)।

(i) अंग्रेजी शब्द संसाधन गति परीक्षाः

अंग्रेजी शब्द संसाधन परीक्षा 15 मिनट में गति–1000 की डिप्रेशन कम्प्यूटर पर आयोजित की जाएगी और प्रत्येक उम्मीदवार को दिए गए 200 शब्दों के अंग्रेजी में मुद्रित अंश के अनुसार शब्दों की सही प्रविष्टि/की डिप्रेशन्स के आधार पर मूल्यांकित की जायेगी, जिसकी उसी रूप में उम्मीदवार एमएस ऑफिस में वर्ड फार्मेट में कम्प्यूटर में प्रविष्टि करेंगे।

टिप्पणीः 25 या अधिक गलतियां करने वाले उम्मीदवार अयोग्य हो जायेंगे।

(ii) बुनियादी कम्प्यूटर कार्यों की परीक्षाः

(पीसी को खोलना/बंद करना, प्रिंटिंग, एमएस ऑफिस प्रयोग, टंकित पाठ की सेविंग और सुधार करना, पैराग्राफ सेटिंग तथा नंबरिंग आदि)।

निम्नलिखित फॉर्मेटिंग फीचर्स का परीक्षण किया जाना चाहिएः

एमएस–वर्ड **समयः 5 मिनट**

(i)	अंडरलाइन	(vi)	पेज नंबरिंग
(ii)	विभिन्न प्रकार के फॉन्ट का प्रयोग	(vii)	टेबल को ड्रॉ/इन्सर्ट करना
(iii)	पैराग्राफों के नंबर देना	(viii)	बुलेट्स/नंबरिंग
(iv)	टेक्स्ट को बोल्ड में सेलेक्ट करना	(ix)	केस चेंज करना
(v)	विभिन्न प्रकार के फॉन्ट आकार का प्रयोग	(x)	पैराग्राफों की सेटिंग

एमएस–पावर प्वाइंट **समयः 5 मिनट**

(i)	टेक्स्ट बॉक्स का प्रयोग	(vi)	इन्सर्ट क्लिपआर्ट
(ii)	इन्सर्ट चार्ट	(vii)	स्लाइड नंबरिंग
(iii)	वर्ड आर्ट के साथ टेक्स्ट इन्सर्ट करना	(viii)	इन्सर्ट पिक्चर
(iv)	स्लाइड की बैकग्राउंड स्टाइल	(ix)	बुलेट्स/नम्बरिंग
(v)	स्लाइड का डिजाइन	(x)	टेक्स्ट की अलाइनमेंट

एमएस–एक्सल **समयः 5 मिनट**

(i)	मर्ज सैल्स	(vi)	फॉन्ट स्टाइल
(ii)	टेक्स्ट को सेंटर करना	(vii)	फॉन्ट कलर
(iii)	टेक्स्ट को सेंटर अलाइन	(viii)	टेक्स्ट को बोल्ड करना
(iv)	शेप्स इन्सर्ट करना	(ix)	टेक्स्ट अंडरलाइन करना
(v)	फॉन्ट साइज़	(x)	इटेलिक्स

फॉर्मेटिंग के प्रत्येक फीचर के लिए 1/2 अंक के साथ प्रत्येक परीक्षा में ऊपर सूचीबद्ध किए अनुसार फॉर्मेटिंग के 10 फीचर्स की जांच की जायेगी। **फॉर्मेटिंग फीचर्स के मामले में यदि उम्मीदवार नमूने के अनुसार फॉर्मेटिंग करते हैं, प्रत्येक के लिए 1/2 अंक दिए जायेंगे। अन्यथा कोई अंक नहीं दिया जायेगा।** प्रत्येक परीक्षा के लिए फार्मेटिंग फीचर्स के लिए 5 अंकों में से उम्मीदवार को अर्हता के लिए प्रत्येक परीक्षा में कम से कम 3 अंक प्राप्त करने चाहिए। एडिटिंग टूल्स के प्रयोग द्वारा गलतियां सुधारने के लिए उम्मीदवारों के लिए कोई रोक नहीं है।

16. अंतिम परिणामः

(i) **कम्प्यूटर संचालन में दक्षता की परीक्षा में अर्हक (क्वालीफाइड) उम्मीदवारों की सूची में से** चयनित उम्मीदवारों की सूची **(विज्ञापित रिक्तियों की संख्या के अनुरूप) (श्रेणीवार)** पूर्णतः **कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (100 अंकों)** की मैरिट के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ii) अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. उम्मीदवार, जिनका चयन अन्य समुदायों से संबंधित उम्मीदवारों के साथ बिना मानदंड छूट के उनकी अपनी स्वयं की मैरिट पर होता है, उन्हें अपने वर्ग की आरक्षित भाग की रिक्तियों के अंतर्गत समायोजित नहीं किया जायेगा। ऐसे अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. उम्मीदवारों को उनकी सम्पूर्ण मैरिट सूची में स्थान के अनुसार सामान्य/अनारक्षित रिक्तियों के तहत समायोजित किया जायेगा। आरक्षित रिक्तियों को पात्र अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. उम्मीदवारों में से भरा जायेगा जिसमें वे अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. उम्मीदवार होंगे जो अनारक्षित श्रेणी की मैरिट सूची में अंतिम सामान्य उम्मीदवार से मैरिट में नीचे हैं परंतु छूट प्रदत्त मानदंडों से नियुक्ति के लिए अन्य प्रकार से सुयोग्य पाए जाते हैं।

(iii) ईडब्ल्यूएस से संबंधित किसी व्यक्ति को अनारक्षित श्रेणी के तहत नियुक्ति के लिये प्रतिस्पर्द्धा करने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। ईडब्ल्यूएस से संबंधित व्यक्ति जिसका चयन मैरिट के आधार पर किया जाता है और आरक्षण के तहत नहीं है, उसकी गणना आरक्षण हेतु रखे गए कोटा के तहत नहीं की जायेगी।

(iv) उम्मीदवारों को पद के लिए यथा निर्धारित चिकित्सा फिटनेस तथा उनके चरित्र और पूर्ववृत्त के पुलिस सत्यापन के विषयाधीन अनंतिम तौर पर चयनित किया जाएगा।

टिप्पणीः सभी चयनित उम्मीदवारों के मामलों पर, जिनके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला दर्ज/जांच लंबित/अदालत में ट्रायल लंबित है कानून के अनुसार स्थायी आदेश सं. 398/2018 के प्रावधानों के अनुरूप विचार किया जायेगा। चयनित विभागीय उम्मीदवारों के मामले, जिनके विरुद्ध कोई विभागीय जांच/प्रारंभिक जांच/आपराधिक मामला/सतर्कता जांच आदि लंबित है, उनके मामलों को अंतिम रूप से निपटारा होने तक लंबित रखा जायेगा।

17. समान अंकों के मामलों का समाधानः

उन मामलों में जहां एक से अधिक उम्मीदवार समान कुल अंक अर्जित कर लेते हैं, बराबरी के मामले को नीचे वर्णित एक के बाद एक पद्धतियों से सुलझाया जायेगाः–

i) आयु में बड़े उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी।

ii) यदि जन्म तिथि और कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में अंक भी समान हैं, अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षर क्रमानुसार जिस उम्मीदवार का नाम पहले आता है, उसके आधार पर मामले को हल किया जायेगा।

18. परीक्षाओं के संबंध में अनुदेशः

(i) कम्प्यूटर आधारित परीक्षा, शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षा (पीईएंडएमटी), ट्रेड परीक्षा और कम्प्यूटर संचालन में दक्षता परीक्षा की तिथि दिल्ली पुलिस की वेबसाइट **www.delhipolice.nic.in** पर अधिसूचित की जायेगी।

(ii) कम्प्यूटर आधारित परीक्षा और पद के लिये निर्धारित अन्य परीक्षाओं के लिये प्रवेश–पत्र दिल्ली पुलिस वेबसाइट **www.delhipolice.nic.in** पर अपलोड किए जायेंगे। उम्मीदवार दिल्ली पुलिस वेबसाइट से बुलावा पत्र/प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों को अलग से कोई बुलावा पत्र/प्रवेश पत्र नहीं भेजा जायेगा।

(iii) दिल्ली पुलिस कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के समय पात्रता तथा अन्य पहलुओं के लिये आवेदनों की विस्तृत जांच नहीं करेगी तथा, इस प्रकार उम्मीदवारी केवल अस्थायी तौर पर स्वीकार की जायेगी।

(iv) किसी भी स्थिति में कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के लिये परीक्षा के केंद्र में किसी बदलाव की अनुमति नहीं होगी। दिल्ली पुलिस के पास किसी भी केंद्र को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित हैं तथा वह उस केंद्र के उम्मीदवारों को अन्य केंद्र पर उपस्थित होने के लिये कह सकती है। दिल्ली पुलिस के पास किसी केंद्र के उम्मीदवारों को किसी अन्य केंद्र पर परीक्षा देने के लिए जाने को कहने का अधिकार भी सुरक्षित है।

(v) उम्मीदवारों को मोबाइल फोन, कैलकुलेटर्स या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक/इलेक्ट्रिकल उपकरण के इस्तेमाल की अनुमति नहीं है। उम्मीदवारों को परीक्षा/परीक्षणों के दौरान मोबाइल फोन, कैलकुलेटर्स या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक/इलेक्ट्रिकल उपकरण आदि लेकर **नहीं** आना चाहिये। ऐसे उपकरणों को रखना, भले ही प्रयोग में हैं या नहीं, परीक्षा में **"अनुचित तरीकों का प्रयोग"** माना जायेगा और ऐसे उम्मीदवारों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जायेगी।

(vi) पद के लिए यथा निर्धारित कंम्प्यूटर आधारित परीक्षा/ट्रेड परीक्षा/कम्प्यूटर संचालन में दक्षता की उत्तर पुस्तिका के पुनःमूल्यांकन अथवा किसी अन्य परीक्षण/परीक्षाओं के पुनः आयोजन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा।

(vii) दिल्ली पुलिस के पास कम्प्यूटर आधारित परीक्षा से कोई भी प्रश्न/प्रश्नों को निरस्त करने/हटाने का अधिकार सुरक्षित है।

(viii) कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में उम्मीदवारों द्वारा अर्जित अंक सामान्यीकरण प्रक्रिया के विषयाधीन होंगे जिसे इक्वी–पर्सेंटाइल इक्विटिंग कहा जाता है। इस प्रकार उत्पन्न और सामान्यीकृत पर्सेंटाइल रैंकों को मैरिट को अंतिम रूप देने के लिए इनपुट मानदंड के तौर पर प्रयोग में लाया जायेगा।

19. बुनियादी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम:

पद के लिए चयनित उम्मीदवारों को दिल्ली पुलिस के विभिन्न नियंत्रण कक्षों में सहायक वायरलैस ऑपरेटर के तौर पर तीन माह के व्यावहारिक प्रशिक्षण सहित वायरलैस, एडब्ल्यूओ ग्रेड–II पाठ्यक्रम के नौ (09) माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए दिल्ली में प्रशिक्षण केंद्र पर **आवासीय बेसिक प्रशिक्षण** पाठ्यक्रम से गुजरना होगा जिसमें रेडियो प्रक्रिया, रेडियो सिद्धांत, प्रैक्टिकल, मोर्स सेंडिंग/रिसीविंग और दिल्ली पुलिस में आधुनिक प्रौद्योगिकी प्रणालियां शामिल हैं। पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज/स्कूल में शिक्षण का माध्यम हिंदी होगा।

20. महत्वपूर्ण अनुदेश:

1.	**चेतावनी** : आवेदन प्रपत्र में झूठी सूचना दिया जाना अथवा तथ्यात्मक सूचना को छिपाना, पद के लिए अयोग्यता मानी जायेगी। दस्तावेज/ प्रमाणपत्र में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी/जालसाज़ी का किसी भी चरण में पता चलने पर उम्मीदवारी निरस्त किए जाने के अलावा उम्मीदवार के विरुद्ध कानून के अनुसार आपराधिक मामला भी दर्ज़ किया जायेगा।
2.	उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए सलाह दी जाती है कि वे इस सूचना में दिए गए विस्तृत अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। यह सूचना वेबसाइट: **www.delhipolice.nic.in** पर भी उपलब्ध है।
3.	ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने की पद्धति दिल्ली पुलिस की वेबसाइट **www.delhipolice.nic.in** पर उपलब्ध है।
4.	अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस/भूतपूर्व सैनिक और दिव्यांग व्यक्तियों के तौर पर आरक्षण का लाभ लेने के इच्छुक उम्मीदवारों को यह अवश्य सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि वे सूचना में यथा निर्धारित पात्रता मानदंड के अनुसार अपेक्षित पात्रता मानदंड पूरा करते हैं। उनके पास निर्धारित प्रारूप में अपने दावे के समर्थन में प्रमाणपत्र भी होने चाहिये क्योंकि शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षा (पीईएंडएमटी) के समय उनसे प्रमाणपत्रों की प्रतियां मांगी जायेंगी। अ.पि.व./ईडबल्यूएस उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिये कि उनके पास इस सूचना में निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र मे अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र है। अपेक्षित दस्तावेजों के बगैर रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को आगे परीक्षा/टैस्ट में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
5.	पात्रता, आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार करने, झूठी सूचना के लिए दण्ड, चयन की पद्धति, परीक्षा/टेस्ट के आयोजन, परीक्षा केंद्र के आबंटन और मैरिट को तैयार करने से संबंधित सभी मामलों में दिल्ली पुलिस का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिये बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में किसी भी पूछताछ/पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा।
6.	**न्यायालीय क्षेत्राधिकार:** इस भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद और गतिरोध केवल दिल्ली की अदालतों/प्राधिकरणों की प्रादेशिक सीमा के अधीन होगा।
7.	मोबाइल और सहायक उपकरण तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा/टैस्ट स्थलों के परिसरों के भीतर प्रतिबंधित हैं। ऐसे उपकरण रखने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी तत्काल निरस्त कर दी जायेगी। दिल्ली पुलिस इन्हें रखने को 'अनुचित तरीकों का प्रयोग' मानेगी।
8.	आवेदन–पत्र **केवल ऑनलाइन पद्धति** से स्वीकार किए जायेंगे। किसी अन्य पद्धति से आवेदन कर रहे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी उसी समय नामंजूर कर दी जायेगी।
9.	**अनेक आवेदन प्रस्तुत करना:** उम्मीदवारों को केवल एक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना है। एक से अधिक आवेदन की स्थिति में केवल अन्तिम आवेदन मान्य होगा। यह सुनिश्चित करना उम्मीदवार की जिम्मेदारी है कि वह इस परीक्षा–2019 के लिए केवल एक बार उपस्थित होता है। किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि वह उक्त परीक्षा में एक से अधिक बार उपस्थित हुआ है तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी।
10.	अपूर्ण आवेदनों को तत्काल नामंजूर कर दिया जायेगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा। ऊपर वर्णित अंतिम तिथि के उपरांत किसी भी आवेदन–पत्र को स्वीकार नहीं किया जायेगा और दिल्ली पुलिस उम्मीदवार को पेश आने वाली किसी इलेक्ट्रॉनिक, इंटरनेट संबंधी समस्या आदि के लिये जिम्मेदार नहीं होगी।
11.	दिल्ली पुलिस के पास प्रशासनिक कारणों से और परीक्षा/टैस्ट में अनुचित तरीके, धोखाधड़ी या अन्य अनियमितताओं/कदाचारों का पता चलने पर परीक्षा के किसी भाग या समूची प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
12.	दिल्ली पुलिस ऑनलाइन आवेदन का पंजीकरण सफलतापूर्वक पूरा होने के संबंध में ऑनलाइन आवेदन कर रहे उम्मीदवारों को एसएमएस/ई–मेल के द्वारा पावती प्रेषित करेगी।
13.	किसी प्रकार की अन्य जानकारी के लिए उम्मीदवार दिल्ली पुलिस भर्ती प्रकोष्ठ सहायता केन्द्र (हेल्पडेस्क) भर्ती प्रकोष्ठ, नई पुलिस लाइन, किंग्जवे कैंप, दिल्ली–110009 में नीचे दिये गये फोन नंबरों पर **शनिवार, रविवार और राष्ट्रीय अवकाशों को छोड़कर सभी कार्य दिवसों में प्रातः 09:30 बजे से सायं 06:00 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं:** 011–27412715 011–27241205 011–27241206
14.	उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने पास आवेदन पत्र, प्रवेश पत्र (कम्प्यूटर आधारित परीक्षा और पद के लिये निर्धारित अन्य परीक्षाओं के समय) तत्काल संदर्भ के लिये तैयार रखें। उम्मीदवारों को कम से कम दो पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ और एक फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे कि ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, आधार कार्ड, विश्वविद्यालय/कॉलेज से जारी पहचान पत्र, आयकर पैन कार्ड, नियोक्ता आईडी कार्ड मूल रूप में परीक्षा केंद्र पर लेकर आना चाहिये, ऐसा न करने पर उन्हें परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
15.	धुंधले फोटोग्राफ/हस्ताक्षर वाले आवेदन पत्र को सीधे ही निरस्त कर दिया जायेगा।
16.	यदि किसी भी चरण में उम्मीदवार की अपात्रता का पता चलता है तो बगैर सूचना दिये उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी।
17.	पहले से घोषित अनुसूची में कोई भी परिवर्तन **उपायुक्त पुलिस/भर्ती, नई पुलिस लाइन, किंग्जवे कैंप, दिल्ली–110009 के नोटिस बोर्ड और दिल्ली पुलिस की वेबसाइट: www.delhipolice.nic.in** पर घोषित किया जायेगा।
18.	दिल्ली पुलिस में भर्ती पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष और आवेदकों के प्रदर्शन के आधार पर होती है। दिल्ली पुलिस में भर्ती के लिए किसी भी उम्मीदवार के लिए नकद या अन्य प्रकार से कोई धनराशि का भुगतान करना अपेक्षित नहीं है। यदि उनसे कोई व्यक्ति धन या किसी अन्य प्रकार का लाभ उठाने के लिए संपर्क करता है तो वे इस मामले की सूचना पुलिस उपायुक्त/भर्ती, नई पुलिस लाइन, किंग्जवे कैंप, दिल्ली अथवा स्थानीय पुलिस को दे सकते हैं।
19.	उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जायेगा।
20.	**शब्दों/अनुदेशों की व्याख्या में कोई भी अंतर होने पर अंग्रेजी रूपांतर मान्य होगा।**
21.	**अस्वीकरण: इस विज्ञापन और वेबसाइट में दी गई सूचना केवल निर्देशात्मक है। किसी प्रकार की अस्पष्टता के मामले में दिल्ली पुलिस/भारत सरकार के मौजूदा नियम और विनियम अंतिम होंगे।**

(एम.आई. हैदर)
उपायुक्त पुलिस, स्थापना, दिल्ली

अनुलग्नक–क

फार्म–1

(किसी एक मान्यता प्राप्त स्पर्धा/खेलों में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए)

.....की राष्ट्रीय परिसंघ/राष्ट्रीय एसोसिएशन
(भारतीय ओलंपिक संघ से संबद्ध)
केंद्रीय सरकार के अधीन समूह 'ग' सेवाओं में रोज़गार के लिये उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए प्रमाण–पत्र

जारीकर्ता प्राधिकारी से विधिवत हस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.....
पुत्र/पत्नी/पुत्री श्री.....जन्म तिथि.....
निवासी.....(पूर्ण पता) ने
.....से.....तक.....में
आयोजित.....प्रतियोगिता/टूर्नामेंट में.....की स्पर्धा/खेल में देश का प्रतिनिधित्व किया है।

ऊपर वर्णित प्रतियोगिता/टूर्नामेंट में व्यक्तिगत/टीम में प्राप्त स्थान .....था।

यह प्रमाणपत्र .....की राष्ट्रीय परिसंघ/राष्ट्रीय एसोसिएशन के कार्यालय में उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर दिया जा रहा है।

स्थान.....
तिथि.....

हस्ताक्षर.....
नाम.....
पदनाम.....
परिसंघ/राष्ट्रीय एसोसिशन का नाम
.....
पता.....

नोट: यह प्रमाणपत्र केवल तभी वैध माना जाएगा जब इस पर सचिव, राष्ट्रीय परिसंघ/राष्ट्रीय एसोसिएशन ने हस्ताक्षर किए होंगे।

अनुलग्नक–ख

फार्म–2

(किसी एक मान्यता प्राप्त स्पर्धा/खेलों में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत में किसी राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिये)

.....खेल में .....राज्य की एसोसिएशन
(भारतीय ओलंपिक संघ से संबद्ध)
केंद्रीय सरकार के अधीन समूह 'ग' सेवाओं में रोज़गार के लिए उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए प्रमाण–पत्र

जारीकर्ता प्राधिकारी से विधिवत हस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.....पुत्र/पत्नी/पुत्री श्री.....जन्म तिथि.....निवासी.....
.....(पूर्ण पता) ने .....से .....तक .....में आयोजित.....खेल/स्पर्धा में राष्ट्रीय प्रतियोगिता/टूर्नामेंट में .....राज्य का प्रतिनिधित्व किया है।

ऊपर वर्णित प्रतियोगिता/टूर्नामेंट में व्यक्तिगत/टीम में प्राप्त स्थान .....था।

यह प्रमाणपत्र .....की राज्य एसोसिएशन के कार्यालय में उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर दिया जा रहा है।

स्थान.....
तिथि.....

हस्ताक्षर.....
नाम.....
पदनाम.....
राज्य एसोसिएशन/परिसंघ का नाम.....
पता.....
.....
मोहर.....

नोट: यह प्रमाणपत्र केवल तभी वैध माना जायेगा जब इस पर सचिव, राज्य एसोसिएशन ने हस्ताक्षर किए होंगे।

अनुलग्नक–ग

अ.जा./अ.ज.जा. प्रमाण–पत्र का प्रारूप

जो अभ्यर्थी, किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से होने का दावा करता है, उसे अपने दावे के समर्थन में जिले, जिसमें उसके माता–पिता (या उत्तरजीवी माता–पिता) सामान्यतः निवास करते हैं, के जिलाधिकारी अथवा सब डिवीजनल अधिकारी अथवा किसी अन्य अधिकारी से, जिसे ऐसा प्रमाणपत्र जारी करने के लिए संबंधित राज्य सरकार द्वारा सक्षम प्राधिकारी नामित किया गया है, नीचे दिए गए फॉर्म में प्रमाणपत्र की सत्यापित/प्रमाणित प्रति जमा करना होगा। यदि उसके माता–पिता दोनों की मृत्यु हो चुकी है, तो प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने वाला अधिकारी उस जिले का होना चाहिए, जिसमें अभ्यर्थी स्वयं अपनी शिक्षा के अलावा अन्य उद्देश्य से सामान्यतः निवास करता है।

(भारत सरकार के अंतर्गत पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाण–पत्र का प्रारूप)

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी*....., जो श्री ..... के पुत्र/पुत्री हैं और गाँव/शहर*.....
जिला/डिवीजन*..... राज्य/संघशासित* क्षेत्र .....
का निवासी है और .....जाति/जनजाति से संबंधित है, जिसे निम्नानुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति* के रूप में मान्यता दी गई है:

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950* संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950*

संविधान (अनुसूचित जाति) (संघशासित क्षेत्र) आदेश, 1951* संविधान (अनुसूचित जनजाति) (संघशासित क्षेत्र) आदेश, 1951*

अनुसूचित जाति और जनजाति (संशोधन) आदेश, 1956, बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970, पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 एवं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा यथा सशोधित

संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956@

संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1959@, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन अधिनियम) 1976@ द्वारा यथा संशोधित

संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962@

संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1962@

संविधान (पुदुच्चेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964@

संविधान (अनुसूचित जनजाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967@
संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968@
संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1968@
संविधान (नागालैंड) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1970@
संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978@
संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1978@
संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1989@
संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, अधिनियम, 1990@
संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) अध्यादेश, 1991@
संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 1991@
संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) अध्यादेश, 1996
अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2002
संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2002
संविधान (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2002
संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2007

%2. एक राज्य/संघशासित प्रदेश से उत्प्रवासित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों के मामले में लागू।

2. यह प्रमाणपत्र श्री/श्रीमती ....., जो श्री/श्रीमती/कुमारी* ..... के माता/पिता हैं और जो .....राज्य/संघ शासित क्षेत्र* के .... जिला/डिवीजन* में.....गांव/शहर के निवासी हैं, और जो..... .....जाति/जनजाति से संबंधित हैं, जिसे ..... द्वारा दिनांक ..... को जारी पत्र द्वारा राज्य/संघशासित क्षेत्र में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता दी गई है, को जारी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र के आधार पर जारी किया जाता है।

3. श्री/श्रीमती/कुमारी और/या* उसका परिवार सामान्यतः..... राज्य/संघशासित क्षेत्र के ..... जिला/डिवीजन* के..... गांव/शहर* में सामान्यतया निवास करता है, राज्य/संघशासित क्षेत्र.....

हस्ताक्षर .....
**पदनाम .....
(कार्यालय की मुहर सहित)
स्थान.....
तिथि .....

*जो शब्द लागू न हो उसे काट दें @ कृपया विनिर्दिष्ट राष्ट्रपति आदेश का उल्लेख करें % जो लागू न हो, उस अनुच्छेद को काट दें।

नोट : यहां प्रयुक्त शब्द सामान्यतः निवास करता है का वही अर्थ है जैसा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1980 के अनुच्छेद 20 में है।

**जाति/जनजाति प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी की सूची:

(i) जिला मजिस्ट्रेट/अपर जिला मजिस्ट्रेट/कलक्टर/उपायुक्त/अपर उपायुक्त/उप कलक्टर/प्रथम श्रेणी स्टाइपेन्डरी मजिस्ट्रेट/सब-डिवीजिनल मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त सहायक आयुक्त/तालुका मजिस्ट्रेट/कार्यपालक मजिस्ट्रेट
(ii) मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/अपर मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट
(iii) कम से कम तहसीलदार के स्तर का राजस्व अधिकारी
(iv) उस क्षेत्र का सब-डिवीजनल अधिकारी, जहां अभ्यर्थी और/या उसका परिवार सामान्यतया निवास करता है

नोट : तमिलनाडु राज्य से संबंधित अ.ज.जा. अभ्यर्थी केवल मण्डल राजस्व अधिकारी से ही जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें।

अनुलग्नक-घ

भारत सरकार के अंतर्गत पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने वाले अन्य पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्र का प्रारूप

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.....पुत्र/पुत्री श्री..... निवासी ग्राम.....जिला/.....राज्य.....में..... समुदाय के अंतर्गत आते हैं। इस जाति को .....(उप जाति का उल्लेख करें)। के अंतर्गत पिछड़े वर्ग के तौर पर मान्यता प्राप्त है :

(i) भारत के असाधारण राजपत्र भाग-1, सेक्शन-1, संख्या 186 में दिनांक 13 सितम्बर, 1993 को प्रकाशित संकल्प संख्या 12011/68/93-बी सी सी (सी) दिनांक 10 सितम्बर, 1993
(ii) भारत के असाधारण राजपत्र भाग-1, सेक्शन-1, संख्या 163 में दिनांक 20 अक्तूबर, 1994, को प्रकाशित संकल्प संख्या 12011/9/94 बी सी सी, दिनांक 19 अक्टूबर 1994.
(iii) भारत के असाधारण राजपत्र भाग-1, सेक्शन-1, संख्या 88 में दिनांक 25 मई, 1995 को प्रकाशित संकल्प संख्या 12011/07/95-बी सी सी, दिनांक 24 मई, 1995
(iv) संकल्प संख्या 12011/96/94-बीसीसी दिनांक 09/03/96
(v) भारत के असाधारण राजपत्र भाग-1, सेक्शन-1, संख्या 210 में दिनांक 11 दिसम्बर, 1996 को प्रकाशित संकल्प संख्या 12011/44/96-बी सी सी, दिनांक 06 दिसम्बर, 1996
(vi) संकल्प संख्या 12011/13/97-बीसीसी दिनांक 03/12/97
(vii) संकल्प संख्या 12011/99/94-बीसीसी दिनांक 11/12/97
(viii) संकल्प संख्या 12011/68/98-बीसीसी दिनांक 27/10/99
(ix) भारत के असाधारण राजपत्र भाग-1, सेक्शन-1, संख्या 270 में दिनांक 6 दिसम्बर 1999 को प्रकाशित संकल्प संख्या 12011/88/98-बीसीसी, दिनांक 6/12/99
(x) भारत के असाधारण राजपत्र भाग-1, सेक्शन-1, संख्या 71 में दिनांक 4 अप्रैल 2000 को प्रकाशित संकल्प संख्या 12011/36/99-बीसीसी
(xi) भारत के असाधारण राजपत्र भाग-1, सेक्शन-1, संख्या 210 में दिनांक 21 सितंबर, 2000 को प्रकाशित संकल्प संख्या 12011/44/99-बीसीसी, दिनांक 21/09/2000
(xii) संकल्प संख्या 12015/9/2000-बीसीसी दिनांक 06/09/2001
  (1) संकल्प संख्या 12011/1/2001-बीसीसी दिनांक 19/06/2003
  (2) संकल्प संख्या 12011/4/2002-बीसीसी दिनांक 13/01/2004
  (3) भारत के असाधारण राजपत्र भाग 1 सेक्शन 1 संख्या 210 दिनांक 16/01/2006 में प्रकाशित संकल्प संख्या 1 11/9/2004-बीसीसी दिनांक 16/01/2006

श्री/श्रीमती/कुमारी.....और/या उनका परिवार सामान्यतः..... जिला.....राज्य.....में निवास करता है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वह भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. संख्या 36012/22/93-स्था० (एससीटी) दिनांक 08.09.1993, जो कि भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. संख्या 36033/3/2004-स्था. (आरक्षण) दिनांक 09.03.2004 के तहत संशोधित किया गया है, के कालम-3 में वर्णित व्यक्तियों/वर्गों (संपन्न वर्गों) के अंतर्गत नहीं आते हैं।

दिनांक :.....

जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त/सक्षम प्राधिकारी
मुहर

टिप्पणी:

क) यहां प्रयुक्त 'सामान्यतः' का अर्थ वही है, जैसा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के अनुच्छेद 20 में किया गया है।
ख. जाति प्रमाण-पत्र जारी करने के लिये सक्षम प्राधिकारियों का उल्लेख नीचे किया गया है:-
(i) जिला मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मजिस्ट्रेट/कलेक्टर/उपायुक्त/अतिरिक्त उपायुक्त/डिप्टी कलेक्टर/प्रथम श्रेणी स्टाइपेन्डरी मजिस्ट्रेट/सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट/तालुका मजिस्ट्रेट/कार्यकारी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त सहायक आयुक्त/(जो प्रथम श्रेणी स्टाइपेन्डरी मजिस्ट्रेट के रैंक से कम न हो)
(ii) चीफ प्रेजिडेंसी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त चीफ प्रेजिडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेजिडेंसी मजिस्ट्रेट।
(iii) राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार के रैंक से कम न हो,
(iv) उस क्षेत्र का उपमण्डल अधिकारी जहां उम्मीदवार सामान्यतः निवास करता है।

अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला वचनपत्र

घोषणा

मैं ..... पुत्र/पुत्री श्री ..... निवासी गांव/नगर/शहर .....जिला .....राज्य .....एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मैं .....(अपनी उप जाति का उल्लेख करें) समुदाय से संबंधित हूं जिसकी भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण मंत्रालय के दिनांक 08.09.1993 के कार्यालय आदेश संख्या 36012/22/93 स्था (एससीटी) के अनुसार एक पिछड़े वर्ग के रूप में सरकारी सेवा में आरक्षण देने के उद्देश्य से पहचान की गई है, मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मैं दिनांक 08.09.1993 के ऊपर वर्णित कार्यालय ज्ञापन, तथा इसके बाद जारी का.ज्ञा. सं. 36033/3/2004-स्थापना (आरक्षण), दिनांक 09.03.2004, के कॉलम 3 में दर्शाए गए व्यक्तियों, वर्गों (संपन्न वर्ग) से संबंधित नहीं हूँ।

स्थान:.....
तारीख: .....

उम्मीदवार के हस्ताक्षर
उम्मीदवार का नाम

अनुलग्नक-ङ

.....सरकार
(प्रमाण-पत्र जारी करने वाले प्राधिकारी का नाम और पता)
आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र
प्रमाण-पत्र संख्या..... तिथि:.....
.....वर्ष के लिए वैध

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.....पुत्र/पुत्री/पत्नी..... .....गांव/गली.....डाकघर.....जिला.....राज्य/संघ शासित प्रदेश.....पिनकोड.....का/की स्थाई निवासी है, जिसका फोटोग्राफ नीचे सत्यापित किया गया है, और वह आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों से संबंधित है, क्योंकि उसके परिवार** की वित्तीय वर्ष .....के लिए सकल वार्षिक आय* ₹8 लाख (आठ लाख रूपये मात्र) से कम है। उसके परिवार के पास निम्नलिखित में से कोई संपत्ति नहीं है/संपत्ति का स्वामी नहीं है***:-

I. 5 एकड़ और अधिक कृषि भूमि
II. 1000 वर्ग फुट और अधिक का आवासीय फ्लैट
III. अधिसूचित नगरपालिकाओं में 100 वर्ग गज और अधिक का आवासीय प्लाट
IV. अधिसूचित नगरपालिकाओं से भिन्न क्षेत्रों में 200 वर्ग गज और अधिक का आवासीय प्लाट

2. श्री/श्रीमती/कुमारी.....जाति.....से संबंधित है जो कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (केंद्रीय सूची) से संबंधित नहीं है।

आवेदक का हाल का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ

हस्ताक्षर, साथ में कार्यालय मुहर.....
नाम.....
पदनाम.....

*टिप्पणी 1: आय में सभी स्रोत शामिल हैं अर्थात वेतन, कृषि, बिजनेस, व्यवसाय आदि

**टिप्पणी 2: इस उद्देश्य के लिए प्रयुक्त शब्द 'परिवार' में वह व्यक्ति, जो आरक्षण का लाभ लेना चाहता है, उसके माता-पिता और भाई बहन जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है और पति-पत्नी तथा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे शामिल हैं।

***टिप्पणी 3: "परिवार" द्वारा विभिन्न ठिकानों या विभिन्न स्थानों/शहरों में धारित संपत्ति को ईडब्ल्यूएस दर्जे के निर्धारण के लिए भूमि या संपत्ति धारिता जांच करते समय परस्पर जोड़ दिया गया है।

अनुलग्नक-च

अभ्यर्थी को सेवारत/सेवानिवृत्त/दिल्ली पुलिस के मृत कार्मिक के बच्चे के तौर पर दर्शाने वाला प्रमाणपत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि.....(दिल्ली पुलिस कार्मिक का नाम), रैंक....., रेंज/पेटी सं./पीआईएस सं.....जिला/शाखा.....में.....से सेवारत/सेवानिवृत्त है/मृत्यु हो गई है। उसका पुत्र/पुत्री.....(नाम) दिल्ली पुलिस में प्रधान सिपाही (सहायक वायरलैस ऑपरेटर/ टेली-प्रिंटर ऑपरेटर) की भर्ती की परीक्षा में अनंतिम रूप से उपस्थित होना चाहता/चाहती है।

संबंधित जिला/शाखा के उपायुक्त पुलिस/अति. उपायुक्त पुलिस/सहायक आयुक्त पुलिस/ मुख्यालय .....
(अधिकारी का नाम और पदनाम साथ में मुहर)

दिनांक:.....

अनुलग्नक-छ

सेवारत रक्षा कार्मिक के लिए प्रमाणपत्र का फार्म

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि मेरे पास उपलब्ध सूचना के अनुसार (सं.).....(रैंक) .....(नाम) सशस्त्र सेनाओं में नियुक्ति की विनिर्दिष्ट अवधि ..... (तिथि) को पूरा कर लेगा।

(कमांडिंग अधिकारी के हस्ताक्षर)

स्थान:..... कार्यालय मुहर
दिनांक:.....

मिलेट मिशन को गति देने के लिये तैयार करें प्रोजेक्ट - मुख्यमंत्री

छिन्दवाड़ा, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने अधिकारियों को छिन्दवाड़ा जिले में मिलेट मिशन को गति देने के लिये प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक में कहा कि प्रोजेक्ट में कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा, रागी, समा इत्यादि फसलों को शामिल किया जाये। प्रोजेक्ट में ऑर्गेनिक खेती की जैविक प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को शामिल करते हुए प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करायें।

मुख्यमंत्री ने ली बांस परियोजना की बैठक

श्री कमल नाथ ने छिन्दवाड़ा में बांस परियोजना की भी बैठक ली। मुख्यमंत्री ने बांस परियोजना में जिले के कुल वन क्षेत्र और बांस के लिये उपलब्ध क्षेत्र के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि बांस संसाधन वृद्धि को प्रोत्साहित करें। बांस कारीगरों के कौशल उन्नयन की दिशा में कार्य करें और बांस इकाईयों को स्थापित करने के लिये लोगों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि गांव में बांस की पूर्ण बाजार श्रृंखला स्थापित करें। बांस की खेती को बढ़ावा देते हुए नये बांस का पौधारोपण करायें।

मुख्यमंत्री ने बांस परियोजना के संबंध में सीसीएफ एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर बांस उत्पादन की चरणबद्ध रणनीति बनाने, बांस का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिये बांस नर्सरी की स्थापना करने और बांस शिल्पियों को प्रशिक्षित करने के निर्देश दिये। साथ ही बांस से बने फर्नीचर, हैण्डीक्राफ्ट, अगरबत्ती स्टिक्स आदि के संबंध में भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना के माध्यम से स्थानीय स्व-रोज़गार को बढ़ावा देने के निर्देश दिये।

पंचायतों से राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

भोपाल, राज्य शासन ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायत राज संस्थाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत करने के लिए 31 जनवरी 2020 तक ऑनलाइन प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। संस्थाएं वेबसाइट panchayataward.gov.in के माध्यम से प्रविष्टि प्रस्तुत कर सकती हैं।

आयुक्त पंचायत-राज श्री संदीप यादव ने बताया कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह 24 अप्रैल को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को पुरस्कृत किया जाएगा। नामांकन निर्धारित ऑनलाइन प्रपत्र में है- मूल्यांकन वर्ष 2018-19 के आधार पर होगा। आवेदन की श्रेणियां दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार- सामान्य और विषयात्मक श्रेणी के लिए तीनों स्तर की पंचायतों को नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार- ग्राम पंचायतों को ग्राम सभा के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन, ग्राम पंचायत विकास योजना पुरस्कार- ग्राम पंचायत को, बाल हितैषी ग्राम पंचायत पुरस्कार- ग्राम पंचायत को दिया जाएगा।

श्री यादव ने बताया कि सभी जिला और जनपद पंचायतों से कहा गया है कि पांचवीं अनुसूची क्षेत्र की जनपद पंचायतें और ग्राम पंचायतें आनुपातिक रूप से अधिक संख्या में अपने नामांकन प्रस्तुत कर सकते हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिले के नामांकनों की सतत् मॉनिटरिंग करेंगे। जिला पंचायत को प्रमाण-पत्र के साथ 50 लाख रुपये, जनपद पंचायत को प्रमाण-पत्र के साथ राशि 25 लाख रुपये एवं ग्राम पंचायतों को उनकी जनसंख्या के अनुसार प्रमाण-पत्र के साथ राशि 5 लाख से 15 लाख रुपये तक पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाती है। आयुक्त पंचायत राज ने बताया कि पंचायतों के चयन का कार्य राज्य एवं खण्ड स्तर पर गठित समितियों के माध्यम से किया जाएगा। प्रथम स्तर खण्ड स्तर पर चयन प्रत्यक्ष विचार-विमर्श/साक्षात्कार के आधार पर होगा, आवेदक ग्राम पंचायत प्रस्तुतिकरण देगी और मूल्यांकन वर्ष में पंचायत द्वारा अर्जित उपलब्धियों को वीडियों के माध्यम से भी खण्ड स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

गांधी प्रवास शताब्दी समारोह

गांधीवादी विचार ही फलीभूत कर रहे 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ छिन्दवाड़ा में गांधी प्रवास शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुये।

छिन्दवाड़ा, वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए गांधीवादी विचार ही वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को फलीभूत कर रहा है। 'जय जगत यात्रा' से युवा पीढ़ी का जुड़ाव यह दर्शाता है कि गांधी जी के संदेश को देश ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व में प्रसारित करना वर्तमान समय की आवश्यकता है। 'जय जगत यात्रा' में शामिल हुए विदेशी पदयात्री इसका अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। उनका यह कार्य नई पीढ़ी को सीख प्रदान करेगा। ये बातें श्री कमल नाथ ने छिन्दवाड़ा में गांधी प्रवास शताब्दी शुभारंभ समारोह के अंतर्गत गांधी जी के प्रथम नगर आगमन के सभा-स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा कि अफ्रीका प्रवास के दौरान उनकी मुलाकात एक देश के राष्ट्रपति से हुई। उनके कक्ष में गांधी जी की प्रतिमा का होना यह बता रहा था कि गांधी जी को भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व आदर्श के रूप में मानता है। श्री कमल नाथ ने कहा कि जय जगत यात्रा का छिन्दवाड़ा में आगमन होना भारतीय संस्कृति की इस नगरी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिये गांधी जी का संदेश वर्तमान में और अधिक प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने जय जगत यात्रा का नेतृत्व कर रहे श्री राजगोपाल एवं उनके गांधीवादी चिंतक पदयात्रियों की सराहना की।

प्रख्यात गांधीवादी चिंतक श्री राजगोपाल ने कहा कि यात्रा को अपनी बुलंदियों पर पहुंचाने में सभी साथियों का सहयोग मिल रहा है। यात्रा के दौरान बच्चों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों का स्नेह प्राप्त हुआ है, जिससे यात्रा सफलतापूर्वक तय की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्य और अहिंसा के आदर्शों के समावेश के लिये छिन्दवाड़ा जिला सबसे बेहतर मॉडल वन सकता है। जल पर्यटन के साथ अब शांति पर्यटन के लिए यह प्रदेश उपयुक्त प्रतीत होता है। श्री राजगोपाल ने कहा कि इस अवधारणा को मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ के नेतृत्व में साकार किया जा सकता है।

सहयात्रियों ने यात्रा का उद्देश्य बताते हुए जानकारी दी कि जय जगत यात्रा की शुरुआत 2 अक्टूबर 2019 को महात्मा गांधी की समाधि राजघाट, दिल्ली से शुरू हुई है। राजघाट में प्रार्थना कर और वहां की पावन मिट्टी को कलश में आशीर्वाद स्वरूप लेकर भारत के अलग-अलग राज्यों और 15 अन्य देशों के 50 पदयात्री 365 दिन की पदयात्रा कर 10 देशों से होते हुए इस यात्रा का समापन 30 जनवरी को सेवा ग्राम वर्धा में करेंगे।

यह यात्रा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 2 अक्टूबर 2020 को स्विट्जरलैंड, जिनेवा पहुंचेगी। महात्मा गांधी और कस्तूरबा गांधी के 150वें जन्म शताब्दी वर्ष में यह यात्रा अहिंसा और न्याय के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन, जलवायु संकट, असमानता हटाओ और युद्ध रहित दुनिया के ध्येय के साथ चार मुद्दों को लेकर अक्टूबर 2020 में संयुक्त राष्ट्र से संवाद करेगी।

गांधी जी का छिन्दवाड़ा प्रवास

महात्मा गांधी 6 जनवरी 1921 को अली बंधुओं के साथ पहली बार छिन्दवाड़ा आए थे। दोपहर में ग्रामीण महिलाओं की एक सभा को संबोधित करने के बाद शाम को उन्होंने गांधीगंज, जो उस समय चिटनवीसगंज के नाम से जाना जाता था, में आम सभा को संबोधित किया था।

सांची में विश्व बौद्ध संग्रहालय और शिक्षण संस्थान की होगी स्थापना

भोपाल–कोलम्बो के बीच शुरू होगी सीधी विमान सेवा

कोलम्बो, भोपाल से कोलम्बो (श्रीलंका) सीधी विमान सेवा शुरू की जाएगी। सांची में विश्व बौद्ध संग्रहालय और शिक्षण संस्थान की स्थापना का काम जल्द शुरू किया जाएगा। मध्यप्रदेश के आध्यात्म मंत्री श्री पी.सी. शर्मा की कोलम्बो में श्रीलंका सरकार के विदेश मंत्री श्री दिनेश गुणवर्धने के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिए गए। बैठक में महाबोधि सोसायटी के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भिक्खु बानगल उपतिस्स नायक थेरो और मध्यप्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज श्रीवास्तव उपस्थित थे।

जनसम्पर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा कोलम्बो में श्रीलंका के विदेश मंत्री श्री दिनेश गुणवर्धने से मुलाकात करते हुये।

बैठक में श्रीलंका के विदेश मंत्री श्री गुणवर्धने ने कहा कि भारत सरकार द्वारा भोपाल से कोलम्बो विमान सेवा शुरू करने की पहल स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका सरकार कोलम्बो से भोपाल के लिये सीधी विमान सेवा शुरू करने के लिए तैयार है। श्रीलंका के विदेश मंत्री ने कहा कि श्रीलंका से लाखों यात्री भोपाल और सांची जाते हैं। भोपाल-कोलम्बो के बीच डायरेक्ट एयर कनेक्टिविटी से लाखों लोगों को लाभ होगा।

बैठक में आध्यात्म विभाग द्वारा सांची में विश्व बौद्ध संग्रहालय और शिक्षण संस्थान, भिच्छु प्रशिक्षण और बुद्धिस्ट चेन्टिंग सेंटर की स्थापना पर विस्तृत चर्चा हुई। विश्व बौद्ध संग्रहालय और शिक्षण संस्थान के प्रोजेक्ट को प्रस्तुत किया गया। बौद्ध संग्रहालय और शिक्षण संस्थान में बौद्ध दर्शन, बौद्ध विज्ञान, बौद्ध कला एवं संस्कृति और बौद्ध समारोह के साथ दुनिया के विभिन्न देशों में स्थित बौद्ध धर्म के तीर्थ, बौद्ध धर्म की परम्पराएं एवं बौद्ध धर्म को मानने वालों की जीवन और कला शैली को शामिल किया गया है। श्री शर्मा ने बताया है कि श्रीलंका के विदेश मंत्री श्री गुणवर्धने ने प्रोजेक्ट को वित्तीय समर्थन देने की स्वीकृति प्रदान की है।

श्री शर्मा ने बताया कि भारत में श्रीलंका और श्रीलंका में भारत के लोक कल्याण, लोक कला और संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नियमित आयोजनों का सिलसिला भी शुरू किया जाएगा। श्रीलंका के विदेश मंत्री ने कहा कि आयोजनों को शुरू करने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा करने श्रीलंका सरकार सांस्कृतिक दल को मध्यप्रदेश भेजेगी।

श्री शर्मा ने महाबोधि सोसाइटी के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भिक्खु बानगल उपतिस्स नायक थेरो को 70वें जन्म-दिवस पर बधाई दी। श्री उपतिस्स का भारत और विशेषकर मध्यप्रदेश में सांची बौद्ध केंद्र से सतत् संपर्क रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि महाबोधि सोसाइटी भारत में आजादी के बहुत पहले से कार्यरत है।

राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिये आवेदन 31 जनवरी तक होंगे

भोपाल, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2018 में महिला अभिरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार दिये जाएंगे। विभाग द्वारा संबंधित व्यक्ति/संस्था से 31 जनवरी, 2020 तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। पुरस्कार संबंधी विस्तृत जानकारी वेबसाइट mpwcdmis.gov.in पर देखी जा सकती है।

महिला (वीरता के लिये) रानी अवंती बाई वीरता पुरस्कार, महिला (समाज सेवा) के लिये राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार, समाज सेवा (संस्था/व्यक्ति) के लिये विष्णु कुमार समाज सेवा पुरस्कार, नारी सम्मान की रक्षा के लिये (पुरुष/महिला) मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार, साहसिक कार्य के लिये (पुरुष/महिला) अरुणा शानबाग साहस पुरस्कार तथा महिलाओं की सुरक्षा हेतु साहसिक कार्य के लिये (पुरुष/महिला) राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार दिया जायेगा।

राज्य स्तर पर उपरोक्त प्रत्येक पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र सहित एक लाख रुपये प्रदान किये जायेंगे। मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार के अलावा जिला स्तर पर प्रशस्ति पत्र सहित 50 हजार रुपये पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। प्रविष्टि भेजने के लिये आवेदक व्यक्ति/संस्था अपने जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला-बाल विकास से सम्पर्क कर सकते हैं। आवेदक अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में जिले के कलेक्टर अथवा जिला कार्यक्रम अधिकारी को नियत दिनांक तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

नए मदरसों और समिति का ऑनलाइन पंजीयन 10 से 31 जनवरी तक

भोपाल, शिक्षा सत्र 2020-21 के लिये नवीन मदरसों के पंजीयन और समिति पंजीयन के लिये 10 जनवरी से 31 जनवरी तक एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल सेवा केंद्रों पर ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं। नवीन मदरसा पंजीयन के आवेदन संबंधी फार्मेट/विस्तृत जानकारी एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल पर मदरसा बोर्ड के पृष्ठ के डाउनलोड मेन्यू में New Madarsa Registration Instructions Links एवं मदरसा बोर्ड की वेबसाइट www.mpmb.org.in पर उपलब्ध है। आवेदक नवीन मदरसे का आवेदन MPOnline Limited के Online Portal सेवा के कियोस्क के माध्यम से उपरोक्त तिथियों तक आवेदन कर सकते हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

अमरकंटक में 31 जनवरी से 2 फरवरी तक चलेगा नर्मदा महोत्सव

भोपाल, राज्य सरकार द्वारा नर्मदा जयंती के अवसर पर अमरकंटक की सुरम्य वादियों में 31 जनवरी से 2 फरवरी तक नर्मदा महोत्सव आयोजित किया जायेगा। महोत्सव के दौरान अमरकंटक में प्रतिदिन मां नर्मदा तट 'रामघाट' पर 7 पुजारियों द्वारा एक साथ महाआरती की जाएगी। इस दौरान मां नर्मदा के जीवन पर आधारित लाईट एण्ड साउण्ड शो आयोजित किया जाएगा। अमरकंटक शहर के विभिन्न स्थलों पर महाआरती का सीधा प्रसारण किया जाएगा। महोत्सव के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, कला एवं स्वास्थ्यवर्धक कोदो-चावल आदि कृषि उत्पादों का आमजनों के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा।

नर्मदा महोत्सव में प्रकृति प्रेमियों को क्षेत्र की प्राकृतिक सुन्दरता और भौतिक उच्चावत से परिचित कराने के लिये प्रतिदिन 4 रूट पर ट्रेकिंग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसी तरह, स्थानीय मैकल पार्क में इंदिरा गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय के योग शिक्षकों के द्वारा आमजनों के लिये योगाभ्यास शिविर आयोजित किये जाएंगे।

नर्मदा महोत्सव का पहला दिन

नर्मदा महोत्सव के पहले दिन सुबह 7 से 8 बजे तक मैकल पार्क में योगाभ्यास, 8 से 10 बजे तक शंभूधारा से पंचधारा से कपिलधारा और कबीर चम्बूतरा से धोनी पानी से सोनमुड़ा तक ट्रेकिंग की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके बाद सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक नर्मदा मंदिर से मां नर्मदा शोभा यात्रा निकाली जाएगी। महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस ग्राउण्ड पर होगा। उद्घाटन स्थल पर शाम 5 से 7 बजे तक बैगा आदिवासी जनजातीय समूह के स्थानीय लोक कलाकार गुदुम, सैला और कर्मा आदि लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगे। शाम 7 से 7.30 बजे तक महाआरती के बाद स्थानीय लोक कलाकार पुनः स्थानीय लोककलाओं का मंचन करेंगे।

नर्मदा जयंती पर नारी शक्ति केंद्रित कार्यक्रम

अमरकंटक नर्मदा महोत्सव-2020 में दूसरे दिन एक फरवरी को मां नर्मदा जयंती के अवसर पर सभी कार्यक्रम नारी शक्ति पर केंद्रित होंगे। इस दिन के कार्यक्रमों की थीम होगी 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'।

महोत्सव का तीसरा दिन

नर्मदा महोत्सव के तीसरे दिन 2 फरवरी को योगाभ्यास, ट्रेकिंग, मां नर्मदा जयंती पूजन, कन्या भोज, स्थानीय लोक कला मंचन और महाआरती के बाद शाम 7.30 से रात 9.30 बजे तक सर्किट हाउस ग्राउण्ड पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या में सुश्री मैथिली ठाकुर, अयाची और ऋषभ ठाकुर संगीतमयी प्रस्तुति देंगे। सुश्री मैथिली भोजपुरी, कजरी, छठ और अन्य प्रादेशिक लोक गीतों के साथ बालीवुड के गीतों की सुप्रसिद्ध गायिका हैं।

'जल जीवन मिशन' पर कार्यशाला

नदी, तालाब, कुओं के संरक्षण-संवर्धन की ठोस रणनीति बनायें

भोपाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री सुखदेव पांसे ने जल भवन में 'जल जीवन मिशन' क्रियान्वयन की कार्यशाला में कहा कि ग्रामीणों को घर तक नल से जल पहुंचाने की जिम्मेदारी को मिशन के रूप में निभायें। उन्होंने कहा कि नदी, तालाब और कुओं के संरक्षण और संवर्धन की ठोस रणनीति बनायें। श्री पांसे ने कहा कि राज्य सरकार ने 'राईट टू वाटर एक्ट' के जरिये सम्पूर्ण आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की सार्थक पहल की है। इस मिशन का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की है।

श्री पांसे ने अधिकारियों से कहा कि जल मिशन योजना के अन्तर्गत न सिर्फ लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित हो, बल्कि योजनाओं से ग्रामीणों को दीर्घकालीन लाभ भी मिले। उन्होंने कहा कि योजना में आमजनों की सक्रिय सहभागिता और वित्तीय भागीदारी भी सुनिश्चित की जायेगी।

प्रमुख सचिव श्री संजय कुमार शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण परिवारों को गुणवत्तायुक्त पेयजल घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन बेहतर प्लानिंग से इसे सफल बनाया जा सकता है। भारत सरकार के जल एवं स्वच्छता मंत्रालय के उप सचिव श्री मनोज साहू ने कहा कि जल-गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिये हर गांव में 5 महिलाओं को फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से गुणात्मक जल परीक्षण का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। साथ ही, जिला एवं उपखण्ड स्तर पर कार्यरत जल परीक्षण प्रयोगशालाओं का चरणबद्ध तरीके से नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग केलिब्रेशन लेबोरेटरीज (NABL) से प्रमाणीकरण कराया जायेगा।

कार्यशाला में प्रमुख अभियंता श्री सी.एस. संकुले, प्रमुख अभियंता (सलाहकार) सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

विद्युत कंपनियों के संविदा कर्मियों को फिर से रखने बनेगी कमेटी

भोपाल, ऊर्जा मंत्री श्री प्रियव्रत सिंह ने कहा है कि विभिन्न विद्युत वितरण कंपनियों से निकाले गये संविदा कर्मियों को फिर से रखने के संबंध में कमेटी गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी संविदाकर्मी के विरुद्ध बगैर जांच कार्यवाही नहीं होना चाहिए। श्री सिंह ने बिजली कंपनियों के अधिकारियों-कर्मचारियों की यूनाइटेड फोरम के साथ बैठक में यह बात कही। श्री सिंह ने कहा कि सभी संविदाकर्मियों की नेशनल पेंशन स्कीम के तहत कटौती करने के संबंध में विचार किया जाएगा। इनकी वेतन-वृद्धि प्रतिवर्ष एक प्रतिशत से बढ़ाकर शासन की नीति अनुसार की जाएगी। अधिकारी वर्ग में रिक्त पदों पर होने वाली भर्ती में 30 प्रतिशत और कर्मचारियों के पद पर 50 प्रतिशत पदों में संविदाकर्मियों को मौका देने पर विचार किया जायेगा। वर्तमान में यह प्रतिशत क्रमशः 25 और 40 है। श्री सिंह ने कहा कि संविदा कर्मियों को चिकित्सा सुविधा भी दी जानी चाहिए।

धान उत्पादक किसानों को 'जस्ट-इन-टाइम' एप से 878 करोड़ रुपये का भुगतान

भोपाल, मध्यप्रदेश के 30 धान उत्पादक जिलों में 955 खरीद केंद्रों पर पिछले 2 दिसम्बर से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की प्रक्रिया शुरू की गई है। यह खरीदी 20 जनवरी 2020 तक जारी रहेगी।

संचालक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री अविनाश लवानिया ने बताया कि अभी तक उपार्जित 5 लाख 74 हजार 222 मीट्रिक टन धान की कुल समर्थन मूल्य राशि 1042 करोड़ रुपये में से 85 प्रतिशत अर्थात 878 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों के बैंक खातों में 'जस्ट-इन-टाइम' एप के माध्यम से किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि ई-उपार्जन पोर्टल पर 5 लाख 43 हजार 62 धान उत्पादक किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया। इनमें से एक लाख 79 हजार 295 किसान उपार्जन केंद्रों पर अपना 10.43 लाख मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए पहुंचे।

श्री अविनाश लवानिया ने कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार एफ.ए.क्यू. धान की खरीदी की जा रही है। इसके लिए गुणवत्ता का परीक्षण 'सर्वेयर' एप के माध्यम से ही किया जा रहा है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

TATHAGAT
BEST INSTITUTE FOR UPSC & MPPSC
English & Hindi Medium
Effort is important, but knowing where to make an effort makes all the difference.

MPPSC 2017 & 2018 Performers

MPPSC 2019 Exclusive Mains BATCH
MPPSC 2020 Pre Cum Mains Batch

New batch Commence 15th Jan.'20

Features ■ UPSC & MPPSC Selected Faculty Team ■ Daily Mains Answer Writing ■ Individual evaluation with feedback ■ Model answer ■ Complete study material ■ Special focus on current affairs ■ Weekly test with discussion ■ Library Facility

Vedant

ADMISSION OPEN
First come first served basis
Limited Seats
अपनी सफलता सुनिश्चित करें

New Address : Top Floor, Orange Business Park, Near Apple Hosptial, Bhavar Kuan, Indore
Ph.: 0731-4002328, 8839177961, 8435181328
R-43266/2020

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2020

क्या आप 1 जनवरी 2020 को या उससे पहले 18 साल के हो चुके हैं?
फिर भी आप मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं हैं?

कोई मतदाता न छूटे

जल्दी करें अंतिम 8 दिवस शेष : फार्म, दावे, आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2020 है

कौन आवेदन कर सकता है

- एक भारतीय नागरिक।
- 1 जनवरी 2020 को या उसके पहले 18 साल आयु होने पर।
- मतदान क्षेत्र के साधारण निवासी।
- ऐसे व्यक्ति जो विकृतचित्त हैं एवं जिनके ऐसा होने की सक्षम न्यायालय की घोषणा विद्यमान है, को छोड़कर या निर्वाचनों से संबंधित विनिर्दिष्ट भ्रष्ट आचरण या अपराधों के कारण मतदान से निरर्हित घोषित नहीं किये गए व्यक्ति ही आवेदन कर सकते हैं।

ऑफ-लाइन कैसे आवेदन करें

- सभी प्रकार के फार्म निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास उपलब्ध हैं या फार्म वेबसाइट www.ceomadhyapradesh.nic.in तथा www.eci.gov.in से भी डाउनलोड कर सकते हैं।
- संबंधित फार्म भरकर एवं फोटो, पता और आयु के प्रमाण के साथ आवेदन प्रस्तुत करें। फार्म, दावे, आपत्ति प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 15 जनवरी 2020** तक है।
- फार्म BLO, BAG, कैम्पस एम्बेस्डर, शैक्षणिक संस्थान के पास भी जमा किए जा सकते हैं।
- मतदाता सुविधा केन्द्र – तहसील कार्यालय में भी भरे जा सकते हैं।

ऑन-लाइन कैसे आवेदन करें

- राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल (एनवीएसपी) www.nvsp.in खोलें।
- Apply On-line पर क्लिक करें और फार्म 6 में अपना नाम एवं पता भरकर अपने नाम को पंजीकृत करवाएं तथा फोटो, पता और आयु के प्रमाण के साथ आवेदन को अपलोड करें।
- यदि निर्वाचक नामावली की प्रविष्टियों में कोई संशोधन या सुधार करने की जरूरत हो, तो निर्वाचक नामावलियों की प्रविष्टियों में सुधार करने पर क्लिक करके फार्म 8 भरें।
- प्रवासी मतदाता रजिस्ट्रेशन के लिये ऑन-लाइन फार्म 6A में आवेदन कर सकते हैं।

मतदाता विशेष रूप से ध्यान रखें

- 16 दिसम्बर 2019 की स्थिति में मतदाता सूची की जानकारी वेबसाइट www.ceomadhyapradesh.nic.in, www.eci.gov.in पर अथवा BLO के पास देखी जा सकती है।
- इसके अलावा एक से अधिक स्थानों पर आपका पंजीयन है तो उसे फार्म 7 भरकर हटवाएं।
- अगर परिवार में कोई व्यक्ति मृत अथवा स्थानांतरित है तो उनके संबंध में बीएलओ को बताएं।
- निःशक्तजन अपना फार्म भरकर स्वयं को पंजीकृत और चिह्नांकित कराएं।

कौन से फार्म का इस्तेमाल किया जाना है

फार्म – 6	फार्म – 6A	फार्म – 7	फार्म – 8	फार्म – 8A
नए पंजीकरण के लिये या पते का एक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से दूसरे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में परिवर्तन करने के लिए।	भारतीय पासपोर्ट धारक प्रवासी भारतीयों के लिए।	निर्वाचक नामावलियों से मौजूदा नाम को कटवाने के लिये या नाम शामिल किये जाने पर आपत्ति करने के लिए।	निर्वाचक नामावलियों की प्रविष्टियों में संशोधन या सुधार करने के लिए।	एक ही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के भीतर पते में परिवर्तन होने की दशा में।

अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क करें 1950

मतदाता जागरूकता हेतु जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2020

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी

D-11302/R-43242/2020

विशेष लेख

कर प्रणाली को सरल और सुगम बनाने का साल रहा-2019

राज्य सरकार ने पिछले एक वर्ष में सभी श्रेणी के करदाताओं के लिये कर प्रणाली को सरल और सुगम बनाया है। अब कम्प्यूटर प्रणाली से जीएसटी सिस्टम में पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है। जीएसटी में अनिवार्य पंजीयन के लिये एक जुलाई 2019 से करदाताओं की वार्षिक टर्नओवर सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 40 लाख रुपये किया गया। वैट अधिनियम में 2,90,457 पंजीबद्ध करदाता एक जुलाई 2017 को जीएसटी में माइग्रेट हुए थे। इनकी संख्या बढ़कर अब 4 लाख 17 हजार से ज्यादा हो गई है। अप्रैल 2019 के बाद से अब तक जीएसटी में 41 हजार 136 नये पंजीयन जारी किये गये।

कम्पोजिशन की सुविधा

सालाना डेढ़ करोड़ तक टर्नओवर वाले छोटे निर्माता करदाताओं को कम्पोजिशन की सुविधा का विकल्प दिया गया, जिसमें उन्हें हिसाब रखने से छूट दी गई। त्रैमासिक कर चुकाने और वार्षिक विवरणी की सुविधा देने के लिये जीएसटी के नियमों में जरूरी बदलाव किये गये। सभी करदाताओं को प्रतिमाह वापसी के आवेदन करने की सुविधा दी गई। अब करदाता गलती से कर की राशि किसी अन्य मद में जमा होने पर वापसी के लिये स्वयं ही उसे सही हेड में ट्रांसफर कर सकेंगे।

जीएसटी प्रणाली का कम्प्यूटरीकरण

पिछले एक वर्ष में लगभग 22 करोड़ 30 लाख रुपये वाणिज्यिक कर राजस्व अर्जित किया गया। जीएसटी लागू होने के बाद इसमें समाहित मालों पर वर्ष 2015-16 में प्राप्त राजस्व के आधार पर प्रतिवर्ष 14 प्रतिशत की वृद्धि दर से क्षतिपूर्ति देने का प्रावधान किया गया। इस दौरान रिटर्न कम्प्लाइंस का प्रतिशत भी 81 से बढ़कर 90 हो गया। एक साल में 8208 रिफण्ड आवेदन का निराकरण किया गया और 427 करोड़ रुपये की क्लेम राशि की वापसी स्वीकार की गई। जीएसटी प्रणाली कम्प्यूटरीकृत की गई। व्यवसायिक संगठनों, व्यवसाइयों, कर सलाहकारों आदि को प्रणाली के बारे में 1200 कार्यशालाओं में पूरी जानकारी दी गई।

कर की दरों में कमी

प्रदेश में वर्ष 2019 में वाणिज्यिक कर की दरों में कमी की गई। इलेक्ट्रिक व्हीकल पर 12 से घटाकर 5 प्रतिशत, इनके चार्जर पर 18 से घटाकर 5 प्रतिशत और दोना-पत्तल पर 5 से घटाकर जीरो प्रतिशत कर निश्चित किया गया। रियल एस्टेट सेक्टर को बढ़ावा देने के लिये अफोर्डेबल हाउसिंग (45 लाख के मूल्य तक) कर की दर 8 से घटाकर एक प्रतिशत की गई। नॉन अफोर्डेबल हाउसिंग पर कर की दर 12 से घटाकर 5 प्रतिशत की गई। करदाताओं के लिये कार्यालयों में 100 हेल्प डेस्क की सुविधा सुनिश्चित की गई।

पंजीयन एवं मुद्रांक राजस्व संग्रहण में 10.20 और 13 प्रतिशत की वृद्धि

प्रदेश में पिछले वित्त वर्ष में करीब 5305 करोड़ रुपये और और इस वित्त वर्ष में अब तक करीब 3922 करोड़ रुपये पंजीयन एवं मुद्रांक राजस्व संग्रहण किया गया। यह संग्रहण गत वर्षों की तुलना में क्रमशः 10.20 और 13 प्रतिशत अधिक रहा। पारिवारिक बंटवारे के दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क की दर को ढाई से घटाकर आधा प्रतिशत किया गया। महिलाओं को सभी सम्पत्तियों में सह-स्वामी बनाने की पहल शुरू की गई। स्टाम्प शुल्क की दर शहरी क्षेत्र में 5.9 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 2.9 प्रतिशत से घटाकर एकजाई 1100 रुपये की गई।
विक्रय मूल्य = 10000*(120/100) = 12000 रुपये

14) यदि किसी भिन्न का अंश 50% तक वढ़ जाता है और हर 28 से घटाया जाता है, तो परिणामी भिन्न 7/9 हो जाती है। यदि भिन्न का अंश, भिन्न के हर से 41 कम है, तो मूल भिन्न ज्ञात कीजिए?
(a) 18/59 (b) 23/64
(c) 14/55 (d) 11/52

उत्तर : (c)
व्याख्या - माना की मूल भिन्न x/y है
x = y - 41
[x*(150/100)]/[y - 28] = 7/9
3x/[2*(y - 28)] = 7/9
3x/(2y - 56) = 7/9
27x = 14y - 392
27x = 14*(x + 41) - 392
27x = 14x + 574 - 392
13x = 182
x = 14
y = 14 + 41 = 55
मूल भिन्न = x/y = 14/55

निर्देश (15 - 19): निम्नलिखित श्रृंखलाओं में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कौन सी संख्या आयेगी?

15) 1560, 1640, 1722, 1806, 1892, ?
(a) 1920 (b) 1940
(c) 1970 (d) 1980

उत्तर : d
व्याख्या - 39 * 40=1560
40 * 41= 1640
41 * 42 = 1722
42 * 43 = 1806
43 * 44 = 1892
44 * 45 = 1980

16) 29, 390, 646, 815, ?, 964
(a) 845 (b) 920
(c) 860 (d) 915

उत्तर : d
व्याख्या - 29 + 19² = 390
390 + 16² = 646
646 + 13² = 815
815 + 10² = 915
915 + 7² = 964

17) 4095, 1365, 420, ?, 32, 8
(a) 148 (b) 136
(c) 120 (d) 156

उत्तर : (c)
व्याख्या - 4095/3 = 1365
1365/3.25 = 420
420/3.5 = 120
120/3.75 = 32
32/4 = 8

18) 817, 714, 533, 440, 273, ?
(a) 180 (b) 190
(c) 200 (d) 150

उत्तर : b
व्याख्या - 43 * 19 = 817
42 * 17 = 714
41 * 13 = 533
40 * 11 = 440
39 * 7 = 273
38 * 5 = 190

19) 148, 161, 169, 185, 199, ?
(a) 212 (b) 214
(c) 216 (d) 218

उत्तर : d
व्याख्या - 148 + (1 + 4 + 8) = 161
161 + (1 + 6 + 1) = 169
169 + (1 + 6 + 9) = 185
185 + (1 + 8 + 5) = 199
199 + (1 + 9 + 9) = 218

20) 279.908 + 1499.897 ÷ 29.912 * 11.11 = ? + 82.210 * 3.908 में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर अनुमानित मान क्या आयेगा?
(a) 514 (b) 506
(c) 512 (d) 510

उत्तर : a
व्याख्या - 279.908 + 1499.897 ÷ 29.912 * 11.11=? + 82.210 * 3.908
= 280 + 555 = ? + 321
514 (लगभग)

21. 437/529 को सरलतम रूप में व्यक्त करें?
(a) 19/23
(b) 23/19
(c) 18/17
(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - a
व्याख्या - 437 और 529 का म. स. = 23
= 437/529 = (437/23)/(529/23) = 19/23

22. निम्नलिखित का मान ज्ञात करें?
8965*974+8965*26 =?
(a) 875890
(b) 8965000
(c) 887690
(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - b
व्याख्या - (ab+ac) = a(b+c), इस समीकरण का उपयोग कर हल करें।

23. 9764*837-9764*737 =?
(a) 978653
(b) 976400
(c) 987605
(d) 997865

उत्तर - b
व्याख्या - (ab-ac) = a(b-c) का उपयोग कर हल करें।

24. यदि a/b = 4/3 हो, तो 6a+4b/6a-5b =?
(a) -1
(b) 3
(c) 4
(d) 5

उत्तर - c
व्याख्या - a/b = 4/3, (6a/b+4)/(6a/b-5) = 4

25. यदि a/b = 5/7 तथा c/d = 2/3 है, तो ac/bd =?
(a) 10/19
(b) 10/21
(c) 50/147
(d) 50/49

उत्तर - b
व्याख्या - दिया है a/b = 5/7 और c/d = 2/3
ac/bd = 5*2/7*3 = 10/21

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

भूगोल और अर्थव्यवस्था

1. निम्नलिखित में से कौनसी गैस पृथ्वी के वायुमंडल में पाई जाने वाली प्राथमिक ग्रीनहाउस गैस नहीं है?
(A) कार्बन डाइ ऑक्साइड
(B) मीथेन
(C) नाइट्रोजन ऑक्साइड
(D) जलवाष्प
उत्तर- (C) नाइट्रोजन ऑक्साइड

2. निम्नलिखित में से कौनसा बैंक भारत का सबसे बड़ा बहुराज्य सहकारी बैंक है?
(A) विजया बैंक
(B) सारस्वत बैंक
(C) यूनियन को-ऑपरेटिव बैंक
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (B) सारस्वत बैंक

3. वाल्कन शब्द से आशय है एक -
(A) पर्वत
(B) झील
(C) सागर
(D) नदी
उत्तर- (A) पर्वत

4. 500 रुपये के नोट का आकार निम्निलिखत में से कौन सा है?
(A) 66 मिमी ×150 मिमी
(B) 66 मिमी×166 मिमी
(C) 65 मिमी×150 मिमी
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (A) 66 मिमी×150 मिमी

5. देश की सबसे बड़ी अंतर्देशीय लवण आर्द्र भूमि प्रणाली निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?
(A) गुजरात
(B) राजस्थान
(C) उड़ीसा
(D) आंध्रप्रदेश
उत्तर- (B) राजस्थान

6. मंगल की परिक्रमा कक्ष में जाने वाला प्रथम एशियाई देश निम्नलिखित में से कौनसा है?
(A) चीन
(B) भारत
(C) पाकिस्तान
(D) जापान
उत्तर- (B) भारत

7. दक्षिणी ध्रुव का आक्षांश निम्नलिखित में से कौन सा है?
(A) 70°
(B) 80°
(C) 90°
(D) 100°
उत्तर- (C) 90°

8. भूमध्य रेखा नहीं गुजरती है?
(A) केन्या से
(B) इण्डोनेशिया से
(C) मैक्सिको से
(D) ब्राजील से
उत्तर- (C) मैक्सिको से

9. धरातल के सर्वाधिक भाग पर निम्नलिखित में से कौनसी चट्टान पाई जाती हैं।
(A) आग्नेय
(B) अवसादी
(C) कायांतरित
(D) सभी बराबर मात्रा में पाई जाती हैं
उत्तर- (B) अवसादी

10. रूपांतरित चट्टानों की उत्पत्ति निम्नलिखित में से किस प्रकार की चट्टान से हुई है?
(A) आग्नेय चट्टान
(B) अवसादी चट्टान
(C) आग्नेय व अवसादी
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (C) आग्नेय व अवसादी

11. रिक्टर स्केल का प्रयोग किसके संबंध में किया जाता है?
(A) वायु की आर्द्रता मापने
(B) भूकंप की तीव्रता मापने
(C) वायु का घनत्व मापने
(D) पवन की दिशा देखने
उत्तर- (B) भूकंप की तीव्रता मापने

12. मोनालोआ ज्वालामुखी कहां स्थित है?
(A) ईरान
(B) हवाई द्वीप
(C) अफ्रीका
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (B) हवाई द्वीप

13. विक्टोरिया जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?
(A) कोलारेडो
(B) मिसीपिसी
(C) जेम्बेंजी
(D) सेण्टलारिंस
उत्तर- (C) जेम्बेंजी

14. अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभूति संगठन का सामान्य सचिवालय कहां स्थित है?
(A) मैड्रिड
(B) बेसल
(C) पेरिस
(D) न्यूयॉर्क
उत्तर- (A) मैड्रिड

15. रसेल ट्रिब्यूनल निम्नलिखित में से संबंधित है?
(A) अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा मुद्दे
(B) युद्ध अपराध
(C) महिलाओं कि खिलाफ अपराध
(D) संगठित अंतर्राष्ट्रीय अपराध
उत्तर- (B) युद्ध अपराध

16. फ्रांस व इटली को जोड़ने वाली सुरंग कौनसी है?
(A) सेंट गोथार्ड टनल
(B) क्वीसरास्ता टनल
(C) आरेंज फिश खिर टनल
(D) मोंट क्लांक टनल
उत्तर- (D) मोंट क्लांक टनल

17. कैशस्को नेशनल पार्क कहां स्थित है?
(A) बोलीविया
(B) ऑस्ट्रेलिया
(C) रूस
(D) फ्रांस
उत्तर- (C) रूस

18. नरसिम्हन समिति निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(A) कृषि सुधार
(B) व्यापार सुधार
(C) वित्तीय क्षेत्र में सुधार
(D) कर सुधार
उत्तर- (C) वित्तीय क्षेत्र में सुधार

19. स्वेज नहर वन जाने के पश्चात् भारत व यूरोप की दूरी कितनी कम हो गई है?
(A) 5000 कि.मी.
(B) 7000 कि.मी.
(C) 8000 कि.मी.
(D) 9000 कि.मी.
उत्तर- (B) 7000 कि.मी.

20. म्यांमार कहां अवस्थित है?
(A) दक्षिण पश्चिम एशिया
(B) दक्षिण पूर्व एशिया
(C) पश्चिम एशिया
(D) पूर्व एशिया
उत्तर- (A) दक्षिण पश्चिम एशिया

21. डियागो गर्सिया द्वीप कहां अवस्थित है?
(A) प्रशान्त महासागर में
(B) अटलांटिका महासागर में
(C) हिन्द महासागर में
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (C) हिन्द महासागर में

22. हवा के तेज वेग से बनने वाले रेतीले टीलों को क्या कहा जाता है?
(A) डयून
(B) क्लिफ
(C) A तथा B दोनों
(D) सर्क
उत्तर- (A) डयून

23. वह कौनसी जलधारा है, जो अफ्रीका के दक्षिण पश्चिमी तट पर बहती है?
(A) कनारी जलधारा
(B) बेंगुला जलधारा
(C) हम्बोल्ट जलधारा
(D) लेब्रोडोरा जलधारा
उत्तर- (B) बेंगुला जलधारा

24. बैंकॉक किस नदी के किनारे बसा है?
(A) मेनाम नदी
(B) इरा नदी
(C) टेम्स नदी
(D) डेन्यूब नदी
उत्तर- (A) मेनाम नदी

25. हम्बनटोटा बन्दरगाह निम्नलिखित में से कहां स्थित है?
(A) ईरान
(B) भारत
(C) पाकिस्तान
(D) जापान
उत्तर- (D) जापान

26. राममन नामक धार्मिक त्योहार व अनुष्ठान थिएटर किस प्रदेश में स्थित है?
(A) मध्यप्रदेश में
(B) उत्तरप्रदेश में
(C) उत्तराखंड में
(D) बिहार में
उत्तर- (C) उत्तराखंड में

27. न्यू डेवलपमेंट बैंक का मुख्यालय निम्नलिखित में से कहां स्थित है?
(A) मनीला (फिलीपींस)
(B) शंघाई (चीन)
(C) नई दिल्ली (भारत)
(D) बीजिंग (चीन)
उत्तर- (B) शंघाई (चीन)
व्याख्या- न्यू डेवलपमेंट बैंक जिसे ब्रिक्स बैंक के नाम से भी जाना जाता है का मुख्यालय शंघाई, चीन में है। यह ब्राजील, रूस, भारत, चीन, और दक्षिण अफ्रीका द्वारा स्थापित विकास बैंक है।

28. "सफेद कोयला" का उपयोग निम्नलिखित में से किसके लिए किया जाता है?
(A) भूतापीय विद्युत
(B) पनबिजली
(C) पवन ऊर्जा
(D) बायोमास ऊर्जा
उत्तर- (B) पनबिजली

29. पंजाब -34 निम्नलिखित में से किस फसल की किस्म है?
(A) कपास
(B) गेहूं
(C) चावल
(D) आलू
उत्तर- (A) कपास

30. सकल घरेलू उत्पाद का अधिकतम योगदान किस क्षेत्र में दिया जाता है?
(A) प्राथमिक क्षेत्र
(B) द्वितीय क्षेत्र
(C) तृतीय क्षेत्र
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (C) तृतीय क्षेत्र

31. गरीबी रेखा का निर्धारण निम्नलिखित में से किससे द्वारा किया जाता है?
(A) वित्त आयोग
(B) संसद
(C) केंद्रीय मंत्रिमंडल
(D) नीति आयोग
उत्तर- (D) नीति आयोग

32. मानव विकास सूचकांक का माप नहीं है?
(A) लिंग अनुपात
(B) जीवन प्रत्याशा
(C) साक्षरता दर
(D) सकल नामांकन
उत्तर- (A) लिंग अनुपात

33. बन्द अर्थव्यवस्था से आशय है?
(A) केवल निर्यात
(B) न आयात न ही निर्यात
(C) केवल आयात
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (B) न आयात न ही निर्यात

34. केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन की स्थापना निम्नलिखित में से कब की गई?
(A) 1950
(B) 1952
(C) 1951
(D) 1953
उत्तर- (C) 1951

35. भूज्ञा वन्यजीव अभ्यारण्य किसके लिए प्रसिद्ध है?
(A) हाथी
(B) बाघ
(C) चीतल
(D) सर्प
उत्तर- (A) हाथी

36. "भारत के सार्वजनिक पर्स का संरक्षक" किसे कहा जाता है?
(A) नियंत्रक और महालेखा परीक्षक
(B) वित्त मंत्रालय
(C) लोक लेखा समिति
(D) प्रधानमंत्री
उत्तर- (A) नियंत्रक और महालेखा परीक्षक

37. विदेश नीति का निर्णय निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया जाता है?
(A) प्रधानमंत्री
(B) मंत्रिपरिषद्
(C) वित्त मंत्री
(D) संसद
उत्तर- (B) मंत्रिपरिषद्

38. ब्याज दर नीति हिस्सा है?
(A) राजकोषीय नीति का
(B) औद्योगिक नीति का
(C) मौद्रिक नीति का
(D) उपरोक्त सभी का
उत्तर- (C) मौद्रिक नीति का

39. हवाला से तात्पर्य निम्नलिखित में से क्या है?
(A) विदेशी मुद्रा का अवैध करोबार
(B) कर बंधन
(C) शेयरों का अवैध व्यापार
(D) उपर्युक्त से कोई नहीं
उत्तर- (A) विदेशी मुद्रा का अवैध करोबार

40. मुद्रा स्फीति से निम्नलिखित में से कौन लाभान्वित होता है?
(A) बचतकर्ता
(B) ऋणदाता
(C) ऋणी
(D) पेंशनप्राप्तकर्ता
उत्तर- (C) ऋणी

41. बैंक की नई शाखाएं खोलने के लिए लाइसेंस निम्नलिखित में से किसके द्वारा दिए जाते हैं?
(A) वित्त मंत्रालय
(B) भारतीय बैंक संघ
(C) आर.बी.आई.
(D) राज्य सरकार
उत्तर- (C) आर.बी.आई.

42. सर्वाधिक जैव विविधता निम्नलिखित में से कहां पाई जाती है?
(A) टुण्ड्रा में
(B) ऊष्णकटिबंधीय वर्षा वन में
(C) शंकुधारी वनों में
(D) शीतोष्ण वनों में
उत्तर- (B) ऊष्णकटिबंधीय वर्षा वन में

43. मिर्च नामक फसल भारत में किसके द्वारा लाई गई थी?
(A) पुर्तगाली
(B) चीनी
(C) फ्रांसिसी
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (A) पुर्तगाली

44. कालगुर्ली नामक खदान कहां स्थित है?
(A) ऑस्ट्रेलिया
(B) भारत
(C) अमेरिका
(D) चीन
उत्तर- (A) ऑस्ट्रेलिया

45. एण्टवर्प किसके लिए प्रसिद्ध है?
(A) हीरे को तराशने के लिए
(B) पेट्रोलियम के लिए
(C) सोने के लिए
(D) डेट्रायट उद्योग के लिए
उत्तर- (A) हीरे को तराशने के लिए

46. एस्किमो निम्नलिखित में से कहां के निवासी हैं?
(A) अमेरिका
(B) कनाडा
(C) मलेशिया
(D) श्रीलंका
उत्तर- (B) कनाडा

47. यूरोप का खेल मैदान निम्नलिखित में किसे कहा जाता है?
(A) बेल्जियम
(B) इटली
(C) स्विट्ज़रलैण्ड
(D) क्यूबा
उत्तर- (C) स्विट्ज़रलैण्ड

48. नंदादेवी नामक पर्वत कहां स्थित है?
(A) हिमाचल प्रदेश
(B) उत्तराखण्ड
(C) नेपाल
(D) सिक्किम
उत्तर- (B) उत्तराखण्ड

49. नाथूला दर्रा निम्नलिखित में से कहां स्थित है?
(A) हिमाचल प्रदेश
(B) सिक्किम
(C) मणिपुर
(D) त्रिपुरा
उत्तर- (B) सिक्किम

50. अहमदाबाद निम्नलिखित में से किस नदी के किनारे स्थित है?
(A) साबरमती
(B) गंगा
(C) कृष्णा
(D) गोदावरी
उत्तर- (A) साबरमती

- पूर्वी जैन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी विषयों पर लेखन करती हैं)

महादेव गोविन्द रानाडे जयंती | 18 जनवरी

अर्थशास्त्री, राष्ट्रवादी और समाज सुधारक थे महादेव गोविन्द रानाडे

15 अगस्त 1947 को जब हमारा देश आजाद हुआ तो यह उपलब्धि तत्कालीन भारतीय नागरिकों के लिए तो खास थी ही, साथ ही उन हजारों स्वतंत्रता सेनानियों के अथक प्रयासों को भी समर्पित थी, जो आजादी का सपना संजोए ही इस दुनिया से चले गए थे। वे अपनी आंखों से जो स्वतंत्रता का उजाला नहीं देख पाए, लेकिन आजादी की राह में अपने खून-पसीने का बारूद जरूर बिछाकर गए थे। इन्हीं में से एक थे भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद् महादेव गोविन्द रानाडे। उन्होंने जब होश संभाला तो देश को विदेशी शासकों और लोगों को विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के चंगुल में फंसा पाया। उनके मन में इन सबसे लोगों को मुक्ति दिलाने का जज्बा हिलोरे मारने लगा और उन्होंने धीरे-धीरे राजनीतिक और सामाजिक सम्मेलनों के जरिए जन-जागरूकता फैलाना शुरू कर दिया।

महादेव गोविन्द रानाडे ने 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' की स्थापना का समर्थन किया था और वर्ष 1885 में मुंबई में हुए उसके प्रथम अधिवेशन में भाग भी लिया था। वे मानते थे कि मनुष्य की सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और धार्मिक प्रगति एक-दूसरे पर आश्रित है। अतः ऐसा व्यापक सुधारवादी आंदोलन होना चाहिए, जो मनुष्य की चतुर्मुखी उन्नति में सहायक हो। वे सामाजिक सुधार के लिए केवल पुरानी रूढ़ियों को तोड़ना पर्याप्त नहीं मानते थे। उनका कहना था कि रचनात्मक कार्य से ही यह संभव हो सकता है। वे स्वदेशी के समर्थक थे और देश में निर्मित वस्तुओं के उपयोग पर बल देते थे। देश की एकता उनके लिए सर्वोपरी थी। उन्होंने कहा था कि प्रत्येक भारतवासी को यह समझना चाहिए कि पहले मैं भारतीय हूँ और बाद में हिन्दू, ईसाई, पारसी, मुसलमान आदि कुछ और। उन्होंने महिलाओं को शिक्षित करने पर विशेष जोर दिया और वे बाल विवाह के कट्टर विरोधी और विधवा विवाह के समर्थक थे। समाज सुधार के कार्यों को लेकर उनकी ख्याति 'महाराष्ट्र के सुकरात' के नाम से भी है।

निर्भीकतापूर्वक निर्णय देने के लिए पाई प्रसिद्धि

गोविन्द रानाडे का जन्म 18 जनवरी 1842 में महाराष्ट्र के एक छोटे से कस्बे निफाड़ (नासिक) में हुआ था। उनके पिता का नाम गोविन्द अमृत रानाडे था। पुणे में आरंभिक शिक्षा पाने के बाद रानाडे ने ग्यारह वर्ष की उम्र में अंग्रेजी शिक्षा आरंभ की। वर्ष 1859 में उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से प्रवेश परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। वे बेहद मेधावी थे। बाद में वे पुणे के एलफिंस्टन कॉलेज में अंग्रेजी के प्राध्यापक नियुक्त हुए थे। एल.एल.बी. पास करने के बाद रानाडे का चयन प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट के तौर पर हुआ। सन् 1871 में उन्हें 'बॉम्बे स्माल कॉजेज कोर्ट' का चौथा न्यायाधीश, सन् 1873 में पूना का प्रथम श्रेणी सह-न्यायाधीश, सन् 1884 में पूना 'स्माल कॉजेज कोर्ट' का न्यायाधीश और अंततः सन् 1893 में बॉम्बे उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनाया गया। इस दौरान वे बॉम्बे विधान परिषद् के सदस्य भी रहे।

वे बिना किसी भय और पक्षपात के निर्भीकतापूर्वक निर्णय देने के लिए प्रसिद्ध थे। शिक्षा के प्रसार में उनकी रुचि देखकर अंग्रेज सरकार उन्हें अपने लिए संकट मानने लगी थी। सन् 1897 में रानाडे उस समिति में भी सेवारत रहे, जिसे शाही एवं प्रांतीय व्यय का लेखा-जोखा रखने एवं आर्थिक कटौतियों का अनुमोदन करने का कार्यभार मिला था। इस सेवा हेतु, उन्हें कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ इंडियन एम्पायर का दर्जा मिला। इन्होंने सन् 1887 से द डेक्कन एग्रीकल्चरिस्ट्स रिलीफ एक्ट के अन्तर्गत विशेष न्यायाधीश के पदभार को भी संभाला। उनके कार्यकाल के दौरान ब्रिटिश सरकार उनके हर काम पर नज़र रख रही थी। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। वे जब लोकसेवा की ओर मुड़े तो उन्होंने देश में अपने ढंग के महाविद्यालय स्थापित करने के लिए विशेष प्रयास किए। वे आधुनिक शिक्षा के हिमायती तो थे, लेकिन उनका मानना था कि यह भारत की आवश्यकताओं के अनुरूप होनी चाहिए। सरकारी नौकरी में रहते हुए भी उन्होंने जनता से बराबर संपर्क बनाये रखा। दादाभाई नौरोजी के पथ प्रदर्शन में वे शिक्षित लोगों को देशहित के कार्यों की ओर प्रेरित करते रहे। वे मानते थे कि देश काल के अनुसार धार्मिक आचरण बदलते रहते हैं। विधवा विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने एक समिति 'विधवा विवाह मण्डल' की स्थापना भी की थी। रानाडे 'डेक्कन एजुकेशनल सोसायटी' के संस्थापकों में से एक थे।

'प्रार्थना-समाज' के माध्यम से किए धार्मिक-सामाजिक सुधार

महादेव गोविन्द रानाडे ने अपने मित्रों डॉ. अत्माराम पांडुरंग, बाल मंगेश वाग्ले एवं वामन अबाजी मोदक के संग एक संस्था 'प्रार्थना-समाज' की स्थापना की, जो कि ब्रह्म समाज से प्रेरित एक आंदोलन था। वे मूलतः महाराष्ट्र में धार्मिक सुधार लाने हेतु प्रतिबद्ध थे। उन्होंने तत्कालीन समाज में प्रचलित कुरीतियां जैसे बाल विवाह, विधवा मुंडन, विवाह के आडम्बरों पर भारी आर्थिक व्यय, सागर पार यात्रा पर जातीय प्रतिबंध इत्यादि का विरोध किया। उन्होंने पुणे सार्वजनिक सभा की स्थापना की और बाद में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापकों में से एक बने। रानाडे ने सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक और राजनितिक विषयों पर लेख और पुस्तकें लिखी हैं। इन रचनाओं को अनेक शीर्षकों से संकलित किया गया है। अर्थशास्त्रीय लेखन नाम से उनके आलेखों का विपिन चंद्र ने संपादन किया है। यह सिद्ध करने के लिए कि उनके विचार शास्त्रों के पूर्णतः अनुरूप थे, उन्होंने कई विद्वत्तापूर्ण ग्रंथ लिखे, जिनमें से प्रमुख हैं- विधवा पुनर्विवाह, मालगुजारी कानून, राजा राममोहन राय की जीवनी, मराठों का उत्कर्ष।

'भारतीय अर्थशास्त्र' शब्द को लाए प्रचलन में

रानाडे एक अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने परम्परावादी अर्थशास्त्रियों की आलोचना की और उन्हें वास्तविक रूप से व्यक्तिवादी बताया। व्यक्ति का हित तब होगा, जब उत्पादन बढ़ेगा, वे ऐसा मानते थे। वे सर्वप्रथम ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने भारतीय अर्थशास्त्र शब्द का प्रयोग किया। वे भारत जैसे निर्धन देश के लिए संरक्षित व्यापार नीति बनाना चाहते थे। वे आर्थिक एवं राजनीतिक समस्याओं का हल अलग-अलग चाहते थे। उन्होंने भारतीय उद्योगों के विनाश का कारण ब्रिटिश सरकार की गलत नीतियों को बताया। वे भारत की औद्योगिक क्रांति के स्वप्नदृष्टा थे, जिन्होंने अपने स्वप्न को साकार करने की भरपूर कोशिश की। इसके लिए वे आर्थिक समस्याओं के अध्ययन के लिए संस्थानों की स्थापना करना चाहते थे। उन्होंने 1885 में नेशनल सोशल कॉन्फ्रेंस और 1890 में इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की स्थापना की। इन संगठनों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट्स के दूरगामी नतीजे हुए। उनका मानना था कि सुधारों के बिना भारत की राष्ट्र के रूप में कल्पना बेकार है।

उनके आर्थिक चिंतन का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा यह था कि यदि भारतीयों को गरीबी से छुटकारा दिलाना है तो देश का औद्योगिकीकरण करना बेहद जरूरी है। कुटीर उद्योगों का स्थान कल कारखानों को लेना होगा। इसके लिए आवश्यक पूंजी जुटाई जानी चाहिए। इससे खेतिहरों को भी अप्रत्यक्ष तरीके से लाभ होगा। वे कहते थे कि किसानों को कम ब्याज पर ऋण मुहैया कराने के लिए ऋणदाता संगठन स्थापित किए जाने चाहिए। साथ ही किसानों को महाजनों के लालच और चालाकी से बचाने के लिए कानूनी संरक्षण दिया जाए।

वर्ष 1872 में ही रानाडे ने विदेश व्यापार में भारत की विफलता पर गंभीर चिंता प्रगट करते हुए कहा था कि देश ज्यादातर कच्चे माल का निर्यात करता है और निर्मित वस्तुओं का आयात करता है। इससे सिद्ध होता है कि भारत उद्योगों की दृष्टि से अत्यंत पिछड़ा है। 1890 में उन्होंने पश्चिम भारतीय औद्योगिक एसोसिएशन का आयोजन किया। वे अक्सर कहा करते थे देश का उद्योग पूंजी की कमी का प्यासा है। चूंकि यह कमी राष्ट्रीय है इसलिए राष्ट्र को यह अधिकार है। वह शासकों से कमी पूरी करने की उम्मीद करे। देश की भरपूर सेवा करने वाले और समाज को नई राहें दिखाने वाले महादेव गोविन्द रानाडे का निधन 16 जनवरी, 1901 में हुआ। उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी रमाबाई रानाडे ने उनके कार्यों को जारी रखा। अपने पति से प्रेरित होकर, रमाबाई ने महिलाओं में सार्वजनिक रूप से बोलने की कला को विकसित करने के लिए मुंबई में 'हिंदू लेडीज सोशल क्लब' की शुरुआत की। इसके पहले उन्होंने 1886 में पुणे में लड़कियों का पहला उच्च विद्यालय स्थापित किया था। वे पुणे में 'सेवा सदन सोसाइटी' की संस्थापक और अध्यक्ष भी रहीं।

- रीता मोदी
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए हिन्दी विषय के महत्वपूर्ण प्रश्न

निर्देश - नीचे कुछ विपरीतार्थक शब्द दिए गए हैं। प्रत्येक के चार वैकल्पिक अर्थ दिए गए हैं। उपयुक्त सही विकल्प का चयन करें।

1. अर्वाचन
(A) रसातल (B) भूचाल
(C) पाताल (D) अम्बर
2. अथ
(A) तत् (B) इति
(C) सद्यः (D) अन्त
3. उत्थान
(A) उत्कर्ष (B) अपकर्ष
(C) पतन (D) अधोगति
4. संयुक्त
(A) मुक्त (B) विमुक्त
(C) निरुक्त (D) अमुक्त
5. सुलभ
(A) सहज (B) प्राप्त
(C) दुर्लभ (D) असुलभ
6. खण्डन
(A) संयुक्त (B) पूरण
(C) मण्डन (D) सम्पूरण
7. संधि
(A) समाज (B) असंधि
(C) विग्रह (D) निविदा

निर्देश - नीचे दिए गये प्रश्नों के अंतर्गत प्रत्येक प्रश्न में एक शब्द दिया गया है। तथा उसके पर्यायवाची शब्द दिये गए हैं, जिनमें से कोई एक गलत है। उस गलत शब्द का चयन करें।

8. अतिथि
(A) अधिगत (B) अभ्यागत
(C) आगन्तुक (D) मेहमान
9. इन्दिय
(A) गो (B) हपीक
(C) रथ (D) जन
10. केला
(A) कदली (B) मोचा
(C) रम्भा (D) अम्मा
11. दाँत
(A) उड्गन (B) रद
(C) दन्त (D) दशन
12. दुःख
(A) कष्ट (B) मोक्ष
(C) क्लेश (D) पीड़ा
13. पत्नी
(A) भार्या (B) दारा
(C) महिला (D) वामा
14. शरीर
(A) वसु (B) वपु
(C) गात (D) काया

निर्देश - निम्नांकित चार विकल्पों में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध (तत्सम्) शब्द चुनिए और उसे उत्तर पर चिन्हित कीजिए?

15. (A) सिंगार (B) शृंगार
(C) श्रीगांर (D) श्रृंगार
16. (A) कवयत्री (B) कवयित्री
(C) कवियित्री (D) कवयीत्री
17. (A) संन्यासी (B) संयासी
(C) संनियासी (D) सन्यासी
18. (A) औद्योगिक (B) ओद्योगिक
(C) उद्योगिक (D) उद्यौगिक
19. (A) उत्कर्ष (B) उत्क्रर्ष
(C) उत्कर्श (D) उतकर्ष
20. (A) रसायनिक (B) रशासनिक
(C) रासायनिक (D) राशायनिक
21. (A) उलघंन (B) उल्लघंन
(C) उल्लंघन (D) उल्लघन

निर्देश - नीचे कुछ, मुहावरे/लोकोक्तियां दी गई हैं। प्रत्येक के चार वैकल्पिक अर्थ दिए गए हैं। उपयुक्त अर्थ का चयन करें।

22. अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना
(A) अपना पैर काटना
(B) अपना अहित स्वयं करना
(C) अपने हाथ से वृक्ष काटना
(D) कुल्हाड़ी से वृक्ष काटना
23. आंखें चुराना
(A) आंख मारना
(B) दोनों आंख का अन्धा होना
(C) एक आंख का अंधा होना
(D) बचने की कोशिश करना
24. पानी-पानी होना
(A) लज्जित होना
(B) पानी से भीग जाना
(C) अति प्रसन्न होना
(D) व्यथित हो जाना
25. जहर का घूँट पीना
(A) विष पी लेना
(B) खतरा उठाना
(C) जोखिम में डाल देना
(D) अपमान को चुपचाप सहन कर लेना।
26. घोड़े बेचकर सोना
(A) खुशी में सोना
(B) बेफिक्र सोना
(C) गहरी नींद में सोना
(D) घोड़ा किसी को सौंपकर सोना।
27. चोली-दामन का साथ
(A) गहरी दोस्ती
(B) कटु शत्रुता
(C) दोस्ती निभाना
(D) दोस्ती चलाना
28. पीठ दिखाना
(A) हार मानना
(B) जीत जाना
(C) पश्चाताप करना
(D) अपनी वेदना व्यक्त करना

निर्देश - निम्नलिखित शब्दों के चार-चार उत्तर दिये गये हैं। जिनमें से एक ही उत्तर शुद्ध है। सही उत्तर का चयन कीजिए।

29. जिसकी उपमा न हो
(A) उपमा रहित (B) अनुपमेय
(C) अनुपम (D) उपमेय
30. जिसका शत्रु उत्पन्न न हुआ हो
(A) शत्रु जन्महन्ता
(B) शत्रु रहित
(C) अजात शत्रु
(D) नजात शत्रु
31. पहले उत्पन्न होने वाला
(A) पूर्वजाया (B) अग्रज
(C) अनुज श्रेष्ठ (D) पूर्वगामी
32. बहुत कम बोलने वाला
(A) निराभाषी (B) अमापी
(C) अल्पभाषी (D) अवाचाल
33. जिसका अनुभव किया गया हो।
(A) अनुभवी (B) अनुभवेत्तर
(C) अनुभविता (D) अनुभूत
34. जो भविष्य की बात सोचता हो।
(A) भविष्यचिंतक (B) चिन्ताकुल
(C) अग्रसोची (D) भावीचिंतक
35. पीछे-पीछे चलने वाला
(A) अनुगामी (B) अनुगमन
(C) अनुवर्ती (D) अनुचिंतक

निर्देश - नीचे समास शब्दों के 4-4 आशय दिये गये हैं। सही और स्पष्ट उत्तर का चयन करें?

36. यथाविधि
(A) नियम के अनुसार
(B) विधि के अनुसार
(C) नियम के तहत
(D) नियम-अविरुद्ध
37. पदच्युत
(A) पैर से लड़खड़ा जाना
(B) राजा का लड़का
(C) पद से हटाना
(D) पद का टूट जाना
38. सद्पथ
(A) सच्चा मार्ग
(B) सचाईवाला मार्ग
(C) सचाई पर चलने वाला
(D) अच्छा है जो पथ
39. पदारविन्द
(A) अरविन्द पद में है
(B) अरविंद के समान
(C) अरविंद ही पद है
(D) चरण हैं कमल के समान
40. नवग्रह
(A) नौ ग्रहों का समूह
(B) नौ ग्रहों का मार्ग
(C) नौ ग्रह की छाया
(D) नौ ग्रहों का प्रकाशपुंज
41. पंचरत्न
(A) पाँच रत्नों से प्रकाश निकलना
(B) अलग-अलग पाँच रत्न
(C) पाँच रत्नों का समूह
(D) पाँच रत्नों का जलना

(शेष अगले पृष्ठ पर)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी

1. तलाश है एक ...।
अ) नौसैनिक वायुयान
ब) विकसित प्रक्षेपास्त्र
स) इंटरनेट पर एक मल्टीमीडिया पोर्टल तथा एक ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉगनिशन (ओ.सी.आर.) देवनागरी में साफ्टवेयर सी-डेक द्वारा संचालित
द) कम मूल्य वाला पी.सी. आधारित सुपर कम्प्यूटिंग प्लेटफॉर्म

2. निम्न लेजर किस्मों में से कौन लेजर प्रिंटर में प्रयुक्त होती है?
अ) डाई लेजर
ब) सेमी कण्डक्टर लेजर
स) एक्साइमर लेजर
द) गैस लेजर

3. आई.सी. चिपों का निर्माण किया जाता है?
अ) फाइबर से
ब) सेमी कण्डक्टर से
स) प्लास्टिक से
द) इनमें से कोई नहीं

4. वर्ल्ड वाइड वेब (www) एक हाइपर मीडिया सिस्टम है क्योंकि यह -
अ) हाइपर फास्ट है
ब) दूसरे कम्प्यूटर संसाधनों को जोड़ता है।
स) वीडियो सामग्री का लेवल प्राप्त करने में प्रयोग किया जा सकता है।
द) उपरोक्त में से कोई नहीं

5. निम्नलिखित में से कौन एक कम्प्यूटर की भाषा नहीं है?
अ. BASIC
ब. C
स. FAST
द) FORTRAN

6. एक कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा एक ही स्थान में उपयोग किये जाने वाले अनन्य रूप से निजी नेटवर्क का वर्गीकरण होगा?
अ) इंटरनेट
ब) लोकल एरिया नेटवर्क
स) वाइड एरिया नेटवर्क
द) अर्पानेट

7. ई-मेल का जन्मदाता किसे माना जाता है?
अ) बिल गेट्स
ब) रिमोथी बिल
स) लिंकन गोलिटसबर्ग
द) रे टॉमलिंसन

8. अधिकतर कम्प्यूटर समझ सकते हैं?
अ) अंग्रेजी भाषा सदृश उच्चस्तरीय निर्देश
ब) BASIC
स) कोई भी भाषा
द) उपरोक्त में से कोई नहीं

9. 8-बिटों के समूह को कहते हैं?
अ) निबल
ब) बाइट
स) वर्ड (शब्द)
द) किलो बाइट

10. स्पैम (Spam) किस विषय से संबंधित शब्द है?
अ) कम्प्यूटर ब) कला
स) संगीत द) खेल

11. चित्र संदेश निजी इनबॉक्स में कितने दिन रहेगा?
अ) 28 दिन ब) 30 दिन
स) 15 दिन द) 7 दिन

12. 'ब्लॉग' शब्द किन दो शब्दों का संयोजन है?
अ) वेब-लॉग ब) वेन-लॉग
स) वैक-ब्लॉग द) वैड-लॉग

13. कम्प्यूटर अपनी शक्ति प्राप्त करता है?
अ) अपनी गति से
ब) शुद्धता से
स) स्मृति से
द) ये सभी से

14. 'सूचना राजपथ' किसे कहते हैं?
अ) ई-मेल को
ब) स्क्रीन को
स) सेल्यूलर फोन को
द) इंटरनेट को

15. NASA द्वारा विकसित सर्वाधिक तेज सुपर कम्प्यूटर है?
अ) अनुपम ब) कोलम्बिया
स) ब्लू जीन द) परम

16. चुम्बकीय डिस्क पर किस पदार्थ की परत होती है?
अ) आयरन ऑक्साइड
ब) फॉस्फोरस पेन्टोक्साइड
स) मैग्नीशियम ऑक्साइड
द) सोडियम पराक्साइड

17. भारत में सर्वप्रथम दिखाई देने वाला कम्प्यूटर वायरस है?
अ) सी-ब्रेन
ब) कोलम्बस
स) मैक बग
द) माइकल ऐंजेलो वायरस

18. FORTRAN, ALGOL, PASCAL आदि भाषाओं को सिखाने के लिये किस भाषा को 'नींव का पत्थर' कहा जाता है?
अ) C++
ब) BASIC
स) COBOL
द) इनमें से कोई नहीं

19. साइबर क्राइम क्या है?
अ) हैकिंग
ब) स्टार्किंग
स) सर्विस आधात की मनाही
द) उपर्युक्त सभी

20. वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग है?
अ) दूर संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुये वीडियो काल का परिचालन
ब) दूरभाष पर काल का परिचालन
स) दूरबीन प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुये वीडियो कॉन्फ्रेंस का परिचालन
द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

21. कम्प्यूटर हैकर है?
अ) एक व्यक्ति जो कम्प्यूटर की सुरक्षा बनाये रखता है
ब) एक व्यक्ति जो व्यक्तिगत लाभ के दूषित इरादों से कम्प्यूटर सुरक्षा का पालन नहीं करता
स) कम्प्यूटर के सुरक्षित परिचालन हेतु उत्तरदायी एक व्यक्ति
द) कम्प्यूटर सुधारने वाला एक व्यक्ति

22. राज्य सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान कहां स्थित है?
अ) ग्वालियर ब) इंदौर
स) जबलपुर द) भोपाल

23. निम्न में से कौन-सा वेब ब्राउजर नहीं है?
अ) ओपेरा
ब) गूगल ऐप्स
स) विवाल्डो
द) मोजिला फायरफॉक्स

24. इंटरनेट एक उदाहरण है?
अ) मैन (MAN) का
ब) लैन (LAN) का
स) वैन (WAN) का
द) वाई-फाई (Wi-Fi) का

25. डक डक गो (Duck Duck Go) है, एक -
अ) वाइरस
ब) सर्च इंजन
स) वेब ब्राउजर
द) न्यूज वेबसाइट

26. जी.आई.एफ. का आशय है?
अ) जियोग्राफिकल इमेज फॉरमेट
ब) ग्लोबल इमेज फॉरमेट
स) ग्राफिकल इन्टरचेन्ज फॉरमेट
द) उपरोक्त में से कोई नहीं

27. कम्प्यूटर बंद होने पर ..... के कन्टेन्ट्स नष्ट हो जाते हैं?
अ) स्टोरेज ब) इनपुट
स) आउटपुट द) मेमोरी

28. एमएस वर्ल्ड प्रयोग किया जाता है?
अ) चित्र डाटा संशोधन हेतु
ब) पद्यांश डाटा संशोधन हेतु
स) संख्यात्मक डाटा संशोधन हेतु
द) उपरोक्त में से कोई नहीं

29. आई.सी. चिपों द्वारा निर्मित प्रथम डिजिटल कम्प्यूटर जाना जाता है?
अ) एप्पल - 1
ब) वेक्स 780
स) आइ.बी.एम. 1620
द) आइ.बी.एम. सिस्टम-360

30. आधुनिक कम्प्यूटरों का लघु रूप करण संभव हो सका है निम्न के प्रयोग से -
अ) ट्रांजिस्टर
ब) समाकलित परिपथ चिप
स) नैनो पदार्थ
द) अति संचालक

31. BASIC भाषा का प्रयोग निम्न में से किस कार्य के लिये किया जाता है?
अ) वाणिज्यिक कार्यों के लिये
ब) वैज्ञानिक गणना हेतु
स) बच्चों को सिखाने हेतु
द) प्रारम्भ में सरल भाषा सिखाने हेतु

32. डिजिटल कम्प्यूटर विकसित किया गया?
अ) रूस में ब) ब्रिटेन में
स) यू.एस. में द) जापान में

33. किसी व्यवस्था के कम्प्यूटरीकरण में आवश्यकता होती है?
1. उसको करने की दृढ़ इच्छा शक्ति की
2. संबंधित वित्तीय संसाधनों की
3. जनशक्ति के प्रशिक्षण की
4. एक अत्याधुनिक संरचना की

कूट
अ) 1 और 2
ब) 2 और 3
स) 1, 2 और 3
द) ये सभी

34. एक कम्प्यूटर की स्मृति सामान्य तौर पर किलोबाइट अथवा मेगाबाइट के रूप में व्यक्त की जाती है। एक बाइट बना होता है?
अ) आठ द्वि-आधारी अंकों का
ब) आठ दशमलव अंकों का
स) दो द्विआधारी अंकों का
द) दो दशमलव अंकों का

35. लेजर प्रिंटर में निम्नलिखित में से कौन-सा एक लेजर प्रकार प्रयुक्त होता है?
अ) डाई लेजर
ब) गैस लेजर
स) अर्द्ध चालक लेजर
द) उत्तेजद्रवी लेजर

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये?
1. डॉट नेट (नेट) फ्रेमवर्क माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित किया गया है।
2. जावा सन माइक्रो सिस्टम द्वारा विकसित ओपन सोर्स टेक्नोलॉजी है।
अ) केवल 1
ब) केवल 2
स) 1 और 2 दोनों
द) इनमें से कोई नहीं

37. निम्न में से कौन-सी एक यंत्र सामग्री नहीं है?
अ) प्रिंटर ब) की-बोर्ड
स) माउस द) प्रचालन यंत्र

38. कम्प्यूटर ग्रिड होता है?
अ) कम्प्यूटर का एक हार्डवेयर घटक
ब) एक सॉफ्टवेयर अवसंरचना जिसमें कई अभिकलन प्रतिष्ठान जुड़े होते हैं।
स) सुपर कम्प्यूटर का एक आदि प्रारूप
द) नाभिकीय अनुसंधान हेतु दीर्घ हैड्रान संघट्टनी का एक हार्डवेयर घटक

39. कम्प्यूटर के संचालन में प्रयुक्त प्रोग्राम नियम तथा कम्प्यूटर क्रियाओं से संबंधित अन्य लिखित (या चिप में दर्ज) सामग्री को कहा जाता है?
अ) सॉफ्टवेयर ब) हार्डवेयर
स) नेटवर्क द) फर्मवेयर

40. इंटरनेट पर किए जाने वाले कार्य को कहते हैं?
अ) सर्फिंग (Surfing)
ब) गैम्बलिंग (Gambling)
स) अ और ब दोनों
द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

41. ई-मेल एड्रेस में से पहले वाले नाम को क्या कहते हैं?
अ) डोमेन (Domain)
ब) यूजर आईडी (User ID)
स) रेंज (Range)
द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

42. www पर प्राप्त डॉक्यूमेंट को कहेंगे?
अ) रेडिफ.कॉम (Rediff.com)
ब) लाईकॉस.कॉम (Lycos.com)
स) नॉड (Nod)
द) स्पाइडर (Spider)

43. इंटरनेट एक्सप्लोरर है?
अ) सर्च इंजन
ब) ब्राउजर प्रोग्राम
स) डाटा बेस
द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

44. इंटरनेट का पर्याय है?
अ) साइबर स्पेस
ब) गोफर स्पेस
स) वर्ल्ड वाइड वेब
द) इंटरानेट

45. वेब को लिखा जा सकता है?
अ) नोट पैड पर
ब) वर्ड पैड पर
स) एम.एस. वर्ड पर
द) सभी पर

46. इनमें से कौन-सा सर्च इंजन नहीं है?
अ) गूगल
ब) अल्टाविस्टा
स) साइंस डायरेक्ट
द) याहू

47. इंटरनेट पर किसी वेबसाइट ढूंढने के लिए प्रयोग करते हैं?
अ) डाटा बेस का
ब) सर्च इंजन का
स) ब्राउजर का
द) उपयुक्त में से कोई नहीं

48. निम्न में से इंटरनेट की सुविधा नहीं है?
अ) टेम्पलेट
ब) डाटा बेस
स) ऑन लाइन
द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

49. निम्न में से मुफ्त ई-मेल कौन-सी वेबसाइट उपलब्ध करती है?
अ) रेडिफ.कॉम (Rediff.com)
ब) लाईकॉस.कॉम (Lycos.com)
स) ई-मेल (E-mail)
द) उपरोक्त सभी

50. नेटवर्क का मुख्य उद्देश्य है?
अ) संचार
ब) संसाधन भागीदारी
स) विश्वसनीयता
द) उपरोक्त सभी

उत्तरमाला

1. स,	2. ब,	3. ब,	4. ब,
5. स,	6. ब,	7. द,	8. अ,
9. ब,	10. अ,	11. ब,	12. अ,
13. द,	14. द,	15. ब,	16. अ,
17. अ,	18. ब,	19. द,	20. अ,
21. ब,	22. अ,	23. ब,	24 . ब,
25. ब,	26. द,	27. द,	28. ब,
29. ब,	30. ब,	31. द,	32. ब,
33. द,	34. अ,	35. स,	36. स,
37. द,	38. ब,	39. अ,	40. अ,
41. ब,	42. द,	43. ब,	44. स,
45. द,	46. स,	47. ब,	48. अ,
49. द,	50. द		

- सुभाष पाण्डेय
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

42. लम्बोदर
(A) लम्बा है उदर जिसका अर्थात् गणेश
(B) लम्बोदर एक नाम
(C) लम्बा नाम है जिसका
(D) लम्बा मुरद है जिसका

निर्देश - नीचे संधियों के विच्छेद दिये गये है। सही उत्तर का चयन करें?

43. रामाधार
(A) राम+अधार (B) राम+आधार
(C) रमा+अधार (D) रामा+आधार

44. कामारि
(A) काम+ऋ (B) कामा+अरि
(C) काम+अरि (D) काम+आरि

45. पितृणम्
(A) पितृ+ऋणम
(B) पितृ+ऋणाम
(C) पित्रव+ऋण
(D) पितृ+ऋणाम

46. सर्वोदय
(A) सर्व+उदय (B) सर्वो+ऊदय
(C) सर्वान+औदय
(D) सर्वो+उदय

47. महौषध
(A) महा+औषध
(B) महिष+औषधि
(C) महा+औषधी
(D) महिष+औषधी

48. यद्यपि
(A) यदि+आपि (B) यादि+आपि
(C) यदि+अपि (D) यदि+यपि

49. स्वागतम्
(A) सु+आगतम्
(B) स्वा+आगतम
(C) सु+अगतम्
(D) स्वा+गतम्

उत्तरमाला

1. D	2. B	3. C	4. B
5. C	6. C	7. C	8. A
9. C	10. D	11. D	12. B
13. C	14. A	15. B	16. B
17. A	18. A	19. A	20. C
21. C	22. B	23. D	24. A
25. D	26. C	27. A	28. A
29. B	30. C	31. B	32. C
33. D	34. C	35. A	36. B
37. C	38. D	39. D	40. A
41. C	42. A	43. B	44. C
45. A	46. A	47. A	48. C
49. A.			

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

पीईबी द्वारा आयोजित प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

पर्यावरण अध्ययन

25 अप्रैल 2020 से प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा प्राथमिक शाला शिक्षक के लिये पात्रता परीक्षा का आयोजन होना संभावित है। इस परीक्षा में एकल प्रश्नपत्र में ही 150 प्रश्न 5 भागों- बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र, भाषा-1 एवं 2, गणित तथा पर्यावरण अध्ययन पर होंगे। प्रश्नपत्र को 2 घंटे 30 मिनट में हल करना होगा। इसमें सम्मिलित होने वाले प्रतियोगियों की तैयारी हेतु पर्यावरण अध्ययन से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्नों को व्याख्यात्मक हल सहित दिया जा रहा है।

1. **पर्यावरण संरक्षण अधिनियम बना है-**
   अ. 1972 में ब. 1976 में
   स. 1986 में द. 1989 में
2. **कितने किलोमीटर की ऊंचाई पर ओजोन गैस पायी जाती है-**
   अ. 5-10 कि.मी.
   ब. 10-25 कि.मी.
   स. 25-50 कि.मी.
   द. 50-70 कि.मी.।
3. **ऐपीकल्चर संबंधित है-**
   अ. मधुमक्खी पालन से
   ब. केंचुआ पालन से
   स. कछुआ पालन से
   द. बतख पालन से।
4. **इनमें से किस जिले में खरमोर पक्षी नहीं पाया जाता-**
   अ. धार ब. मंदसौर
   स. पन्ना द. रतलाम।
5. **किस क्षेत्र में कपास एवं केला उत्पादन होता है -**
   अ. निमाड़ ब. मालवा
   स. महाकौशल द. चम्बल।
6. **2011 की जनगणना के अनुसार म.प्र. की कुल आबादी में अनुसूचित जाति का प्रतिशत है-**
   अ. 13 ब. 15
   स. 18 द. 22
7. **मध्यप्रदेश का राजकीय वृक्ष है-**
   अ. आम ब. पीपल
   स. नीम द. बरगद।
8. **सुमेलित कीजिये -**

राष्ट्रीय पार्क		राज्य
क. मानस	-	1. गुजरात
ख. गिर	-	2. मध्यप्रदेश
ग. बांदीपुर	-	3. असम
घ. पेंच	-	4. कर्नाटक

	क	ख	ग	घ
अ.	1	3	4	2
ब.	3	1	4	2
स.	2	1	3	4
द.	3	1	2	4

9. **पीली क्रांति का संबंध है -**
   अ. दलहन उत्पादन से
   ब. स्वर्ण भंडार से
   स. तिलहन उत्पादन से
   द. उक्त सभी से।
10. **देश में मैंग्रोव वन का सर्वाधिक विस्तार है-**
    अ. पश्चिम बंगाल में
    ब. गुजरात में
    स. ओडिशा में
    द. केरल में।
11. **पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ है-**
    अ. ग्रीन फ्रेंड्स ब. ग्रीनपीस
    स. ग्रीन थिंक द. ग्रीन हैवन।
12. **इनमें सही युग्म नहीं है-**
    अ. पर्यावरण दिवस - 5 जून
    ब. स्वास्थ्य दिवस - 7 अप्रैल
    स. प्रौद्योगिकी दिवस - 11 मई
    द. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस - 22 फरवरी।
13. **राष्ट्रीय वनस्पति उद्यान स्थित है-**
    अ. नैनीताल में
    ब. रोहतक में
    स. रांची में
    द. लखनउ में।
14. **सर्वाधिक भूमिगत जल उपलब्धता किस जिले में है-**
    अ. होशंगाबाद में
    ब. विदिशा में
    स. धार में
    द. खंडवा में।
15. **पोमोलॉजी में अध्ययन किया जाता है-**
    अ. सब्जियों का
    ब. फलों का
    स. परागकणों का
    द. उक्त सभी का।
16. **जीवाश्म (फासिल्स) राष्ट्रीय उद्यान को किस जिले में विकसित किया गया है -**
    अ. छिंदवाड़ा में
    ब. जबलपुर में
    स. मंडला में
    द. होशंगाबाद में।
17. **सोयाबीन उत्पादन में देश में म.प्र. का स्थान है-**
    अ. प्रथम ब. द्वितीय
    स. तृतीय द. चतुर्थ।
18. **एनर्जी ट्रांसमिशन इंडेक्स (2019) विकसित किया है-**
    अ. विश्व बैंक ने
    ब. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने
    स. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने
    द. विश्व आर्थिक फोरम ने।
19. **मनरेगा कार्यक्रम संविधान के किस अनुच्छेद को क्रियान्वित करने हेतु लाया गया है -**
    अ. अनुच्छेद 38 ब. अनुच्छेद 40
    स. अनुच्छेद 42 द. अनुच्छेद 43
20. **भारत को किस वर्ष तक सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है-**
    अ. 2020 ब. 2021
    स. 2022 द. 2025
21. **विश्व की सबसे गहरी झील है-**
    अ. मिशीगन ब. विक्टोरिया
    स. हडसन द. बैकाल।
22. **इनमें से म.प्र. की सबसे छोटी नदी है-**
    अ. क्षिप्रा ब. सैलानी
    स. बेतवा द. ताप्ती।
23. **गांधी सागर बांध किस नदी पर बना है-**
    अ. बेतवा ब. महानदी
    स. नर्मदा द. चम्बल।
24. **भविष्य में ग्लोबल वार्मिंग का वनस्पति पर क्या प्रभाव पड़ेगा -**
    अ. पृथ्वी वनस्पतिविहीन हो जायेगी
    ब. वनस्पति सूख जायेंगे
    स. वनाग्नि की घटनाएँ बढ़ेंगी
    द. उपर्युक्त सभी दुष्प्रभाव।
25. **संयुक्त राष्ट्र पर्यावास सभा के पहले सत्र की पहली बैठक मई 2019 को आयोजित हुई है-**
    अ. मॉस्को, रूस में
    ब. नैरोबी, केन्या में
    स. एम्सटर्डम, नीदरलैंड में
    द. सियोल, दक्षिण कोरिया में।
26. **चिलका झील स्थित है–**
    अ. केरल में
    ब. ओडिशा में
    स. तमिलनाडु में
    द. कश्मीर में।
27. **तुलसी में पाया जाने वाला अम्ल है-**
    अ. यूसोलिक ब. ऐक्जेलिक
    स. नाइट्रिक द. कार्बोलिक।
28. **धरातल के कितने प्रतिशत भाग पर पर्वतों का विस्तार है-**
    अ. 24 ब. 27
    स. 30 द. 33
29. **एण्डीज पर्वतमाला किस महाद्वीप में स्थित है-**
    अ. यूरोप में
    ब. उ. अमेरिका में
    स. द. अमेरिका में
    द. एशिया में।
30. **इनमें से किस देश में अटाकामा मरुस्थल स्थित है-**
    अ. चिली में
    ब. बोत्सवाना में
    स. मंगोलिया में
    द. ऑस्ट्रेलिया में।

हल

1. स	2. स	3. अ	4. स
5. अ	6. ब	7. द	8. ब
9. स	10. अ	11. ब	12. द
13. द	14. अ	15. ब	16. स
17. अ	18. द	19. द	20. स
21. द	22. अ	23. द	24. द
25. ब	26. ब	27. अ	28. ब
29. स	30. अ		

व्याख्यात्मक हल

11. **ब.** ग्रीनपीस 2001 से कार्यरत है। वर्तमान में 42 देशों में इसके 30 लाख समर्थक हैं।
12. **द.** भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी को मनाया जाता है।
21. **द.** विश्व की सबसे गहरी झील बैकाल है जो 1940 मीटर गहरी है।
22. **अ.** म.प्र. की छोटी नदियों में क्षिप्रा प्रमुख है जो मात्र 195 कि.मी. लंबी है।

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन के सहायक प्राध्यापक हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट किस गेंदबाज ने लिए हैं?**
   अ. शेन वार्न
   ब. अनिल कुंबले
   स. मुथैया मुरलीधरन
   द. जेम्स एंडरसन
2. **प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शतक बनाने वाले सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज हैं?**
   अ. प्रवीण आमरे
   ब. अरमान जाफर
   स. विनोद कांबली
   द. सचिन तेंदुलकर
3. **भारतीय हॉकी टीम ने ओलिंपिक खेलों में पहली बार स्वर्ण पदक कब जीता था?**
   अ. 1908 में ब. 1928 में
   स. 1932 में द. 1948 में
4. **वर्ष 2019 में सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं?**
   अ. जो रूट
   ब. विराट कोहली
   स. केन विलियमसन
   द. डेविड वॉर्नर
5. **भारत की नेशनल एंटी डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने इनमें से किसे ब्रांड एम्बेसडर बनाया है?**
   अ. अक्षय कुमार
   ब. विराट कोहली
   स. सुनील शेट्टी
   द. इनमें से कोई नहीं
6. **कृष्णा पूनिया एथेलेटिक्स की किस स्पर्धा से संबंधित हैं?**
   अ. चक्का फेंक
   ब. भाला फेंक
   स. गोला फेंक
   द. ऊंची कूद
7. **क्रिस्टियानो रोनाल्डो किस फुटबॉल क्लब के लिए खेलते हैं?**
   अ. बार्सिलोना
   ब. लिवरपूल
   स. मेनचेस्टर यूनाइटेड
   द. जुवेंट्स
8. **वर्ष 2019 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी किसने जीती है?**
   अ. दिल्ली ब. राजस्थान
   स. कर्नाटक द. महाराष्ट्र
9. **वर्ष 2019 में बैडमिंटन वर्ल्ड टूर फाइनल में पुरुष वर्ग के चैम्पियन हैं?**
   अ. विक्टर एक्सेलसन
   ब. किदाम्बी श्रीकांत
   स. केंटो मोमोटा
   द. इनमें से कोई नहीं
10. **ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन सुपर सीरीज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय हैं?**
    अ. प्रकाश पादुकोण
    ब. पुलेला गोपीचंद
    स. पी. कश्यप
    द. इनमें से कोई नहीं
11. **2019 में फीफा क्लब वर्ल्डकप का खिताब किसने जीता है?**
    अ. पेरिस सेंट जर्मन
    ब. लिवरपूल
    स. विसेल काबे
    द. एसी मिलान
12. **इनमें से किसे वर्ष 2019 में आई.सी.सी. वूमेन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है?**
    अ. ऐलिस पैरी
    ब. स्मृति मंधाना
    स. अन्या श्रोणसोले
    द. सना मीर
13. **इनमें से कौनसा खिलाड़ी विजडन के पांच सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल नहीं है?**
    अ. विराट कोहली ब. स्टीव स्मिथ
    स. बेन स्टोक्स द. डेल स्टेन
14. **वर्ष 2019 में किस देश ने प्रेसिडेंट कप गोल्फ टूर्नामेंट जीता है?**
    अ. जापान ब. अमेरिका
    स. नॉर्वे द. ऑस्ट्रेलिया
15. **मोहम्मद सालाह किस देश के लिए फुटबॉल खेलते हैं?**
    अ. सऊदी अरब ब. मेक्सिको
    स. कतर द. मिस्र
16. **वर्ष 2019 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता था?**
    अ. राफेल नडाल
    ब. नोवाक जोकोविच
    स. एलेक्जेंडर ज्वेरेव
    द. केविन एंडरसन
17. **अंतर्राष्ट्रीय ट्वेंटी-20 क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड किस देश के नाम है?**
    अ. भारत
    ब. अफगानिस्तान
    स. इंग्लैंड
    द. दक्षिण अफ्रीका
18. **अमेरिका की ओलिंपिक चैम्पियन सिमोन बाइल्स किस खेल से संबंधित हैं?**
    अ. जिम्नास्टिक ब. तैराकी
    स. फर्राटा दौड़ द. टेबल टेनिस
19. **वर्ष 2019 में इनमें से किसे अमेरिका का प्रेसीडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान दिया गया?**
    अ. सेरेना विलियम्स
    ब. माइकल फेल्प्स
    स. जस्टिन गेटलिन
    द. टाइगर वुड्स
20. **वर्ष 2019 में इनमें से किसने इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन खिताब जीता था?**
    अ. साइना नेहवाल
    ब. अकाने यामागुची
    स. ताई जू यिंग
    द. पी.वी. सिंधु
21. **वर्ष 2019 में राष्ट्रीय सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता है?**
    अ. पी. कश्यप
    ब. किदाम्बी श्रीकांत
    स. समीर वर्मा
    द. सौरभ वर्मा
22. **राफेल नडाल ने कितने बार फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट जीता है?**
    अ. 12 ब. 11
    स. 10 द. 15
23. **ओलिंपिक रजत पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी चोंग वेई किस देश के हैं?**
    अ. मलेशिया ब. चीन
    स. द. कोरिया द. जापान
24. **भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं?**
    अ. शोर्ड मरीन ब. हरेंद्र सिंह
    स. ग्राहम रीड
    द. इनमें से कोई नहीं
25. **आई.सी.सी. क्रिकेट वर्ल्डकप-2019 में मैन ऑफ द सीरीज थे?**
    अ. रोहित शर्मा
    ब. केन विलियमसन
    स. जोफ्रा आर्चर
    द. बेन स्टोक्स

उत्तरमाला

(1)	स	(2)	द	(3)	ब	(4)	ब
(5)	स	(6)	अ	(7)	द	(8)	स
(9)	स	(10)	अ	(11)	ब	(12)	अ
(13)	स	(14)	ब	(15)	द	(16)	ब
(17)	स	(18)	अ	(19)	द	(20)	अ
(21)	स	(22)	अ	(23)	अ	(24)	स
(25)	ब						

-पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

जॉब अलर्ट

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर

पद का नाम - आर.ई.ओ. (ग्रेड-II), आर.ई.ओ. (ग्रेड-1), वरिष्ठ आर.ई.ओ.
पद संख्या - 04, 03, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 15 जनवरी 2020
www.iitk.ac.in

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धनबाद

पद का नाम - चेयर प्रोफेसर (सेल-एनएमडीसी)
पद संख्या - 01
योग्यता - पीएचडी साथ में पूरी पढ़ाई के दौरान अति उत्तम शैक्षिक रिकॉर्ड सहित इंजीनियरी के उपयुक्त शाखा में पूर्ववर्ती प्रथम श्रेणी या समतुल्य डिग्री या किसी सुविख्यात उद्योग में कार्यरत उत्कृष्ट इंजीनियरी/प्रौद्योगिकीविद् और जिन्होंने पीएचडी डिग्री के बिना ज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो, अन्य अनुभव वांछनीय।
अंतिम तिथि - 15 जनवरी 2020
www.iitism.ac.in

प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद (तेलंगाना)

पद का नाम - कनिष्ठ तकनीशियन (मुद्रण), फायर मैन (संसाधन प्रबंधन)
पद संख्या - 26, 03
योग्यता - कनिष्ठ तकनीशियन - किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से मुद्रण एवं प्लेटमेकिंग ट्रेड में पूर्णकालिक आई.टी.आई. सर्टिफिकेट जैसे - लिथो ऑफसेट मशीन माइंडर, लेटर प्रेस मशीन माइंडर, ऑफसेट, प्रिंटिंग, प्लेटमेकिंग, इलेक्ट्रोप्लेटिंग, हैंड कंपोजिंग।
फायर मैन - 10वीं पास, मान्यता प्राप्त संस्थान से फायरमैन प्रशिक्षण में सर्टिफिकेट।
अंतिम तिथि - 8 फरवरी 2020
https://spphyderabad.spmcil.com

साहित्य अकादमी, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

पद का नाम - सचिव (बिक्री)
पद संख्या - 01
योग्यता - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समतुल्य व्यावसायिक योग्यता, बिक्री प्रबंधन में डिप्लोमा, भारतीय साहित्य का समुचित ज्ञान तथा पुस्तक विक्रेताओं, वितरकों और एजेंटों से संपर्क, अंग्रेजी के अलावा एक या एक से अधिक भारतीय भाषाओं का ज्ञान, प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थान से बिक्री प्रबंधन में पांच वर्षों का अनुभव और बिक्री संवर्धन की नवीनतम विधियों का ज्ञान, पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित करने का अनुभव, साहित्यिक समुदाय के साथ अच्छा संपर्क।
अंतिम तिथि - 28 जनवरी 2020
http://www.sahithya-akademi.gov.in

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की

पद का नाम - सहायक कुल सचिव, संस्थान अभियंता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, वैज्ञानिक अधिकारी ग्रेड-II, अधिशासी अभियंता (सिविल), तकनीकी अधिकारी (कोड 6.1, 6.2, 6.3), तकनीकी अधिकारी (कोड 7.1, 7.2), तकनीकी अधिकारी लेवल III, सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी।
पद संख्या - 01, 01, 01, 03, 01, 04, 03, 01, 03
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 18 जनवरी 2020
www.iitr.ac.in

टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद

पद का नाम - परियोजना वैज्ञानिक अधिकारी (सी), परियोजना वैज्ञानिक अधिकारी (सी), परियोजना वैज्ञानिक अधिकारी (बी), परियोजना वैज्ञानिक अधिकारी (बी)
पद संख्या - 01, 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 18 जनवरी 2020
www.tifrh.res.in

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली

पद का नाम - वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इंजीनियर), मुख्य महाप्रबंधक (इंजीनियर) प्रबंधन प्रशिक्षु - (सिविल)
पद संख्या - 02, 02, 10
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 28 जनवरी 2020
www.nbccindia.com

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली

पद का नाम - योग अनुदेशक, अवर श्रेणी लिपिक, प्रयोगशाला सहायक, बहुकार्य स्टाफ
पद संख्या - 01, 02, 01, 10
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 12 फरवरी 2020 दूरवर्ती इलाकों के आवेदनकर्ताओं के लिए 28 फरवरी 2020
www.yogamdniy.nic.in

नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद एंड होम्योपेथी, मेघालय

पद का नाम - एसोसिएट प्रोफेसर (प्रसूति तंत्र + स्त्री रोग), लेक्चरर (आयुर्वेद) द्रव्य गुण विज्ञान, स्टॉफ नर्स, लेबोरेटरी अटेंडेंट
पद संख्या - 01, 01, 02, 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - विज्ञापन प्रकाशन के 30 दिन के भीतर आवेदन करें।
www.neiah.nic.in

एसबीआई, मुंबई

पद का नाम - जूनियर एसोसिएट (कस्टमर सपोर्ट एंड सेल्स)
पद संख्या - 8000 - अहमदाबाद, अमरावती, बैंगलुरु, भोपाल, बंगाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, दिल्ली/चंडीगढ़, हैदराबाद, जयपुर, केरल, लखनऊ/दिल्ली, महाराष्ट्र/मुंबई मेट्रो महाराष्ट्र, नॉर्थ-ईस्टर्न, पटना, चंडीगढ़, नॉर्थ-ईस्टर्न सर्कल में पदों के लिए आवेदन आमंत्रित है।
योग्यता - मान्यता प्राप्त संस्था या विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में बैचलर डिग्री प्राप्त होना चाहिए।
अंतिम तिथि - 26 जनवरी 2020
www.sbi.co.in

नॉर्थ दिल्ली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, दिल्ली

पद का नाम - नर्सरी शिक्षक
पद संख्या - 331
योग्यता - उम्मीदवार को 12वीं पास होना या समकक्ष नर्सिंग टीचर प्रोग्राम में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट, कम से कम दो वर्ष या बीएड (नर्सरी) मान्यता प्राप्त संस्थान से हो।
अंतिम तिथि - 15 जनवरी 2020
www.mcdonline.gov.in

दिल्ली पुलिस, दिल्ली (दिल्ली अधीनस्थ चयन बोर्ड)

पद का नाम - हेड-कॉन्स्टेबल
पद संख्या - 649
योग्यता - मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण हो।
अंतिम तिथि - 27 जनवरी 2020
www.delhipolice.nic.in

एडमिशन अलर्ट

आईआईटी, गांधीनगर

पाठ्यक्रम का नाम - पीजी कोर्सेस - एमएससी, एमए
योग्यता - किसी भी विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ ग्रेजुएशन करने वाले स्टूडेंट्स आवेदन के पात्र हैं। 2019-2020 में ग्रेजुएशन अंतिम वर्ष के छात्र भी आवेदन के पात्र हैं।
अंतिम तिथि - 25 जनवरी 2020
http://www.iitgn.ac.in

नेशनल एकेडमी ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च मैनेजमेंट (एनएएआरएम) हैदराबाद और यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद (यूओएच)

पाठ्यक्रम का नाम - पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट इन एग्रीकल्चर (पीजीडी-टीएमए)
योग्यता - वे स्टूडेंट्स जिन्होंने एग्रीकल्चरल साइंस/सोशल साइंस/फिजिकल साइंस/मैनेजमेंट/लाइफसाइंस/इंजीनियरिंग/लॉ में से किसी एक विषय में पीजी, साथ ही दो साल का वर्क एक्सपीरियंस।
अंतिम तिथि - 31 जनवरी 2020
https://naarm.org.in/home

एसवीकेएम नरसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एनएमआईएमएस), मुंबई

पाठ्यक्रम का नाम - एमबीए (पार्ट टाइम), एमबीए सोशल आंत्रप्रेन्योरशिप और डिप्लोमा इन सोशल आंत्रप्रेन्योरशिप
योग्यता - एमबीए (पार्ट टाइम) किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन करने वाले स्टूडेंट्स इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। एग्जीक्यूटिव, सुपरविजन और मैनेजमेंट फील्ड में न्यूनतम 2 साल का वर्क एक्सपीरियंस। डिप्लोमा एंड सोशल आंत्रप्रेन्योरशिप - किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन करने वाले स्टूडेंट्स आवेदन के पात्र हैं।
अंतिम तिथि - एमबीए (पार्ट टाइम) फेस-1 - 21 मार्च 2020
एमबीए (पार्ट टाइम) फेस-2 - 2 मई 2020
डिप्लोमा एंड एमबीए इन सोशल आंत्रप्रेन्योरशिप - 15 मार्च 2020
https://sbm.nmims.edu/academics/programs

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (भोपाल, बेहरामपुर, कोलकाता, मोहाली, पुणे, तिरुवनंतपुरम, तिरुपति)

पाठ्यक्रम का नाम - 5 वर्षीय बीएस - एमएस डुअल डिग्री, 4 वर्षीय बीएस डिग्री प्रोग्राम्स
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 23 मार्च 2020
www.iiseradmission.in

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर

पाठ्यक्रम का नाम - शैक्षणिक सत्र 2019-20 पीएचडी
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 24 जनवरी 2020
www.ggu.ac.in

लिंगैया विद्यापीठ, फरीदाबाद, नई दिल्ली

पाठ्यक्रम का नाम - पीएचडी - कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स - इंजीनियरिंग, मेकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कॉमर्स, ह्यूमेनिटीज, फिजिक्स, केमिस्ट्री, इंग्लिश, मैथमेटिक्स एजुकेशन, लॉ, फार्मास्युटिकल साइंस।
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 16 जनवरी 2020
www.lingayasuniversity.edu.in

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास

पाठ्यक्रम का नाम - मास्टर्स डिग्री इन ह्यूमेनिटीज और सोशल साइंस, इंटिग्रेटेड एमए इन डेवलपमेंट स्टडीज और इंग्लिश स्टडीज
योग्यता - मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12 के साथ संबंधित विषय से स्नातक।
अंतिम तिथि - 23 जनवरी 2020
https://hsee.iitm.ac.in

भारतीय थल सेना, नई दिल्ली

पाठ्यक्रम का नाम - अल्पसेवा कमीशन (गैर तकनीकी) एन.सी.सी. विशेष भर्ती योजना 48वाँ पाठ्यक्रम पुरुष एवं महिला के लिए, अल्पसेवा कमीशन (गैर तकनीकी) जे.ए.जी. 25वाँ पाठ्यक्रम पुरुष/महिला विधि स्नातकों के लिए, अल्पसेवा कमीशन (तकनीकी) 55वाँ पाठ्यक्रम पुरुष के लिए एवं 26वाँ पाठ्यक्रम महिला के लिए।
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - एनसीसी भर्ती 6 फरवरी 2020, जे.ए.जी. भर्ती 13 फरवरी 2020, 55वाँ, 26वाँ पाठ्यक्रम 20 फरवरी 2020
www.joinindianarmy.nic.in

राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केन्द्र, गुड़गांव (हरियाणा)

पाठ्यक्रम का नाम - पीएचडी एवं एमएससी (न्यूरोसाइंस),
योग्यता - पीएचडी के लिए - जीव विज्ञान/भौतिकशास्त्र/रासायनिक शास्त्र/गणित/औषधि/विद्युत अभियांत्रिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी/कम्प्यूटर विज्ञान या सूचना प्रौद्योगिकी में न्यूनतम 55% अंकों के साथ मास्टर्स डिग्री। जेजीईई - बीआईएल उत्तीर्ण, जेस्ट, सीएसआईआर, गेट-2018-2019, यूजीसी/डीबीटी/आईपीएमआर द्वारा आयोजित जेआरएफ। यूजीसी - नेट लेक्चररशिप उत्तीर्ण। यदि एमएससी प्रोग्राम में चुने गए प्रवेशार्थी अपेक्षित पात्रता को पूरा करते हैं तो उनके पास इंटीग्रेटेड -पीएचडी प्रोग्राम में जारी रखने का विकल्प हैं।
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
https://www.nbrc.ac.in/html/admission/index.html

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

43वाँ जमनालाल बजाज नेशनल एंड इंटरनेशनल अवॉर्ड्स फॉर गांधीयन वॉरिसर्य-2020

संस्था का नाम - जमनालाल बजाज फाउंडेशन, मुंबई
किसके लिए - नेशनल अवॉर्ड फॉर कंस्ट्रक्टिव वर्क के लिए महात्मा गांधी के ग्रामीण इलाकों के आधारभूत संरचनात्मक कार्यों को करने वाले, नेशनल अवॉर्ड फॉर एप्लीकेशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर रुरल डेवलपमेंट - ग्रामीण परिवेश के लिए उपयोगात्मक विज्ञान में नवाचार करने वाले, नेशनल अवॉर्ड फॉर डेवलपमेंट एंड वेलफेयर ऑफ वुमन एंड चिल्ड्रन - महिला एवं बाल विकास के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति विकास में नवाचार करने वाली महिलाएं, इंटरनेशनल अवॉर्ड फॉर प्रमोटिंग गांधीयन वेल्यू आउटसाइड इंडिया-भारत से बाहर अन्य देश के निवासी जिन्होंने गांधी के अहिंसा आंदोलन और मानव विकास में योगदान के लिए उल्लेखनीय कार्य किया हो, आवेदन के पात्र हैं।
योग्यता - विषयानुसार
अंतिम तिथि - नेशनल अवॉर्ड के लिए 20 जनवरी 2020
अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड के लिए 28 फरवरी 2020
www/jamnalalbajajfoundation.org

रजा पुरस्कार - 2012 से 2019 तक कविता और चित्रकला के लिए

संस्था का नाम - उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी मध्यप्रदेश शासन
किसके लिए - प्रदेश के 42 वर्ष आयु के चित्रकार और 55 वर्ष आयु के कवि से प्रविष्टि आमंत्रित हैं। कलाकारों ने उक्त क्षेत्रों में उल्लेखनीय नवाचार प्रस्तुत किया हो।
योग्यता - विषयानुसार
अंतिम तिथि - 15 फरवरी 2020 तक भोपाल के बाणगंगा स्थित उस्ताद अलाउद्दीन खां अकादमी से आवेदन प्राप्त कर उक्त तिथि तक जमा करें। जानकारी के लिए दूरभाष क्रमांक 0755-2553782 पर संपर्क करें।

राज्य स्तरीय पुरस्कारों (वर्ष - 2019) के लिए आवेदन

संस्था का नाम - संचालनालय महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश, (भोपाल)
किसके लिए - राज्य शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के क्षेत्र में समाज सेवा, महिला सुरक्षा हेतु वीरता तथा साहस के कार्य करने पर व्यक्तिगत/संस्थागत सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित करने हेतु रानी अवंती बाई वीरता पुरस्कार, राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार, विष्णु कुमार समाज सेवा पुरस्कार, मुख्यमंत्री नारी रक्षा पुरस्कार, अरुणा शानबाग साहस पुरस्कार, राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।
योग्यता - विषयानुसार
अंतिम तिथि - 31 जनवरी 2020
www.mpwcdmis.gov.in

ब्रेन एन्यूरिज्म का सस्ता इलाज सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जबलपुर में उपलब्ध

जबलपुर, नेताजी सुभाष चन्द्र मेडिकल कॉलेज जबलपुर के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में आमजन के लिये ब्रेन एन्यूरिज्म का क्वाइलिंग के माध्यम से इलाज रियायती दर पर शुरू कर दिया गया है। यह सुविधा देश के बहुत सीमित संस्थानों में उपलब्ध है। ब्रेन एन्यूरिज्म के इलाज में सामान्य तौर पर क्वाईल एवं स्टेंट की संख्या के आधार पर लगभग 5 से 8 लाख रुपये खर्च होता है।

एन्यूरिज्म दिमाग की रक्त वाहिकाओं की वह अवस्था है, जिसमें दीवार कमजोर होने के कारण रक्त वाहिकाएं फट जाती हैं। अधिकतर केस में इलाज की कमी से मरीज की मृत्यु तक हो जाती है। सही समय पर इलाज न होने पर बार-बार रक्त-स्राव होता रहता है, जिससे मरीज को असहनीय पीड़ा होती है।

ब्रेन एन्यूरिज्म का इलाज शल्य क्रिया द्वारा भी किया जाता है, जिसमें हाई रिस्क होता है तथा मरीज की मृत्यु तक हो सकती है। क्वाइलिंग के माध्यम से ब्रेन एन्यूरिज्म का इलाज एंजियोप्लास्टी की तरह कम जोखिम वाला इलाज है। यह तकनीक दवाईयों के इलाज की अपेक्षा कहीं अधिक बेहतर है।

अस्पताल के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कसार ने बताया कि सरकार की सहायता से आमजन को बड़े-बड़े शहरों में उपलब्ध बीमारियों के इलाज की सुविधा अब प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में भी उपलब्ध करायी जा रही है। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल जबलपुर में ब्रेन स्ट्रोक का इलाज भी किया जा रहा है।

(स्रोत : समाचार जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार।)

पिछला सप्ताह

4 जनवरी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में पांच नये देश बने अस्थाई सदस्य

● संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में पांच नये देशों को अस्थाई सदस्य के रूप में चुना गया है, इनमें ट्यूनीशिया, नाइजर, एस्तोनिया, वियतनाम और सेंट विसेंट एंड द ग्रेनेडाइंस शामिल हैं। इन सभी देशों का कार्यकाल दो वर्षों का होगा। ये कुवैत, पेरू, पोलैंड, कॉटे डलवायर और गिनी का स्थान लेंगे। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में कुल 15 देश सदस्य हैं, इनमें 5 स्थाई तथा 10 अस्थाई सदस्य हैं। अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, चीन और रूस के पास स्थाई सदस्यता है।

● अफ्रीकी देश सूडान में एक सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 4 बच्चों सहित 18 लोगों की मौत हो गई। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि सैन्य विमान पश्चिमी दारफूर से उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। दारफूर में कुछ दिन पहले दो समूहों के बीच हिंसक संघर्ष हुआ, यह विमान प्रभावितों को राहत सामग्री पहुंचाने जा रहा था।

● दिल्ली में देश का पहला स्मॉग टावर (एयर प्यूरीफायर) लगाया गया है। यह टावर 500 से 750 वर्गमीटर क्षेत्र में ढाई से छह लाख क्यूबिक मीटर हवा को प्रतिदिन साफ करने में सक्षम है। यह टावर 20 फीट ऊंचा है। यह हवा में मौजूद पीए 2.5 और पीएम 10 के साथ अन्य हानिकारक कणों को हटाकर हवा को साफ करेगा। यह टॉवर दो घंटे में ही हवा को साफ कर देगा। इससे एयर क्वालिटी इंडेक्स 50 के ऊपर नहीं जायेगा।

5 जनवरी

आईआरसीटीसी ने ट्रेन आरक्षण चार्ट की व्यवस्था की ऑनलाइन

● इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज़्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) ने ट्रेन आरक्षण चार्ट की व्यवस्था ऑनलाइन की है। इस व्यवस्था से सीटों का आरक्षण करना पहले से ज्यादा आसान हो गया है। इस व्यवस्था में यात्री ऑनलाइन देख सकेंगे कि किस ट्रेन में, किस क्लास में, किस बोगी में कौन-कौन सी बोगी खाली है। यह सुविधा आईआरसीटीसी के 'चार्ट्स/वैकेंसी' के विकल्प में मिलेगी। रेलवे के अनुसार, इस सुविधा से यात्रियों को चार्ट तैयार होने के बाद ट्रेन में उपलब्ध खाली बर्थ की जानकारी लेने में मदद मिलेगी।

● लीबिया की राजधानी त्रिपोली के एक सैन्य स्कूल पर हुए हवाई हमले में लगभग 30 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में अधिकतर छात्र सैनिक हैं, वहीं 33 से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, हमले के वक्त छात्र सैनिक परेड ग्राउंड में थे। उल्लेखनीय है कि लीबिया में संयुक्त राष्ट्र समर्थित सरकार और स्वयंभू लीबियन नेशनल आर्मी के जनरल खलीफा हफ्तार के बीच अप्रैल 2019 से लड़ाई चल रही है। लीबिया में संयुक्त राष्ट्र सहयोग मिशन ने इस हमले की निंदा की है।

● ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचाई हुई है। इस आग से निपटने तथा प्रभावित लोगों को मदद पहुंचाने के लिये ऑस्ट्रेलियाई लोगों ने 48 घंटों में 100 करोड़ रुपये का फंड इकट्ठा किया है। फंड इकट्ठा करने के लिये ऑस्ट्रेलियाई कलाकार सेलेस्टे बार्बर ने लोगों से अपील की थी। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया में आग के कारण लगभग 24 लोगों की मौत हो चुकी है। आग को बुझाने तथा बचाव कार्य में 3 हजार से अधिक सैनिक तैनात किये गये हैं।

6 जनवरी

सरकार ने आयकर रिटर्न फॉर्म में किया बड़ा बदलाव

● केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिये आयकर रिटर्न फॉर्म में बड़ा बदलाव किया है। अब ऐसे व्यक्तिगत करदाता जो, संयुक्त तौर पर घर के मालिक हैं, वर्ष भर में एक लाख रुपये से अधिक का बिजली का बिल भरते हैं, वे वार्षिक रिटर्न के लिये आयकर का सहज फॉर्म-I नहीं भर सकेंगे। सहज फॉर्म-I वही लोग भर सकेंगे, जिनकी वार्षिक आय 50 लाख रुपये से ज्यादा न हो। इसके अलावा जिन्होंने अपने बैंक खातों में एक करोड़ से अधिक रुपये जमा कर रखे हैं या फिर विदेश यात्रा पर दो लाख रुपये से अधिक खर्च किये हैं, वे भी सहज फॉर्म-I नहीं भर सकेंगे।

● अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का सौरमंडल से इतर दूसरे ग्रहों के बारे में जानने के लिये भेजे गये सैटेलाइट से संपर्क टूट गया है। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार, ऑस्टेरिया नामक सैटेलाइट दिसंबर तक नासा से संपर्क में था। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस सैटेलाइट से संपर्क स्थापित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस सैटेलाइट को वर्ष 2017 में प्रक्षेपित किया गया है।

7 जनवरी

अरब सागर में चीन और पाकिस्तान ने शुरू किया नौ सैनिक अभ्यास

● चीन और पाकिस्तान की नौ सैनाओं ने कराची के पास अरब सागर में संयुक्त नौ सैनिक अभ्यास शुरू किया है। दोनों देशों के बीच यह छठवां नौ सैनिक अभ्यास है। इस अभ्यास को सी गार्डियंस-2020 नाम दिया गया है। इस अभ्यास का उद्देश्य समुद्री रास्तों से खतरों के मुकाबले की तैयारी करना है। पाकिस्तान की नौ सैना ने कहा है कि दोनों देशों के बीच लगातार सैन्य सहयोग बढ़ रहा है।

● बिजली की बचत के नियम तय करने वाली एजेंसी ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने कहा है कि कमरे के एयरकंडीशनरों (एसी) का डिफॉल्ट तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तय किया जायेगा। बीईई और सरकार ने इसके लिये एनर्जी परफॉरमेंस स्टैंडर्ड तय किये हैं। इसके तहत कमरे का तापमान 24 डिग्री रखने के हिसाब से ही एसी चलेगा। जरूरत के अनुसार, इसका तापमान एडजस्ट किया जा सकता है। सरकार ने सभी कंपनियों को हर तरह के एसी में डिफॉल्ट तापमान 24 डिग्री रखने को कहा है। एसी का डिफॉल्ट तापमान 24 डिग्री निर्धारित करने से एक वर्ष में 4.6 अरब यूनिट ऊर्जा की बचत हो सकती है।

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के स्कूलों को आंतरिक एवं बाह्य परीक्षकों, पर्यवेक्षकों और 20-20 के बैच में छात्र-छात्राओं की ग्रुप फोटो सीबीएसई को भेजनी होगी। सीबीएसई ने इसके लिये सभी स्कूलों को निर्देशित किया है। सीबीएसई के अनुसार, बोर्ड की वेबसाइट पर स्कूल की आईडी से जो फोटो भेजे जायें, उसमें सभी के चेहरे साफ होने चाहिये। ये फोटो स्कूल की लैब में खिंचे हों। इसके अलावा अन्य सूचनायें जैसे बैच नंबर, दिन और समय आदि लिंक पर साझा करनी होंगी।

8 जनवरी

यूजर प्राइवेसी के लिये फेसबुक लाया चार नये फीचर

● सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक ने प्राइवेसी चेकअप टूल को अपडेट किया है। फेसबुक ने प्राइवेसी के लिये चार नये फीचर जारी किये हैं। इन फीचर्स के जरिये यूजर अपने फोटो, डाटा और अन्य सूचनाओं को शेयर करते समय प्राइवेसी ऑप्शन आसानी से अपडेट कर पायेंगे। फेसबुक ने वर्ष 2014 में प्राइवेसी चेकअप टूल लॉन्च किया था। फेसबुक ने कहा है कि नये बदलाव के लिये एप को अपडेट करना जरूरी होगा। फेसबुक ने हू कैन सी वॉट यू शेयर, हाऊ टू कीप योर अकाउंट सिक्योर, हाऊ कैन पीपुल फाइंड यू और योर डेटा सेटिंग्स फीचर जोड़े हैं।

● लाइबेरिया के राष्ट्रपति जॉर्ज विया के खिलाफ देश में जमकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। राजधानी मनरोविया में हजारों प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति निवास के बाहर जुटे और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि राष्ट्रपति जॉर्ज ने भ्रष्टाचार और महंगाई के जरिये देश को आर्थिक संकट में डाल दिया है। उल्लेखनीय है कि जॉर्ज अंतर्राष्ट्रीय स्तर के फुटबॉलर रह चुके हैं।

● नाइजीरिया के गम्बोरू शहर में एक बम धमाके में 30 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा नाइजीरिया-कैमरून सीमा पर स्थित गम्बोरू शहर के एक बाजार में हुए। इस हादसे में 35 लोग घायल भी हुये हैं। शहर के गवर्नर मिदियावा बकारी ने बताया कि एक व्यक्ति ने लोहे का टुकड़ा समझकर एक डिवाइस (बम) को उठा लिया, इसके तुरंत बाद उसमें एक भीषण धमाका हुआ। यह डिवाइस यहां कैसे आयी इसकी जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में आतंकवादियों और सेना के बीच मुठभेड़ होती रहती है। आतंकी सेना के साथ-साथ नागरिकों को भी निशाना बना रहे हैं।

9 जनवरी

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से होगा शुरू

● संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को

शुरू होगा। यह सत्र 3 अप्रैल तक चलेगा। देश का आम बजट एक फरवरी 2020 को पेश किया जायेगा। संसदीय मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बजट सत्र को दो चरणों में आयोजित करने का सुझाव दिया है। पहला चरण 31 जनवरी से 11 फरवरी तक और दूसरा चरण 2 मार्च से 3 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र के बीच लगभग एक महीने का अवकाश रखा जाता है। इस दौरान विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से जुड़ी संसदीय समितियां बजट आवंटन प्रस्तावों का परीक्षण करती हैं।

● इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने दक्षिण चीन सागर स्थित नतुना द्वीप का दौरा किया। राष्ट्रपति के पहुंचने से पहले क्षेत्र की सुरक्षा के मद्देनजर इंडोनेशियाई सेना ने इस द्वीप पर कई युद्धपोत और लड़ाकू विमान तैनात कर दिये थे। चीन ने पिछले महीने इस क्षेत्र से कई जहाज भेजे थे। चीन की इस हरकत से नाराज इंडोनेशिया ने चीन के राजदूत को तलब किया था। उल्लेखनीय है कि नतुना द्वीप पर इंडोनेशिया का अधिकार है, वहीं चीन समूचे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है। दक्षिण चीन सागर में चीन से सटे सभी देशों के साथ चीन का विवाद चल रहा है।

● सोमालिया की राजधानी मोगादिशू ने संसद भवन के पास एक आत्मघाती आतंकवादी ने कार को बम धमाके से उड़ा दिया। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई और 11 से अधिक लोग घायल हो गये हैं। मोगादिशू में पिछले 10 दिनों में यह दूसरा बड़ा आतंकी हमला है। इससे पहले 28 दिसंबर को भी एक आतंकी हमला किया गया था। इस हमले में 81 लोगों की मौत हो गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन अल-शबाब ने ली थी।

10 जनवरी

देशभर में स्थापित होंगी 1 हजार 23 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट

● बच्चों और महिलाओं के साथ दुष्कर्म से संबंधित केसों से निपटने के लिये देशभर में 1 हजार 23 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट स्थापित किये जायेंगे। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने बताया कि देशभर में महिलाओं और बच्चों से दुष्कर्म के लगभग 1.60 लाख केस विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 24 राज्यों में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट स्थापित होंगे। इन राज्यों में मध्यप्रदेश भी शामिल है।

● ब्रेक्जिट मुद्दे पर देशभर में जारी गतिरोध के बाद ब्रिटेन की संसद हाउस ऑफ कॉमंस ने ब्रेक्जिट को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस मंजूरी के साथ ही ब्रिटेन 31 जनवरी को यूरोपीय संघ से अलग होने वाला पहला देश बन जायेगा। हाउस ऑफ कॉमंस ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के समझौते को 231 के मुकाबले 330 मतों से पारित किया। हालांकि इस समझौते को अनिर्वाचित हाउस ऑफ लॉर्ड्स और यूरोपीय संसद द्वारा पारित किया जाना बाकी है, जिसे अब केवल औपचारिकता माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में ब्रेक्जिट मुद्दे पर वर्ष 2016 में जनमत संग्रह किया गया था, जिसमें लोगों ने ब्रेक्जिट का समर्थन किया था। ब्रेक्जिट मुद्दे के कारण डेविड कैमरून और थेरेसा मे को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा भी देना पड़ा था।

उद्योगों के लिये स्थायी निवासियों को 70 प्रतिशत रोज़गार देना अनिवार्य

भोपाल, राज्य शासन ने उद्योग संवर्धन नीति में नवीन संशोधन/प्रावधान करते हुए औद्योगिक इकाइयों को अतिरिक्त सुविधाएं देने का निर्णय लिया है। साथ ही, औद्योगिक इकाइयों में प्रदेश के स्थायी निवासियों को 70 प्रतिशत रोज़गार दिया जाना अनिवार्य किया गया है। प्रदेश में जीएसटी व्यवस्था लागू होने से वृहद श्रेणी के उद्योगों को देय टैक्स सहायता निरंतर दिये जाने के संबंध में प्रक्रिया का पुनर्निर्धारण किया गया है। उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश की नई सरकार ने औद्योगिक प्रयोजन के लिये आपसी सहमति से निजी भूमि अर्जन के लिए लैंड पूलिंग पॉलिसी भी लागू कर दी है।

राज्य सरकार ने जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह मुम्बई को इन्दौर से रेल मार्ग द्वारा जोड़ने के लिये इक्विटी अंशदान के रूप में 15 प्रतिशत की सहभागिता सुनिश्चित की है। इसमें इन्दौर से मनमाड़ तक रेल परियोजना का क्रियान्वयन होगा।

परियोजना से प्रदेश में उत्पादित माल का परिवहन सुगम हो सकेगा। औद्योगिक इकाइयों को उनके परिसरों में रूफटॉप पर सौर फोटोवोल्टाईक पावर प्लांट के माध्यम से हरित एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने का भी निर्णय लिया गया है। इसके पहले चरण में मंडीदीप और पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

दवाई लिखने तक ही सीमित न रहें चिकित्सक - श्री परशुराम

भोपाल, डॉक्टर दवाई लिखने तक ही सीमित नहीं रहें। डॉक्टरों को अपने क्षेत्र में मैनेजर और लीडर भी बनना चाहिए। ये बातें अटल विहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के महानिदेशक श्री आर. परशुराम ने चिकित्सा अधिकारियों के लिये लोक स्वास्थ्य प्रबंधन पर सर्टिफिकेट कोर्स के शुभारंभ अवसर पर कहीं। यह 90 दिन का कोर्स इंडियन इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ (पीएचएफआई) के सहयोग से चलाया जा रहा है।

श्री परशुराम ने कहा कि प्रदेश में गुड गवर्नेंस लाने के लिये स्किल अपग्रेडेशन जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सकों को स्वास्थ्य सूचकांक बेहतर करने के लिये मिलकर प्रयास करना होगा।

ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और ट्रेनर होंगे अपडेट

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्रीमती पल्लवी जैन गोविल ने कहा कि डाक्टरों को नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने के लिये ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और ट्रेनर्स को अपडेट रखने का कार्यक्रम बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण डाक्टरों को नई दिशा देगा। श्रीमती गोविल ने कहा कि चिकित्सकीय कार्य गवर्नमेंट सर्विस से ज्यादा पब्लिक सर्विस है। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों में कम्पटीशन से अधिक पूर्णता का भाव रहता है, जो प्रोफेशन के लिये ठीक नहीं है। मुख्य सलाहकार श्री एम.एम. उपाध्याय ने कोर्स की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी।

पीएचएफआई की श्रीमती लिपिका नंदा ने कहा कि कोर्स थ्योरेटिकल के स्थान पर प्रेक्टिकल होगा। हर सत्र का फीडबैक लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सत्र के बाद भी प्रशिक्षणार्थी अपने डाउट क्लियर कर सकते हैं। इस अवसर पर संस्थान के न्यूज लेटर का विमोचन किया गया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 02, 13.01.2020 से 19.01.2020

● प्रबंध संचालक - संजय कुमार शुक्ल ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह, राकेश गौतम ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार वनवट (वित्त) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सामयिकी

होर्मुज जलडमरूमध्य में युद्धपोत तैनात करेगा ब्रिटेन

ब्रिटेन ने कहा है कि वह अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर होर्मुज जलडमरूमध्य पर दो युद्धपोत तैनात करेगा।

ब्रिटेन के रक्षामंत्री वेन वालेस ने कहा कि एचएमएस मोंट्रोस और एचएमएस डिफेंडर को होर्मुज जलडमरूमध्य में रेड एनसाइन शिपिंग के साथ तैनाती का निर्देश दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की सरकार अपने जहाजों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो के साथ इस संबंध में टेलिफोनिक वार्ता भी की है।

यूक्रेन विमान हादसा

ईरान ने स्वीकारा मिसाइल हमला, मानवीय भूल से हुई दुर्घटना

तेहरान से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट में क्रैश हुए यूक्रेन के विमान को मार गिराने की जिम्मेदारी ईरान ने ली है। ईरान ने हमले की बात को स्वीकारते हुये कहा है कि उसकी सेना ने गलती से यूक्रेन के यात्री विमान को निशाना बना दिया। सरकार की तरफ से जारी बयान में इसे मानवीय भूल बताया गया। ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने सेना के कबूलनामे के बाद अपने ट्वीट में लिखा कि "सेना की आंतरिक जांच में सामने आया है कि मानवीय भूल के चलते मिसाइल हमले में यूक्रेन का विमान क्रैश हुआ और 176 लोगों की मौत हुई। इस बड़ी त्रासदी और अक्षम्य घटना के जिम्मेदारों की पहचान और उन पर कार्रवाई के लिए जांच जारी रहेगी। ईरान इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर गहरा दुख व्यक्त करता है। मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी संवेदना।" वहीं ईरान के विदेश मंत्री जवाद जरीफ ने भी अपने ट्वीट में इस बारे में जिक्र करते हुये इसे दुखी करने वाला दिन बताया है।

- **8 जनवरी को तेहरान से उड़ान भरने के 3 मिनट बाद क्रैश हो गया था यूक्रेन एयरलाइंस का बोइंग 737-800 विमान।**
- **हादसे में 176 लोगों की हुई थी मौत, अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा ने ईरानी हमले का किया था दावा।**

गौरतलब है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा था कि ईरान की सरफेस-टू-एयर मिसाइल विमान से टकराई थी।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके अफसरों के बीच हुई चर्चा में भी ईरान की गलती की आशंका जताई गई थी, लेकिन इन दावों को ईरान ने पहले नकार दिया था।

नासा की खोज

टीओआई 700 डी ग्रह पर जीवन संभव

नासा के वैज्ञानिकों ने कहा है कि टीओआई 700 डी ग्रह पर जीवन की पूरी संभावना है, क्योंकि यहाँ पर पानी मौजूद है। उन्होंने यह भी कहा कि पृथ्वी के आकार वाला यह ग्रह सौर मंडल के बहुत नजदीक है।

- **ग्रहों को तलाशने वाली नासा टीईएसएस विंग ने पृथ्वी के आकार के ग्रह की खोज की है।**
- **नासा ने बताया कि यह ग्रह एक तारे टीओआई 700 की परिक्रमा कर रहा है, जो कि हमसे 100 प्रकाश वर्ष से अधिक दूर नहीं है।**

वैज्ञानिकों ने इस ग्रह को 'ToI 700d' नाम दिया है। नासा के अनुसार यह पृथ्वी से 20 प्रतिशत ज्यादा बड़ा है और 37 दिनों में अपने तारे का चक्कर लगा लेता है। माना जा रहा है कि पृथ्वी को सूरज से जितनी ऊर्जा मिलती है उसके मुकाबले इस ग्रह को अपने तारे से 86 प्रतिशत ऊर्जा मिलती है।

चीन ने

तिब्बत में शुरू किया सैन्याभ्यास

भारत की सीमा से लगे ऊंचाई वाले तिब्बती क्षेत्र में चीन की सेना ने अपना सैन्याभ्यास शुरू किया है।

- **चीन की सेना ने टाइप 15 हल्के लड़ाकू टैंक और नई 15 एमएम वाहन पर रखी तोप को तैनात किया।**
- **भारत और चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा 3488 किलोमीटर लंबी है।**

इस अभ्यास के तहत पीएलए ने तिब्बत की राजधानी ल्हासा से लेकर सरहदी रक्षा मोर्चे की सीमा तक हेलीकॉप्टर, वख्तरबंद गाड़ियां, भारी तोपखाना और विमानों को मार गिराने वाली मिसाइलें तैनात की हैं। चीन का दावा है कि इस अभ्यास से तिब्बत मिलिट्री कमांड में उनकी तैनाती से 'पठारी क्षेत्रों में पीएलए युद्धक क्षमता में वृद्धि होगी।' कहा जा रहा है कि पीएलए तिब्बत सैन्य कमान को शक्तिशाली इंजन से लैस किया गया था, जिससे तिब्बत के इलाकों में कुशलता से युद्धाभ्यास कर सकें।

परमाणु समझौता-2015 का

उल्लंघन न करने की जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन ने ईरान से की अपील

जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के प्रमुख नेताओं ने ईरान से अपील की है कि वह 2015 में लागू हुए परमाणु समझौते का उल्लंघन न करें और संयम से काम ले।

- **जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इस संबंध में संयुक्त बयान जारी किया है।**
- **बयान में कहा गया कि हम ईरान से उन सभी कदमों को वापस लेने की अपील करते हैं जो परमाणु समझौते के अनुरूप नहीं हैं।**

ज्ञात रहे कि ईरान के साथ हुए बहुपक्षीय समझौते से अमेरिका के पीछे हटने और उस पर फिर से प्रतिबंध लगाने के जवाब में ईरान ने भी सख्त कदम उठाने का ऐलान किया था।

वर्तमान हालात में जनरल सुलेमानी की हत्या से ईरान के द्वारा सख्त कदम उठाने की पूरी संभावनाओं को देखते हुए इन देशों ने संयुक्त अपील जारी की है।

परमाणु समझौता मानने से ईरान ने किया इंकार

अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बाद ईरान ने घोषणा की है कि वो 2015 के परमाणु समझौते के तहत लागू की गई पाबंदियों का पालन अब नहीं करेगा।

एक बयान में कहा गया है कि वो अब परमाणु संवर्धन के लिए अपनी क्षमता, उसका स्तर, उसको समृद्ध करने के लिए अन्य सामग्री का भंडार करने, अनुसंधान या उसको विकसित करने की किसी भी पाबंदी का पालन नहीं करेगा। तेहरान में ईरानी मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह बयान आया है।

ईरान की ओर से यह बड़ी प्रतिक्रिया अमेरिकी हमले में उसके जनरल सुलेमानी की मौत के बाद आई है। ज्ञात रहे कि 2015 के समझौते के अनुसार, ईरान ने अपनी संवेदनशील परमाणु गतिविधियों को सीमित करने और अंतर्राष्ट्रीय निरीक्षकों को आने की अनुमति दी थी। इसके बदले में ईरान पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को खत्म किया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 2018 में इस समझौते को रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा था कि वो ईरान से नया समझौता करना चाहते हैं।

कनाडा अपने सैनिकों को इराक से कुवैत भेजेगा

कनाडा के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल जोनाथन वांस ने कहा है कि जल्द ही उनका देश इराक में तैनात सैनिकों को कुवैत भेज देगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सुरक्षा के मद्देनजर उठाया जा रहा है। यह व्यवस्था अस्थायी तौर पर की जा रही है।

ज्ञात रहे कि इराक में कनाडाई सैनिक नाटो का हिस्सा हैं और नाटो ने वर्तमान हालात के मद्देनजर इराक में अपने प्रशिक्षण को निलंबित किया है।

जर्मनी और रोमानिया सहित कई देशों ने अपने बलों को वहाँ से हटाने की घोषणा की है।हालांकि फ्रांस ने कहा है कि इराक से सैनिक हटाने का उसका कोई इरादा नहीं है।

- **500 कनाडाई सैनिकों की तैनाती इराक में है।**
- **सैनिकों के परिवारों को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दे दी गई है।**

न्यूजीलैंड तक पहुँची ऑस्ट्रेलिया के घने जंगलों की आग

पिछले कुछ महीनों से ऑस्ट्रेलिया के घने जंगलों में लगी आग अब न्यूजीलैंड तक पहुँच गयी है। न्यूजीलैंड के कुछ शहरों में आसमान धुंए में कैद हो गया है।

ज्ञात रहे कि ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने जंगल में लगी भीषण आग में बर्बाद हुए बुनियादी ढाँचे के पुनर्निर्माण और अन्य राहत उपायों के लिए 'नेशनल बुशफायर रिकवरी एजेंसी' की स्थापना की।

जो लोगों के मानसिक स्वास्थ्य में सहायता प्रदान करने का कार्य करेगी। बताया गया है कि यह एजेंसी 2 साल कार्य करेगी।

लॉस एंजिलिस में 77वां गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स समारोह संपन्न

अमेरिका में आयोजित 77वें गोल्डन ग्लोब पुरस्कार समारोह में फिल्म और टेलीविजन की अलग-अलग श्रेणियों के लिए अवॉर्ड दिए गए। प्रथम विश्व युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म '1917' 77वें गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर-ड्रामा श्रेणी में विजेता बन कर उभरी, जबकि जोकिन फीनिक्स सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और ब्रैड पिट सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता रहे।

- **फिल्म जोकर ने दो अवॉर्ड जीते। इसके अभिनेता जोकिन फीनिक्स को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया।**

'द फेयरवेल' में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-म्यूजिकल या कॉमेडी के लिये गोल्डन ग्लोब जीत कर एवक्वाफीना एशियाई मूल की प्रथम अदाकारा बन गईं। इस श्रेणी में नामित होने वाली एशियाई मूल की वह छठीं महिला हैं।

'1917' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिये गोल्डन ग्लोब पुरस्कार की दौड़ में आगे चल रही फिल्मों 'द आइरिश मैन' और 'मैरिज स्टोरी' को पछाड़ कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। फिल्म '1917' का निर्देशन सैम मेंडिस ने किया है।

एक ही टेक में शूट करने को लेकर यह फिल्म सराही गई है। इस फिल्म में प्रथम विश्व युद्ध को दो युवा ब्रिटिश सैनिकों की आंखों से दिखाया गया है।

मेंडिस को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला। फीनिक्स को मोशन फिक्शन-ड्रामा श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता चुना गया और उन्होंने इस क्रम में 'मैरिज स्टोरी' के अभिनेता एडम ड्राइवर को पछाड़ कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। वहीं, ब्रैड पिट को 'वन्स अपोन ए टाइम इन हॉलीवुड' में अपने अभिनय को लेकर सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला।

सर्वश्रेष्ठ पिक्चर-म्यूजिकल एवं कॉमेडी का पुरस्कार क्वेंटिन टैरनटीनो की 'वन्स अपोन ए टाइम इन हॉलीवुड' की झोली में गया।

हॉलीवुड फोरेन प्रेस एसोसिएशन वोटरों ने नेटफ्लिक्स तलाक ड्रामा (मैरिज स्टोरी) में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अदाकारा का पुरस्कार लारा डर्न को दिया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

खेलचर्चा

स्वीटी कुमारी बनीं इंटरनेशनल यंग प्लेयर ऑफ द ईयर

नई दिल्ली, भारत की महिला रग्बी खिलाड़ी स्वीटी कुमारी को इंटरनेशनल यंग प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया गया है। स्वीटी यह पुरस्कार पाने वाली देश की पहली महिला रग्बी खिलाड़ी हैं। वर्ष 2019 में शानदार प्रदर्शन किया है। स्वीटी ने सिंगापुर के खिलाफ मैच में दो टाई से स्कोर कर भारत को जीत दिलाई थी। वर्ष 2019 में भारत ने जिन सात टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था, उनमें स्वीटी ने सबसे अधिक स्कोर किया है।

आग प्रभावितों को इनामी राशि दान करेंगी बार्टी

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया की महिला टेनिस खिलाड़ी एश्ले बार्टी ने कहा है कि वे ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट की अपनी इनामी राशि ऑस्ट्रेलिया में आग से प्रभावित लोगों को देंगी। बार्टी ने कहा कि देश के जंगलों में लगी आग की स्थिति बेहद खराब है। देश के लिये यह संकट की घड़ी है, हमें मदद के लिये आगे आना होगा। बार्टी जानवरों के लिये काम कर रही रॉयल सोसायटी को 15 लाख रुपये दे चुकी हैं। उन्हें उम्मीद है कि वे रेडक्रॉस सोसायटी को कम से कम ढाई लाख डॉलर की मदद कर सकेंगी।

जेम्स एंडरसन ने अश्विन और बॉथम को पीछे छोड़ा

केपटाउन, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एंडरसन ने इस मैच की पहली पारी में 5 विकेट लिये। एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में 28वीं बार एक पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा किया है। वे एक पारी में 5 विकेट लेने के मामले में इयान बॉथम और रविचंद्रन अश्विन से आगे निकल गये हैं। बॉथम और अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 27 बार एक पारी में 5 विकेट लिये हैं। टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा बार 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड मुथैया मुरलीधरन (67) के नाम है। एंडरसन के इस प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड ने यह मैच 189 रनों से जीता है।

श्रीलंका के पूर्व कोच चंडिका हथुरूसिंघा ने मांगा मुआवजा

कोलम्बो, श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कोच चंडिका हथुरूसिंघा ने श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड से 5 मिलियन डॉलर हर्जाने की मांग की है। श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने कुछ महीने पहले ही हथुरूसिंघा को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त किया था। बोर्ड के सचिव मोहन डिसिल्वा ने बताया कि बोर्ड ने राष्ट्रीय टीम के अच्छे परिणाम नहीं मिलने की वजह से मुख्य कोच के पद से उन्हें बर्खास्त कर दिया था।

हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सुनीता लाकड़ा ने लिया संन्यास

नई दिल्ली, भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सुनीता लाकड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने की घोषणा की है। 28 वर्षीय सुनीता काफी समय से घुटने की चोट से परेशान थीं। सुनीता ने कहा कि डॉक्टर ने मुझे घुटने की सर्जरी के लिये कहा है। मैं ओलिंपिक में हिस्सा नहीं ले सकूंगी, इसलिये संन्यास लेने का फैसला किया है। सुनीता ने भारत के लिये 139 मैच खेले हैं।

भारत-श्रीलंका ट्वेंटी-20 सीरीज

भारत ने 2-0 से जीती सीरीज

भारत ने तीसरे मैच में श्रीलंका को 78 रनों से हराया

पुणे, भारतीय क्रिकेट टीम ने वर्ष 2020 का आगाज जीत के साथ किया है। भारत और श्रीलंका के बीच खेली गयी तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज को भारतीय टीम ने 2-0 से अपने नाम किया है। भारत ने सीरीज के तीसरे मैच में श्रीलंका को 78 रनों से हराया। सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था, वहीं दूसरा मैच भारत ने सात विकेट से जीता था।

तीसरे मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। शिखर धवन (52) और के.एल. राहुल (54) की जोड़ी ने इस फैसले को गलत साबित करते हुये पहले विकेट के लिये 10.5 ओवर में तावड़तोड़ 97 रनों की साझेदारी की। इस जोड़ी के टूटते ही भारतीय पारी लड़खड़ा गयी। भारत के चार विकेट 122 रनों पर गिर गये। इसके बाद विराट कोहली (26) और मनीष पांडे (31) ने भारतीय पारी को संभाला और तेजी से रन जोड़े। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 201 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका के लिये लक्शन संदकन ने तीन विकेट तथा लहिरू कुमारा और वानिदु हसारंगा ने 1-1 विकेट लिये।

जीत के लिये मिले 202 रनों के विशाल लक्ष्य के सामने श्रीलंकाई टीम की बल्लेबाजी शुरुआत में ही बिखर गई। श्रीलंका के चार विकेट मात्र 26 रनों पर ही गिर गये। लंबे समय बाद टीम में वापसी कर रहे बल्लेबाज एंजेलो मैथ्यूज और धनंजय डिसिल्वा ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिये तेजी से 68 रन जोड़े और श्रीलंका को मैच में बनाये रखा। मैथ्यूज (31) के आउट होने के बाद श्रीलंकाई टीम फिर बिखर गयी। एक छोर पर डिसिल्वा टिके रहे, जबकि दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिरते रहे। डिसिल्वा 57 रन बनाकर आउट हुये। श्रीलंका की पूरी टीम 15.5 ओवरों में 123 रन बनाकर ऑलआउट हो गयी।

मैच में ऑलराउंड प्रदर्शन के लिये शार्दुल ठाकुर (22 रन और दो विकेट) को मैन ऑफ द मैच तथा सीरीज में पांच विकेट लेने वाले नवदीप सैनी को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

- भारत ने लगातार तीसरी बार ट्वेंटी-20 सीरीज जीती, इससे पहले बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के खिलाफ भी ट्वेंटी-20 सीरीज जीती थी।
- भारत ने श्रीलंका से छठवीं बार जीती ट्वेंटी-20 सीरीज।
- भारत की श्रीलंका के खिलाफ ट्वेंटी-20 क्रिकेट में यह 13वीं जीत है।
- विराट कोहली अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे तेज 11 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।
- विराट ने 196 पारी में 11 हजार 25 रन बनाये हैं, इससे पहले यह रिकॉर्ड रिकी पोंटिंग (252) के नाम था।
- जसप्रीत बुमराह ट्वेंटी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा (53) विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने।

कुश्ती रैंकिंग में दीपक ने हासिल किया पहला स्थान

नई दिल्ली, भारत के युवा पहलवान दीपक पूनिया ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की तरफ से जारी विश्व रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। दीपक 86 किलोग्राम भारवर्ग में नंबर वन पहलवान बन गये हैं। वहीं 65 किलोग्राम भारवर्ग में स्टार पहलवान बजरंग पूनिया दूसरे नंबर पर काबिज हैं। 61 किलोग्राम भारवर्ग में राहुल अवारे ने भी दूसरा स्थान प्राप्त किया है। रैंकिंग में चार भारतीय महिला पहलवानों को भी जगह मिली है, इनमें विनेश फोगाट, सीमा, मंजू और पूजा ढांडा शामिल हैं।

न्यूजीलैंड के लियो कार्टर ने एक ओवर में जड़े 6 छक्के

क्राइस्टचर्च, न्यूजीलैंड के युवा बल्लेबाज लियो कार्टर ने घरेलू ट्वेंटी-20 टूर्नामेंट सुपर स्मैश में एक ओवर में 6 छक्के जड़ने का कारनामा किया है। कार्टर ने कैंटरबरी किंग्स के लिये खेलते हुये नॉर्दर्न नाइट के खिलाफ मैच में यह उपलब्धि हासिल की। कार्टर ने पारी के 16वें ओवर में स्पिनर एंटन डेवसिच के ओवर में लगातार 6 छक्के जड़े। कार्टर ने मैच में 29 गेंदों पर 70 रनों की पारी खेली। कार्टर 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाने वाले विश्व के सातवें बल्लेबाज हैं। कार्टर से पहले गैरी सोबर्स, रवि शास्त्री, हर्शल गिब्स, युवराज सिंह, रॉस विटेली और हजरतुल्ला जजई यह कारनामा कर चुके हैं। इनमें हर्शल गिब्स (वन-डे) और युवराज सिंह (ट्वेंटी-20) ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में यह कारनामा किया था।

ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड को किया क्लीन स्वीप

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच आयोजित 3 मैचों की टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीती है। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को 279 रनों से हराया।

मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। डेविड वॉर्नर (45) और जो बर्न्स (18) ने ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद मार्नस लाबुशेन (215) और स्टीव स्मिथ (63) ने पारी को आगे बढ़ाया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 454 रन बनाये। इसके जवाब में टॉम लॉथम (49) और टॉम ब्लंडल (34) ने पहले विकेट के लिये 68 रन जोड़कर न्यूजीलैंड को बढ़िया शुरुआत दिलाई। इसके बाद न्यूजीलैंड की पारी लड़खड़ा गई। न्यूजीलैंड के लिये ग्लेन फिलिप (52) ने अर्धशतकीय पारी खेली। न्यूजीलैंड की टीम 256 रनों पर ऑलआउट हो गई।

दूसरी पारी में भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। दूसरी पारी में वॉर्नर ने शतक जमाया और 111 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी 217 रन बनाकर घोषित की। जीत के लिये मिले 416 रनों के लक्ष्य के सामने न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी एक बार फिर बिखर गई। कॉलिन डि ग्रैंडहोम (52) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल सका। न्यूजीलैंड की पारी 136 रनों पर सिमट गई।

टॉप्स के तहत शीर्ष खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता मिली

नई दिल्ली, खेल मंत्रालय ने मिशन ओलिंपिक के तहत देश के शीर्ष खिलाड़ियों को टारगेट ओलिंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत वित्तीय सहायता स्वीकृत की है। टॉप्स के तहत पहलवान बजरंग पूनिया, शटलर किदाम्बी श्रीकांत और एथलीट नीरज चोपड़ा सहित कई खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, प्रतियोगिता और उपकरण संबंधी जरूरतों के लिये एक करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत किये हैं। इनके अलावा निशानेबाज अंजुम मुद्गिल, दिव्यांश सिंह पवार और मेराज अहमद खान की तिकड़ी को भी टॉप्स के तहत कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिये वित्तीय सहायता दी गई है।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की ओर से बताया गया कि वर्ष 2024 और 2028 के ओलिंपिक खेलों को देखते हुये दूरगामी योजनाएं बनाई गई हैं। इसके तहत टेनिस खिलाड़ी दिविज शरण और रोहन बोपन्ना को तैयारियों के लिये राशि स्वीकृत की गई है, वहीं बैडमिंटन खिलाड़ी श्रीकांत, समीर वर्मा, एच.एस. प्रणय और साई प्रणीत को भी वित्तीय मदद मंजूर की गई है। इनके अलावा पैरा खिलाड़ी प्रमोद भगत, मनोज सरकार, सुकंत कदम, सुहास यथिराज और कृष्णा को भी ब्राजील और पेरू में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिये वित्तीय सहायता मिली है। इसके अलावा कई अन्य खिलाड़ियों को भी इस योजना के तहत राशि मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि टारगेट ओलिंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत खेल मंत्रालय उन चुनिंदा खिलाड़ियों को वित्तीय मदद मुहैया कराता है, जो आगामी ओलिंपिक खेलों में पदक जीतने के दावेदार होते हैं।

इरफान पठान ने क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। अपनी स्विंग गेंदबाजी के मशहूर इरफान बल्लेबाजी में भी माहिर हैं। इरफान ने 29 टेस्ट मैचों में 100 विकेट लिये हैं, वहीं एक शतक, 6 अर्धशतक सहित 1105 रन बनाये हैं। उन्होंने 120 वन-डे मैचों में 173 विकेट तथा 24 ट्वेंटी-20 मैचों में 28 विकेट झटके हैं। इरफान ने वन-डे मैचों में 5 अर्धशतकों के साथ 1544 रन बनाये हैं। इरफान ने 12 दिसंबर 2003 को एडीलेड टेस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था। इरफान ने वर्ष 2006 में पाकिस्तान के खिलाफ कराची टेस्ट में पहले ओवर में ही शानदार हैट्रिक ली थी। इरफान ने सलमान बट्ट, यूनुस खान और मोहम्मद यूसुफ को लगातार तीन गेंदों पर आउट किया था।



- इरफान टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले दूसरे भारतीय हैं।
- इरफान से पहले हरभजन सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हैट्रिक ली थी।
- इरफान ने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच अक्टूबर 2012 में खेला था।

इरफान किसी टेस्ट मैच के पहले ओवर में हैट्रिक लेने वाले विश्व के एकमात्र गेंदबाज हैं।

इरफान पठान ने वर्ष 2003 में पाकिस्तान दौरे पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। इस दौरे पर इरफान और लक्ष्मीपति बालाजी की जोड़ी के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने टेस्ट और वन-डे सीरीज जीती थी। इरफान वर्ष 2007 की ट्वेंटी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम का भी हिस्सा रहे हैं। इरफान ने टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में 16 रन देकर 3 विकेट लिये थे। इरफान को इस प्रदर्शन के लिये मैन ऑफ द मैच चुना गया था। अपने कॅरियर के दौरान इरफान चोट से काफी परेशान रहे हैं। इसका असर उनकी गेंदबाजी पर पड़ा। इसके चलते इरफान को संन्यास लेना पड़ा।

आईसीसी चार दिन के टेस्ट मैच पर करेगी विचार

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) चार दिवसीय टेस्ट मैच आयोजित करने पर विचार कर रही है। आईसीसी क्रिकेट समिति के सदस्य अनिल कुंबले ने बताया कि 27 से 31 मार्च तक दुबई में होने वाली आईसीसी की अगले दौर की बैठक में इस प्रस्ताव पर चर्चा होगी। कुंबले ने बताया कि चार दिवसीय टेस्ट मैच का प्रस्ताव वर्ष 2023 से 2031 के सत्र के लिये रखा गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

पाठकों के लिए 'हमसे पूछिये' स्तम्भ का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्तम्भ के लिये 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं।

इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश
पिनकोड-462 011

मैं संगीत के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहती हूँ। कृपया मुझे बताएँ कि संगीत के क्षेत्र में कौन-कौनसी डिग्रियाँ उपलब्ध हैं। कृपया मुझे यह भी बताएँ कि संगीत के क्षेत्र में रोज़गार की क्या संभावनाएँ हैं।

- प्राप्ती गौतम, बोदा बाग (रीवा)

यकीनन संगीत के क्षेत्र में कॅरियर की बहुत ही अच्छी संभावनाएँ हैं।

परंपरागत संगीत में तो हमेशा ही लोगों की गहरी रुचि रही है, लेकिन ऑडियो-वीडियो संगीत की नवीन परंपरा ने इसे नया रूप दे दिया है। संगीत में कॅरियर बनाने के लिए सीखने की लगन, अच्छी आवाज, निरंतर अभ्यास तथा दृढ़ संकल्प होना आवश्यक है। संगीत के क्षेत्र में दसवीं के उपरांत सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा कोर्स, वाद्य यंत्र में सर्टिफिकेट कोर्स आदि उपलब्ध हैं। बारहवीं कक्षा के उपरांत संगीत में बीए, संगीत में बीए (ऑनर्स), संगीत में बी. म्यूजिक आदि किया जा सकता है। संगीत में ग्रेजुएशन करने के उपरांत संगीत में एमए (एम. म्यूजिक) किया जा सकता है। संगीत में पोस्ट ग्रेजुएशन करने के उपरांत एमफिल तथा संगीत में पीएचडी की जा सकती है। संगीत का कोर्स करने के उपरांत स्कूलों, कॉलेजों और अन्य संगीत प्रशिक्षण संस्थाओं में संगीत शिक्षक के रूप में कॅरियर बनाया जा सकता है। इसके अलावा म्यूजिक शो, डांस बैंड, नाइट क्लब, कंसर्ट शो, रॉक और जैज ग्रुप, टेलीविजन इंडस्ट्री, आर्म्ड फोर्स बैंड, सिंफनी आर्केस्ट्रा इत्यादि में भी आप कॅरियर बना सकती हैं। संगीत उद्योग में म्यूजिक सॉफ्टवेयर प्रोग्रामर, कंपोजर, म्यूजिशियन जैसे पदों के अलावा म्यूजिक बुक्स की पब्लिशिंग, म्यूजिक अलबम रिकार्डिंग, म्यूजिक स्टूडियो के विभिन्न विभागों में भी संगीत के जानकारों के लिए अवसर हैं। ध्वनि रिकार्डिस्ट, म्यूजिक एडिटर, प्रोडक्शन, आरजे एवं डीजे म्यूजिक के क्षेत्र में संगीत के जानकार लोगों की जरूरत हमेशा पड़ती है। इन सबके अतिरिक्त फिल्म इंडस्ट्री, वर्चुअल रियल्टी साउंड एंवायरनमेंट इत्यादि क्षेत्रों में भी कॅरियर बनाया जा सकता है। क्लासिकल, फोक, गजल, पॉप, फ्यूजन आदि के क्षेत्र में भी अवसरों की कोई कमी नहीं है। म्यूजिक थेरेपी, म्यूजिक प्रोडक्शन, म्यूजिक प्रमोशन आदि क्षेत्र में भी बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं। इसके अलावा एफएम चैनल्स, म्यूजिक कंपनी, आकाशवाणी, प्रोडक्शन हाउस, म्यूजिक रिसर्च ऑर्गनाइजेशन, गवर्नमेंट कल्चरल डिपार्टमेंट, म्यूजिक चैनल आदि में रोज़गार के अच्छे अवसर हैं।

संगीत का कोर्स कराने वाले देश एवं प्रदेश के प्रमुख विश्वविद्यालय/संस्थान इस प्रकार हैं-

- रविन्द्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकाता।
- हिन्दू कॉलेज, दिल्ली।
- बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
- विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
- राजा मानसिंह तोमर म्यूजिक एंड आर्ट्स यूनिवर्सिटी, ग्वालियर।
- शासकीय संगीत महाविद्यालय, इंदौर।
- महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना।

मैं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांटेशन मैनेजमेंट, बेंगलुरु से फूड प्रोसेसिंग एंड बिजनेस मैनेजमेंट में पीजीडीएम कोर्स करना चाहता हूँ। कृपया जानकारी प्रदान करें?

- मधुर दुबे, खालवा (खंडवा)

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांटेशन मैनेजमेंट, बेंगलुरु से फूड प्रोसेसिंग एंड बिजनेस मैनेजमेंट में पीजीडीएम कोर्स करने हेतु कैट, मैट, सीमैट या संबंधित टेस्ट के वैलिड स्कोर के आधार पर ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर अंतिम चयन किया जाता है। 50 फीसदी अंकों के साथ किसी भी स्ट्रीम से बैचलर डिग्री करने वाले छात्र इस कोर्स हेतु आवेदन कर सकते हैं।

मैं होम्योपैथी के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। कृपया मार्गदर्शन प्रदान करें?

- भूषण गुप्ता, बालाघाट

होम्योपैथी पद्धति वर्तमान समय में चिकित्सा जगत में बहुत लोकप्रिय है।

चिकित्सा के क्षेत्र में होम्योपैथी का एक अलग ही स्थान है। ट्रीटमेंट के अन्य तरीकों के विपरीत होम्योपैथी पद्धति शरीर की नेचुरल हीलिंग प्रोसेस को मजबूत बनाते हुए बीमारियों का इलाज करती है। खास बात यह है कि इसकी दवाओं का कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता है। यदि आप में लगन, प्रतिभा तथा सेवा भावना है तो इसे कॅरियर के रूप में अपनाने से प्रतिष्ठा, पैसा तथा नाम सब कुछ अर्जित किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्तर की नीट परीक्षा के माध्यम से होम्योपैथी के स्नातक स्तरीय बीएचएमएस पाठ्यक्रम में प्रवेश मिलता है। नीट परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए जीव विज्ञान विषय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से बारहवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। होम्योपैथी में ग्रेजुएशन अथवा पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स करने के बाद छात्रों के लिए संभावनाओं की कोई कमी नहीं है। छात्रों के लिए सबसे लोकप्रिय ऑप्शन प्राइवेट प्रैक्टिस का है, क्योंकि इसमें नाम और पैसा कमाने के सबसे अधिक अवसर मौजूद हैं। होम्योपैथी में पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद सरकारी एवं निजी संस्थानों में शिक्षण कार्य भी किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार और राज्य सरकारों के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालयों द्वारा भी होम्योपैथी चिकित्सकों की चिकित्सालयों में नियुक्ति की जाती है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि होम्योपैथी के क्षेत्र में कॅरियर की बहुत संभावनाएँ हैं।

आनुवांशिक इंजीनियर का क्या काम होता है? इसके कोर्स में प्रवेश के लिए क्या शैक्षणिक योग्यताएँ जरूरी होती हैं?

- मोहम्मद अशफाक, भोपाल

आनुवांशिक इंजीनियर का काम जीवित प्राणियों के जेनेटिक मटेरियल

को विभिन्न तकनीकों के माध्यम से डीएनए कोड में परिवर्तित करना होता है। इसके साथ ही पेड़-पौधों, जानवर और इंसानों के जेनेटिक मटेरियल या जींस को संशोधित कर नए और बेहतर गुण विकसित करना होता है। साइंस स्ट्रीम से बारहवीं करने वाले छात्र बायोटेक्नोलॉजी, मॉलीक्यूलर बायोलॉजी, माइक्रो-बायोलॉजी या बायोकेमिस्ट्री के बैचलर कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। आनुवांशिक इंजीनियरिंग में स्पेशलाइजेशन हासिल करने के लिए इसके मास्टर डिग्री कोर्स में प्रवेश लेना होता है।

मैं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से पत्राचार माध्यम से बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन करना चाहता हूँ। कृपया जानकारी प्रदान करें?

- मयंक खरे, इंदौर

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू), नई दिल्ली से पत्राचार माध्यम से बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) कोर्स करने हेतु बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। छात्रों को एडमिशन एकेडमिक परफॉर्मेंस और क्वालिफाइंग एग्जाम के आधार पर मिलता है।

इंडस्ट्रियल मार्केटिंग के एग्जीक्यूटिव पीजी डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेना चाहता हूँ। यह कोर्स कहाँ से किया जा सकता है?

- सुनील मिश्रा, कटनी

इंडस्ट्रियल मार्केटिंग का एग्जीक्यूटिव पीजी डिप्लोमा कोर्स इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड, नई दिल्ली से किया जा सकता है। इस कोर्स में प्रवेश वर्क एक्सपीरियंस, क्वालिफाइंग एग्जाम और इंटरव्यू के आधार पर मिलता है। किसी भी स्ट्रीम से बैचलर डिग्री करने वाले छात्र इस कोर्स हेतु आवेदन कर सकते हैं। कम से कम तीन वर्ष का वर्क एक्सपीरियंस भी जरूरी है।

एग्जिबिशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में कॅरियर की कैसी संभावनाएँ हैं?

- गुंजन शर्मा, रायसेन

एग्जिबिशन के बढ़ने के साथ ही इस क्षेत्र में रोज़गार के नए अवसर सृजित

हो रहे हैं। यकीनन वर्तमान समय में विभिन्न उत्पादों को बेचने के लिए प्रतिस्पर्धा इतनी अधिक बढ़ गई है कि बाजार में अपनी पहचान स्थापित करने के लिए उत्पादक को स्वयं ही उत्पाद को प्रमोट या प्रदर्शित करना पड़ रहा है। अब यदि उत्पादक द्वारा व्यक्तिगत रूप से ग्राहकों से संपर्क स्थापित किया जाए तो इससे वक्त एवं पैसे दोनों की बहुत अधिक बर्बादी होती है और अपेक्षित लाभ भी नहीं मिल पाता है लेकिन ट्रेड, फैशन, टूरिज़्म, हैरिटेज, टेक्नोलॉजी एग्जिबिशन के माध्यम से एक ही स्थान पर लाखों उपभोक्ताओं का ध्यान आकर्षित किया जा सकता है तथा उन्हें उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित भी किया जा सकता है। बाजार की इसी मांग को देखते हुए आज उत्पाद की प्रदर्शनियों का महत्व काफी बढ़ गया है। यही कारण है कि वर्तमान समय में हर छोटे-बड़े शहरों में प्रदर्शनियों का चलन बहुत तेजी से विकसित हुआ है। एग्जिबिशन डिजाइनिंग को कॅरियर के रूप में अपनाने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है, जिससे उम्मीदवार इस क्षेत्र की बारीकियों को बेहतर ढंग से समझ सकें। एग्जिबिशन डिजाइनिंग में कॅरियर बनाने हेतु देश के प्रतिष्ठित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन से चार वर्षीय ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन डिजाइनिंग का कोर्स किया जा सकता है। इस कोर्स हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय समूह से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण होना है। इसके अतिरिक्त इंटीरियर डिजाइनिंग या इवेंट मैनेजमेंट के पाठ्यक्रम भी किए जा सकते हैं। इंटीरियर डिजाइनिंग तथा इवेंट मैनेजमेंट के पाठ्यक्रमों में भी एग्जिबिशन डिजाइनिंग सिखाई जाती है। इस क्षेत्र में प्रशिक्षण लेने के उपरांत कॅरियर की अच्छी संभावनाएँ हैं। इस क्षेत्र में स्टॉल, ट्रेड फेयर तथा प्रदर्शनियों में आंतरिक साज-सज्जा करनी होती है, वहीं सौंदर्य प्रतियोगिताओं, म्यूजिक कन्सर्ट, अवॉर्ड सेरेमनी, कला प्रदर्शनी तथा फिल्म और थिएटर सेट भी डिजाइन करने का अवसर प्राप्त होता है। साथ ही सरकारी और निजी सेक्टर के संगठन, ट्रेवल और टूरिज़्म इंडस्ट्री, म्यूजियम, कल्चरल इंस्टीट्यूट, हेरिटेज संगठन, एनजीओ, सरकारी तथा गैर सरकारी क्षेत्र के कॉर्पोरेट तथा विजुअल मर्चेंडाइजिंग विभागों में एग्जिबिशन डिजाइनरों की भारी मांग है। देश-विदेश में बड़े पैमाने पर फैली इवेंट मैनेजमेंट कंपनियाँ और इंटीरियर डिजाइनिंग कंपनियाँ एग्जिबिशन डिजाइनरों को रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराती हैं। एग्जिबिशन डिजाइनिंग का कोर्स करने के उपरांत प्रारंभ में किसी प्रतिष्ठित एग्जिबिशन डिजाइनर, इंटीरियर डेकोरेटर, आर्ट डायरेक्टर अथवा सेट डिजाइनर के सहायक के रूप में कार्य किया जा सकता है। शुरुआत में आप किसी डिजाइनर के सहायक के रूप में काम कर सकते हैं। अनुभव बढ़ने के साथ-साथ वेतन में भी वृद्धि होती जाती है। लंबा अनुभव हो जाने के उपरांत स्वयं की कंपनी भी प्रारंभ की जा सकती है।

एग्जिबिशन डिजाइनिंग का कोर्स कराने वाले देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं -

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद।
- एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, नई दिल्ली।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन इंडिया, नई दिल्ली।

पॉवर मैनेजमेंट में क्या कहीं मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स उपलब्ध है?

- राहुल वर्मा, सेन्धवा (बड़वानी)

यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज, देहरादून में पॉवर मैनेजमेंट में एमबीए कोर्स उपलब्ध है। छात्रों को एडमिशन संस्थान द्वारा आयोजित एंट्रेंस टेस्ट के वैलिड स्कोर, ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर मिलता है। 50 फीसदी अंकों के साथ किसी भी स्ट्रीम से बैचलर डिग्री करने वाले छात्र इस कोर्स हेतु आवेदन कर सकते हैं। 10वीं एवं 12वीं में भी 50 फीसदी अंक जरूरी हैं।

फूड सेफ्टी एंड क्वालिटी मैनेजमेंट का पीजी डिप्लोमा कोर्स पत्राचार माध्यम से कहाँ से किया जा सकता है?

- राजेश चौबे, जबलपुर

इंदिरा गाँधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली से पत्राचार माध्यम से फूड सेफ्टी एंड क्वालिटी मैनेजमेंट का पीजी डिप्लोमा कोर्स किया जा सकता है। संबंधित स्ट्रीम से बैचलर डिग्री करने वाले छात्र इस कोर्स हेतु आवेदन कर सकते हैं। छात्रों को कोर्स में प्रवेश क्वालिफाइंग एग्जाम के आधार पर दिया जाता है।

मैं बारहवीं कक्षा में हूँ तथा न्यूरो-लॉजिस्ट बनना चाहता हूँ। इसके लिए मुझे क्या करना होगा?

- गौरव सिंह, सतना

न्यूरोलॉजिस्ट बनने के लिए डॉक्टरी की पढ़ाई जरूरी है। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से 12वीं उत्तीर्ण करने के उपरांत नीट परीक्षा में चयनित होकर एमबीबीएस कोर्स में प्रवेश लेना होगा। एमबीबीएस और एक साल की इंटर्नशिप सफलतापूर्वक करने के बाद नीट-पीजी के माध्यम से जनरल मेडिसिन के एमडी या एमएस या डीएनबी कोर्स में प्रवेश लेना होगा। इस कोर्स को सफलता-पूर्वक करने के बाद देश के विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध न्यूरोलॉजी के डीएम या न्यूरोसर्जरी के एमसीएच कोर्स करने के बाद आप न्यूरोलॉजिस्ट बन सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक संजय कुमार शुक्ल, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।